महोदय, माननीय रेल मंत्री जी ने एक नई श्रेणी बनाने की घो-णा की है - सुपर ए.सी.। मैं परसों की बात बताता हूं जब मैं बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली से गोरखपुर जा रहा था। जब मैं ट्रेन के अंदर घुसा, तो मैंने देखा कि ट्रेन की स्थिति बहुत खराब थी, वहां बहुत ज्यादा गंदगी थी। मुझे लगता है कि एसी क्लास, चाहे वह थर्ड हो, सेकण्ड हो या फर्स्ट हो, कम से कम सेकण्ड और फर्स्ट एसी के किराए में कोई रियायत देने की आवश्यकता नहीं है। आपको अगर सब्सिडी देनी है, रियायत देनी है, तो सामान्य नागरिकों को दीजिए। आपके पास जो मौजूदा व्यवस्था है, उसे ठीक नहीं कर पा रहे हैं और अब एक नई श्रेणी - सुपर एसी की बात कर दी है। आखिर जो नई श्रेणी बनाने की बात कही है, इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट का आपने प्रावधान किया है? उसके बारे में बजट में कोई जिक्र नहीं किया गया है।

ग्रुप सी और ग्रुप डी में लगभग पौने दो लाख कर्मचारियों की नियुक्ति की बात की है, अच्छी बात है। इससे रोजगार सृजन होना चाहिए। इन पौने दो लाख लोगों के समायोजन करने का वित्तीय भार कितना होगा और कहां से इसकी व्यवस्था की जाएगी, इसके बारे में कोई स्प-ट उल्लेख नहीं किया गया है। पिछले रेल बजट में यह घो-णा हुई थी जिसमें रेलवे की फालतू भूमि का उपयोग करने की बात की गयी थी। रेलवे की फालतू भूमि का वाणिज्यिक उपयोग करने के बारे में गोरखपुर नगर निगम से एक प्रस्ताव रेल मंत्रालय के पास आया था, अब तक उस पर कार्रवाई नहीं हुई है। उसके संबंध में क्या कार्रवाई हो रही है, यह मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा। इसके अलावा रेलगाड़ियों की स्थिति के बारे में मैं कहना चाहूंगा कि आपने इतनी घो-णाएं की हैं, इस बजट में भी लगभग 200 गाड़ियों की घो-णा की गयी है, लेकिन आज एक भी रेलगाड़ी समय पर नहीं आ रही है, सभी गाड़ियों में औसतन दो घंटे की देरी होती है।

Comment [r20]: cd. by x1.h

भारतीय रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों से भले ही आप उचित किराया लें, लेकिन किराया लेकर उन्हें सीट भी उपलब्ध कराएं। यदि किसी यात्री को सीट नहीं मिलती है तो उसे मुहैया कराए जाने वाली सुविधाओं में किराए में कटौती करें। हमने देखा है कि भारतीय रेल पर सबसे ज्यादा लोड उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाली ट्रेंस में होता है। वहां जाने वाले जितनी भी रेलगाड़ियां हैं, सब ठसाठस भरी होती हैं। अभी आपने होली के अवसर पर स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियां चलाने की बात कही है, लेकिन उसमें कहीं यूपी और बिहार जैसे ज्यादा लोड वाले क्षेत्रों का नाम नहीं है।

अगर कोई ट्रेन समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंचती है तो यात्रियों के किराए में भी उसी अनुपात में कटौती होनी चाहिए। आपने भारतीय रेलवे के 14 लाख कर्मचारियों के सक्षम काम की बात कही है। लेकिन कर्मचारियों में कार्य दक्षता बढ़ाने, उनके लिए प्रशिक्षण और कार्यशाला के बारे में क्या व्यवस्था की गई है, रेल बजट में इसका उल्लेख नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और कहना चाहूंगा।

उपाध्यक्ष महोदय: अब आप अपनी बात समाप्त करें, क्योंकि एक बात के साथ दूसरा वि-नय जुड़ता जाता है और काफी समय हो गया है।

योगी आदित्यनाथ : लोको पायलट के समस्या के बारे में बताना चाहता हूं कि 28 फरवरी को सभी लोको पायलटों ने दिल्ली में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया था। छठे वेतन आयोग के लागू होने पर उनके वेतनमानों में कुछ विसंगतियां पैदा हो गई हैं। मेरा आपसे अनुरोध है कि उन्हें दूर किया जाए, क्योंकि वे छोटी-छोटी विसंगतियां हैं। अगर ऐसा नहीं होगा तो किसी भी दिन रेल का चक्का जाम हो जाएगा और पूरी रेल खड़ी हो जाएगी। इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए।

मैं रेलवे में भ्र-टाचार के बारे में कहना चाहूंगा। एक कहावत है - जब सावन ही आग लगाए तो उसे कौन बचाए। यह स्थिति आज भारतीय रेल की है।

उपाध्यक्ष महोदय: कृपया अपनी बात समाप्त करें, बहुत समय हो गया है।

योगी आदित्यनाथ : उपाध्यक्ष जी, मुझे ज्यादा डिस्टर्बेंस आसन से हो रही है। अगर आप मुझे पांच मिनट और दे दें तो मैं अपनी बात समाप्त कर दूंगा। आसन ने मुझे आधे घंटे का समय दिया था, जिसमें से 15 मिनट तो व्यवधान में ही निकल गए थे।

उपाध्यक्ष महोदय: उसके अलावा भी आपको जो समय अलाट किया गया था, वह भी पूरा हो गया है। अब आपका समय पूरा हो गया है।

योगी आदित्यनाथ : मेरा समय तो बहुत लम्बा है। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि भारतीय रेलवे को प्रतिवर्ष 10,000 करोड़ रुपए का नुकसान केवल आपराधिक तत्वों और माफियों की रेलवे अधिकारियों के साथ सांठगांठ से होता है। यह भी घाटे का एक प्रमुख कारण है।

श्रीमती सुषमा स्वराज : उपाध्यक्ष जी, हमारे दल को जो समय अलाट किया गया है, माननीय सदस्य अगर ज्यादा समय लेते हैं तो हम अपने समय में से एडजस्ट कर देंगे। माननीय सदस्य रेल बजट पर चर्चा करने वाले प्रथम वक्ता हैं इसलिए उन्हें थोड़ा समय और दें, वह समय हम एडजेस्ट कर लेंगे।

योगी आदित्यनाथ : ऐसे नापाक गठबंधन को खत्म करने के लिए आपने क्या व्यवस्था की है, यह भी बताने की कृपा करें। पूर्वोत्तर रेलवे की परियोजनाओं को मैं देख रहा था, आपराधिक तत्वों और माफियों की रेलवे के अधिकारियों के साथ सांठगांठ का शिकार कई परियोजनाएं हुई हैं, जो कि अभी तक लम्बित पड़ी हैं। ये आपराधिक तत्व और माफिया ठेका लेते हैं और फिर पेटी कांट्रेक्ट के माध्यम से आगे दूसरे ठेकेदार को दे देते हैं। जो परियोजना तीन महीने में पूरी होनी चाहिए, उसे तीन साल पूरा होने में लग जाते हैं। इससे अंततः रेलवे को ही राजस्व का नुकसान होता है। मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन है कि वह इस भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सख्ती से कदम उठाएं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी बात का सम्मान करते हुए एक बात और कहकर अपना भाषण समाप्त करूंगा। पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय गोरखपुर है, जहां का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं। गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश का एक महानगर है। अपने व्यापार, रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा आदि बातों के लिए गोरखपुर में पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी-उत्तर बिहार तथा हमारे पड़ौसी देश नेपाल के लोग निर्भर करते हैं। गोरखपुर में यातायात की स्थिति क्या है? पूर्वोत्तर रेलवे को पहले तो कई भागों में बांटने का प्रयास किया गया, फिर उसके कई मंडल और जोन बनाकर उसे तोड़ने का प्रयास और जो बेहतर सेवाएं वहां पर दी जानी चाहिए थीं, वह भी कार्य वहां नहीं हो पा रहा है। आज भी पूर्वोत्तर रेलवे के अंदर 1450 ऐसे समपार फाटक हैं जो मानवरहित हैं और प्रतिदिन वहां दुर्घटनाएं होती हैं।

Comment [r21]: cd.by a2

गोरखपुर में एक स्टीम लोको कारखाना था, उसे बंद कर दिया गया। स्टीम इंजन को बंद कर दिया गया। मैं माननीय रेल मंत्री महोदया से अनुरोध करुंगा कि पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर गोरखपुर में मौजूद है तो उसी इंफ्रास्ट्रक्चर का थोड़ा आधुनिकीकरण कर देंगे, तो उसी पर आप नया इलैक्ट्रिक लोको कारखाना कम खर्चे पर स्थापित कर सकते हैं और उस इंफ्रास्ट्रक्चर का बेहतर उपयोग हो सकता है। इसके साथ ही वहां के स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। आपके पास वहां की पहले से नियुक्तियां भी होंगी, आप उनका उपयोग कर सकते हैं।

उत्तर प्रदेश जनसंख्या के हिसाब से देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार, इन तीन राज्यों को अगर रेल से अलग कर दिया जाए तो पूरे देश की रेल व्यवस्था ठप्प हो जाएगी। लेकिन सर्वाधिक उपेक्षा के शिकार भी ये तीन राज्य ही हुए हैं। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या जितनी है, क्या रेल सुविधा उस अनुपात में दी गयी है। इसी तरह से क्या रेल सुविधा मध्य प्रदेश और बिहार को दी गयी है? आज माननीय सुमित्रा महाजन जी अपनी बात को कह भी रही थीं। इंदौर और आस-पास के क्षेत्रों में आज रेल का चक्का जाम है। लोगों में इस बात का आक्रोश क्यों हो रहा है? उसका कारण साफ है कि लोगों को लग रहा है कि उनके साथ अन्याय हो रहा है। एक जगह के लिए तो ढेर सारी घो-णाएं हो रही हैं, लेकिन दूसरी जगहों की उपेक्षा हो रही है। एनडीए सरकार में आप रेल मंत्री थीं, माननीय अटल जी की जन्मभूमि बटेश्वर को जोड़ने के लिए, आगरा से इटावा के लिए जो एक रेल लाइन थी, उस रेल लाइन का कार्य पूरा हो गया, वहां पर कुछ गाड़ियां चलाने की बात होनी थी, उसे प्रारम्भ करने की बात होनी थी, लेकिन आज दस साल हो गये हैं, कार्य वैसा का वैसा पेंडिंग पड़ा हुआ है। मैं कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं का नाम आपके सामने लूंगा और कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को यहां पर ले करने की अनुमति चाहूंगा -खासतौर से पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी उत्तर बिहार और पूर्वोत्तर रेलवे जो गोरखपुर से जुड़ी हुई हैं उनके बारे में बताना चाहता हूं।

1. गोरखपुर-लखनऊ के बीच रेलवे लाइन का विद्युत्तीकरण एवं दोहरीकरण।
2. गोरखपुर-नौतनवा-गोण्डा रेल खण्ड का आमान परिवर्तन।
3. गोरखपुर में लोको-इलेक्ट्रिक कारखाना स्थापित किया जाए।
4. गोरखपुर से अयोध्या-इलाहाबाद के बीच यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखकर इंटर सिटी चलाई जाए।

महोदय, आप जानते हैं कि गोरखपुर एक धार्मिक स्थल है, अयोध्या प्रमुख धार्मिक स्थल है और प्रयागराज भी हमारे लिए एक पवित्र धार्मिक स्थल है। वर्ष 2013 में प्रयाग में महाकुम्भ का आयोजन होगा। मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि गोरखपुर से अयोध्या होते हुए, इलाहाबाद के लिए इंटर सिटी की मांग की गयी थी लेकिन वह अब तक पूरी नहीं हो पाई है। गोरखपुर पर जितना लोड है, मैं रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि कभी रेलवे स्टेशन पर जाकर उस लाइन को देखिये कि वहां की क्या स्थिति है? हजारों लोग लाइन लगाकर खड़े रहते हैं और जिस डिब्बे की क्षमता मात्र 70 यात्रियों की है, उसमें 700 से ज्यादा यात्री भरे रहते हैं। उस रूट पर नयी गाड़ी चलाने की आवश्यकता है। खासतौर से गोरखपुर के लिए एक नॉन-स्टॉप ट्रेन चलाएं। आपने दूरंतो की घो-णाएं की हैं, आपने शताब्दी और राजधानी ट्रेनों की घो-णाएं की हैं, राज्यरानी एक्सप्रेस की घो-णा की है तो फिर इस रूट को क्यों छोड़

दिया गया है। मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि गोरखपुर से नई दिल्ली के बीच में और आप मुख्यमंत्री बनेंगी तो गोरखपुर से कोलकोता के लिए भी एक ट्रेन दें। इसका हम आपसे अनुरोध करना चाहेंगे।

कुमारी ममता बनर्जी : दे दी।

...(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ : इसके अलावा एक चीज और है कि गोरखपुर-लखनऊ रेलमार्ग के गोरखपुर सहंजनवा के बीच डोमिनगढ़ में रोहिन नदी पर तथा गाहासाड़ में राप्ती नदी पर रेलवे पुल के साथ पैदल तथा हल्के वाहनों के लिए पटरी का निर्माण किया जाए। इसके बारे में मैंने पत्र पहले भी लिखा था। गोरखपुर से संबंधित जो तमाम रेलवे स्टेशन्स हैं उनके अपग्रेड के लिए, गोरखपुर-हरिद्वार-देहरादून राप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन को प्रतिदिन किया जाए।

Comment [I22]: Cd by B2

गोरखपुर में सहंजनवा में बासगांव दोहरीघाट के लिए एक नई रेल लाइन बिछाने के लिए और अन्य घो-णाओं में लेवल क्रासिंग को मानव सहित करने और ओवरब्रिज बनाने की बात कही है। गोरखपुर से संबंधित तमाम कार्य आपके मंत्रालय के पास पेंडिंग हैं, जिनमें एनएच-8 के नन्दा नगर पर, नकहा रेलवे क्रासिंग पर, हड़हवा फाटक रेलवे क्रासिंग पर, पीपीगंज रेलवे क्रासिंग पर, पिपराइच रेलवे क्रासिंग पर, कैम्पियरगांव रेलवे क्रासिंग पर, सहंजनवा रेलवे क्रासिंग पर भी ओवर ब्रिज बनाने की मांग की गई है।

इन्हीं शब्दों के साथ भारतीय रेल के वर्-ा 2011-12 के रेल बजट पर जिन घो-णाओं और आश्वासनों को आपने सदन में प्रस्तुत किया है, उन संकल्पों की पूर्ति हो सके, हम सभी आपसे इस बात की अपेक्षा करते हैं। हम आपसे संरक्षा और सुरक्षा के मुद्दे पर जरूर जानना चाहेंगे। भारतीय रेल जिस भी-ण चुनौती से जूझ रही है, उस चुनौती का सामना करने के लिए भारतीय रेल क्या क़दम उठाएगी, इस बारे में आप स्प-ट आवश्यक दिशा-निर्देश दें।

उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे सदन में इस महत्वपूर्ण चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया और बहुत शांतिपूर्ण ढंग से बोलने दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : जो भी माननीय सदस्य अपना लिखित भा-ण सभापटल पर रखना चाहते हैं, वे रख सकते हैं।

डॉ. गिरिजा व्यास (चित्तौड़गढ़): उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे इस वि-नय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति अपना आभार व्यक्त करती हूं। मैं योगी जी का भा-नण बहुत ध्यान से सुन रही थी। मुझे इस बात की खुशी हुई कि फिल्मी गानों के प्रति इनका रुझान काफी अच्छा है और फिल्मी गानों के बीच उन्होंने अपने भा-नण को बोलने का प्रयास किया है। लेकिन योगी जी के वाक्यों का मैं इस बात के साथ विरोध करती हूं कि न तो रेलवे बजट सिर्फ घो-णाओं का बजट है और न ही रेलवे बजट केवल एक सपना है। रेलवे बजट एक वास्तविकता है और व्यावहारिक धरातल पर खड़ा हुआ बजट है। मैं यूपीए सरकार को धन्यवाद देना चाहती हूं, प्रधानमंत्री जी और सोनिया जी का आभार व्यक्त करना चाहती हूं, ममता जी को विशे-ा बधाई देना चाहती हूं, जिन्होंने आम आदमी के विकासोन्मुखी रेलवे बजट पेश किया है। व-र् 2011 का रेल बजट एक नई दिशा का बजट है। व-र् 2011 का बजट एक नई सोच का बजट है। व-र् 2011 का बजट हमारी पुरानी परम्पराओं और नई तकनीक दोनों को मिला कर हमारी सांस्कृतिक विरासत को नए परिप्रेक्ष्य में ले जाने का बजट है।

महोदय, पिछला व-र् चुनौतियों से भरा था और आज भी चुनौतियां समाप्त नहीं हुई हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि छठे वेतन आयोग के कारण 97 परसेंट अधिभार रेल विभाग पर पड़ा था, उसका निश्चित तौर पर प्रभाव हमारे विकास पर पड़ा है, लेकिन छठे वेतन कमीशन की पेमेंट को देना और लाभ की पूर्ति करना यूपीए सरकार की प्रतिबद्धता थी। उसी को रेल मंत्रालय ने पूरा किया, इसके लिए मैं मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। 73 हजार करोड़ रुपयों का व्यय हुआ है और 3500 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है, इस बात को हम सदस्यों को नहीं भूलना चाहिए। लेकिन एक प्रतिबद्धता थी कि हमारे कर्मचारी, अधिकारी जो हमारे सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात लगे रहते हैं, उन्हें कुछ न कुछ मिलना चाहिए। इसी आशा और विश्वास के साथ पूरे विश्व की अत्यधिक खराब आर्थिक स्थिति होते हुए भी यूपीए सरकार ने छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू किया और उसकी पूर्ति रेलवे विभाग ने की, इसके लिए मैं मंत्री जी को बधाई देना चाहती हूं। केवल यही समस्या नहीं थी, पूरा साल फोग से बीता है। कुछ दुर्घटनाएं भी हुईं। उग्रवादियों ने भी ट्रेनों को प्रभावित किया है। गुर्जर आंदोलन भी देश को प्रभावित करने में काफी सीमा तक जिम्मेदार रहा है।

Comment [I23]: cd.

इस सबके बावजूद भी मार्केट की मंदी का प्रभाव भी रेल मंत्रालय पर पड़ा लेकिन इसके बावजूद इतना संतुलित और दूरगामी परिणाम वाला बजट देना अपने आप में एक बहुत बड़ी महत्वाकांक्षा को न केवल प्रस्तुत करता है बल्कि महत्वाकांक्षा की पूर्ति का मार्ग भी प्रशस्त करता है, इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी को फिर बधाई देना चाहती हूं।

रेलवे दिलों को जोड़ती है। रेलवे साम्प्रदायिक सद्भाव को बढ़ाती है, रेलवे बिछड़ों को मिलाती है और रेलवे हमारी तनावपूर्ण जिंदगी में भाईचारे का भाव पैदा करती है। इसलिए यदि रेलवेज को हम लाइफलाइन कहें तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। यही वजह है कि 2020 का एक सपना और वह सपना ऐसा नहीं कि जो केवल एक सपने के रूप में देखा गया हो, बल्कि उसके सपने को साकार करने की प्रतिध्वनि भी 2011 के बजट में हमें दिखाई देती है और उसमें काफी कार्य हुआ है। मैं आपके माध्यम से ममता जी से कहना चाहती हूं कि ''एक आग का दरिया है और डूबके जाना है।'' लेकिन ममता जी, आपने इस फ्रेज को बदला है और आपने कहा है कि एक आग का दरिया है और तैरकर जाना है और आपने तैरकर दिखाया है। उसके लिए यह सदन आपका आभारी है, यह देश आपका आभारी है। आपने आम आदमी के बजट को प्रस्तुत किया है।

मैं यहां पर कुछ बोलने से पहले यह भी निवेदन करना चाहती हूं कि डिविडेंट जी को पूरा पेमेंट करने के बाद 1 लाख करोड़ की बचत का मापदंड रखना एक बहुत बड़ी बात है और उसको पूरा करना एक बहुत बड़ी बात है। मुझे खुशी होती कि स्वामी जी रेलवेज को इस बात के लिए धन्यवाद देकर आगे बढ़ते। अब प्रशंसा की शुरुआत मैं करना चाहती हूं और इस बात के साथ कि रेलभाड़ा की माल ढुलाई की बात तो उन्होंने कही लेकिन धन्यवाद उन्होंने नहीं दिया। स्वामी जी यह कहकर रह गये कि माल ढुलाई 1950 में कितनी होती थी लेकिन उस समय हमारे पास कितनी सड़कें थीं? हमारे पास उस समय कितने संसाधन थे? उस समय रेलवेज ही केवल एक साधन था। आज साधन दूसरे भी बने हैं और उन सबके बावजूद मैंने जिन कठिनाइयों का जिक्र किया, उन कठिनाइयों का जिक्र मैं आगे भी करूंगी। उसके बावजूद भी रेल भाड़े को आम आदमी के लिए न बढ़ाना और माल ढुलाई भाड़े को भी न बढ़ाना, मैं सोचती हूं कि यह केवल यूपीए की सरकार और ममता जी के ही कारण संभव हो सका है और हम इसके लिए उनको बहुत बहुत बधाई देना चाहते हैं।...(व्यवधान) महोदय, वार्निक योजना के संबंध में चिंता व्यक्त की गई। मैंने कुछ पत्र भी पढ़े।...(व्यवधान) आप स्वास्थ्य की चिंता न करें। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है।...(व्यवधान) आप न

तो रेलवेज के स्वास्थ्य की चिंता कीजिए और न यूपीए की सरकार के स्वास्थ्य की चिंता कीजिए। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है।...(व्यवधान)

वार्निक योजना के संबंध में जिक्र किया गया। मैं बधाई देना चाहती हूं कि अब तक की 57630 करोड़ रुपये की सर्वाधिक परिव्यय की योजना है जिसके लिए बधाई दी जानी चाहिए। प्रश्न उठता है कि पैसा कहां से आएगा? आपने ही प्रश्न उठाया। लेकिन सकल बजटीय सहायता से 20,000 करोड़ रुपये आएंगे और डीजल उपकर से 1041 करोड़ रुपये आएंगे, आंतरिक संसाधन से 14219 करोड़ रुपये आएंगे, बाजार की उधारी मिलेगी और हमारी साख बाजार में अच्छी है। इसलिए उधारी से भी 20,594 करोड़ रुपये आएंगे। सार्वजनिक निजी भागीदारी से 1777 करोड़ रुपये आएंगे और इस सबके लक्ष्य के लिए हमारा आमान परिवर्तन दोहरेकरण आदि का कार्य भी पूरा होगा। यह केवल सपना नहीं है। सपने की सार्थकता को केवल 2020 रके परिदृश्य के साथ दर्शाया गया है। मैं यहां यह भी निवेदन करना चाहती हूं कि रेलगाड़ी संचालन में पिछली बार बाधा उत्पन्न हुई थी। उसके परिणामस्वरूप 1500 करोड़ रुपये की और निर्यात पर प्रतिबंध के कारण 2000 करोड़ रुपये की हानि हुई। इस बात को हमें नहीं भूलना चाहिए। यही वजह रही कि कुछ परियोजनाओं में ढ़ील हुई है। लेकिन मैं ममता जी को इस बात के लिए बहुत बधाई देना चाहती हूं तथा साथ ही उनको धन्यवाद भी देना चाहती हूं कि अब इसमें ढ़िलाई न बरती जाए। आपने सेन्ट्रल ऑरगेनाइजेशन फॉर प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन सैट-अप करने की जो घो-णा की है, उससे निश्चित तौर पर मोनीटरिंग होगी।

Comment [a24]: Cd by d2

14.00 hrs.

एस्टिमेटिड से लागत में बढ़ोत्तरी नहीं होगी और समयबद्ध तरीके से योजनाएं पूरी होंगी। जब निश्चित तौर पर मॉनिटरिंग होगी तो भ्र-टाचार का भी निरोध होगा। तीनों बातों का निरोध इस इम्पलीमेंटेशन के साथ मिलता है। इस समय मैं जिक्र कर रही हूं कि लगान लक्ष्य को भी 20 एमटी कम किया जाता, अब सकल यातायात प्राप्तियां 94,840 करोड़ रुपए की निश्चित की गई हैं। इसके अतिरिक्त साधारण संचालय 67,000 करोड़ रुपए का निश्चित किया गया है जो पिछले बजट अनुमान से 2000 करोड़ रुपए ज्यादा है। 4105 करोड़ का आधिक्य प्राप्त हुआ है और यह विश्वास इसलिए किया जाना चाहिए क्योंकि कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी वर्-ा 2010 बजट में जो कुछ था और आज के बजट में जो है उसमें कोई कोताही नहीं बरती गई, व्यय को समाप्त करके अनेक योजनाओं को पूरा किया गया है।

महोदय, अब जरा बजट अनुमान की बात करें, फ्रेट लगान में 993 एमटी और यात्री यातायात में 6.4 प्रतिशत वृद्धि होगी। सकल यातायात प्राप्तियां 1,06,239 करोड़ है और यह पहली बार एक लाख करोड़ रुपए स्तर के पार होगा। हमें इस संबंध में रेलवे को और खास तौर से रेलवे मिनिस्टर साहिबा को बहुत बधाई देनी चाहिए। जहां तक पार्किंग एक्सपेंसिस की बात है, 73,650 करोड़ रुपए का आकलन किया गया है। 7000 करोड़ रुपए डीआरएफ में विनियोग की बात कही गई है, लाभांश भुगतान के लिए 6,735 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है, जो बहुत अच्छा कदम है।

मैं यहां एक निवेदन करना चाहती हूं, सबने एक प्रश्न उठाया जो बहुत वांछनीय भी है और हम सब इस संबंध में चिंतित भी हैं। बजट के साथ दो प्रश्न होते हैं, पहला प्रश्न होता है कि बजट कैसा है। बजट की प्राप्तियां कहां से होंगी। दूसरा प्रश्न होता है कि बजट में जो लिखा गया है उसकी पूर्ति के क्या संसाधन होंगे और इस संबंध में मैंने चर्चा की है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान थोड़ा और आकर्नित करना चाहती हूं कि रेल में सबसे बड़ी समस्या सुरक्षा को लेकर है। हालांकि इस बार बजट में सुरक्षा को लेकर काफी कुछ नया करने की कवायद की गई है और मैं इस संबंध में बहुत बधाई देना चाहती हूं। सुरक्षा की दृन्टि से आठ क्षेत्रीय रेलों पर टक्कररोधी उपकरण स्वीकृत किए गए हैं, 3000 टीवीओ की बात कही गई है, जीपीएस आधारित फोक्स सैट का उपकरण लगाना होगा। मैं सबसे बड़ी बात के लिए बधाई देना चाहती हूं कि वे राज्य, जो समस्या रहित गाड़ियों का संतुलन सुनिश्चित करेंगे, उनके लिए मंत्री महोदया ने कहा कि उन्हें विशे-ा पैकेज के रूप में दो नई गाड़ियां और दो परियोजनाएं दी जाएं। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदया से निवेदन करना चाहती हूं कि अब इसमें राज्य को जोड़ना बहुत आवश्यक हो गया है। हम केवल केंद्र के लिए रेल व्यवस्थाओं को नहीं छोड़ सकते। विशे-ाकर सुरक्षा की दृन्टि से वे राज्य जो सुरक्षा की दृन्टि से कुछ पीछे हैं, उन्हें आगे आना होगा और रेलवे की मदद करनी होगी। एक बड़ी बात जो इस बजट घो-ाणा के साथ है, मैं कह रही हूं कि यह केवल घो-ाणा नहीं बल्कि एकल नंबर प्रणाली पर आधारित अखिल भारतीय सुरक्षा हैल्प लाइन की शुरुआत करना, हमारी सुरक्षा को नई दिशा और दशा देगा। मैं ममता वाले दिल को छूने के लिए यह निवेदन जरूर करूंगी कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशे-ा व्यवस्था की जानी चाहिए। चाहे केरल का, पिछली बार उत्तर प्रदेश का या इससे पिछली बार राजस्थान बार्डर का उदाहरण हो, जहां रेल में महिलाएं सुरक्षित नहीं रह पाती हैं उनके लिए अलग पैकेज होना चाहिए। आपने 18,000 नौकरियों का जिक्र किया है अगर इनमें एक्स सर्विस मैन के साथ एक्स पुलिस महिलाओं को सर्विसिस के लिए लगा दिया जाए तो शायद महिलाओं की सुरक्षा के लिए नई दिशा मिलेगी।

महोदय, फिर बजट के आधार की बात आती है कि पैसा कहां से आएगा? योगी जी ने बड़ा अच्छा प्रश्न किया था, इसका जवाब भी रेलवे ने दिया है और बजट में मजबूत आर्थिक व्यवस्था की तरफ ध्यान

केंद्रित करने का प्रयास किया गया है जिसमें मानवीय पहलुओं के साथ सामाजिक दायित्व पर समान रूप से जोर दिया गया है जो अपने आप में अनूठा है। एक्सक्लुसिव बजट हमारे बजट का आधार है और यही एक्सक्लुजिवनेस यहां दिखाई देती है।

Comment [r25]: Cd by e2

अब मैं उद्योगों के बारे में बात करना चाहती हूं कि रेलवे ने पहली बार अनेक व्यवसाय आधारित नीतियों को विकसित किया है तथा विकसित करने का प्रयास किया है। चल स्टाक की मांग को पूरा करने के लिए लेबर आधारित उद्योगों को स्थापित करना या विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संयोग से अन्य स्थानों पर कार्य किया जाना। रायबरेली में सवारी डिब्बा कारखाना खोलना, कई स्थानों पर रेल इंजिनों, सवारी डिब्बों और महत्वपूर्ण कल-पुर्जों की आपूर्ति के लिए योजनाएं शुरू करना। पीपीपी एक बहुत आवश्यक लक्ष्य हो गया है। यह इस बात का परिचायक नहीं है कि पब्लिक प्राइवेट जो हमारी पार्टनरशिप है, आपने जो एक प्रश्न उठाया, चूंकि मैं कमेटी में भी हूं, इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि रेलवेज की मंशा कहीं पर भी प्राइवेटाइजेशन की नहीं लगती। लेकिन पब्लिक प्राइवेट का पार्टिसिपेशन आज एक आवश्यकता हो गई है और अपनी बात की शुरूआत करते हुए मैंने कहा कि इसमें हमारी परम्पराओं का भी ध्यान रखा गया है और 21वीं सदी में हमारी जो खुली योजना और खुला आकाश है, उसकी भी सहायता लेते हुए पीपीपी की योजनाओं को इसमें आवश्यक माना गया है।

महोदय, भूमि चिह्नित करने की बात, उड़ीसा में माल डिब्बा कारखाने की बात कही गई है। कोच फैक्टरीज की बात कही गई है और विशे-ा रूप से बर्न स्टैंडर्ड कंपनी लिमिटेड और ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड को रेल मंत्रालय के नियंत्रण के अंतर्गत लाया जाए, यह बात भी कही गई है।

महोदय, मैं विशे-ाकर आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदया को धन्यवाद देना चाहती हूं कि जम्मू-कश्मीर में पुल कारखाना या सुरंग की बात हो, सिंगूर में मैट्रो कोच की बात हो, मणिपुर में डीजल रेल इंजिनियरिंग की स्थापना की बात हो, दार्जिलिंग में सैंटर ऑफ एक्सिलैन्स की बात हो या जेलिंगम और न्यू बोंगाईगांव में रेल इंडस्ट्रीज पार्क की बात हो। इन स्थानों पर ये कारखाने देने का अर्थ उन इलाकों को आर्थिक मजबूती तो प्रदान करना ही है, लेकिन साथ ही साथ जो इलाके मुख्य धारा से अलग होकर छिटक गये हैं, उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने का जो प्रयास किया गया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है और इसके लिए रेल मंत्रालय को बधाई दी जानी चाहिए।

मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान एक अन्य वि-ाय की ओर दिलाने से पहले आप सभी का ध्यान एक बात की ओर आकर्ि‍त करना चाहती हूं कि कल-कारखानें क्यों लगे? प्रथम इनसे लोगों को रोजगार मिलेगा, दूसरे आपूर्ति, सबसे बड़े विलम्ब का कारण यह होता है कि जो लम्बी प्रक्रिया है, उसमें आपूर्ति

समय पर नहीं हो पाती है और तीसरा कारण यह है कि यदि इन हाउस प्रोडक्शन बढ़ेगा तो एक आत्मविश्वास भी पैदा होगा और भ्र-टाचार भी कम होगा और ऐसी निगाह के साथ उस कार्य को पूरा किया जायेगा। लेकिन एक बात थोड़ा सा मुझे भी मलाल है, जिसके बारे में मैं जानती हूं कि मंत्री महोदया भी बहुत चिंतित हैं। हमारा इतना बड़ा देश है, हम लोग दूर-दराज के इलाकों से जुड़े हुए हैं। हम लोग यदि हवाई यात्रा करते हैं तो लगता है कि सैनिटेशन पूरा नहीं हो रहा है। लेकिन जब हमारा इतना बड़ा देश है तो क्लीनलीनैस के संबंध में यह प्रयास उनका बहुत प्रशंसनीय है कि नागपुर, चंडीगढ़, भोपाल के अतिरिक्त मैकेनाइज्ड लाउंड्री क्लिनिक स्थापित किये जायेंगे और 23 स्थानों पर लाउंड्री की स्थापना की बात भी की गई है। लेकिन क्लीनलीनैस और हो, इसके संबंध में मंत्रालय और अधिक सोचेगा, यह हमारा आपसे निवेदन है।

महोदय, हमने रेलवे सेफ्टी की बात की। मैं यहां एक बात का निवेदन करना चाहती हूं कि जब तीसरे प्रश्न पर आते हैं कि ये हमारे संसाधन हो गये, जिनमें उद्योगों के माध्यम से भी अन्य आपूर्ति के माध्यम से भी जो बजट ऐस्टीमेट है, उसकी पूर्ति करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन पैसेंजर, जो हमारी रीढ़ की हड्डी है, पैसेंजर जो आशा और आकांक्षा के साथ रेल बजट का इंतजार करता है। क्योंकि जैसा मैंने पूर्व में कहा कि यह हमारी लाइफलाइन है, यह सबको जोड़ती है। यदि रेलवे न हो तो हमारी महिलाएं तो एक बात कहती हैं कि हमें कहीं बाहर पैर रखने की जगह भी नहीं मिलेगी। हम लोग शादी-ब्याह से लेकर अपनी बेटियों तक पहुंचने या उन्हें बुलाने का संसाधन केवल रेलवे से ही कर सकते हैं। हम दुख-दर्द में एक-दूसरे के यहां जाकर संबंधों के साथ जुड़ते हैं और यह रेल से ही हो सकता है। इस बात को एक महिला के अतिरिक्त और कौन समझ सकता था। इसलिए ममता जी ने पैसेंजर रेल यूजर्स अमेनिटीज को बहुत बढ़ाने की दिशा में प्रयास किया। 444 स्टेशंस आदर्श स्टेशंस के रूप में अपग्रेडिड हो चुके हैं। यह सही है कि इसकी मानिटरिंग होनी चाहिए, मैं आपकी बात से सहमत हूं और मानिटरिंग के लिए मंत्री महोदय मैं आपसे निवेदन करूंगी कि आप इसमें एक कमेटी जरूर बनाये और चाहे तो इसमें कुछ एम.पीज. को भी रखें, ताकि रीजनवाइज आप जो पैसा खर्च करते हैं, आपकी जो योजना है, आपकी जो आकांक्षाएं हैं, आपकी जो विश है, आपकी जो विल है, उनकी पूर्ति हो सके। लेकिन आप फिर भी दूरदृन्टि देखिये कि 236 और स्टेशंस इनक्लूड किये गये हैं।

Comment [BS26]: (cd. by f2)

ज्यादा एमएसटी और बजट होटल की 45 लोकेशन को देखा गया है। वे बजट होटल किस प्रकार से हमारे इन टूरिस्ट्स को प्रभावित कर सकेंगे, कम पैसे वाले वहां ठहर पायेंगे, यह संवेदनात्मक सुविधा यू.पी.ए. सरकार ही दे सकती थी, एनडीए सरकार से हमें इसकी आशा नहीं थी, हालांकि ममता जी उस समय थी, इसलिये ममता का पुट तो उन्होंने जरूर दे दिया लेकिन आप लोगों ने ज्यादा कुछ नहीं

करने दिया। मैं ममता जी की एक और बात के लिये तारीफ करना चाहूंगी कि पैन इंडिया मल्टीपरपस गो इंडिया स्मार्ट कार्ड 21वीं सदी के सपनों को पूरा करता है। आप कहीं भी एक कार्ड से जा सकते हैं। मैं चाहती हूं कि आप सभी माननीय सदस्य को एक-एक कार्ड खरीदने के लिए कहें ताकि हम खरीदकर नीचे के लोगों को पहुंचा सकें, इसकी शुरुआत यहीं से होनी चाहिये। यह नहीं कि हम मुफ्त में लें।

उपाध्यक्ष महोदय, केरल में दो, उत्तर प्रदेश और प. बंगाल में एक नये टर्मिनल की बात कही गई है। शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिये बेहतर पहुंच मार्ग का जिक्र किया गया है। ई-टिकटिंग के लिये नये पोर्टल का जिक्र है। हावड़ा-राजधानी एक्सप्रेस में पॉयलट आधार पर इंटरनैट एक्सैस की बात कही गई है। गाड़ी प्रबंधक प्रणाली का पांच स्टेशनों पर विस्तार का जिक्र किया गया है। अग्रिम बुकिंग का शुरु होना एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी और यात्रा के नये ए.सी दर्जे की शुरुआत शायद हम लोगों के लिये एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम होगा जिस में हम लोगों को और सुविधायें मिल सकें। यात्री गाड़ियों की रफ्तार के मद्देनजर हम 21वीं सदी में कैसे पहुच रहे हैं, उसमें 160 और 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ाने का और जापान की सहायता लेने का रेल मंत्री जी ने जो जिक्र किया, वह बहुत बड़ा व्यावहारिक और बहुत ही अच्छा टैक्नीकल प्रश्न है जिसके लिये मैं उन्हें बधाई देना चाहती हूं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं अब रीढ़ की हड्डी पर अपनी बात कहना चाहती हूं। हमें अमैनीटीज मिल गई, हमें बजट भी मिल गया, बजट की प्राप्तियों का साधन भी मिल गया लेकिन सब से बड़ी बात यह है कि क्या हम उन कर्मचारियों की तरफ देखते हैं या नहीं? वे कर्मचारी जो रीढ़ की हड्डी हैं, और इसलिये इस दृ्टि से भी कि कर्मचारी कल्याण के लिये इस बजट में काफी कुछ है जिनमें से मैं कुछ का जिक्र करना चाहती हूं। यह हमारा एक ऐसा सोशल सैक्टर है कि यह रेल जगत की एक दुनिया है. राजस्थान में अजमेर इसका एक उदाहरण है। जिस प्रकार आर्मी की एक अलग दुनिया है, उसी तरह से रेल की एक अलग तरह की दुनिया है। उस दुनिया को अछूता नहीं छोड़ा गया है। उसमें सब का प्रवेश किया गया है। संरक्षा कोटेज के लिये कर्मचारियों की गारंटीशुदा रोजगार हेतु उदारीकृत सक्रिया सेवानिवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाया गया है, जिसके लिये मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहती हूं। माता और पिता दोनों आश्रितों के लिये चिकित्सा व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। ग्रुप-बी कर्मचारियों के पुत्रों के लिये छात्रवृत्ति 1200 रुपये करना केवल एक संवेदनात्मक पंख वाला व्यक्ति और उसी की सरकार के व्यक्ति ही कर सकते थे जो ममता जी ने कर के दिखाया है। रेलवे विद्यालय प्रबंधन बोर्ड की स्थापना करना, इसके लिये मैं मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहती हूं क्योंकि मैं खुद शिक्षा से जुड़ी हुई हूं और इससे बढ़कर खुशखबरी मेरे लिये और क्या हो सकती है? 20-रोड मैडिकल वाहनों की व्यवस्था की गई और रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिये 20 अतिरिक्त छात्रावास स्थापित किये जायेंगे।

क्या किसी ने कभी सोचा है कि जो रेल पटरियों के आसपास झुग्गी-झोंपड़ियां हैं, उनका क्या होगा? कभी तो बुलडोजर छोड़ने की बात की जाती थी, कभी उन्हें हटाने का जिक्र होता था, कभी हटा भी दिया जाता था लेकिन शुरुआती तौर पर दस हजार ऐसे आवास बनाकर एक संवेदनशीलता का परिचय दिया गया है, उसके लिये मैं रेलवे मंत्रालय को बहुत बहुत बधाई देना चाहती हूं। प्रशिक्षण और भर्ती के द्वारा भी इन कर्मचारियों का मार्ग प्रशस्त होगा। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कोटा के बैकलॉग को पूरा किया जायेगा, मेगा भर्ती अभियान होगा जिसमें 16 हजार भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती होगी। मैं यह चाहती हूं कि उसमें कुछ प्रतिशत हिस्सा महिलाओं के लिये छोड़ा जाये। खड़गपुर में प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जायेगा और तीन बहुभागी प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करना भी है। माननीय रेल मंत्री जो पांच पोलिटैक्निक केन्द्र स्थापित कर रही हैं,मैं चाहूंगी कि उनमें से दो गर्ल्स के लिये हों , वे बहुत आगे बढ़ रही हैं। अगर मैरिट लिस्ट देखी जाये तो मालूम होगा कि हर 10 में से 9 गर्ल्स हैं। इसके लिये मैं बहुत आभारी रहूंगी।

KUMARI MAMATA BANERJEE: We will request the HRD Ministry.

डॉ. गिरिजा व्यास : एच.आर.डी. मिनिस्ट्री को भी रेलवे मिनिस्ट्री के माध्यम से लिखा जायेगा। हम लोग भी जिक्र करेंगे।

Comment [r27]: cd. by g2

अब और कौन-कौन सी रियायतें हैं, थोड़ा उनका जिक्र कर लेते हैं। सबसे पहले मैं उत्पादन इकाई का थोड़ा सा जिक्र करूंगी कि डेरेका की क्षमता को बढ़ाकर 300 रेल इंजन करना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए राजधानी और शताब्दी ट्रेनों में रियायत, प्रेस संवाददाताओं के लिए 50 प्रतिशत की रियायत को बढ़ाकर साल में दो बार करना, कीर्ति चक्र और स्वर्ण चक्र विजेताओं के लिए राजधानी और शताब्दियों का प्रदान किया जाना, मरणोपरांत परमवीर चक्र और अशोक चक्र वीरता पुरूस्कार विजेता, जो अविवाहित हों, उनके माता-पिता को कार्ड पास दिया जाना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैं इस बात के लिए फिर से मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि वरि-ठ पुरू-न नागरिकों को रियायत 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत करना और महिलाओं की आयु को 60 से 58 व-र् करना यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। यदि कोई भी जनरल बजट को या रेलवे बजट को जेंडर बजट नहीं कहता है तो मैं उनकी आलोचना करना चाहती हूं। चाहे जनरल बजट पर अभी चर्चा न हो रही हो, लेकिन वह एक्सक्लुसिव बजट निश्चित तौर आज भी जेंडर बजट है और महिलाओं के संबंध में रेलवे बजट में भी बहुत कुछ है। यहां पर नई आमान परिवर्तन और दोहरीकरण का जो आप लोगों ने जिक्र किया, मैं उसके लिए बहुत बधाई देना चाहती हूं। 700 किलोमीटर में नई लाइनों और 27 खण्डों को पूरा करना, आमान परिवर्तन 800 लाइन का, दोहरीकरण 700 किलोमीटर का और व-र् 2011-12 में 1,075 किलोमीटर को कवर करते हुए 24 घंटों में

नई लाइन का प्रस्ताव, व-र्ा 2011 में 20 खण्डों को कवर करते हुए 1,017 किलोमीटर के लक्ष्य को निश्चित करना और 867 किलोमीटर को कवर करते हुए 33 खण्डों का दोहरीकरण करना और उसके अतिरिक्त जो व-र्ा 2010-11 का सर्वेक्षण का कार्य था, वह लगभग पूरा कर लिया गया है। अन्य सर्वेक्षण कार्य भी पूरे हो जायेंगे, इस बात का जिक्र और इस बात का आश्वासन हमें रेल मंत्री जी ने दिया है।

महोदय, सबर्बन रेलवे भी छूटी नहीं है। मैं माननीय स्वामी जी आपके माध्यम से निवेदन करना चाहती हूं कि एक ही लक्ष्य होता है और वह लक्ष्य यूपीए सरकार का भी है कि जनता जनार्दन की भावना के अनुरूप, वे कोई कहीं पर बैठने का सपना नहीं देखते हैं और ममता जी का सपना तो सब जानते हैं कि लोगों के दिलों में बैठकर अपनी बात को पहुंचाने का सपना इन्होंने बचपन से देखा है और आगे भी देखती रहेंगी, इससे इन्हें कोई नहीं रोक सकता है। चाहे मुम्बई हो, चाहे चेन्नई हो, चाहे कोलकाता हो, चाहे वर्धमान-हावड़ा के बीच की बात हो, चाहे गाजियाबाद हो, चाहे अहमदाबाद हो, ममता जी शायद भूल गयीं, जयपुर इसमें छूट गया है।

कुमारी ममता बनर्जी: नहीं, नहीं, जयपुर है। सब आदमी जयपुर से ही होकर जाते हैं।

डॉ. गिरिजा व्यास : रेलगाड़ियों के सम्बन्ध में मैं बहुत आशान्वित हूं और भी होंगे, लेकिन मैं फिर धन्यवाद देना चाहती हूं कि 9 नयी दूरन्तों रेलगाड़ियां जयपुर, दिल्ली, अहमदाबाद, मुम्बई, डबल एसी, तीन शताब्दी, चार दूरन्तो, स्वामी विवेकानन्द की याद में चार विवेक एक्सप्रेस, रविन्द्र नाथ टैगोर जी की याद में चार कविगुरू, मातृभूमि गौरव के नाम पर मदर के नाम महिलाओं के लिए एक्सक्लूसिव ट्रेन्स चलाने की व्यवस्था है। नयी पैसेंजर योजना पर भी मंत्री जी को धन्यवाद देती हूं। 33 नयी गाड़ियों के रेल मार्ग बदले गये, उसके लिए भी मंत्री जी को धन्यवाद, 17 रेलगाड़ियों के फेरों को बढ़ाया गया, इसके लिए भी मंत्री जी को धन्यवाद देती हूं। नयी परियोजनाओं में जो आपने 25 नयी लाइनें ली हैं, महोदय, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगी कि यहां पर बैठकर हम लोगों को उन नयी लाइनों को चयनित करना होगा, जो बिल्कुल छूटी हुई हैं। दूसरी बात यह है कि दिल्ली, कोलकाता, मुम्बई, बंगलौर के कार्यालय के साथ जो परियोजना क्रियान्वयन के लिए आपने केन्द्रीय संगठन स्थापित करने का जो प्रस्ताव रखा है, मैं समझती हूं कि यह बहुत अच्छा प्रस्ताव है और इसका इम्प्लीमेंटेशन यथाशीघ्र हो जाना चाहिए। 107 नयी लाइन्स सर्वेक्षण और चार आमान परिवर्तन सर्वेक्षण और 16 दोहरीकरण सर्वेक्षण का लक्ष्य रखा है, जो अपने-आप में एक बहुत बड़ी बात है। व-र्ा 2011-12 में एक हजार किलोमीटर मार्ग का विद्युतीकरण करना और इसके लिए गैस पर आधारित अपनी पावर को जनरेट करना, यह भी एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसका हम लोगों को स्वागत करना चाहिए। इस रेलवे बजट में विशे-ा रूप से दो बातें महत्वपूर्ण हैं। एक रेलवे टूरिज्म है, हम

टूरिज्म के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन डोमस्टिक टूरिस्ट रेलवे से ही अपनी यात्रा को करता है। पहली बार रेलवे टूरिज्म का जिक्र इतने एक्सक्लुसिवनेस के साथ किया गया है। इसमें बहुत सारी ट्रेनों का जिक्र भी है। मैं चाहती हूं कि इस क्षेत्र में, इस दिशा में पूरा अध्ययन एक सब कमेटी बनाकर आप जरूर करें क्योंकि जो जन्मभूमि गौरव है, अपनी जन्मभूमि को देखना उस गौरव की प्राप्ति प्रत्येक व्यक्ति करना चाहता है।

Comment [c28]: Contd. By h2

आपने काफी ट्रेनें इस संबंध में दीं जिसमें हम टूरिज़्म का विस्तार कर सकें। लेकिन हमारे यहाँ एक कहावत है कि प्रत्येक 12 किलोमीटर पर एक ऐतिहासिक स्थान या तीर्थ स्थल नज़र आ जाता है। ऐसी स्थिति में तीर्थ स्थानों पर आधारित या ऐतिहासिक स्थानों पर आधारित ट्रेन्स और चलें और ज्यादा से ज्यादा होटल्स इस आधार पर खुलें, इस बात का आप निश्चित तौर पर ध्यान रखेंगे।

मैं यहाँ पर आपका ध्यान इस ओर भी दिलाना चाहूँगी कि कुछ सैक्टर्स का ज़िक्र आपने किया। जैसे दिल्ली और जयपुर पहले था, लेकिन आपने आगरा को जोड़कर जो गोल्डन ट्राइएंगल है, उसकी पूर्ति की। इसी तरह के ट्राइएंगल हमें हिन्दुस्तान के अनेक स्थानों बनाने पड़ेंगे। जो बाहर का टूरिस्ट या हमारे देश का भी टूरिस्ट आता है, दो चीज़ों के प्रति दृ‍ष्टिकोण रखकर वह आता है। एक तो होता है थीम बेस्ड टूरिज़्म, कि वह केवल टैम्पल्स देखना चाहता है, पैलेसेज़ देखना चाहता है या फोर्ट्स देखना चाहता है। दूसरा होता है सैक्टर बेस्ड, कि एक सैक्टर में गया तो उस सैक्टर में कितना देखना चाहता है। मैं सोचती हूँ कि इस संबंध में आप यदि एक छोटी सी कमेटी बना देंगे तो दोनों ही सैक्टर बैस्ड और थीम बेस्ड टूरिज़्म को पूरा करके जो हमारा बजट टूरिस्ट है, वह उससे फायदा उठा सकेगा।

यहाँ मैं इस बात का ज़िक्र भी करना चाहूँगी कि ग्रीन एनर्जी की बात पहली बार की गई, इसके लिए मैं रेल मंत्री जी को बहुत बहुत धन्यवाद देना चाहती हूँ। लेकिन इसके साथ ही एक बात और निवेदन करना चाहती हूँ कि निश्चित तौर पर हमारा सपना एक तरह से कहना चाहिए कि पूरी तरह से जो ग्रीन रिवॉल्यूशन को ध्यान में रखकर होना चाहिए, लेकिन इसके पीछे यदि रेलवे के उद्देश्य की पूर्ति समयबद्ध तरीके से न हो तो उसमें विलंब हो जाता है। इसलिए एनवायर्नमैंट मिनिस्ट्री के साथ इस बात का ज़िक्र हो कि वह क्लियरेन्स जल्दी दे सकें ताकि 2020 का टार्गैट हम पूरा कर सकें।

रेल परिवहन और रेल का देश के आर्थिक विकास में गहरा संबंध है। यही वजह है कि आज वि-नम परिस्थितियों के बावजूद भी देश के बजट में आर्थिक विकास दर, इंडस्ट्रियल विकास दर, कृनि विकास दर या मैनपावर को देखें तो वह आगे बढ़ रही है। हम प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। लेकिन ज़रूरी यह भी हो जाता है कि रेलवे का विकास और भी तीव्र गति से हो और सबको समान रूप से जो प्रभावित करती हो, उसको बूस्ट मिले। यह अमीर, गरीब सबकी जीवनरेखा है। यह गाँव और शहर सबकी है। इन्हीं बातों को इस रेल बजट में प्रस्तुत करने की कोशिश की गई है। केवल कोशिश ही नहीं की गई है, बल्कि प्रतिबद्धता के साथ उसको पूरा करने का प्रयास है और यह वायदा भी निभाया जाएगा तथा 2020 का टार्गेट ये निश्चित तौर पर पूरा करेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से ममता जी का ध्यान इस ओर भी दिलाना चाहूँगी जो बहुत आवश्यक भी है, कि जब आपने 2020 का दिया था तो उसमें तीन बातें मुख्य रूप से थीं - एक थी सेफ्टी का सिस्टम, दूसरा अपग्रेडिंग और तीसरा हाइजीन एट स्टेशंस। तीनों को इसमें लिया गया है, लेकिन ये तीनों आने वाले समय के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाले हैं। इसलिए तीनों को आधार बनाकर एक्सक्लूसिव बजट को उसके साथ जोड़ना आवश्यक होगा। एक दूसरी बात और कहना चाहती हूँ कि स्पैसिफिक डैडलाइन तय करनी होगी क्योंकि बार-बार यह आलोचना का वि-नय बनता है कि यह समयबद्ध तरीके से पूरा नहीं होता। सपना सबका पूरा करना है और समयबद्ध तरीके से पूरा करना है, यह इसका आधार होना चाहिए। इस आधार पर मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूँ।

अब मैं थोड़ा राजस्थान का जिक्र करना चाहती हूँ। आपने ग्रीन एनर्जी की बात की। राजस्थान एक सांस्कृतिक धरोहर है और एक सांस्कृतिक टूरिज्म की दृन्टि से भी, हिस्टोरिक पैलेसेज़ की दृन्टि से भी, पिछड़े इलाकों की दृन्टि से भी राजस्थान उस श्रेणी में आता है कि जहाँ बहुत कुछ रेलवे के संबंध में और भी दिया जा सकता है। यह कहा जाता है कि व्यक्ति को जितना दिया जाएगा, भूख उतनी ही बढ़ेगी। मैं इस बात की बधाई देना चाहती हूँ कि संभवतः पहली बार राजस्थान को इतना कुछ मिला है लेकिन सोनार किला तो छूट गया ममता जी। जैसलमेर थोड़ा सा छूटा है।

कुमारी ममता बनर्जी: नहीं, हमने दिया है। हारोती से जैसलमेर के लिए भी दिया है। ...(व्यवधान)

डॉ. गिरिजा व्यास : हारोती से होकर तो कोटा से बहुत ट्रेन गुज़रती हैं लेकिन कुछ हिस्से हैं जो चित्तौढ़ और हारोती को जोड़ सकते हैं। चित्तौड़ को आपने दिया है लेकिन चित्तौड़ तो सबको देखना होता है। हम चाहते हैं कि आप भी वहाँ पर चढ़तीं, चित्तौड़ का किला प्रत्येक बंगाली देखना चाहता है।

Comment [r29]: Cd by j2

हम वीर भूमि के भी हैं, हम पर्यटन की दृन्टि से भी बहुत रिच हैं, हमारी प्राकृतिक विरासत की धरती है। हमारे यहां फोरेस्ट सैंक्वूरिज़ भी हैं और आदिवासियों का पिछड़ा इलाका भी है। इस दृन्टि से मेरा इलाका प्रतापगढ़ छूटा हुआ है। प्रतापगढ़ की बेटी का दूसरा ससुराल भी वहीं पर हैं। बड़ी साध्वी को थोड़ा जोड़ा है, थोड़ा और जोड़ना जरूरी है।

महोदय, राजस्थान माइन्स और मिनरल्स का घर है, इसलिए यहां माल ढुलाई के संबंध में भी थोड़ा अधिक दिया जाना जरूरी है। नाथद्वारा और काकरौली हमारे धार्मिक स्थल हैं। इसलिए जोधपुर तक डबल लाइन करना बहुत जरूरी है। उदयपुर वाया माओली जंक्शन चितौड़गढ़ होते हुए, जयपुर कम से कम आप राजधानी नहीं चला सके तो राज रानी जरूर चलाएं, इसकी मैं मांग करती हूं।

महोदय, इसी तरह से गुजरात में अहमदाबाद तक की ब्रोडगैज का बजट में जिक्र नहीं है। उसके लिए पिछले साल भी पैसा दिया गया था और इस साल भी दिया गया है। मेरी मांग है कि इस लाइन को जल्दी से पूरा किया जाए। यह दोनों पक्षों की मांग है।

कुमारी ममता बनर्जी : अहमदाबाद लाइन बजट में है। हमने दिया है।

डॉ. गिरिजा व्यास : इस लाइन के केवल सर्वे के लिए पैसा दिया गया है, वह भी पूरा खर्च नहीं हुआ है।

कुमारी ममता बनर्जी: सर्वे पूरा होने के बाद ही वह शुरू होगा।

डॉ. गिरिजा व्यास : सर्वे हुए भी बहुत साल हो गए हैं। आपसे आशा करते हैं कि इसे जल्दी पूरा करेंगी। ममता जी ने कह दिया है कि दे दिया है, इसे वह अपने उत्तर में और स्प-ट कर देंगी। हम लोगों को ताली बजाकर इसका स्वागत करना चाहिए। इसके अतिरिक्त पाली एवं अन्य इलाके छूट गए हैं, जिनके बारे में आपसे बाद में बात करेंगे। जयपुर मेट्रो को भी शामिल करने का मेरा आग्रह है। कपासन एक धार्मिक स्थल है। वहां बहुत बड़ी दरगाह है, इसलिए वहां के स्टेशन का सुधार करने का आपसे आग्रह है। जोधपुर-पाली संपर्क क्रांति से जुड़े।

महोदय, मैं एक बात निश्चित तौर पर कहना चाहती हूं कि रेलवे बजट कोई मामूली बजट नहीं है। इस रेलवे बजट में हमारी यूपीए सरकार की मंशा, प्रतिबद्धता, आम आदमी की चिंता, ममता जी का सपना और हम सभी की अकांक्षाओं की पूर्ति हुई है। मुझे कल एक 80 साल के वृद्ध मिलने आए थे, जिनकी बात को मैं यहां कहना चाहती हूं। उन्होंने एक बात कही थी कि ममता जी सैंटाक्लॉज बनकर आयी हैं, जिनकी झोली में सभी के लिए कुछ न कुछ है। किसी के लिए छोटी और किसी के लिए बड़ी टॉफी है। इसमें सभी के लिए निश्चित तौर पर कुछ न कुछ है।...(व्यवधान)

आखिर में, मैं कहना चाहती हूं कि महिलाओं के सुरक्षा, नौकरी में आरक्षण और महिलाओं की शिक्षा के लिए प्रयास, इस छोटे से जगत में, जिसे मैं रेलवे का जगत कहती हूं, उसमें आप जोड़ने का प्रयास करें।

महोदय, पिछला व-र्ा बहुत मुश्किलों वाला था। कठिनाइयां अभी भी कम नहीं हुई हैं और चुनौतियां आगे भी बहुत हैं। लेकिन मैं एक बात जानती हूं जो ममता जी के लिए कम से कम हम कह सकते हैं कि "सितारों से आगे जहां और भी हैं, अभी इश्क के इम्तिहान और भी हैं।" लेकिन वह इम्तिहान देने में माहिर हैं और हर बार पास हुई हैं, फिर पास होंगी, बेस्ट ऑफ लक।

इन्हीं शब्दों के साथ में रेलवे बजट का समर्थन करती हूं।

***श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला)** :- रेल यात्रियों के लिए रियायतों का पिटारा खोलने वाला बजट प्रस्तुत करने के लिए मैं रेल मंत्री महोदया की प्रशंसा करना चाहता हूं, लेकिन वास्तविकता यह है कि इस बजट में कोई दूरदृ-टि दिखाई नहीं दी है । यह घोर निराशावादी और निराशाजनक बजट है । इस बजट में आम लोगों के लिए कुछ भी नहीं है ।

रेलकर्मियों के लिए निराशाजनक बजट-

इस बजट में रेलकर्मियों को तारीफों के सिवाय कुछ नहीं मिला है । रेल बजट में रेलकर्मियों की आवासीय योजना सहित चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के बच्चों को नौकरी देने का कोई जिक्र न कर रेल मंत्री ने उन्हें निराश किया है । इसमें रेलकर्मियों को कोई तवज्जुह नहीं दी गई है ।

रेल बजट राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनावों की भेंट चढ़ा-

यह बजट पश्चिम बंगाल का चुनावी बजट है । रेल बजट का राजनीतिकरण किया गया है । पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में होने वाले विधान सभा चुनावों को देखते हुए बजट को जनता को समर्पित करने की बजाय राजनीतिक स्वार्थों को समर्पित कर दिया गया है । इस बजट में सुरक्षा के मुद्दे, चोरी की वारदातों, स्वच्छता तथा रेलवे स्टेशन की भूमि पर अतिक्रमण पर ध्यान नहीं दिया गया है । रेलवे की आमदनी घट गई है और खर्च बढ़ गए हैं । ऐसे में बजट की घो-णाएं हवा में महत्व तैयार करने जैसा है । बजट को एक राज्य के विधान सभा चुनावों को दृ-टिगत रखते हुए बनाना निंदनीय है ।

* Speech was laid on the Table.

रेल बजट में रेलों में कमियों की कोई पहचान नहीं की गई-

रेल बजट पूरी तरह से चिंता पैदा करने वाला है । यह हैरान करने वाली बात है कि इस रेल बजट को प्रस्तुत करते समय रेलवे की समस्याओं का न तो जिक्र किया गया है, न समीक्षा की गई है और न ही कमियों की पहचान की गयी है । इसलिए इसमें कोई दूरदृ‍ष्टि दिखाई नहीं देती है । भारतीय रेलवे की सबसे बड़ी जरूरत क्षमता विस्तार की है, लेकिन रेल बजट में कहीं भी इसका उल्लेख नहीं है कि रेल की क्षमता का कहां तक विस्तार होगा, क्या-क्या करना जरूरी है । किस तरह से इस लक्ष्य को हासिल किया जाएगा । रेल मंत्री ने नेटवर्क और कनेक्टिविटी के बारे में बताया है, लेकिन कोई स्प-ट चित्रण नहीं किया है ।

रेलों में माल ढोने की क्षमता बढ़ाने की बजाय घटाई गई-

उन्होंने बजट के दौरान कहा कि जब देश की आर्थिक वृद्धि दर 8-9 प्रतिशत रहती है, तो माल ढुलाई में 1.2 प्रतिशत की दर से वृद्धि होती है, लेकिन यदि छः प्रतिशत रहेगी तब? पिछले साल रेलवे द्वारा घोनित लक्ष्य से कोयला ढुलाई में 30 प्रतिशत गिरावट आई है । जाहिर है इस आधार पर राजस्व कम आया, आंतरिक आय कम हुई । आय कम हुई तो केंद्र सरकार से बजटीय सहायता चाहिए । आखिर ऐसा क्यों हुआ, इसे स्प-ट किया जाना चाहिए । एक बात और 100 माल ढुलाई के लिए आने वाली रेलगाड़ियों को यात्री गाड़ियों का स्वरूप दे दिया गया । यानी आपने रेलवे की क्षमता बढ़ाने के इंतजाम नहीं किए ओर 30 लाख टन माल ढोने की क्षमता घटा दी। इसके पीछे क्या तर्क रहे समझ से परे है । वैसे भी रेलवे की अभी से हालत पतली है। उसे परिचालन के लिए सरकार से मदद लेनी पड़ी है । लेकिन यदि महंगाई ओर बढ़ गयी तो क्या होगा । तब रेलवे अपने घाटे को कहां से पूरा करेगी । मंत्री जी यदि घाटे

की रेल चलाकर सामाजिक दायित्व पूरा करना चाहती हैं, तो वह बात अलग है, अन्यथा इस तरह के बजट का कोई उद्देश्य नहीं समझ में आता ।

रेल बजट केवल घो-णाओं का पिटारा

रेल बजट अलग से इसलिए पेश किया जाता है कि भारतीय रेल अपने संचालन के लिए खुद संसाधन जुटाएगी, लेकिन ऐसा तो नहीं हो रहा है । 1996 में आखिरी बार ऐसा रेल बजट प्रस्तुत हुआ, जब रेल, केंद्र सरकार को कमाई करके दे रही थी । हमारे पास सरप्लस बजट था, लेकिन उसके बाद ऐसी स्थिति देखने में नहीं आई । इस समय केवल हर तरफ कॉरपोरेशन बनाए जा रहे हैं । कहीं जमीन के उपयोग को लेकर कॉरपोरेशन तो कहीं कुछ और । निजी भागीदारी पर भी संसाधन जुटाने की बात कही जाती है । लेकिन अनुभव यही कहता है कि यह सफल नहीं हो सकता । कोई भी निजी घराना रेलवे में पैसे लगाकर इंतजार नहीं करना चाहेगा । फिर जब रेलवे को सरकार से 7 प्रतिशत ब्याज पर बजट सपोर्ट मिल जाता है, तो वह निजी घराने से 14 प्रतिशत पर क्यों सहायता ले? इससे तो घाटा और बढ़ेगा । रेलवे वैगन में निजी भागीदारी से निजी भागीदारी को नुकसान होने लगा, तो इसे मालभाड़े से संतुलित करने की कोशिश की गयी । ऐसे में इस तरह का बजट केवल घो-णाओं का पिटारा लगता है । इसमें रेलवे का भवि-य नहीं दिखता । सीधा सा सवाल है कि क्षमता और आय नहीं बढ़ेगी, तो घाटे में चल रही रेलवे को आखिर आगे कैसे चलाया जा सकेगा?

रेल बजट आम आदमी का बजट नहीं-

प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने रेल मंत्री ममता बनर्जी द्वारा पेश किए गए रेल बजट को आम आदमी का बजट कहा है । आम आदमी को बजट से आशय संभवतः यह है कि न तो यात्री किराए बढ़ाए गए हैं और न माल भाड़ा । ममता बनर्जी ही नहीं, उनसे पहले पूर्व रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव का भी प्रयत्न यही रहता था कि आम

आदमी पर कोई बोझ न पड़े । यहां तक तो ठीक है, लेकिन इसके बाद ये प्रश्न पैदा होते हैं कि क्या रेल यात्रियों का सफर उत्तरोत्तर सुविधाजनक और सुरक्षित हुआ है? क्या स्टेशनों और रेलों में साफ-सफाई की स्थिति बेहतर हुई है? क्या रेलवे स्टेशनों पर मिलने वाले खाने-पीने के सामान और रेलों में मिलने वाला भोजन अपनी गुणवत्ता और पौ-टिकता में कुछ सुधरा है? क्या रेलवे में भ्र-टाचार कम हुआ है और रिजर्वेशन में होने वाली धांधली में कोई सुधार हुआ है? क्या ट्रेनें समय पर चलने लगी हैं और मुसाफिरों को अब डिब्बों की छतों पर बैठना और लटकना नहीं पड़ता है? इस सब सवालों के जवाब अगर ज्यादातर नकारात्मक हैं, तो यह बजट किस तरह आम आदमी का बजट है?

पश्चिम बंगाल के चुनावों को दृ-टि से बनाया गया रेल बजट

ममता बनर्जी अपने पूरे कार्यकाल में अक्सर दिल्ली से बाहर पश्चिम बंगाल में ही घूमती रहीं, जहां विधान सभा के चुनाव होने हैं और ममता की निगाह मुख्य मंत्री की कुर्सी पर टिकी है । इसलिए उनका इस साल का बजट साफतौर पर चुनावी बजट बन गया है। पश्चिम बंगाल को बजट में अनेक तोहफे दिए गए हैं । सिंगूर में मेट्रो कोच फैक्ट्री, नंदीग्राम में रेल औद्योगिक पार्क, कोलकाता के लिए समन्वित उपनगरीय नेटवर्क और कोलकाता मेट्रो के लिए 34 नई सेवाएं, इन सौगातों में प्रमुख है । यही कारण है कि लोक सभा में उनकी घो-णाओं को लेकर अनेक राज्यों के सांसदों-विशे-ाकर बिहार, उत्तर प्रदेश और केरल के सांसदों ने जमकर हंगामा किया। रेल मंत्रियों के अपने-अपने राज्यों को लेकर झुकाव और पूर्वाग्रह बेशक रहते हैं, मगर ममता बनर्जी ने अपना पश्चिम बंगाल प्रेम दिखाने में, जो वास्तव में चुनाव केंद्रित ज्यादा है, कोई भी संयम नहीं बरता । इससे उनका बजट पहली ही नजर में एक चुनावी रेल में रूपांतरित हो गया लगता है । ममता ने अपने मंत्रालय को खोखला कर डाला है ।

पुरानी घोि‍त योजनाओं पर अभी तक काम भी शुरू नहीं हुआ

बजट में योजना व्यय के लिए 57,630 करोड़ रू. का प्रावधान रखा गया है, जो अब तक का सर्वाधिक है, मगर इसके लिए 20,954 करोड़ रू. की राशि बाजार से उठानी पड़ेगी । खस्ता वित्तीय हालत के लिए छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के कारण पड़े अतिरिक्त भार का रोना रोया गया है । यह समझ से परे है कि घाटे वाले इस बजट में 6.4 फीसदी की यात्री वृद्धि और माल ढुलाई में परिवहन सैक्टर से मिल रही कड़ी प्रतिद्वंद्विता के चलते (रेलवे का हिस्सा सिर्फ 35 फीसदी) वित्तीय हालत कैसे दुरुस्त होगी? प्रधान मंत्री का तर्क है कि रेलवे के बुनियादी ढांचे में निवेश से अधिक विकास की रफ्तार बनाए रखने में मदद मिलेगी । तर्क के हिसाब से यह बात ठीक है, मगर वस्तुस्थिति यह है कि पूर्व में घोि‍त अनेक योजनाओं पर काम भी शुरू नहीं हुआ है । बहरहाल अगले वित्तीय व-र् में 1000 किलोमीटर की नई लाइन बिछाने का प्रस्ताव है । वास्तव में आजादी के बाद इस दिशा में बहुत कम प्रगति हुई है । अतः यह कहने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए कि हमारी रेल आर्थिक विकास की चुनौतियों को अभी तक समझ नहीं पा रही है ।

रेल मंत्री ने अर्थव्यवस्था की दुर्दशा को आंकड़ों में ओझल किया-

रेल बजट से यथार्थ घायल हो गया । रेलवे का संचालन व्यय घटकर करीब 92 प्रतिशत रह गया है । सचाई यह है कि रेलवे यात्री किरायों और मालभाड़े के रूप में जो अर्जित करती है उसका आधे से अधिक भाग कर्मचारियों के वेतन पर ही खर्च हो जाता है । इसका अर्थ यह भी हुआ कि भारतीय रेलवे 1991 में 99 पैसे खर्च कर के एक रूपया कमाती थी, अब 92 पैसे खर्च कर के एक रूपया कमाती है ।

144 रेल योजनाएं व-ों से लंबित हैं-

रेल मंत्री ने रेलवे की अर्थव्यवस्था की दुर्दशा को आंकड़ों में ओझल कर दिया है। रेल मंत्री ने बजट में 25 नई रेल परियोजनाओं की घो-णा में बड़ी चतुराई से इस तथ्य को भी छिपा लिया कि पूरे देश में 47 हजार करोड़ रू. की 144 रेल परियोजनाएं व-ों से लंबित हैं और फाइलों में धूल खा रही हैं । इन परियोजनाओं में सबसे पुरानी मध्य रेलवे की परियोजना 1972 की है जो उस वक्त बजट में पारित तो हुई थी, लेकिन आज तक पूरी नहीं हो सकी । यद्यपि रेल मंत्री ने गत व-र् इन परियोजनाओं को धरातल पर लाने के लिए पुनर्समीक्षा का आदेश दिया था, लेकिन आज ये किस दिशा में हैं और इनके लिए अब कितने धन की जरूरत होगी इसका खुलासा नहीं किया गया है।

यद्यपि रेल मंत्री ने बजट में 33 रेलगाड़ियों के विस्तार के अलावा 56 नई एक्सप्रेस, 9 नई दुरंतो, 3 नई शताब्दी, 22 नई डीएमयू और 13 पैसेंजर ट्रेनों सहित कुल 103 नई ट्रेनें चलाने की घो-णा की है । चालू वित्त व-र् में केवल 700 किलोमीटर पटरियों के बिछाने और घोनित नए रेल मार्गों ओर परियोजनाओं से चालू न होने के कारण यह प्रश्न सदैव बना रहेगा कि नई ट्रेनों के जश्न में वर्तमान जर्जर पटरियां ही कब तक सिसकेंगी?

रेल पटरियों के नवीनीकरण का दावा बढ़ा-चढ़ा कर बताया गया-

जहां पटरियों के नवीनीकरण का दावा बढ़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत किया गया है उसकी सचाई यह है कि रेल की किसी पटरी को बारह साल की बजाय आठ साल में ही बदलना चाहिए । पिछले पांच व-ों में पटरियों के नवीनीकरण की गति इतनी धीमी रही है कि आधे से अधिक रेलमार्ग की पटरियां तगदशा को झेल रही हैं । बहुधा कमजोर और जर्जर पटरियां बढे हुए यात्री और माल यातायात के बोझ को सहन करने में अक्षम हैं । सवाल ट्रेनों का स्पीड बढ़ाने का नहीं है । यक्ष प्रश्न यह है कि जितनी

स्पीड बढ़ानी है वे क्या इन दोहरी लाइनों पर ट्रेनों की बढ़ती संख्या के बीच दौड़ने में सक्षम होंगी? अच्छा होता कि रेल प्रशासन व्यस्ततम रूटों पर पहले एक और रेल लाइन बिछाता, फिर सुपरफास्ट गाड़ियां चलाने की योजना बनाता । ज्ञातव्य है कि नए वित्त व-र्ा में 28 मार्गों का केवल 1017 किलोमीटर पटरियों का दोहरीकरण किया गया है । इसलिए वर्तमान रेलवे पटरियों के दोहरीकरण या तिहरीकरण के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना चाहिए ।

गत व-र्ा माल ढुलाई में 13 प्रतिशत कमी आई

ज्ञातव्य है कि रेलवे की माल ढुलाई दरें बाजार के हालातों से जुड़ी हुई हैं । पिछले व-र्ा अक्तूबर से दिसंबर तक के माल ढुलाई में 13 प्रतिशत की कमी आई । सचाई यह है कि यातायात प्रधान माध्यम होने के नाते देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से जितने यातायात की जरूरत है, उसे रेलवे ने नहीं बनाए रखा है । इसका 1 अनुपात 2 है, यानी अगर देश की आर्थिक दर 9 प्रतिशत है, तो यातायात 18 प्रतिशत बढ़ना चाहिए । इस तथ्य के मध्य नजर रेलवे को अपनी कार्यक्षमता और कार्यशैली में वृद्धि करनी चाहिए । बजट के आधार पर देखें, तो पिछले दशकों में माल ढुलाई में 30 फीसदी तक गिरावट का आंकड़ा अब 25 फीसदी तक की वृद्धि की शक्ल ले रहा है, लेकिन पिछले बजट में रेलवे ने 45 हजार करोड़ टन माल ढोया था जिसमें कम से कम 11 फीसदी की बढ़ोत्तरी होनी चाहिए थी ।

रेल कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी का भरोसा नहीं-

रेल मंत्री ने रेल कर्मचारियों के आश्रितों को रेलों में आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की है । इससे भी रेलकर्मियों में निराशा है ।

पटरियों के आसपास रहने वालों को आवास की सुविधा से अवैध कब्जों को बढ़ावा-

रेल मंत्री ने महानगरों में रेल पटरियों के किनारे रहने वालों को छत मुहैया कराने का ऐलान किया है । उन्होंने घो-णा की है कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत मुम्बई, सियालदह, सिलीगुड़ी और तिरूचिरापलली में 10 हजार मकान बनाए जाएंगे । यदि ऐसा किया जाएगा, तो भवि-य में पटरियों के आसपास की जगहों पर लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा ।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति का बैकलॉग पूरा नहीं किया-

रेलों में हजारों की संख्या में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों के पद रिक्त हैं । केंद्र सरकार की नीति के अनुसार पुराने बैकलॉग को शीघ्र पूरा किया जाना है, लेकिन रेलों में यह बैकलाग बना हुआ है ओर हजारों पद भरे जाने हैं, लेकिन इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है ।

अलाभप्रद योजनाओं को स्थगित नहीं किया गया-

अभी भी यह पहेली है कि 11वीं योजना के अंतिम व-र्ा में रेल मंत्री ने उन 100 से अधिक योजनाओं को स्थगित क्यों नहीं किया, जिन्हें लाभप्रद नहीं माना गया । अपने बजट भा-णों में उन्होंने कम लोकप्रियता वाली गाडियों की समीक्षा करने का वायदा किया था, लेकिन इसके बावजूद पिछले व-र्ों में ट्रेनों बढाने और पुरानी ट्रेनों के फेरों में वृद्धि करने की योजनाओं को शामिल कर लिया जिनका औचित्य आर्थिक दृ-टि से संदिग्ध है । वे यह भलीभांति जानती हैं कि एक यात्री गाडी के निरस्त करने से भारतीय रेलवे को इतना स्थान ओर समय मिल सकता है कि इससे तीन मालगाड़ियां चलाकर 10 गुना प्राप्तियां की जा सकती हैं । इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि नई ट्रेनों से माल ढुलाई पर कितना प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है । भारतीय रेलवे को व्यावसायिक

उपक्रम बनाने के प्रति कुछ ज्यादा ही उत्सुक रेल मंत्रालय जिस दिन सामाजिक सरोकारों से जुड जाएगा उस दिन वह आम यात्री से अपना सहज सानिध्य सुनिश्चित कर लेगा ।

मैं छत्तीसगढ़ से आता हूं जहां का विलासपुर जोन भारतीय रेल की कुल आय में से 12 प्रतिशत का योगदान देता है लेकिन कुछ व-र्ों से छत्तीसगढ़ की लगातार उपेक्षा हो रही है । कुछ मांग ऐसी हैं जिसमें रेल को ही फायदा है । डोंगरगढ़ माँ बम्लेश्वरी देवी का तीर्थ स्थल है और छत्तीसगढ़ का अंतिम स्टेशन है । यहां रेलवे का पुराना स्टीम लोको शेड था उसकी जमीन खाली पड़ी है इसे ध्यान में रखते हुए डोंगरगढ़ में टर्मिनल सुविधाएं विकसित करने हेतु बजट प्रावधान की जाए ।

छत्तीसगढ़ को, राज्य रानी एक्सप्रेस दी जाए साथ ही राजनांदगांव स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12812 तथा गाड़ी संख्या 18474 का डोंगरगढ़ स्टेशन में ठहराव की घो-णा की जाए ।

*श्री भूपेन्द्र सिंह (सागर): सागर लोक सभा क्षेत्र पिछड़े हुए बुन्देलखंड क्षेत्र का संभागीय मुख्यालय है। बीना-कटनी सेक्सन बुन्देलखंड के अंतर्गत आता है । पिछले व-र्षों से लगातार रेल बजट में बुन्देलखंड की उपेक्षा की जा रही है । इस कारण से पिछले व-र्षों से बुन्देलखंड की जनता आन्दोलित थी । आपके द्वारा दमोह से भोपाल इंटरसिटी एवं जबलपुर-इन्दौर एक्सप्रेस वाया सागर बजट में स्वीकृति प्रदान की गई है एवं सागर-छिंदवाड़ा रेल लाइन का सर्वे भी प्रस्तावित किया गया है । इसके लिए मैं बुन्देलखंड की जनता की ओर से आपका हार्दिक धन्यवाद करता हूं ।

निवेदन है कि बुन्देलखंड के विकास के लिए कुछ सुझाव आवश्यक है । विश्वास है, जिन्हें आप स्वीकृति प्रदान करेंगी ।

सागर संभागीय मुख्यालय है परंतु सागर से दक्षिण के लिए कोई ट्रेन नहीं है । अतः दक्षिण के लिए ट्रेन प्रस्तावित की जाए ।

गोंडवाना एक्सप्रेस जो कि लिंक एक्सप्रेस है, उसको फुल ट्रेक गाड़ी के रूप में चलाया जाए एवं सागर के उपनगरीय स्टेशन मकरोनिया पर स्टापेज किया जावे ।

जबलपुर-जम्मूतवी साप्ताहिक एक्सप्रेस को प्रत्येक दिन चलाया जाए ।

हावड़ा-इन्दौर (क्षिप्रा एक्सप्रेस) को प्रत्येक दिन चलाया जाए ।

मकरोनिया को उपनगरीय स्टेशन घोनित किया जाए ।

बीना जंक्शन में शताब्दी एक्सप्रेस का स्टापेज किया जाए क्योंकि बीना में तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है । बीना में बोओआरएल के द्वारा 30 हजार करोड़ रू0 की रिफायनरी प्रारंभ हो गयी है एवं 10 हजार करोड़ की लागत से जेपी थर्मल पावर प्लांट बनकर तैयार है । इस कारण से भारत सरकार के अधिकारी-कर्मचारियों एवं उद्योगपतियों को बीना जाने में सुविधा होगी ।

---

* Speech was laid on the Table.

सागर पिछड़ा हुआ क्षेत्र है । कोयले के परिवहन से रेलवे को सर्वाधिक आमदनी बीना-कटनी सेक्शन से होती है । अतः सागर में रेल से संबंधित कारखाना लगाया जाए ।

मंडी बामोरा स्टेशन में झेलम एक्सप्रेस एवं ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी का स्टापेज किया जाए ।

बीना-सागर के मध्य जरूआखेड़ा स्टेशन पर क्षिप्रा एक्सप्रेस एवं कामयानी एक्सप्रेस का स्टापेज, फुट ओव्हर ब्रिज तथा प्लेटफार्म निर्माण किया जाए ।

सागर स्टेशन पर स्थित माल गोदाम की रतोना में शिफ्ट किया जाए । माल गोदाम शहर के मध्य में होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं एवं प्लेटफार्म की भी कमी रहती है ।

***श्री राम सिंह कस्वां**(चुरू):यह आमजन को खुश करने वाला लोक लुभावना और लोकप्रिय बजट है, जिसमें रेलवे पर वित्तीय घाटे के बावजूद न तो किसी प्रकार के यात्री किराए और माल भाड़े की वृद्धि की गई है । नई रेल गाड़ियां, नई रेल लाइने बिछाने की घो-णा की गई है, लेकिन यह भी कठोर सच है कि रेलवे की सेहत दांव पर लग गई है, किसी भी प्रणाली को लंबे समय तक घाटा उठाकर चलाया नहीं जा सकता । इसके दूरगामी परिणाम रेलवे की नई परियोजनाओं को प्रभावित करेंगे । रेल मंत्री जी ने हर तरह की बातें की लेकिन यह नहीं बताया कि रेलवे का राजस्व कैसे बढ़ेगा, रेलवे की गति कैसे बढ़ेगी ? हाई स्पीड रेलवे ट्रेक बनाने की बात रेलवे के व्हाइट पेपर विजन 2020 में तो कही गई, लेकिन आज भी यह एक सपना ही है । रेल मंत्री जी ने दिल्ली-मुम्बई के बीच अगले साल तक 200 से 250 किलोमीटर प्रतिघंटा रफतार की ट्रेन चलाने के लिए कोरिडोर बनाने की योजना बनाई है । एशिया में चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान समेत कई देशों में हाई स्पीड रेलवे ट्रेक पिछले कई सालों से है, वहां रेल गाड़ियों की रफ्तार 250 किलोमीटर प्रतिघंटा से लेकर 400 किलोमीटर प्रतिघंटा तक है । इन देशों के रेल विकास के मुकाबले में भारत को बहुत काम करना है ।

माननीय रेल मंत्री जी ने इसी वित्त व-र्ा में रतनगढ़-सरदारशहर, श्रीगंगानगर-हनुमानगढ, सीकर-चुरू, खंडों के आमान परिवर्तन की घो-णा की है, इस खंड का शीघ्र ही आमान परिवर्तन किया जाना आवश्यक है । श्रीगंगानगर से जयपुर का रेल मार्ग पिछले दो व-र्ा से बंद है । पिछले रेल बजट में माननीय रेल मंत्री जी ने नोखा-सीकर, सरदारशहर-हनुमानगढ, भिवानी-लोहारू-पिलानी-चुरू नई रेल लाइन के सर्वे की घो-णा की थी सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है, इस रेल बजट में इसके निर्माण कार्य 12वीं

* Speech was laid on the Table.

योजना में शुरू करने की धो-ाण की गई है । उक्त तीनों मार्गों पर नई रेल चलाने की मांग व-ों से की जा रही है । ये अत्यंत ही महत्वपूर्ण परियोजनाएं है, काफी लंबा चौड़ा क्षेत्र रेल सुविधाओं से वंचित है । इसके निर्माण का कार्य शीघ्र ही पूरा किया जाए। इसके अतिरिक्त चुरू-तारानगर-नोहर, सूरतगढ-सरदारशहर-तारानगर-सादुलपुर खंड के सर्वे का काम पूरा हो चुका है, लेकिन इस बजट में इसे शामिल नहीं किया गया है। मेरा आग्रह है कि इसे हर स्थिति में इसे शामिल किया जाए । चुरू-तारानगर-नोहर रेल मार्ग से लोगों की बहुत भारी आशाएं थी, लेकिन रेल बजट में इसका उल्लेख नहीं होने के कारण इस क्षेत्र के आम आदमी को निराश करने का काम किया । तत्कालीन रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव ने रेल बजट 2009-2010 में चुरू-तारानगर-नोहर रेल लाइन के सर्वेक्षण की घो-णा की , सर्वे का काम भी पूरा हो गया है लेकिन माननीय रेल मंत्री जी ने पिछले बजट में घोि-त नई रेल परियोजनाओं को ही इस बजट में शामिल किया गया है । विकास एक सतत प्रक्रिया है, सरकार किसी की हो, योजना कोई भी मंत्री या सरकार शुरू करें। वर्तमान मंत्री जी का दायित्व बनता है कि इस विकास की प्रक्रिया को आगे बढाया जाए, लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि उक्त लाइन के निर्माण का कार्य नहीं जोड़ा गया है । पिछले बजट में अलवर से सादुलपुर तक रेवाड़ी बाई पास होते हुए नए सर्वेक्षण की घो-णा की थी इस बजट में उसकी चर्चा तक नहीं की गयी है, इसे भी इसी बजट में शामिल किया जाए।

आमान परिवर्तन से पूर्व जोधपुर-दिल्ली जोधपुर मेल को उत्तर रेलवे की सबसे अच्छी गाड़ी होने का गौरव प्राप्त था, लेकिन यह गाड़ी 1993 से बंद है, काफी समय से आमान परिवर्तन का काम पूर्ण हो चुका है । इस बजट में जोधपुर-दिल्ली एक्सप्रेस सप्ताह मे दो दिन, डेगाना, रतनगढ के रास्ते चलाने की घो-णा की है, इस गाड़ी को नियमित चलाया जाना इस क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसे प्रतिदिन चलाया

जाए। बांद्रा ट.-जम्मूतवी एक्सप्रेस मारवाड़-डेगाना-रतनगढ़-जाखल-लुधियाना होते हुए विवेक एक्सप्रेस व हावड़ा-जैसलमेर रायबरेली, रतनगढ, लालगढ के रास्ते साप्ताहिक गाड़ियां चलाने की घो-णा की है, ये गाड़िया इस क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। माननीय रेल मंत्री जी के हम आभारी हैं, लेकिन इन्हें साप्ताहिक ही चलाया गया है, इन गाड़ियों के फेरे बढाए जाए । वर्तमान में चल रही रतनगढ-दिल्ली-काठगोदाम गाडी को नियमित किया जाए । वर्तमान में इस गाड़ी को अस्थायी रूप से रतनगढ तक चलाया जा रहा है । जोधपुर-हिसार पैसेन्जर का ठहराव लोहा, मकड़ीनाथनगर हाल्ट स्टेशनों पर किया जाए । वर्तमान में संचालित रेवाड़ी-डेगाना साधारण गाड़ी का ठहराव कान्धरान हाल्ट स्टेशन पर किया जाए एवं उक्त क्षेत्र के लिए अतिरिक्त सवारी गाड़ियां चलायी जाएं, यहां सवारियों का बहुत भारी दबाव है ।

माननीय रेल मंत्री जी ने रेल संरक्षा और सुरक्षा पर विशे-न ध्यान दिया है । बिना चौकीदार वाले समस्त रेलवे क्रोसिंग को मानव सहित बनाने की घो-णा की है, लेकिन जिन रास्तों पर मानव सहित/मानव रहित समपर नहीं है उन रास्तों का क्या होगा । रेलवे की वर्तमान नीति के अनुसार नई रेल लाइन डालने के 10 व-र्ों तक समपार निर्माण का कार्य रेल विभाग करेगा, इसके पश्चात इस पर होने वाले व्यय का भुगतान राज्य सरकार अथवा अन्य संस्थाएं करेंगी, लेकिन एक मानव सहित समपार पर डेढ करोड़ रूपए के आसपास खर्चा है, राज्य सरकार इसे वहन करने को तैयार नहीं है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र में लगभग मात्र 450 किलोमीटर रेल लाइन है । मानव सहित/मानव रहित रेलवे क्रोसिंग चालीस-पैतालीस है, वे भी शहरों के दोनों तरफ, ग्रामीण क्षेत्र में 30-40 किलोमीटर तक एक रेलवे क्रोसिंग नहीं है । ग्रामीणों का एक-दूसरे गावं तक जाना तो दूर की बात है वे अपने खेतों में उट गाड़ा, ट्रैक्टर आदि भी नहीं ले जा सकते । सैकड़ों व-र्ो के रास्ते बंद होने जा रहे है । रेलवे को अपनी नीति

बदलनी चाहिए । रेलवे क्रोसिंग पर होने वाले समस्त व्यय का वहन रेल मंत्रालय को करना होगा, तभी इस समस्या का समाधान हो सकता है । मेरे संसदीय क्षेत्र में काफी ग्रामीण महीनों से रेलवे लाइन के पास इन समपारों की मांग के लिए धरने पर बैठे रहे है । जिला प्रशासन ने भी काफी प्रयास किया मैने भी इस मामले को बार-बार उठाया है लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला । ग्रामीण क्षेत्र की यह बहुत बड़ी समस्या है, सरकार को इस समाधान करना चाहिए । मेरी गृह तहसील राजगढ रेलवे सादुलपुर स्टेशन के पूर्व में मानव सहित रेलवे क्रोसिंग सी 142 पर आरओबी निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है। यह सादुलपुर-पिलानी जयपुर का व्यस्तम मार्ग है । रेलवे क्रोसिंग बंद होने पर शहर में वाहनों की लंबी लाइनें लग जाती है। अधिकांश समय यह रेलवे क्रोसिंग बंद रहता है इस पर रेलवे उपरी पुल का निर्माण किया जाए ।

सुजानगढ, सरदारशहर, नोहर, भादरा स्टेशनों को आदर्श स्टेशन घोनित किया जाए, नौहर रेलवे स्टेशन पर कंप्यूटरीकृत आरक्षण सुविधा उपलबध करवाई जाए । सरदारशहर से सिरसा हरियाणा नई रेलवे लाइन का सर्वे करवाया जाए ।

उपरोक्त मांगे व्यापक जनहित से जुडी हुई है । मुझे विश्वास है कि जिस सामाजिक प्रतिबद्धता विश्वस्तरीय रेल सेवा देने का वादा माननीय रेल मंत्री जी ने किया है, उस संदर्भ में इन प्रस्तावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगी ।

* **SHRI P.C. GADDIGOUDAR (BAGALKOT) :** At the outset, I would like to take this opportunity to congratulate the Hon'ble Minister for not hiking the passenger fares, and the freight rates. On behalf of the people of Karnataka as well as from my constituency i.e. Bagalkot.

I once again congratulate for giving new line Almatti-Kappal andAlmatti-Yadagir in 12th Plan and also allotting Rs.20 crores for Bagalkot-Kudachi new line construction. I am also thankful for giving Chennai-Shiradi Express, Yashavantpur-Ahmedabad Express, Hubli-Bijapur-Sholapur passenger train and Sholapur-Godag intercity extended up to Hubli. I would like to bring to your kind attention some other long standing demands of my constituency which have not been considered in this Budget 2011.

Bagalkot district has huge deposits of natural ores like limestones, dolomite, granite, ironore etc. 12-14 sugar factories, several cement units, granite processing units are located. At Kudagi near Bangalkot a 4000 MW thermal power plant is coming up shortly. This constituency consists of historical places like Badami, Aihole, Pattadakul, Banashankari-temple and Kudalasangam. Bagulkot is also the central place for carrying and the forwarding of major agricultural and Horticutural products like Maize, Bajara, Pomegranate and other fruits. Therefore, I request you to upgrade the goods handling facility at Bagalkot and it has to be made as major train checking points and major wagon repair points with adequate allied infrastructure.

South-Western Railway is New Zone and Cater to needs of Staff and Personnel. I request for establishing Zonal Training Centre at Bagalkote. I also request for health unit is to be located at Bagalkot to cater to the Medical needs of Railway employees working stationed in between Bijapur and Gadag Stations.

The Gadag Sholapur line is now very congested because of frequent movement of goods trains are taking long time to cover short distance also, power plant is coming up at Kudagi and understood lot of goods trains carrying coal will

* Speech was laid on the Table.

move in this area. Hence, work regarding doubling of line is to be taken up on priority.

Bedami Station is gateway to the world heritage sites catering to the travelers from world-wide visiting the historical and archeological and holy places like Badami, Aihole, Pattadakal, Mahakut, Banashankari Temple, Kudalasangam etc. In this regard, present station building is lacking many facilities like retiring room, refreshment room, waiting room etc. I request the Yatri Niwas is to be constructed at Badami for the convenience of the tourists. The Badami Station is to be upgraded to world class level.

As huge number of foreign tourists visits world heritage sites, one more important Railway Station i.e. Hole- Alur station on Bijapur-Gadag line, which facilitate the passengers of around 60 villages around this place. The people of these villages are working at far off places in factories and in defence sector all over India. But people have to go up to Gadag or Bagalkot Stations which are far away for making reservations. Hence P.R.S. facility should be introduced immediately for benefit of the people specially defence personnel.

As this station caters to thousands of passengers daily upgradation of Railway station with computerized reservations facility is the need of hour. And the Mallapur Railway Station is also very important, at present there is no facility for the passengers. Therefore, construction of waiting room, reservation counter and drinking water facilities are required at Mallapur Railway Station.

Considering all the facts, I would request you to consider the long standing demands of my constituency, Bagalkot.

The amount allotted for Bagalkot-Kuduchi New line construction is Rs.20.00 crores. I request you to give another 30 crores in Supplementary Budget.

The people of my constituency are poor people and daily workers travelling to various places for work, business, education etc. they are mostly depending on train services because of convenience and cheap fare. But there are no convenient

passenger trains in the morning for the public. So, I request to introduce following trains for benefit of daily travellers.

(a) Passenger train from Hubli-Bijapur in the morning especially around 7.30 am and back.

(b) There are many piligrims from Bagalkot/Bijapur districts going to Pandarpur for taking the blessing of Lord Pandurang (Vittoba). Hence, one passenger train from Bagalkot to Pandarpur may be started in the morning. There are many business people and also students going towards Coimbature, Tirupati, Cochin and also pilgrims going to Sabarimalai, Guruvayur and Kannyakumari. Hence, one train from Sholapur or Bijapur to Kannyakumari via Bagalkot, Hospet, Bellary, Dharmavaram, Coimbatore may be started.

(c) DURANDO Express to be started Ex Bangalore city via Bellary, Hospet, Gadag, Bangalkot, Bijapur, Sholapur to New Delhi or on an alternative route of Bangalore city, Tumkur, Arsikere, Chickjajur, Rayadurga, Bellary, Hospet, Gadag, Bagalkote, Bijapur, Sholapur to New Delhi.

(d) Hubli-Mumbai via Gadag, Badami, Bagalkot, Bijapur, Sholapur.

(e) Hubli-New Delhi via Gadag, Badami, Bagalkot, Bijapur, Sholapur.

Rerouting of Trains :

1. BASAVA Express running between Yashvanthpur-Bangalokot (No.17307/17308) may be extended upto Hubli.
2. Train No.2429 Rajdhani Express is to routed via Hospet, Gadag, Bagalkote, Bijapur twice a week.
3. At present Train No. 2649 Samparka Kranti Express is running via Hubli for twice a week and via Secunderabad five days a week. Now, I request your

good self to route this train via Gadag-Bagalkote-Bijapur for at least thrice a week.

4. Golden Chariot train is to be extended upto Bijapur since it is an important historical place.
5. Train No.12781 from Mysore to Nizamuddin is to be routed via Gadag, Badami, Bagalkote, Bijapur, Sholapur….once a week.
6. Train Nos.65130 from Hyderabad to Bijapur to be extended upto Bagalkote.
7. Train Nos.51029 from Mumbai to Bijapur via Pune to be extended upto Bagalkot.

Therefore, I urge the Hon'ble Minister for Railways to kindly include the above requests, long standing demands of people of Bagalkot constituency in the Supplementary Budget, 2011.

***श्री प्रेमदास (इटावा):** हमारे लोक सभा क्षेत्र इटावा में दो बड़े स्टेशन पड़ते हैं। एक- इटावा और दूसरा- फफूंद, उत्तर प्रदेश के इन स्टेशनों पर बड़ी संख्या में यात्रियों का आना जाना है। यहां पर बहुत कम रेलगाडियां रूकती हैं। अतः आपसे अनुरोध है कि,

1 कानपुर से दिल्ली शताब्दी ट्रेन आती है, उसे इटावा रोका जाये।

2. जन साधारण एक्सप्रेस को भी इटावा रोका जाये।

3. दिल्ली से हावड़ा जाने वाली गाड़ी को भी रोका जाये।

4. फफूंद स्टेशन पर जोधपुर-हावड़ा को रोका जाये।

5. कालका एक्सप्रेस गाड़ी को रोका जाये और हर एक्सप्रेस गाड़ियों में दो-दो डिब्बे अलग से लगाये जायें। इटावा स्टेशन पर बाबा सैयद से पचावली चौराहा पर एक पैदल पुल बनाने की कार्रवाई की जाये।

* Speech was laid on the Table

*श्री ह-र्वधन (महाराजगंज, उ.प्र.): इस व-र्न माननीय मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत रेल बजट में यात्री किराए की वृद्धि न कर जहां आम आदमी को राहत दी गई है वही माल भाड़े में बढ़ोतरी न होने से महंगाई पर भी अंकुश रखने का सराहनीय प्रयास हुआ है।

मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान 2-3 बिंदुओं की तरफ अवश्य दिलाना चाहूंगा। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से उत्तर प्रदेश और विशे-कर पूर्वी उत्तर प्रदेश नयी रेल लाइन निर्माण के मामले में बुरी तरह उपेक्षित हुआ है। पिछले लगभग 12-13 व-र्न के काल में नयी रेल लाइन निर्माण के मद में खर्च होने वाले धन के सापेक्ष उत्तर प्रदेश एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश का अंश अत्यंत नगण्य रहा है। यह समझ से परे है कि बौद्ध पर्यटकों के लिए बुद्ध के जन्म स्थल कपिलवस्तु एवं निर्वाण स्थल कुशीनगर सहित उनके प्रथम दीक्षा के उद्बोधन स्थान तक इसी पूर्वी उत्तर प्रदेश में है परंतु इन स्थलों को रेल पथ पर लाकर विकसित करने और तदनुसार पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कोई योजनाबद्ध प्रयास आजादी के बाद आज तक नहीं हुआ है।

मेरी यह निश्चित समझ है कि योजनाबद्ध तरीके से इन महत्वपूर्ण बौद्ध पर्यटक स्थलों को रेल मार्ग से जोड़ कर रेलवे न केवल अपनी आय में वृद्धि करती वरन् दक्षिण पूर्व एशिया के अरबों बौद्ध धर्मावलंबियों को उनके तीर्थस्थल सदृश्य इन स्थानों पर पर्यटन सुविधा मुहैया कराकर देश में पर्यटन के विकास को बढ़ावा देती जिससे संबंधित क्षेत्र के विकास को भी गति मिलती।

माननीय मंत्री जी, मैं यह जरूर जानना चाहूंगा कि रेलवे बोर्ड द्वारा प्रति व-र्न रेल बजट में नयी रेल लाइन निर्माण हेतु परियोजनाओं को सम्मिलित किए जाने का क्या आधार है, क्या मानदण्ड है? मेरी जहां तक जानकारी है 14 फीसदी रेट आफ रिटर्न के आधार पर शायद ही किसी नयी रेल लाइन परियोजना को पिछले दो दशकों में रेल

* Speech was laid on the Table.

बजट में सम्मिलित किया गया होगा। नयी रेल लाइन निर्माण से संबंधित क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं कृ-ि आदि क्षेत्र में होने वाले विकास को भी दृ-टि में रखकर परियोजनाओं को स्वीकृत किया जाता रहा है। यही कारण है कि 7.76 प्रतशत वाली ऋणात्मक रेट आफ रिटर्न वाली योजनाओं को भी नयी रेल लाइन निर्माण में जोड़ा गया होगा।

मैंने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड, योजना आयोग से घुघली से महाराजगंज होकर आनन्दनगर तक रेल लाइन निर्माण हेतु पत्राचार संसद सदस्य बनने के बाद किया है। इस व-र् संबंधित रेल लाइन को सर्वे के लिए दी गई सूची में माननीय मंत्री जी द्वारा सम्मिलित किया गया है। पूर्व में पत्रों द्वारा और अब पुनः माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि उक्त रेलवे लाइन का सर्वे 1998 में हो चुका है जिसके संबंध में पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा जो पत्र रेलवे बोर्ड को भेजा गया था।

उसकी सिफारिश में इस रेल मार्ग का रेट आफ रिटर्न 3.77 प्रतिशत बताने के चार तथ्य इस रेल लाइन के निमित्त बनाए गए हैं। उसकी सिफारिश में स्प-ट होता है प्रथम, उक्त परियोजना स्वयं रेलवे के हित मे हैं क्योंकि यह मुजफ्फरपुर से गोण्डा के मध्य एक अतिरिक्त रेल मार्ग का सृजन करती है। द्वितीय, संबंधित रेल मार्ग महाराजगंज जनपद के मुख्यालय को मण्डलीय मुख्यालय से जोड़ देना है। तृतीय, संबंधित क्षेत्र में उद्योग विशे-कर कृ-ि आधारित उद्योगों को विकसित करेगा तथा चतुर्थ नेपाल से सटे विकास की दृ-टि से पिछड़े क्षेत्र को विकास का अवसर प्रदान करेगा।

मैं मननीय मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्-ित करना चाहूंगा कि मेरी निश्चित जानकारी के अनुसार जिस तरह की सिफारिश घुघली-महाराजगंज-आनन्द नगर के रेल लाइन के लिए संबंधित रेलवे जोन द्वारा की गई है, वैसी सिफारिश पिछले 15 व-ाç में जिन नयी रेल लाइन परियोजनाओं को प्रारंभ किया गया है उनमें से किसी के लिए

नहीं की गई है। साथ ही दिनांक 27.4.2010 को मेरे एक अतारांकित प्रश्न सं. 4468 के उत्तर में यह बताया गया है कि 2000-01 से 2009-10 के मध्य नयी रेल लाइन निर्माण के 62 परियोजनाओं में से मात्र 13 का रेट आफ रिटर्न 4 फीसदी से अधिक है जबकि इस रेल लाइन का रेट आफ रिटर्न 1998 में 3.77 प्रतिशत था जो आज निश्चय ही बढ़ कर 4 प्रतिशत से अधिक होगा।

मैं माननीय मंत्री जी को अवगत कराना चाहूंगा कि उ.प्र. और नेपाल की सीमा पर स्थित जनपदों में महाराजगंज ही एक ऐसा अभागा जनपद है जो रेल लाइन से नहीं जुड़ा है। सामरिक तथा देश की सुरक्षा के हित में यह आवश्यक है कि जनपद महाराजगंज को भी रेल लाइन से जोड़ा जाए।

सत्तारूढ़ दल का सदस्य होने के नाते मेरी अपनी सीमाएं हैं परंतु जिस क्षेत्र ने मुझे चुन कर माननीय सदन तक भेजा है वहां की जनता के प्रति भी मेरी जवाबदेही और उत्तरदायित्व है। अपने क्षेत्र के मतदाताओं को मुझे बताना होगा कि किन परिस्थितियों के चलते उक्त रेल मार्ग को नयी रेल लाइन निर्माण की सूची में सम्मिलित नहीं किया गया। ऐसी देशा में मेरी आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि क्षेत्रीय असमानता को दूर करने के लिए और पिछले एक दशक से अधिक समय तक नयी रेल लाइन निर्माण हेतु कुल बजट का 0.5 प्रतिशत भी नहीं पाने वाले लगभग 6.5 करोड़ की आबादी वाले पूर्वी उत्तर प्रदेश की इस महत्वपूर्ण योजना को नयी रेल लाइन निर्माण की सूची में अविलम्ब सम्मिलित करने की घो-णा आप अपने उत्तर में करें। मैं आपको यह भी याद दिलाना चाहूंगा कि उक्त सूची में ऋणात्मक एवं 1 प्रतिशत घनात्मक परियोजनाओं को सम्मिलित कर घुघली-महाराजगंज-आनन्दनगर रेल मार्ग को उसके बाहर रखना मेरे क्षेत्र के साथ अन्याय है।

इसके साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे अंतर्गत पिछले कई व-र्ों से गोण्डा-आनन्दनगर के मध्य चल रहे आमान परिवर्तन के कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस आमान परिवर्तन पर धन का जो प्रावधान किया गया है वह अत्यंत कम है। मेरी मंत्री जी से गुजारिश है कि इस धन आवंटन को तत्काल बढ़ाया जाए ताकि नेपाल से सटे पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर एवं महाराजगंज को जोड़ने वाला यह रेल मार्ग जल्दी पूरा हो सके।

माननीय मंत्री जी आप भ्र-टाचार के विरूद्ध सदैव संघर्-रत रहती है। यह विडंबना है कि आपका अधीनस्थ विभाग का पूर्वोत्तर रेलवे भ्र-टाचार में आकंठ डूबा हुआ है। मैं उदाहरणस्वरूप कुछ मामले बताना चाहूंगा। पूर्वोत्तर रेलवे में व-र् 2006-07 एवं 2007-08 में महाप्रबंधक द्वारा समूह घ में की गई नियुक्तियों के संबंध में मेरे द्वारा मांगी गई जानकारी के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य सूचना अधिकारी द्वारा मुझे बताया गया कि महाप्रबंधक द्वारा इस श्रेणी में कोई नियुक्ति नहीं की गई है। पूर्वोत्तर रेलवे के संबंधित अपीलीय अधिकारी ने भी मेरी अपील के क्रम में मुख्य जनसूचना अधिकारी की बात की ही पुन्टि की है। इसी बीच पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मेरी मांगी गई सूचना के क्रम में यह बताया गया कि व-र् 2006-07 एवं 2007-08 में पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न डिवीजनों में 1644 व्यक्तियों की नियुक्ति हेतु स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे के सूचना का अधिकार अधिनियम के अपीलीय अधिकारी द्वारा दिए गए जवाब के संबंध में केन्द्रीय सूचना आयुक्त के यहां मेरी अपील के क्रम में मुझे पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा ही सूचित किया गया कि उक्त अवधि में महाप्रबंधक द्वारा 151 लोगों को समूह घ में भर्ती किया गया।

इस संबंध में मैंने आपको अनेकों पत्र लिखे। अभी लगभग 10 दिन पूर्व मुझे राज्य मंत्री श्री मुनियप्पा का जो जवाबी पत्र अगस्त एवं नवंबर 2009 के पत्रों के संबंध में लगभग डेढ़ व-र् बाद मिला, उसमें गलत सूचना देने वाले अधिकारियों के संबंध में एक शब्द का भी उल्लेख नहीं किया गया और बाकी जो सूचना दी भी गई वह मैं अत्यंत विनम्रता के साथ कहना चाहूंगा कि सत्य से परे है। मैंने इस संबंध में माननीय राज्य मंत्री को एक पत्र लिखा है और मैं सुनिश्चित हूं कि उसका जवाब सत्य को उजागर कर देगा।

माननीय मंत्री जी, आप निश्चय ही अवगत होंगी कि आज बेरोजगार आदमी नौकरी के लिए किस सीमा तक जाने को तैयार है। बेरोजगार व्यक्ति की यह मजबूरी ही उसे धन दे कर नौकरी पाने के लिए विवश करती है। मैं ज्यादा कुछ न कह कर आपसे यह आग्रह करता हूं कि बिना एचओडी की मांग के किन परिस्थितियों में महाप्रबंधक महोदय ने व-र् 2006-07 एवं 2007-08 में बड़ी संख्या में नियुक्तियां की और यदि इसमें सब सही ही था तो मुझे गलत जानकारी देकर गुमराह क्यों किया गया?

पूर्वोत्तर रेलवे में लखनऊ गोरखपुर मार्ग पर घाघरा नदी पर एलगिन पुल है। इस पुल पर लोहे के स्लीपर व-र् 2004-05 अथवा 2005-06 में बदले गए अमूमन लोहे के इन स्लीपरों की आयु 20-25 व-र् होती है परंतु 5-6 व-र् की अवधि में ही इन स्लीपरों का पुल बदलना पड़ा जिस पर सार्वजनिक धन का करोड़ों रूपया व्यय हुआ। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को जून, 2010 में इस संबंध में मिलकर मेरे दिए गए एक पत्र का उत्तर मुझे आज तक नहीं मिला। यह कृत्य भ्र-टाचार पर पर्दा डालने वाला है और मैं इसकी घोर निंदा करते हुए अपेक्षा करता हूँ कि संबंधित प्रकरण की गहन जांच कराकर दोनियों को दंडित किया जाए।

वास्तव में पूर्वोत्तर रेलवे में माफियाओं द्वारा अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर ठेका लेकर उसे सबलेट करने की परंपरा लंबे समय से चल रही है। यही कारण है कि एलगिन पुल पर लोहे का स्लीपर 25 व-र् की बजाए 5 व-र् में ही बदल दिया जाता है और डोमिनगढ़ स्टेशन निर्माण के तत्काल बाद ही धराशाही हो जाता है। अफसोस इस बात का है कि भ्र-टाचारियों एवं दोनियों को बचाने में रेल तंत्र सक्रिय हो जाता है।

मेरी आपसे मांग है कि आप एक विजिलेंस टीम का गठन कर इस बात की जानकारी करें कि वह कौन से ठेकेदार अथवा फर्में हैं जो ठेका लेकर उसे सबलेट करती हैं? ऐसे ठेकों की गुणवत्ता की जांच कराई जाए ओर इस परंपरा पर रोक लगाते हुए संबंधित ठेकेदारों एवं फर्मों को काली सूची में डाला जाए।

मैं यात्री सुविधाओं के संबंध में यही कहना चाहूंगा कि रेलवे के खान-पान की स्थिति अत्यंत सोचनीय है। पैन्ट्री कार से यात्रियों को दिए जाने वाला भोजन मानक के मुकाबले कम मात्रा में होता है, रेल द्वारा स्वीकृत पानी के ब्रांड के अतिरिक्त अन्य ब्रांडों का पानी साधारण यात्रियों को उपलब्ध कराया जाता है तथा स्वच्छता का अभाव रहता है।

आमान परिवर्तन के पश्चात प्लेटफार्मों को ऊँचा न किए जाने के कारण यात्रियों और विशे-कर महिला यात्रियों को चढ़ने-उतरने में अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है।

देश के अनेक रेलवे स्टेशनों के नाम आज भी अंग्रेज शासकों के नाम पर है। मेरी समझ है कि स्वतंत्रता के 63 व-र् के पश्चात् भी अंग्रेज शासकों के नाम पर रेलवे स्टेशनों का नाम रा-ट्रीय स्वाभिमान के सर्वथा विपरीत होने के साथ ही गुलामी की मानसिकता का परिचायक भी है।

मैंने इस संबंध में पूर्व में रेलवे बोर्ड से पत्राचार किया तो मुझे उत्तर मिला कि रेल स्टेशनों का नाम परिवर्तन गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में हैं। इसी को दृ-टिगत रखते हुए मैंने लोक सभा में 18.8.2010 को नियम 377 के माध्यम से इस वि-नय को उठाया था। इस संबंध में गृह राज्य मंत्री द्वारा मुझे दिनांक 16 सितंबर 10 को भेजे गए उत्तर से यह स्प-ट हो जाता है कि रेलवे स्टेशनों के नाम परिवर्तन हेतु रेल मंत्रालय संबंधित राज्य सरकारों से इस संबंध में रिक्मडेशन प्राप्त कर उसे अग्रेतर कार्यवाही हेतु गृह मंत्रालय को प्रेि-त करे।

इन तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मेरा आपसे आग्रह है कि अंग्रेज शासकों के नाम पर चले आ रहे रेलवे स्टेशनों का विवरण सभी संसद सदस्यों एवं रेल के विभिन्न जोनों के महाप्रबंधकों से तत्काल प्राप्त कर संबंधित राज्य सरकारों से इन रेल स्टेशनों के नाम परिवर्तन की सिफारिश हेतु पत्राचार करने हेतु आप निर्देश जारी करने की कृपा करें।

इस संबंध में पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज (उ.प्र.) में पीपीगंज कम्पियरगंज एवं बृजमन गंज रेल स्टेशनों के नाम जो क्रमशः Mr Peppe, Mr Campier एवं Mr. Bridgeman के नाम पर हैं, का नाम परिवर्तन कर क्रमशः अण्डमान निकोबार की जेल में सजा काटे स्वतंत्रता सेनानी स्व. श्री द्वारिका पाण्डेय, उ.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री वीर बहादुर सिंह एवं स्वतंत्रता सेनानी तथा संविधान सभा में डा. अम्बेडकर द्वारा समापन भा-ण में नाम लेकर धन्यवाद ज्ञापित पांच संविधान सभा सदस्यों में से एक स्व. श्री शिब्बन लाल सक्सेना के नाम पर इन स्टेशनों का नामकरण किए जाने हेतु मेरा प्रस्ताव है।

मुझे विश्वास है कि आपके समान ऊर्जावान एवं परिवर्तन हेतु सतत संघ-र्रत व्यक्तित्व ही अंग्रेज शासकों के नाम पर आज भी गुलामी के प्रतीक इन रेल स्टेशनों के

नाम परिवर्तन हेतु प्रभावी कार्यवाही कर इस अत्यंत लज्जास्पद प्रकरण को समाप्त कर सकता है।

अंत में माननीय रेल मंत्री से मेरी गुजारिश है कि घुघली-महाराजगंज-आनन्दनगर को नयी रेललाइन निर्माण की सूची में सम्मिलित करते हुए गोण्डा-आनन्दनगर आमान परिवर्तन हेतु आवंटित धन को बढ़ाने के साथ ही रेल यात्रियों की सुविधा पर दृ-टिपात करते हुए रेल में व्याप्त भ्र-टाचार पर भी प्रभावी अंकुश लगाने की कृपा करें ताकि देश की यह सबसे बड़ी संस्था और भी प्रभावी होकर देश की करोड़ों लोगों की सेवा में अग्रसर हो सके।

***श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही):** रेल बजट वर्ष 2011-12 पर माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान उत्तर प्रदेश पूर्वांचल जो देश की जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य है, ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। माननीय रेल मंत्री जी ने जहां बहुत सारी घोषणाएं की हैं, वहीं उत्तर प्रदेश के साथ अनदेखी की है। हम पूर्वांचल, भदोही लोकसभा क्षेत्र से आते हैं। भदोही तथा आस-पास के जिले मिर्जापुर, वाराणसी, जौनपुर, इलाहाबाद, कौशाम्बी तथा सोनभद्र से भदोही तथा भदोही से दिल्ली तथा देश के अन्य प्रांतों से विशेष आना-जाना रहता है। भदोही जनपद का मुख्यालय ज्ञानपुर रोड स्टेशन पर शिवगंगा एक्सप्रेस रोकने के लिए कई बार मांग उठाई गई। आपके मौखिक आश्वासन के बाद आज तक, शिवगंगा एक्सप्रेस ज्ञानपुर रोड़ स्टेशन पर आते-जाते समय दो मिनट का ठहराव आवश्यक है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। कृपया इस बारे में मंत्रालय को निर्देशित करने की कृपा करें। इसके साथ-साथ भदोही नगर के मध्य रेलवे ट्रैक पर ओवर-ब्रिज राज्य सरकार से प्रस्तावित है, कृपया स्वीकृति प्रदान करें। ज्ञानपुर रोड भदोही, डंडिया, माधोसिंह स्टेशन का पुनर्निर्माण व सुधार की आवश्यकता है।

पूर्व में कई बार इलाहाबाद से वाराणसी उत्तर प्रदेश रेलवे लाइन को दोहरीकरण की मांग होती रही है। कृपया वाराणसी इलाहाबाद रेलवे लाइन के दोहरीकरण करने की कृपा करें। मानव रहित रेलवे क्रासिंग पर फाटक लगाकर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने की कार्यवाही की जाए। उत्तर प्रदेश से इलाहाबाद व वाराणसी से कुछ विशेष ट्रेन सीज़न के समय मुम्बई, कोलकाता तथा अन्य शहरों में चलाने की व्यवस्था प्रदान करें।

ट्रेनों में सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कभी-कभी शौचालय में पानी नहीं होता। ट्रेनों में चूहे, काकरोच, दिखाई पड़ते हैं। खान-पान की व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। गिरते हुए स्तर को ठीक करने के लिए तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता है। ट्रेनें समय पर चलें, उनमें सुरक्षा की समस्या, लूट हत्या, बलात्कार की कार्यवाही रोकने हेतु कठोर कार्यवाही करने की नीति बनाई जाए। रेल देश की जीवन रेखा है। जनता से जुड़ा विभाग है। जन-सामान्य की समस्या, रिजर्वेशन की समस्या तथा बढ़ते हुए अपराधों को रोकने की तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता है। पूर्वांचल उत्तर प्रदेश देश की सबसे घनी आबादी वाले प्रदेशों में सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है। वहां से विभिन्न प्रदेशों में जाने हेतु इलाहाबाद तथा वाराणसी से गाड़ियां बढ़ाने की मांग करता हूं। गरीबों को विशेष सुविधा की कोई योजना नहीं बनाई गई है। इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है।

---

* Speech was laid on the Table

भारत गांवों का देश है। भदोही तथा आस-पास के जनपदों से निर्यात किया जाता है। आपसे अनुरोध है कि निम्नलिखित मांगों पर विचार कर कार्यवाही करने की कृपा करें।

1. इलाहाबाद वाराणसी जाने वाली रेलवे लाइन का दोहरीकरण किया जाए।

2. भदोही नगर में प्रस्तावित ओवर ब्रिज राज्य सरकार से स्वीकृत है, इस पर तत्काल कार्यवाही की जाए।

3. शिवगंगा एक्सप्रेस वाराणसी से नई दिल्ली भदोही के मुख्यालय ज्ञानपुर रोड स्टेशन पर अप-डाउन दो मिनट रोकने की व्यवस्था करें।

4. मानव रहित रेलवे क्रासिंग पर फाटक लगवाकर दुर्घटना रोकने की व्यवस्था की जाए।

5. हंडिया स्टेशन पर दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता जाने वाली ट्रेनों को रोकने की व्यवस्था की जाए।

*प्रो. रामशंकर (आगरा): आगरा शहर एक ऐतिहासिक एवं पर्यटक केंद्र के दृ्टि में अत्यंत महत्वपूर्ण है किंतु नए रेल बजट में आगरा को कोई खास महत्व नहीं दिया गया है। आगरा से दिल्ली के लिए प्रातःकाल में कोई ट्रेन नहीं है । जिससे आगरा की जनता के साथ-साथ देशी-विदेशी पर्यटक आराम से दिल्ली आ सके । हमारी मांग है कि आगरा से दिल्ली के लिए प्रातःकाल में कोई सुपरफास्ट नयी ट्रेन चलायी जाए जो सांय को दिल्ली से चल कर आगरा पहुंच सके या शताब्दी अथवा ताज में से कोई भी एक ट्रेन प्रातः आगरा से दिल्ली के लिए चलायी जाए ।

आगरा छावनी से इटावा नयी रेलवे लाइन जो 10 साल पूर्व में स्वीकृत हो चुकी है उसका कार्य भी लगभग 70 प्रतिशत पूरा हो गया है, किंतु अभी तक आगरा इटावा रेलवे लाइन प्रारंभ नहीं हुई है । हमारी मांग है कि शीघ्र ही इस लाइन को प्रारंभ किया जाए।

आगरा में दुनिया एवं देश भर से देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं किंतु कई सुपरफास्ट ट्रेन एवं राजधानी गाड़ी आगरा न रूकने से काफी समस्या का सामना पर्यटकों को करना पडता है । हमारी मांग है कि आगरा में सुपरफास्ट एवं राजधानी ट्रेन रोकी जाए । लखनऊ-दिल्ली से शताब्दी का ठहराव टूंडला जंक्शन पर हो, जिससे पर्यटक एवं जनता आगरा आ सके ।

नयी शताब्दी ट्रेन जो जयपुर से आगरा चलाई गई है, हमारी मांग है कि यह आगरा से प्रातः चलाई जाए जो शाम को जयपुर से आगरा वापिस हो सके ।

आगरा में 6 डिब्बों की लोकल ट्रेन चलाने की मांग पर्यटकों सहित आगरा की जनता काफी लंबे समय से कर रही है । जिससे पर्यटक शहर के विश्व धरोहर के रूप में लाल किला, ताजमहल सिकन्दरा, एतमादौला सहित अन्य स्मारक देख सके।

---

* Speech was laid on the Table.

पूर्व में आगरा से बरेली के लिए काठगोदाम सहित दो रेल गाड़ियां चलती थी, किंतु आज एक भी रेल गाड़ी आगरा - बरेली के मध्य न चलने के कारण व्यापारियों एवं पर्यटकों सहित आम जनता को भारी समस्या का सामना करना पडता है । हमारी मांग है कि आगरा-बरेली के मध्य कोई नियमित ट्रेन अवश्य चलाई जाए ।

टूंडला-जलेसर, एटा, पैंसेजर प्रातः 6 बजे टूंडला से चलकर एटा जाती है, जिसके कारण ट्रेन खाली जाती है । हमारी मांग है कि टूंडला जंक्शन से जो पैंसेजर ट्रेन एटा जाती है वही पैंसेजर आगरा से चलाई जाए, जिससे पर्यटक एवं आगरा की जनता विश्व प्रसिद्ध पटना, पक्षी विहार का भ्रमण कर सकें और समय से वापस एटा पहुंच सके ।

आगरा से कोलकोता जाने वाले पर्यटक एवं आम जनता को टूंडला जंक्शन पर कोई राजधानी गाडी न रूकने से भरी समस्या का सामना करना पडता है । हमारी मांग है कि कोलकाता जाने वाली राजधानी गाडी का टूंडला जंक्शन पर ठहराव हो जिससे आगरा के लोग एवं पर्यटक कोलकाता जा सके ।

*श्री कमलेश पासवान (बांसगांव): यह गर्व की बात है कि पूरी दुनिया में भारतीय रेल ने अपना परचम लहराया है। नित नई-नई ऊचाइयों को स्पर्श करते हुए रेल व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। अभी विगत 25 फरवरी को माननीया रेल मंत्री जी द्वारा रेल बजट पेश किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश की घोर उपेक्षा की गई है । उत्तर प्रदेश में विशे-ा रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश एक पिछड़ा क्षेत्र है । जहां अवस्थापनात्मक विकास (इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट) अत्यंत ही आवश्यक है । विकास वास्तव में रेलमार्गों एवं सड़क मार्गों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचता है। मेरा तो स्प-ट मानना है कि ये परिवहन के साधन शरीर के धमनियों की तरह कार्य करते है, तो फिर पूर्वी उत्तर प्रदेश को विकास से वंचित करने की ऐसी साजिश क्यों की जा रही है ?

ज्ञातव्य है कि मेरा संसदीय क्षेत्र बांसगांव पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय गोरखपुर से संलग्न है। रेलवे की दृ-टि से काफी उपेक्षित इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण रेल लाइन सहजवां - दोहरीघाट के निर्माण हेतु सर्वे कार्य जो सन 1992 में ही पूर्ण हो चुका है और जिसकी न्यूनतम लागत मात्र 66 करोड़ 95 लाख रूपए है, को अबतक वित्तीय स्वीकृति नहीं प्राप्त हो सकी है । यह पूर्वांचल की एक महत्वपूर्ण रेल परियोजना है, जिसके पूर्ण होने से प्रमुख बौद्ध स्थलों सारनाथ, कुशीनगर एवं कपिलवस्तु को आपस में जोड़ने से आम जन को भी काफी राहत मिलेगी। मेरी मांग है कि इस रेल परियोजना को पूर्ण कराया जाए।

वहीं एक दूसरी अति महत्वपूर्ण रेल परियोजना पूर्वी उत्तर प्रदेश की बरहज बाजार से फैजाबाद वाया दोहरीघाट नई रेल लाइन की है, जिसका सर्वे कार्य सन 2005 में पूरा हो चुका है, जिसकी न्यूनतम लागत 781 करोड़ 78 लाख रूपए मात्र है, जिसको अबतक वित्तीय स्वीकृति नहीं प्राप्त हो सकी है, किंतु यह दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि

* Speech was laid on the Table.

पूर्वी उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण रेल परियोजना के निर्माण से जहां असम, पश्चिम बंगाल, बिहार एवं दिल्ली को जोड़ने वाली यह परियोजना मात्र 194 किलोमीटर की है जिसके बनने से दिल्ली जाने की दूरी सबसे कम हो जाएगी और रेलवे के अन्य मार्गों पर दबाव भी काफी कम जो जाएगा ।

देश के इतनी महत्वपूर्ण रेल परियोजना की माननीया रेलमंत्री ने उपेक्षा की है। माननीया को सिर्फ पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में केवल रायबरेली व अमेठी ही महत्वपूर्ण लगा है।

मैं पुनः सदन के माध्यम से आग्रह करना चाहूंगा कि उपरोक्त रेल परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति देने के साथ ही साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में चर्चित शहीद नगरी चौरीचौरा के रेलवे स्टेशन को मॉडल रेलवे स्टेशन का रूप दिया जाए। साथ ही चौरीचौरा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी गेट संख्या 147/बी पर आटोमैटिक गेट लॉक सिस्टम लगाया जाए ।

रेलमंत्री जी ने पूर्वी उत्तर प्रदेश की घोर उपेक्षा करते हुए गोरखपुर रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली एवं हावड़ा के लिए न तो शताब्दी एक्सप्रेस और न ही दूरन्तों एक्सप्रेस के संचालन की व्यवस्था की है । अनेक पेसेन्जर ट्रेनों की दूरियां बढ़ायी गयी है, परंतु पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसी भी ट्रेन की दूरी नहीं बढ़ायी गयी। हमारे क्षेत्र के बहरज बाजार-भटनी रेलखंड पर चलने वाली यात्री गाड़ियां घाटे में चलती है, जिसका प्रमुख कारण है इन गाड़ियों की दूरी कम होना। रेलवे इस रेलखंड को अलाभकारी रेलखंड को लाभकारी बनाने के लिए बहरज बाजार रेलवे स्टेशन से हावड़ा एवं मुम्बई तक एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जाए तथा बरहज बाजार रेलवे स्टेशन को एफ श्रेणी से परिवर्तित करके डी श्रेणी में किया जाए ।

राजस्व एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 445 एवं 464 को बरहज बाजार से वाराणसी तक दूरी बढ़ायी जाए तथा ट्रेन संख्या 422 को छपरा तक एवं ट्रेन संख्या 424 को गोरखपुर तक दूरी बढायी जाए तथा पुनः इन मार्गों की ट्रेनों को वापस बरहज बाजार तक चलाया जाए । साथ ही इस रेलखंड पर चलने वाली ट्रेनों में जनहित को देखते हुए पार्सल यान सुविधा शुरू की जाए ।

बरहज बाजार रेलवे स्टेशन पर यात्री आरक्षण केंद्र (पीआरएस) स्वीकृति हुए लगभग 6 माह हो गए लेकिन अब तक उसकी स्थापना नहीं गयी है। रेलखंड को लाभकारी बनाने हेतु यह कदम भी अति आवश्यक है। बरहज स्टेशन पर रेलवे पूछताछ वायरलेस सिस्टम को पुनः शुरू किया जाए।

बरहज बाजार बिट्रिश शासन में स्थापित मालगोदाम सन 1992 से बंद कर दिया गया है जिसका पुनर्निर्माण किया जाए तथा रैक प्वाइंट का निर्माण कराया जाए जिससे व्यापारियों के हित के साथ-साथ रेलवे का भी लाभ हो। साथ ही बरहज बाजार रेलवे स्टेशन से मुख्य मार्ग तक रेलवे की जर्जर सड़क का निर्माण कराया जाए तथा सड़क के किनारे खराब पड़े प्रकाश बिन्दुओं को ठीक कराया जाए ।

सिसई गुलाबराय, सतराव, देवरहवा बाबा हाल्ट एवं बरहज बाजार रेलवे स्टेशनों पर जर्जर प्लेटफार्म, टीनशेड, टूटी कुर्सियां, विद्युत/सोलर लैम्प व्यवस्था, टूटे शौचालय, मूत्रालय एवं यात्री विश्रामलय एवं पेयजल की व्यवस्था की जाए । इस संबंध में मैंने रेलमंत्री जी एवं रेलवे के अधिकारियों को अनेकों बार अवगत कराया। परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई ।

अहिल्यापुर रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस का पूर्व की भांति ठहराव किया जाए तथा लंबी दूरी के लिए अनारक्षित टिकट की व्यवस्था कराया जाए एवं रेलवे

स्टेशन पर स्वीकृत क्रासिंग रेल लाइन का निर्माण अब तक नहीं हुआ है । जिसे पूर्ण कराया जाए ।

सलेमपुर जंक्शन पर गोदान एक्सप्रेस तथा दुर्ग एक्सप्रेस का ठहराव, देवरिया स्टेशन पर गरीब रथ एक्सप्रेस एवं सप्तक्रांति एक्सप्रेस का ठहराव एवं चौरीचौरा स्टेशन पर काशी एक्सप्रेस, गोदान एक्सप्रेस एवं पूर्वांचल एक्सप्रेस का ठहराव जनहित को देखते हुए किया जाए ।

अतः आपसे मेरा साग्रह अनुरोध है कि इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को जनहित को देखते हुए अतिशीघ्र ही पूर्ण कराया जाए ।

***श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ)** : बहुत दिनों के बाद मेरठ की प्यासी जनता को रेल मंत्रालय की ममता की एक घूंट प्राप्त हुई है, 'राज्यरानी एक्सप्रेस' योजना के अंतर्गत मेरठ-लखनऊ इन्टरसिटी प्रारम्भ करने की घो-णा माननीया रेल मंत्री जी ने की है, मैं क्षेत्र की जनता की ओर से मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ तथा आशा करता हूँ कि यह रेलगाड़ी शीघ्र ही पटरियों पर दौड़ने लगेगी।

रा-ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सीमा में मेरठ उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक महत्वपूर्ण नगर है तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों का केन्द्र है। देश के सर्वाधिक आयकरप्रदाता दस महानगरों में मेरठ एक है परंतु बुनियादी ढांचे की दृ-टि से मेरठ रेल मंत्रालय द्वारा लम्बे समय से उपेक्षा का दंश झेल रहा है। सम्पूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के समग्र विकास के लिए मेरठ को मुख्य रेलमार्गों से प्रभावी ढंग से जोड़ा जाना अत्यंत आवश्यक है।

दिल्ली से मेरठ तक का रेलमार्ग अत्यधिक धीमी गति से अन्ततः दोहरा हो चुका है परन्तु मेरठ से सहारनपुर (टपरी जं.) तक के रेलमार्ग का अभी भी दोहरीकरण होना बाकी है। इस मार्ग का दोहरीकरण तथा फिर दिल्ली से सहारनपुर तक के रेलमार्ग का विद्युतीकरण हो जाए तो इस सम्पूर्ण रूट पर ट्रेनों की संख्या तथा गति बढ़ाई जा सकती है। तीव्रगामी ट्रेनों के अभाव में अभी भी मेरठ से दिल्ली तक की मात्र 80 कि.मी. दूरी तय करने में दो से ढाई घंटे लग जाते हैं जो एन. सी. आर. बनाये जाने की सम्पूर्ण योजना को असफल करने का कारण बन रहा है।

इसी प्रकार दिल्ली से मुरादाबाद तक के भाग का विद्युतीकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है ताकि एन.सी.आर. के अन्य प्रमुख शहरों पिलखुवा, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर आदि के दैनिक यात्रियों का दिल्ली आने जाने में कम समय लगे।

---

* Speech was laid on the Table.

माननीय रेल मंत्री जी ने अपने भा-ण में समर्पित मालभाड़ा गलियारों में पूर्वी गलियारे का उल्लेख किया है। यह गलियारा खुर्जा तक आएगा। मेरा निवेदन है कि मेरठ तथा हापुड़ को खुर्जा तक आने वाले इस गलियारे से प्रभावी ढंग से जोड़ने के लिए मेरठ से खुर्जा तक की रेलवे लाइन का दोहरीकरण करते हुए एक अतिरिक्त 'कारिडोर रेल लाइन' भी बिछाया जाना जरूरी है ताकि मेरठ तथा निकटवर्ती क्षेत्रों के खेल, हैण्डलूम आदि उत्पादों को सीधे खुर्जा तथा फिर उससे आगे सुगमतापूर्वक ले जाया जा सके। क्षेत्र से सीधे निर्यात की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेरठ में एक कंटेनर डिपो का बनवाया जाना भी अत्यंत जरूरी है।

जैसा कि माननीय रेल मंत्री जी ने बताया है, मेरठ तथा निकटवर्ती क्षेत्र में तीन रेलवे लाइनों का सर्वे पूरा हो चुका है तथा आगामी योजना में इन लाइनों पर काम शुरू किया जाना है। ये लाइनें हैं - हस्तिनापुर-मेरठ, पानीपत-मेरठ तथा हस्तिनापुर के रास्ते दौराला-बिजनौर। इन लाइनों के पूरा होने पर सम्पूर्ण पश्चिम उत्तर प्रदेश में विकास को बहुत गति मिलेगी तथा निश्चय ही रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि इन लाइनों पर शीघ्र कार्यारम्भ किया जाये।

यात्रियों की सुविधा तथा राजस्व में बढ़ोतरी की दृ-टि से मैं माननीया मंत्री जी से निम्नलिखित रेलगाड़ियां चलाने का अनुरोध करता हूँ -

मेरठ-वृन्दावन-मेरठ एक ट्रेन बरास्ता हापुड़-बुलन्दशहर-खुर्जा चलाई जाये।

मेरठ-दिल्ली-मेरठ एक अन्य लोकल ट्रेन चलाई जाये।

मेरठ-हावड़ा-मेरठ वाया इलाहाबाद एक नई ट्रेन चलाई जाये।

काठगोदाम से दिल्ली तक बरास्ता हापुड़ एक पूजा स्पेशल ट्रेन चलाई गयी थी, जिसे अब बंद कर दिया गया है। इसे पुनः चलाया जाये।

इलाहाबाद से उधमपुर तक बरास्ता खुर्जा एक ट्रेन सप्ताह में दो बार चलाई गई थी, जिससे यात्रियों को अत्यधिक सुविधा थी। इसे पुनः चलाया जाये।

सहारनपुर से दिल्ली वाया मेरठ (ट्रेन नं. 54472) व अम्बाला से नई दिल्ली (ट्रेन सं. 54540) में यात्रियों की अधिक संख्या व उनके छत पर सफर करने के कारण इन गाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाये जायें।

12 फरवरी 2004 को तत्कालीन रेल मंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने दिल्ली-मुरादाबाद रेलखंड पर गंगा के ऊपर ब्रजघाट में दोहरी लाइन के रेलवे पुल का शिलान्यास किया था। उस समय श्री नीतीश कुमार जी ने दिल्ली से ब्रजघाट तीर्थनगरी तक नई शटल ट्रेन चलाने की घो-णा की थी। क्षेत्र के निवासी उक्त घो-णा के अनुसार शटल ट्रेन के चलने की प्रतीक्षा आज तक कर रहे हैं। इसे शीघ्र चलाया जाना चाहिए।

रेल मंत्री जी द्वारा पिछले व-र् बजट में भारत तीर्थ के अंतर्गत 16 प्रस्तावित रूटों की घो-णा की गई थी। मुझे विश्वास है कि माननीया मंत्री जी इस योजना को अवश्य ही कार्यान्वित करेंगी। ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को देखते हुए पयटन की दृ-टि से मेरठ को भी निम्नलिखित प्रस्तावित मार्गों में सम्मिलित किये जाने का अनुरोध मैंने गत व-र् किया था। मैं इस पर पुनः आग्रह करना चाहता हूँ। इस दृ-टि से प्रस्तावित रूट एवं उनकी संख्या इस पकार हैः-

हावड़ा-गया-आगरा-मथुरा-वृन्दावन-नई दिल्ली-हरिद्वार-वाराणसी-हावड़ा

हावड़ा-वाराणसी-जम्मूतवी-अमृतसर-हरिद्वार-मथुरा-वृन्दावन-इलाहाबाद-हावड़ा तथा

पुणे-जयपुर-नाथद्वारा-टनकपुर-जयपुर-मथुरा-आगरा-हरिद्वार-अमृतसर-जम्मूतवी-पुणे।

यात्रियों के दबाव को देखते हुए क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर सुविधाओं का विस्तार किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। इस संबंध में मेरा अनुरोध है कि-

- मेरठ कैंट स्टेशन पर कंकरखेड़ा में आबादी क्षेत्र की तरफ एक टिकटघर व आरक्षण केन्द्र खोला जाये।

- हापुड़ जं. रेलवे स्टेशन पर आवास विकास कालोनी की तरफ टिकटघर व आरक्षण केन्द्र खोला जाये। पहले इस खोला गया था, परन्तु कुछ दिन चलाने के बाद इसे बंद कर दिया गया। इसके साथ ही आरक्षण खिड़की पर भी एक अतिरिक्त काउंटर स्थायी रूप से खोला जाये।

- मेरठ सिटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. एक की लाइन के जर्जर अवस्था में होने के कारण चेतावनी संकेत लगा हुआ है, जिस कारण से महत्वपूर्ण रेलगाड़ियां प्लेटफार्म नं. दो व तीन पर आकर रूकती है जिसके कारण गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों सहित सभी लोगों को ओवर ब्रिज पर से होकर जाना पड़ता है।

मेरठ-खुर्जा रेलवे लाइन पर टेलीफोन पोल सं. 72/1 तथा 72/2 के मध्य पांची गांव के सामने भूमिगत रेलवे पुल बनवाया जाना अत्यंत आवश्यक है। आसपास के गांवों से अपने खेतों पर काम करने के लिए बड़ी संख्या में किसान अपने पशुओं के साथ रेलवे लाइन पार करते हैं तथा आये दिन दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं।

मेरठ केंट स्टेश्न के एक तरफ कंकरखेड़ा की लगभग दो लाख की आबादी के लिए मेरठ कैंट रेलवे स्टेशन पर एक फुट ओवर ब्रिज बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसका प्रस्ताव पहले भी भेजा जा चुका है परन्तु उस पर किसी प्रकार की कार्यवाही अब तक नहीं हुई है।

नौचन्दी एक्सप्रैस के लेट होने की स्थिति में रद्द करने की बजाय मेरठ से लखनऊ तक ही चलाया जाये, इसे मेरठ से सहारनपुर व लखनऊ से इलाहाबाद न भेजा जाये। नौचन्दी एक्सप्रेस का खरखौदा में स्टोपेज हो तथा इस गाड़ी में तृतीय

वातानुकूलित का एक कोच बढ़ाया जाये। संगम एक्सप्रेस का खरखौदा में स्टापेज हो तथा इस गाड़ी में एक सामान्य बोगी बढ़ाई जाये।

गत व-र्ा के रेल बजट मे माननीया मंत्री जी ने मेरठ सिटी को आदर्श स्टेशन तथा मेरठ सिटी, मेरठ कैन्ट व हापुड़ के स्टेशनों पर बाह्य रोगी विभाग एवं डायग्नोस्टिक केन्द्र बनाये जाने की घो-णा की थी। जैसा कि माननीय मंत्री जी ने इस व-र्ा के बजट भा-ण में आश्वस्त किया है, मुझे विश्वास है कि उक्त घो-णाओं को शीघ्र ही कार्यान्वित किया जायेगा।

मुझे पूरा विश्वास है कि आपके माध्यम से किए गए मेरे निवेदन पर माननीया रेल मंत्री जी अवश्य ध्यान देंगी तथा मेरठ-हापुड़ क्षेत्र को उसकी उचित बकाया हिस्सेदारी प्रदान करेंगी ताकि क्षेत्र का समुचित व सम्यक विकास हो सके।

*श्री गजानन ध. बाबर (मावल) : मैं रेलवे के बजट मांगों के तहत अपने संसदीय क्षेत्र मावल के लिए कुछ मांगे रखने की इजाजत चाहता हूँ और आशा करता हूं कि माननीय रेल मंत्री जी मेरी मांगों पर गंभीरता से विचार करेंगी और जल्द ही अपनी सहमति प्रदान करेंगी।

मावल संसदीय क्षेत्र एक नया संसदीय क्षेत्र है तथा यहां रेलवे से संबंधित कई सुविधाओं की आवश्यकता है। मावल संसदीय क्षेत्र में अनेक प्रकार के छोटे एवं बड़े उद्योग हैं और इन उद्योगों को तथा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रेलवे द्वारा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दिए जाने की आवश्यकता है।

संसदीय क्षेत्र की रेलवे मांगे निम्नलिखित है।

1. कोंकण रत्नागिरी, चिपलून, करजत और पनवेल के बीच नई रेलगाड़ी का आवागमन।

2. वास्को-डी-गामा से पनवेल जो कि बसई, विराट होते हुए 24 डिब्बों की रेलगाड़ी को (उदयपुर एक्सप्रेस) रोजाना चलाया जाए इससे रेलवे को अच्छी आमदनी भी प्राप्त होगी और गोवा महारा-ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश के बीच पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

3. गुरावली जगह जो कि तितावली और खाडवाडी के बीच स्थित है नया रेलवे स्टेशन स्थपित किये जाने की मांग 1963 से की जा रही है तथा इससे संबंधित विभाग से पत्र व्यवहार भी होता रहा है और गुरावली एक अधिकतम जनसंख्या वाला क्षेत्र है अतः यहां पर रेलवे स्टेशन स्थापित करने की कृपा करे।

4. तालेगांव और लोनावाला के बीच एम.आइ.डी.सी. का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके लिए प्रतिदिन इन क्षेत्रों के बीच लगभग 6 हजार श्रमिक आवागमन करते हैं। मेरी मांग है कि इसको देखते हुए तालेगांव और लोनावाल के बीच पैसेंजर ट्रेन रात्रि व दिन में चलाई जाए।

5. ट्रेन नं. 1618 का विस्तार करजत से पनवेल के बीच किया जाए।

6. सीएसटी पर परवेल के बीच 13 डिब्बों वाली ईएमयू चलाई जाए और हार्वर लाइन हर 5 मिनट के अंतराल पर चलाई जाए। 12 कोच वाली ईएमयू परवेल बोरीवली हार्वर लाइन पर हर 30 मिनट के अंतराल पर चलाई जाए और दाहनू के बीच हर 60 मिनट के अंतराल पर चलाई जाए।

7. देहरादून एक्सप्रेस 2287/2288 अमृतसर एक्सप्रेस 2483/2489 चण्डीगढ़ एक्सप्रेस 2659/2654 तथा गोवा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 2449/2450 को रतलाम से ठहराव देने की व्यवस्था की जाए जिससे क्षेत्रीय जनता को इन रेलगाड़ियों की सुविधा का लाभ मिल सके।

8. पूना से लोनावाल के बीच नया तीसरे ट्रैक के सुविधा दी जाए तो नेशनल हाइवे पर होने वाले अधिक यातायात की कमी होगी एवं स्थानीय जनता को भी इस सुविधा का लाभ होगा।

9. पुणे से कोलकाता तथा दार्जिलिंग, सिक्किम, झारखंड ओरिस जाने वाली सिर्फ आजाद हिंद एक्सप्रेस एक ही ट्रेन है। इस ट्रेन में बारह माह बहुत भीड़ रहती है। इसलिए पुणे से कोलकाता राजधानी या दूरांतो नॉनस्टाप या गरीब रथ ट्रेन शुरू करने की जरूरत है।

10. राजस्थान गुजरात की ओर यात्री एवं पर्यटकों कि बारह महीने बहुत भीड़ रहती है। सिर्फ पुणे से जोधपुर ट्रेन सप्ताह में 1 दिन चलती है यह ट्रेन पुणे से 3 दिन और राजस्थान में 1, जोधपुर 2, अजमेर 3, दिन के लिए शुरू किये जाने की जरूरत है।

11. पुणे जयपुर हॉलीडे स्पेशल एक साल से चल रही है और अब मार्च तक चलेगी जिस ट्रेन में बहुत भीड़ रहने के कारण हमेशा के लिए चलाई जाने की जरूरत है।

12. ऑन लाइन ई टिकट यात्रा करते समय यात्रियों के पास पहचान पत्र पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट आदि रखने की आवश्यकता है। लेकिन स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाली विद्यार्थियों की आयु 18 साल से कम होती है तो उपरोक्त पहचान पत्र रखना असंभव है। इसलिए ऑन लाइन ई टिकट पर यात्रा करते समय विद्यार्थियों के स्कूल कॉलेज पहचान पत्र पर यात्रा करने की अनुमति देने की आवश्यकता है।

13. सन् 1995 में पूर्व रेल राज्य मंत्री श्री सुरेश कलमाड़ी जी ने पुणे नासिक रेलवे मार्ग का सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था। यह मार्ग जल्द से जल्द शुरू होना चाहिए। अभी चलने वाली पुणे नासिक ट्रेन सुविधाजनक नहीं है। यात्रियों को परेशानी होती है। यह मार्ग शुरू होने तक नासिक गाड़ी के समय तथा मार्ग में परिवर्तन किया जाए। पुणे से नासिक वाया पनवेल चलने वाली ट्रेन को पहुंचने का समय ज्यादा होने के कारण असुविधाजनक है। यह गाड़ी पुणे केरल द्वारा कल्याण स्टेशन नासिक मनमाड़ तक चलायी जानी चाहिए। नासिक से सुबह और पुणे से रात को छोड़कर सुबह नासिक पहुंचने से यात्रियों को सुविधा होगी।

14. कल्याण आले फाटा नगर बीड परली की मांग गत 25 व-र्षों से हो रही है इस मार्ग का सर्वेक्षण भी नहीं हुआ है। यह मार्ग महारा-ट्र के लिए अति आवश्यक है।

15. मुंबई-पुणे-सोलापुर यात्रा के लिए अलग ट्रेन होने के कारण यात्री का किराया ज्यादा होता है। मुम्बई से सोलापुर एक ही टिकट देने से यात्रियों को सुविधा होगी। मुंबई से पुणे सोलापुर डायरेक्ट ट्रेन इंद्रायणी नाम से गाड़ी चलानी चाहिए।

16. जिस स्थान से यात्रा करनी हो और दूसरे स्थान पर रेलवे टिकट का आरक्षण किया गया तो रेलवे ज्यादा चार्ज लेती है। वह ज्यादा चार्ज रद्द किया जाना चाहिए।

17. तत्काल कोटा रेलवे के शयनयान आसन संख्या के 30/40 प्रतिशत तक बढ़ाया था। यात्रियों को सर्वमान्य आरक्षण सहजता से उपलब्ध होने के लिए तत्काल कोटा कम करके 10 प्रतिशत तक ही सीमित रखना चाहिए।

18. तत्काल आरक्षण के लिए ज्ये-ठ नागरिक, बच्चे अपंग, मूक बधिर, अंधे, कैंसर रूग्णों के लिए समान आरक्षण के लिए दी जाने वाली कन्सेशन सुविधा नहीं मिलती है। यह सुविधा तत्काल टिकट आरक्षण करने वालों को भी मिलनी चाहिए। टिकट रद्द करते समय धन वापसी रकम तत्काल चार्ज छोड़कर सर्वसाधारण आरक्षण टिकट की तरह मिलनी चाहिए।

19. रेल आरक्षण टिकट कर टीडीआर तथा रेल रिफंड वापसी रसीद से यात्रियों को धन वापसी मिलने में बहुत परेशानी होती है। लेकिन धन वापसी कि अर्जी करने पर भी 90 प्रतिशत यात्रियों को धन वापस नहीं मिलता है। धनवापसी कार्यप्रणाली में सुधार लाने की आवश्यकता है जिससे यात्रियों को आर्थिक नुकसान नहीं होगा।

20. यात्रा के समय भोजनयान से मिलने वाले खाद्यपदार्थ दर्जाहीन है। दाम भी ज्यादा है। अच्छा खानपान मिलने का आश्वासन मिलता है। खाद्य पदार्थों का दर्जा अच्छा होना चाहिए एवं यात्रियों की जानकारी के लिए खाद्य पदार्थों की दाम की सूची हर डिब्बे में दर्शनीय हो जिसे यात्री ठगे नहीं जाये। यात्रियों से ज्यादा दाम मांगने की कोशिश पर बंधन आ जाएगा।

21. जिस ठिकाने से आरक्षण हो और बाद में बोर्डिंग स्टेशन बदला हो तो सुविधा के लिए यात्री किसी भी स्टेशन से यात्रा करने की अनुमति दी जाए। यात्रा स्टेशन से बोर्डिंग स्टेशन तक का किराया एक बार लिया है।

22. माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए सभी स्टेशनों पर शौचालय की व्यवस्था की जाए तथा महारा-ट्र में चलने वाली प्रत्येक लोकल

गाड़ियों में अलग से और अधिकतम महिला आरक्षित डिब्बों को लगाया जाए जिससे महिलाओं को होने वाली कठिनाई दूर हो सके।

23. पूना रेलवे स्टेशन पर बने फुट ओवर ब्रिज पर अत्यधिक आवागमन होने से हमेशा भीड़ एवं दुर्घटना का डर बना रहता है अतः वहां पर एक अतिरिक्त फुट ओवर ब्रिज बनाने की आवश्यकता है।

24. मुम्बई की तर्ज पर ही पूना में भी स्मार्ट कार्ड सेवा देकर यात्रियों की यात्रा में सुविधा पर ध्यान दिया जाए

25. केन्द्रीय कृत उद्घो-णा केन्द्र बनाकर रेल यात्रियों की यात्रा में निश्चित रूप से सुविधा प्रदान करेगा अतः केन्द्रीयकृत उद्घो-णा केन्द्र बनाने की भी विशे-न आवश्यकता है।

26. यात्रियों के हित को ध्यान में रखकर यात्रियों के लिए कुछ सुरक्षित एवं स्वच्छ शौचालय मूत्रालय की व्यवस्था प्रत्येक स्टेशन पर किये जाने किये जाने की आवश्यकता है।

27. प्रत्येक स्टेशन की स्वच्छता एवं रखरखाव पर विशे-न ध्यान देने की आवश्कता है तथा पूना के हर स्टेशन पर बने शेड की मरम्मत की आवश्यकता है। अतः इस पर भी पूरा ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

Royapuram is between Central Station and Egmore Station connecting North via Arakonam, East via Gummidipoondi and towards South via Tambaram. More than 25 lakhs of middle class and lower middle class people live around Royapuram Station. People coming from Andaman and Nicobar Islands to Chennai harbour will have easy access to Royapuram Station because it is just at a walking distance. If this station is converted into a Terminal, the North bound

trains from Central Station can be diverted to this station. It is well connected to the city with already existing roads on all four sides of this station.

[*]**SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD):** Railway is the lifeline of Indian Nation. It is such a organization that it has employed more than 14 lakhs of people, i.e more than the population of 46 countries.

Everyday it carries 18 million people i.e. more than the population of 136 countries. It's earning for 2010-11 crossed Rs. 1.00 lakh Crore! This is more than the G.D.P. of 94 countries including Nepal, Afghanistan, Jordan and others! Railway track covers 64015 Kms., the fourth largest in the world. Why I am telling all this is just to remind this House about the huge size of this great organization, and the glorious privilege of one single individual i.e. Hon'ble Railway Minister Mamataji to head this organization and in whose hands the main signal tool is handed over. This is to make every citizen of this country to have the feeling that the Railway belongs to him as he is a proud user of this. So he had the best privileged opportunity to create this sense of one country, one people, one region and finally one Indian Railways by way of this Rail Budget.

But whether she rose to this occasion and distributed the fruits of Railway utility to all the regions of our Nation? The answer is unfortunately the no. Bengal is again the center of her political interest. I am happy that Bengal people are getting more sops because they are also

[*] Speech was laid on the Table.

our beloved brothers and sisters. I am not objecting to that. But what I am constrained to take exception is the kind of political high jacking of this vehicle or National Integrity in favour of one region that too for meeting a political end, right in front of the Hon'ble Prime Minister who acted as mute spectator and could do nothing.

Unfortunately this truth holds good in case of my own State of Karnataka as far as treatment it is getting since the last 6 to 7 Railway Budgets. This time again the streak of injustice by the Railway Minister is continued. If we look to the position of the new trains introduced the brunt of the injustice meted out to my State is evident.

Out of the total 56 New Express Trains announced by Railway Minister the Bengal gets the lions share. Among this 56 trains either start and end in West Bengal or Pass through West Bengal, of the four Vivek Express Trains two are given to Bengal of the four Kavi Guru Express Trains, which are in honour of Gurudev, all have gone to Bengal thus restricting Kavi Ravindranath to only Bengal.

It is true that totally out of 118 New Trains introduced some 10 trains may be said to be to Karnataka through many of them are not exclusively of the utility to the State. But most unfortunate part of this is not a single train is for North Karnataka region utility excepting one AC Weekly

train, and one Janmabhomi Gaurav Train the purpose of which is again limited.

What has pained me much is that when the Railway Minister could shower largess upon Bengal so much in new trains. She has not cared to the demand of the people from my region and allowed at least one useful train.

I have been pressing for two new trans from Hubli to Bangalore and Hubli to Mumbai or Pune, since the days of 14th Lok Sabha but only to get the response of disregard by Govt. As I have pointed out above the Managers of the Budget should look more to the factor of exercising a balance, in favour of all the regions more so with regard to the regions which are considered as backward regions. For example there is no train connectivity to Bidar which is north most place of my State till now. No direct train from Hubli to Gulbarga very important place in the State.

So, in view of this I make an earnest request to the Railway Minister to at least honour the demands of new trains to Mumbai, Bangalore and Gulbarga.

Other Demands of Karnataka and my region:

Many new surveys for new lines in the Karnataka State were announced during the previous budgets the surveys for the proposed lines

for Dharwad-Belgaum, Gadag-Haveri, were completed and in this budget there was expectation that these two would be included. But only Shimoga-Harihar and Thumkur-Davanageri are announced and there is no mention about this in the Pink Book. This needs clarification.

As regards the allocation of funds to the on-going New line Projects in Karnataka totally Rs. 200.00 Crores is given but whereas we need about 3000 Crores. If the funds are released in this way it will take more than 15 Years for completion. I also like to mention here that of late there is a funds crunch in the Railways and this is due to the fact that all the money diverted for Bengal based projects. In my own constituency the on-going improvement work of Hubli Railway Station is stopped for shortage of funds. This needs to be set right by the Govt.

There is also a demand from Karnataka that to bring all the areas of the State under the administrative net of S.W.R. a New Divisions of Gulbarge and Mangalore are to be formed and annexed to S.W.R. But this is again rejected.

I urge the Govt., to do it. There is also a long standing demand to run Karnatak Sampark Kranti, Karnataka Express and Turanto Express trains via Davanageri, Hubli and Belgaum other core regions of the state. Presently these trains are running through the regions of A.P. State. I will

take this opportunity to urge the Railway Minister to take initiative to clear the decks for Hubli-Ankola New Line which is the dream project of people of this region.

Direct Train to Hyderabad:

Once again the aspirations of the people to have a daily direct train from Hubli to Hyderabad is shattered. In the last Budget a new Express Train to Hyderabad was announced de-linking the Train No-17416. But this was a Bi-weekly train which means earlier daily trains to Hyderabad through a linkage of Haripriya and Rayaiseema Express was withdrawn. So I urge to make this Bi-weekly as daily train.

The gloomy picture of Indian Railways:

The Govt., is taking the pride of the fact that there has not been any passenger tariffs and freight tariffs hike. I welcome this because the poorer sections of passengers are benefited by this.

But what I am constrained to warn the Railway Minister is that this factor should not be a hiding tool for railway to cover up its management lapses as a whole, the symptoms of which are glaring and depict the gloomy picture of railway ahead. The best example of this is the rising operating ration (OR) which has touched a monumental 92% admittedly by Railway Minister in the budget speech it self. According to some

reports in a section of press, among the 16 Railway Zones the operating Ratio has crossed more than 100% i.e. , to earn every Rs. 100=00 these Zones are spending Rs. 150/- to Rs. 200/- a staggering 200%! This is one worst example towards which direction the railway is moving. The Railway Minister tried to justify this factor quoting the reason of 6th Pay Commission burden, but this cannot be accepted. How would then railway manage once it sets to recruiting about 1.75 lakhs vacant posts as is assure by her in the Budget? What about maintenance after sales services and providing clean and healthy services to passengers.

Dedicated Freight Corridors:

The much publicized D.E.C. was launched in the year 2006 by Prime Minister but its implementation is almost a standstill. There is a mention about this in the Budget speech but unfortunately no assured promise is made for the time bond completion of the project.

So, in my view this Railway Budget is not a forward looking one and totally a political motivated discarding the overall interest of the Indian Railways growth in the right direction.

*श्री रामसिंह राठवा (छोटा उदयपुर): आदरणीय ममता बनर्जी ने 2011-12 का रेल बजट प्रस्तुत किया है। इस बजट में देश के बहुत सारे हिस्से में रेल लाइन आमान परिवर्तन तथा नई रेललाइन और दोहरीकरण और नई लाइन के सर्वेक्षण के बारे में सदन को अपने भा-ाण में बताया है।

माननीय मंत्री जी ने यह भी बताया "भारत में रेलों की शुरूआत होने के 157 व-ाों के बाद भी हमारी जनसंख्या के एक बड़े भाग ने कभी रेलवे लाइन तक नहीं देखी" (पेज नं.-6 पेरा नं.-32) इसका कारण क्या है यह बात समझने की जरूरत है। हम सामाजिक जिम्मेदारी की बात करते हैं लेकिन मानवीय दृ-टिकोण के काम नहीं करते और महत्व भी नहीं देते इसीतरह से आज भी देश के आम लोगों तक रेल का लाभ नहीं मिला।

हम हर वक्त अलग-अलग बात करते हैं। कभी-कभी चुनाव को ध्यान में रखकर घो-ाणा करते हैं और योजना को लागू करने और पूरी करने में 10 से 12 साल लग जाते हैं। आज भी कई लाइनें 10 से 15 साल के विलंब में पड़ी है। उनको पूरा करने में रेलवे ने कभी ठोस कदम नहीं उठाया है। हम घो-ाणा करते हैं, बाद में विलंब होने की वजह से धनराशि बढ़ जाती है और बढ़ी हुई धनराशि की वजह से काम रूका पड़ा रहता है। कई जगह ठेकेदारों ने जो काम किया है उनका पेमेंट भी नहीं करने की वजह से नए काम करने को काई ठेकेदार तैयार नहीं होता है।

मेरे क्षेत्र में और गुजरात के रेलवे कोन्ट्रेक्टर ऐसोसिएशन ने गुजरात के करीब 200 काम करने का बहि-कार किया है। ठेकेदारों को पेमेंट न करने का कारण गुजरात को फंड नहीं करने की वजह हो सकती है ऐसा मेरा मानना है।

---

* Speech was laid on the Table.

ये अजीब बात है जहां जमीन नहीं है वहां सवारी डिब्बा कारखाना की स्थापना की बात रेल मंत्री जी कर रही हैं और जहां जमीन कारखाने के लिए हैं वहां कारखाना लगाते नहीं हैं। सिंगुर में एक कारखाना जमीन न मिलने के कारण रह गया। वहां अभी मंत्री जी रेल सवारी डिब्बा कारखाना कैसे लागाएंगी? मुझे लगता है कि चुनाव ध्यान में रखकर ये घो-णा करी होगी- ऐसा मेरा मानना है।

जहां सब कुछ होते हुए भी रेल मंत्रालय कुछ करना ही नहीं चाहता है ऐसा मेरा मानना है और मैं रेल मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि आज से करीब 150 साल पुराना नेरोगेज रेल लाइन शुरू हुई थी। सबसे पुरानी रेल लाइन डभेई मीयांगाम से शुरू हुई थी। धीरे-धीरे प्रताप नगर छोटा उदयपुर-डभोई-संखेड़ा, डभोई-चांणोद-चांपानेर-अंकलेश्वर-जंबुसर-पादरा-पावी-नाईत्स-शिवराजपुर-समलाया-टीबा-मालसर आदि कई नेरोगेज रेल लाइन शुरू हुई थी। आज भी कुछ-कुछ रेल लाइन चल रही हैं।

मेरा मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि डभोई एन.जी. हैरीटेज पार्क बना के डभोई से जितनी भी नेरोगेज लाइनें चल रही थी। कुछ बंद है वे सभी नेरोगेज रेललाइन हैरीटेज गाड़ियां चलायी जाए या तो सभी लाइनें बड़ी लाइन में परिवर्तन की जाए।

मेरा सुझाव है कि इस बजट में अंकलेश्वर-राजपीपला गेज परिवर्तन के काम के लिए 50 करोड़ रूपए चाहिए जबकि दिया सिर्फ 20 करोड़ और वो भी जब बोन्ड आएगा तब मेरा मानना है कि 2011-12 में काम पूर्ण करना है तो 50 करोड़ पूरा इस योजना के लिए देना चाहिए।

मैंने देखा है कि इस सरकार की कोई भी नीति तर्कसम्मत और दूरदर्शी नहीं है। कहीं किसी व्यवसाय में अधिक कमायी हो रही होती है, बिना किसी देरी के सरकार के प्रतिनिधि और उनसे जुड़े लोग पैसे बनाने की प्रतिस्पर्धा में लग जाते हैं। लोहा और कोल में थोड़ी सी तेजी क्या आई सरकार लगभग सभी विभाग इस व्यवसाय में पैसे

कमाने में लग गए। मालगाड़ी में जहां किराया 1200 रुपए प्रति टन था उसे 2800 रूपए प्रति टन कर दिया गया। परिणाम- जहां रेलवे को महीने के 5000 रेग का काम मिलता था वहां सिर्फ 400 रेग प्रति महीने के काम तक सीमित हो गया।

हेरिटेज कोरीडोर के सन्दर्भ में यह उल्लेखनीय हे कि भारत के एकमात्र रेलवे के ट्रैनिंग कालेज गुजरात के बड़ौदा में स्थित है। इस कोरीडोर के बन जाने से इलाके में स्थानीय, रा-ट्रीय एवम् अन्तर्रा-ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। नैरो गेज रेलवे लाइन का नेटवर्क जो यहां अर्से से है उसका यथोचित रख-रखाव और संरक्षण बहुत जरूरी है। हम नई रेलवे लाइन, नई रेल गाड़ियों का स्वागत करते हैं, साथ ही साथ यह भी चाहते हैं कि पुरानी रेल लाइनों और पुरानी गाड़ियों पर भी रेल मंत्री समय रहते ध्यान दें ताकी इन खराब हलात में पड़े रेलवे की हालत में सुधार हो और साथ ही साथ इनका संरक्षण हो सके। इस इलाके में यह हेरिटेज कोरीडोर बन जाने से यह ट्रिबल बेल्ट और यहां रहने वाले लोगों को बहुत सी सुविधाएं मिल सकेगी और विकास भी अच्छे से हो सकेगा।

रेल की सुविधा बढ़ाना जरूरी है मेरा सुझाव है टीबा-सावली-वाधोडिया-डभाई-चांदोद नैरो गेज को बड़ी लाइन में परिवर्तित किया जाए।

मीयां गाम डभोई समलाया आमन परिवर्तन अगले साल के लिए प्रस्तावित है तो मेरा सुझाव है भरूच दंडैज जम्बुसर तक नई लाइन की घो-णा की है-मेरा सुझाव है विस्वामित्री स्टेशन से जम्बुसर तक अभी छोटी नैरोगेज रेल जो चल रही है उनको जोड़ा जाए।

आदरणीय मंत्री जी यह भी ध्यान में रखें जो नई लाइन छोटा उदयपुर से इंदौर तक जाने वाली रेल लाइन का काम कहां तक पहुंचा इस बजट में काम के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान रखा है।

किसान को आराम से खाद मिल सके उसके लिए रेल को ज्यादा रेग का आवंटन करना चाहिए। बड़ौदा के पास बाजवा स्टेशन पर खाद-सीमेन्ट और अन्य माल का वहन होता है। मेरा मानना है खाद और सीमेन्ट के लिए रेग पवांइट बनाया जाए ताकि डभोई-बाड़ैली और छोटा उदयपुर आम आदमी को आसानी से उर्वरक मिल सके।

देश में बहुत तीर्थ स्थान हैं। जहां श्रद्धालु लोग पूजा अर्चना के लिए जाते हैं। गुजराती में एक कहावत है "काशीका मरण" और "सूरत का लोभन" करने का मतलब यह है कि अगर काशी में मृत्यु हुई वो भाग्यवान है। वैसे अगर भोजन करना है तो सूरत का वो भी भाग्यवान होता है। ऐसा एक बहुत बड़ा तीर्थ है। जहां देश के कई हिस्सों से लोग गुजरात के डभोई से 16 किमी दूरी पर नर्मदा किनारे चांणोद तीर्थ है, चांणोद पूजापाठ के लिए अलग महत्व है। देश-परदेश से लोग सर्वपित्रु श्राद्ध पूजा के लिए आते हैं। अपने देश में तीन स्थान ऐसे हैं जैसे गया में सिर्फ पितृ श्राद्ध होता है। सिद्धपुर में मातृ श्राद्ध होता है, लेकिन चांणोद में सर्व पितृ श्राद्ध होता है। ऐसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थान का पहले नैरागेज भी अभी बंद है। ये बंद नैरोगेज लाइन बड़ी लाइन में परिवर्तित किया जाए और डभोई से चाणोद लाइन तुरंत चालू की जाए।

वैसे देश की आजादी की लड़ाई चल रही थी तब कई जानी मानी ट्रस्टियों ने गुप्तवास में नर्मदा के किनारे चांणोद में गुप्तवास किया था। जिनमें तात्या टोपे भी थे ऐसे ऐतिहासिक और तीर्थ स्थान के महत्व को देखते हुए और हेरीटेज लाइन के महत्व को बढ़ावा देने की कृपा करके इस बजट में घो-णा करने का मेरा अनुरोध है।

***श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर)**

रेलवे मंत्रालय की अनुदानों की अनुपूरक मांगों के संबंध में निम्नलिखित सुझाव एवं रेल बजट में आवश्यक संशोधन हेतु प्रस्ताव ले करता हूँ -

रेलवे बजट के पैरा संख्या 101 में मेरा यह प्रस्ताव है कि नई रेलगाड़ी चलाने हेतु रेल सर्वे में अनूपगढ़-बीकानेर-वाया खाजूवाला का सर्वे किया जा चुका है। अतः शीघ्र अनूपगढ-बीकानेर-वाया खाजूवाला नई रेल लाइन प्रोजेक्ट की स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ किया जावें क्योंकि अनूपगढ-खाजूवाला क्षेत्र सामरिक दृ-टिकोण से भी पाकिस्तान की सीमा से सटा होने के कारण महतवपूर्ण है तथा रक्षा मंत्रालय की भी इस बाबत मांग व-र्षों से लंबित है।

बजट में बीकानेर संसदीय क्षेत्र के लिए जैसलमेर-हावड़ा वाया लालगढ-रतनगढ़ एक्सप्रेस प्रारभ करने की घो-णा की गई है, लेकिन इसे परिचालन हेतु साप्ताहिक बनाया गया है, यात्रियों की संख्या को देखते हुए इसे प्रतिदिन किये जाने की मांग करता हूं।

दिल्ली-बीकानेर के मध्य वाया राजगढ़-चुरू-रतनगढ़ अमान परिवर्तन हो जाने के पश्चात् बीकानेर-दिल्ली के मध्य एक नाईट ट्रेन (रात्रिकालीन रेल) तथा एक दिन में एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से रेल सेवा से बीकानेर से दिल्ली को प्रत्यक्ष रूप से जोड़ा जावें।

बीकानेर में कोयले वालों की गली के लिए भी रेलवे ओवरब्रिज स्थापित किये जाने की मैं मांग करता हूं। यह बीकानेर शहर की सबसे बड़ी समस्या है और बीकानेर की ट्रैफिक की समस्या का निदान किये जाने के लिए यह रेलवे ऑवरब्रिज अत्यंत आवश्यक है।

---

* Speech was laid on the Table.

अमान परिवर्तन के पश्चात् बीकानेर के तीन स्टेशनों पर एफ.ओ.बी. की मांग वाजिब है अतः नापासर, श्रीडूंगरगढ़ एवं सूड़सर में एफ.ओ.बी. की इसी रेल बजट में घो-णा की जावें।

रेल बजट में पैरा संख्या 50 पर रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन के प्रस्ताव है जिसमें अनूपगढ़, लूनकरणसर, श्रीडूंगरगढ, नौखा एवं श्रीकोलायत को सम्मिलित करने की मांग करता हूं।

रेल बजट के पैरा संख्या 102 में रेल पर्यटन का उल्लेख किया गया है बीकानेर भी पर्यटन की दृ-टि से महतवपूर्ण है अतः इस पैरा में बीकानेर को भी सम्मिलित किया जावें।

रेल बजट के पैरा संख्या 113 में विवेक एक्सप्रेस नामक नई गाड़ी प्रारंभ करने का उल्लेख है इसी पैरा के क्र.स. 4 पर बांद्रा जम्मू तवी एक्सप्रेस साप्ताहिक चलाने का उल्लेख है यदि इसका रूट डेगाना - रतनगढ़ के बजाय बीकानेर किया जावे तो यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक रहेगा।

रेल बजट के पैरा संख्या 114 में कवि गुरू एक्सप्रेस चलाने का उल्लेख है इसी पैरा के क्र.सं. 2 में गोहावटी - जयपुर एक्सप्रेस सापताहिक प्रस्तावित है यदि इसका विस्तार बीकानेर तक किया जावें तो बीकानेर क्षेत्र के उत्तरी-पूर्वी क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।

रेल बजट के पैरा संख्या 116 में जन्म भूमि गौरव नामक नई ट्रेन चलाने का वादा किया गया है बीकानेर संसदीय क्षेत्र के बहुत से लोग दक्षिणी भारत मे एवं पूर्वी भरत में रहते हैं यदि किसी एक ट्रेन को दक्षिण-पूर्व रेलवे से बीकानेर तक चलाने का प्रस्ताव किया जाता है तो बीकानेर संसदीय क्षेत्र के लोग जो भारत के अन्य हिस्सों में रहते हैं उनके लिए वास्तव में जन्मभूमि गौरव जैसा अहसास हो सकता है।

कुछ ऐसी ट्रेनें हैं जो जोधपुर, जयपुर एवं भटिण्डा में 36 घण्टे से ज्यादा खड़ी रहती है यदि इनका विस्तार बीकानेर तक किया जाता है तो इन ट्रेनों का भी सदुपयोग हो सकता है एवं बीकानेर के नागरिकों को लंबी दूरी की ट्रेने उपलब्ध हो सकती है जो बीकानेर के जनप्रतिनिधियों एवं उद्योग संघों की लम्बे समय से मांग रही है।

बीकानेर में रेल कारखाना देश की आजादी से पूर्व का है। अतः बीकानेर के रेल कारखाने को अजमेर के बजाय सीधा बजट आवंटित किया जावें एवं आधुनिकीकरण के कार्यक्रम में सम्मिलित किया जावें।

श्री रेवती रमण सिंह (इलाहाबाद): उपाध्यक्ष महोदय, मैं वर्ष 2011-12 रेल बजट पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

महोदय, वर्ष 2011-12 के बजट के बारे में मैं केवल एक बात कहना चाहता हूं कि ममता बैनर्जी ने सभी को कुछ न कुछ देने का प्रयास किया है। इन्होंने बीमार रेल के स्वास्थ्य को ठीक करने का प्रयास भी किया है।

Comment [I30]: cd by b k2

इन्होंने बीमार रेल के स्वास्थ्य को भी ठीक करने का प्रयास किया है। मैं इनसे एक आग्रह करना चाहता हूं कि आप 21वीं सदी की भारत की रेल मंत्री हैं। आपको आज दुनिया के मुकाबले में देखना पड़ेगा कि भारत कहां खड़ा है। आप पब्लिक सैक्टर की सबसे ज्यादा प्रति-ठान हैं, आपने लाखों लोगों को रोजगार भी दिया है। रेलवे पूरे देश को एक-सूत्र में बांधने का काम करता है। पिछड़े हुए जो इलाके हैं, जहां रेलवे लाइन चली जाती है, वहां अपने आप विकास की किरण फूटने लगती है। रेलवे के माध्यम से उन अछूते क्षेत्रों को भी सूरज की रोशनी मिलने लगती है। ऐसी परिस्थिति में मैं अमेरिका एवं यूरोप की बात करना नहीं चाहता, मैं आपसे साउथ-ईस्ट एशिया की बात कर रहा हूं। भारत साउथ-ईस्ट एशिया के मुकाबले में कहां खड़ा है?

14.32 hrs.

(Shri P.C. Chacko *in the Chair)*

आज भी हमारा पड़ौसी देश चीन है और चीन को आजादी हमसे बाद में मिली। हम रेलवे में चीन से कहीं आगे थे, लेकिन आज हम कहां हैं? साउथ-कोरिया जैसे छोटे देश ने अपने यहां रेलवे का माडर्नाइजेशन कर लिया और बुलेट ट्रेन अपने यहां चला दी, जापान ने भी चला दी। चीन ने फास्टेस्ट बुलेट ट्रेन 350 किलोमीटर की रफ्तार से अपने ट्रेकों पर चलाने का काम किया है। वह दुनिया की सबसे फास्ट ट्रेन होगी। चीन ने बिजिंग से लेकर लासा तक ऐसी रेलवे लाइन बना दी है, जिससे वे कुछ घंटों के अंदर लासा और हमारे बार्डर तक पहुंच सकते हैं। लेकिन अभी हमें पूर्वोत्तर राज्यों में जाने के लिए 48 घंटे से भी ज्यादा का समय लगता है। आपने पूर्वोत्तर के सात राज्यों को जोड़ने के लिए प्रस्ताव दिया है। मंत्री जी, आपने उसके लिए सात साल का समय दिया है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि कृपया उसे री-ड्राफ्ट करवा लीजिए, सात साल का नहीं, दो या तीन साल में जितने हमारे पूर्वोत्तर के राज्य हैं, वहां के लिए सीधी ट्रेन चलाइए, जोकि 12-14 घंटे में वहां पहुंच सके। आज हमारी प्रतिस्पर्धा दुनिया में चीन से है, चाहे हमारी अर्थव्यवस्था या अन्य क्षेत्र हों। आज पूरी दुनिया में हमारी अर्थव्यवस्था चीन के बाद नम्बर दो पर है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री से कहना चाहता हूं कि आप जो बजट बना रही हैं, उसमें उसी अनुसार आपको सुधार भी करना होगा। आपने प्रस्ताव दिया है कि हम देश में रेलवे का आधुनिकीकरण करके 170 से 200 किलोमीटर की रेल चलाने का सर्वेक्षण कराएंगे, लेकिन वह कहां और कब चलाएंगे? वह एक सपना है या हकीकत भी होगी।

Comment [S31]: L2cd

मान्यवर, मैं आपको बताना चाहूंगा कि देश में आज सबसे तेज चलने वाली ट्रेन राजधानी है। राजधानी और शताब्दी की ऑफीशियल रफ्तार 130 किलोमीटर प्रति घंटा है, लेकिन 110 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा नहीं चलती है। अगर ऐसा ही रहा, तो चीन से मुकाबला करने में हमें आने वाली एक शताब्दी और लग जाएगी, तब हम दुनिया के पैमाने पर खड़े हो पाएंगे। मैं आपसे चाहूंगा कि एक ट्रेन दिल्ली से इलाहबाद होते हुए हावड़ा तक चला दीजिए और उसकी स्पीड कम से कम 200 किलोमीटर प्रति घंटे की हो। शरद जी, पहले 130 से 200 किलोमीटर प्रति घंटा ट्रेनों की स्पीड तो कराइए। भारत में 350 किलोमीटर की स्पीड पर रेलें चलने की बात तो बाद में आएगी। मैं चाहूंगा कि इस ट्रेन की घो-णा आप रेल बजट की रिप्लाई के समय अवश्य करें। यह नहीं होना चाहिए कि यह एक सपना ही बना रहे। मैं चाहता हूं कि आपके नेतृत्व में तो कलकत्ता दिल्ली से एकदम अच्छी तरह जुड़ जाए। अब भारत को भी लोग इस निगाह से देखने लगे हैं कि भारत भी प्रतिस्पर्धा में किसी भी देश से पीछे नहीं रहेगा।

ममता जी, अगर आज आप ट्रेनों का जाल भी बिछा रही हैं, तो जो आम यात्री को सुविधाएं हैं, उनके ऊपर भी जरा ध्यान देने की कोशिश कीजिए। आम आदमी ज्यादातर ट्रेन से ही चलता है और आम आदमी के लिए दूसरा इससे सस्ता साधन और कोई नहीं है। चाहे वह बस से जाए या टैक्सी से जाए, वह साधन महंगे पड़ते हैं। आज भी रेल में सफर करना और साधनों के मुकाबले सस्ता है। यह ठीक है कि आम आदमियों को रेल में सफर करने में परेशानी इसलिए होती है, क्योंकि उन्हें रिजर्वेशन नहीं मिलता है। बहुत से डिब्बे रिजर्व हो गए हैं तथा अनरिजर्व डिब्बे कम बहुत कम बचे हैं। मैं चाहूंगा कि अनरिजर्व्ड डिब्बों की संख्या और बढ़ाई जाए, ताकि आम आदमी उनमें सफर कर सके।

मान्यवर, उत्तर प्रदेश, एक बहुत बड़ा प्रदेश है। उसकी 18 करोड़ की आबादी है। आपने जो दिया है, वह 18 करोड़ की आबादी के हिसाब से बहुत कम दिया है। जितना उत्तर प्रदेश को देना चाहिए, उतना नहीं मिला है।

महोदय, मैं एक और बात बताना चाहता हूं कि आप दिल्ली के रेलवे स्टेशन को देखिए। आपने उसे अन्तर्रा-ट्रीय स्तर का रेलवे स्टेशन जरूर बना दिया, लेकिन उसमें न रैम्प हैं और न वहां एस्केलेटर्स हैं।

...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : A number of Members from your Party have yet to speak. You have already taken ten minutes. Please try to wind up. आप एक मिनट में अपना भा-ण पूरा कीजिए। आपकी पार्टी के अन्य स्पीकर भी बोलने के लिए अभी बाकी हैं।

श्री रेवती रमण सिंह : सभापति जी, मैं घड़ी देख रहा हूं। संभवतः मुझे केवल 5 मिनट ही भा-ण करते हुए हैं।

मान्यवर, उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा प्रदेश होने के नाते उसके और स्टेशनों पर भी रैम्प और ऐस्केलेटर्स होने चाहिए। पहले से जो हैं, वे बहुत कम हैं। आपकी बात ठीक है कि कानपुर में रैम्प और एस्केलेटर्स हैं। कानपुर आबादी के हिसाब से एक बहुत बड़ा शहर है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद, जहां से मैं आता हूं, इलाहाबाद में आपने एक ट्रेन दूरन्तो दी है, जो हफ्ते में दो दिन इलाहाबाद से मुम्बई जायेगी। मैं आपको एक बात याद कराना चाहूंगा कि इलाहाबाद फ्रीडम फाइटर्स का केन्द्र रहा है। वहीं पर स्वराज्य भवन रहा है, वहां पर गांधी जी महीनों रुकते थे और जितने देश के चोटी के नेता हैं, नेताजी सुभा-न चन्द्र बोस एक परिवार के नहीं थे, आचार्य कृपलानी एक परिवार के नहीं थे, डॉ. राम मनोहर लोहिया जैसे तमाम बड़े-बड़े नेता, जयप्रकाश नारायण जी, चन्द्रशेखर आजाद, ये तमाम नेता वहां पर रहकर फ्रीडम मूवमेंट को चलाते थे।

इलाहाबाद साहित्यकारों की नगरी रही है, निराला से लेकर सुमित्रानन्दन पन्त, रामकुमार वर्मा जैसे दर्जनों नाम मैं गिना सकता हूं, लेकिन समय का अभाव है। मैं चाहता हूं कि निराला जी ने नाम से एक ट्रेन चलाने का आप विचार कर लें और उसकी घो-णा सम्भव हो तो कर दें। निराला अपनी तरह के निराले कवि थे। अभी जो दूरन्तो इलाहाबाद से आपने चलाई है, उसका संचालन और बढ़ाने का काम करिये। अभी वह हफ्ते में केवल तीन दिन चलती है और श्री विजय बहादुर सिंह उसी से आते जाते हैं, इनको बहुत असुविधा होती है।

मैं कुछ पूर्वी उत्तर प्रदेश के बारे में भी कहना चाहूंगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश का सबसे पिछड़ा हुआ इलाका है। गाजीपुर बलिया होते हुए दिल्ली के लिए और बनारस के लिए कोई ट्रेन नहीं है। पहले एक ट्रेन चलती थी, जो बलिया से बनारस को जोड़ती थी, लेकिन जब मीटर गेज से ब्रॉडगेज हो गया तो वह ट्रेन ही बन्द हो गई। गाजीपुर से, बलिया से एक ऐसी ट्रेन चलनी चाहिए, जो दिल्ली रात भर की जर्नी में पहुंच जाये। अभी एक ट्रेन चलती है, वह ट्रेन इतनी धीरे चलती है कि उससे सफर करना सम्भव नहीं है। इसी तरह गोंडा भी है, वह उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण शहर है। गोंडा में कई जिलों का संगम भी है। वहां पर अभी तक गोंडा की उपेक्षा की गई है, जबकि बेनी प्रसाद वर्मा जी वहां से मंत्री भी हैं, लेकिन वे वहां से

एक ट्रेन नहीं चलवा पा रहे हैं, न रुकवा पा रहे हैं। हम चाहते हैं कि उसकी भी वहां व्यवस्था की जाये। इलाहाबाद से कानपुर के लिए एक इण्टरसिटी चलाई जाये।

मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि इलाहाबाद की दूरी लखनऊ से मात्र 200 किलोमीटर है और लखनऊ से इलाहाबाद एक्सप्रैस ट्रेन से जाने में पांच घंटे लगते हैं तो एक ट्रेन सिवान से होते हुए, छपरा होते हुए, मुगलसराय होते हुए चलाई जाये...(व्यवधान) मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं।

बनारस से होते हुए इलाहाबाद होकर रायबरेली तक डबल लाइन कर दी जाये और इलैक्ट्रीफाइड कर दी जाये तो ग्रैण्ड कोर्ड जो चोक हो जाता है, वह न होकर यहां से बहुत सी ट्रेनें जाने लगेंगी। मैं ममता जी से एक आग्रह करूंगा कि इलाहाबाद से राजरानी एक्सप्रैस लखनऊ के लिए चलाई जाये, जिससे कि वहां के लोगों को सुविधा मिल सके

Comment [R32]: cd by n2

आपके बहुत से अधिकारी चले गए हैं, इलाहाबाद शहर के रामबाग और दारागंज स्टेशन पूर्वोत्तर रेलवे में हैं, प्रयाग रेलवे स्टेशन उत्तर रेलवे में है, फाफामऊ भी पूर्वोत्तर रेलवे में है, इसलिए मैं चाहूंगा कि इन सभी स्टेशन्स को एक साथ करके नॉर्थ सेन्ट्रल रेलवे जोन में लाया जाए। पूरे पूर्वांचल से बहुत से बच्चे पढ़ने के लिए बंगलौर जाते हैं। इलाहाबाद से बंगलौर के लिए और वै-णो देवी के लिए सीधी ट्रेन चलाई जाए, जिससे इलाहाबाद एवं उत्तर प्रदेश के लोगों को सुविधा हो।

[*]श्री नारनभाई कछाड़िया (अमरेली)

रेल बजट एक ऐसा बजट होता है जिसमें एक आम से आम आदमी को एक आशा होती है कि शायद इस बजट में रेलवे कि समस्या का समाधान हो जाए लेकिन इस बार फिर पिछले व-र्ा की तरह ममता जी ने लोगों की करूणामयी ममता को छीन लिया है और यह बजट पिछले व-र्ा की तरह लोकलुभावन बजट साबित हुआ है और मैं इस लोक लुभावन बजट का विरोध करता हूं।

आजादी के इतने सालों बाद भी हमारे सौरा-ट्रा में विशे-कर अमरेली जिला के प्रति बहुत ही सौतेला व्यवहार किया गया है यहां तक कि इस बजट में अमरेली का कोई उल्लेख तक नहीं किया गया है और इस तरह से भारतीय रेल के मानचित्र से अमरेली का नाम निकाल दिया गया है। क्या मंत्री जी को यह भी पता है कि अमरेली जिला भी देश का एक अभिन्न अंग है और यही कारण है कि आजादी के 64वें साल बाद भी मेरा चुनाव क्षेत्र अमरेली आज भी रेल सेवाओं से वंचित है। रेल सेवाओं के अभाव से आज भी मेरा चुनाव क्षेत्र सर्वाधिक पिछड़ा हुआ साबित हो रहा है। आजादी से पूर्व की मीटरगेज लाइन आज भी कार्यरत है। अमरेली के कुल आबादी का 60 प्रतिशत से अधिक प्रतिशत हिस्सा सूरत, अहमदाबाद, बड़ौदा, मुम्बई में अपनी रोजी रोटी के जीवन निर्वहन के लिए बसे हुए हैं। लेकिन अमरेली से सूरत, मुम्बई और देश के अन्य शहरों से रेल सम्पर्क से आज भी वंचित है और अधिकांश लोगों को रेल सेवाओं के लिए अहमदाबाद पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

मेरे चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ढसा से लाठी खिजडिया, अमरेली, धारी, जेतलसर और जूनागढ़ के बीच रेल लाइन बिछाने और अमान परिवर्तन के लिए कई बार सर्वेक्षण करवाया गया, लेकिन आज भी कुछ नतीजा नहीं निकल पाया है। दूसरा मैंने कई बार

[*] Speech was laid on the Table.

सदन में अहमदाबाद महुआ के बीच रेल प्रतिदिन चलाने के लिए अपना प्रस्ताव रखा और अहमदाबाद महुआ, सूरत के बीच सीधी रेल लाइन प्रारम्भ करवाने के लिए मंत्रालय से आग्रह किया, लेकिन आज भी इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई और ना ही कोई प्रत्युत्तर प्राप्त हुआ।

पश्चिम रेलवे के भावनगर विभाग के अंतर्गत आने वाले सावरकुण्डला स्टेशन पर रेल प्रशासन ने अपनी नाकाबिलियत का नमूना पेश किया है, जहां रेलवे प्लेटफार्म नीचे और लाइन ऊपर है और इस स्थिति का जायजा शायद किसी बड़ी अधिकारी ने नहीं लिया है, लेकिन फिर भी स्थिति में बदलाव नहीं हो रहा है पता नहीं ऐसा घोर मजाक वहां की जनता के साथ क्यों किया जा रहा है? मेरे क्षेत्र में कम्प्यूट्रीकृत आरक्षण केन्द्रो का अभाव है, जबकि वहां पर पिपावा पोर्ट ट्रस्ट कार्यरत है जहां से प्रतिदिन करोड़ों रूपये की राशि का आयात निर्यात किया जाता है। साथ ही साथ अंबुजा सीमेंट, अल्ट्राटेक, सिधी सीमेंट जैसे कारखाने हैं साथ ही साथ कपास की मण्डियों, नमक उत्पादन, मछली उत्पादन, खनिज सम्पदा इत्यादि से रेल प्रशासन को करोड़ों रू. का राजस्व अर्जन प्राप्त होता है, जिला मुख्यालय अमरेली स्टेशन की स्थिति अत्यधिक दयनीय है साथ ही भावनगर, अधेलाई, धोलेरा, वटमान, तारापुर, पेटलाट के रास्ते नइ लाइन बिछाने का कई बार सर्वेक्षण किया गया साथ ही साथ ढसा के बीच अमान परिवर्तन ओर सुरेन्द्र नगर बोटाड ढसा राजुला और पिपावा के बीच रेल दोहरी करने के संदर्भ में राज्य सरकार ने कई बार अपना प्रतिवेदन प्रेन्ति किया लेकिन नतीजा आज तक संतो-नजनक नहीं मिल पाया है, प्रत्येक वर्न के रेल बजट में राज्य से संबंधित वित्तीय आवंटन के लिए प्रस्ताव प्रेन्ति किया जाता है लेकिन हर बार की तरह गुजरात रेल सेवाओं को प्राप्त करने से वंचित रहता है और इस बजट में मंत्री महोदया जी ने जो कुछ भी गुजरात के लिए घो-णाएं की हैं उसका मैं स्वागत करता हूं और मैं यहां रेलवे

मंत्रालय से यही निवेदन करना चाहूंगा कि इस बजट में हमारे गुजरात के लिए जो भी घो-णाएं की गई हैं उस पर रेलवे मंत्रालय खरे उतरकर समय से सारी योजनाएं पूरी करे यही हमारी कामना है।

*श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): इस रेल बजट के बारे में पूरे देश एवं मीडिया ने कहा है कि ये चुनावी रेल बजट है, पश्चिम बंगाल का बजट है। चुनाव जीतने का रेल बजट है। अन्य राज्यों को नजर अंदाज किया है। ये सम्यक (बैलेन्स) बजट नहीं। इसलिये मैं उसका विरोध करता हूं और कहता हूं कि विकास में राजनीति नहीं होनी चाहिए, जो दिख रही है।

रेलवे की भूमिका केवल रेल चलाने की नहीं होती है। बल्कि देश के पिछड़े और बिछड़े क्षेत्र जो रेल सेवा से वंचित होने से उनका विकास नहीं हुआ है, उसका चयन करके, सुयोग्य रेल व्यवस्था स्थापित करके उसको रा-ट्र की मुख्य धरोहर में जोड़ने का काम करना चाहिए। लेकिन दुख के साथ कहना पड़ता है कि ऐसा नहीं हुआ है। हमारे जैसे कई क्षेत्रों के साथ अन्याय हुआ है।

मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा की बात करूं तो ये आदिवासी एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों का क्षेत्र है। पूरा क्षेत्र कृ-ि एवं पशुपालन पर जी रहा है। उद्योग बहुत कम है। यहां तो ऐसे कई लोग हैं जिन्होंने रेलगाड़ी नहीं देखी या उसमें सफर नहीं किया।

हमारे यहां बहुत कम मात्रा में रेलगाड़ियां चलती हैं और जो चलती है उनकी स्पीड बहुत कम (40 किमी. प्रतिघंटा) है एवम् जो समय सारणी है वह यहां के लोगों के अनुकूल नहीं है। इसलिए रेल में बैठने को कोई तैयार नहीं है। इसलिए सभी रेलगाड़ियां घाटे में चल रही है। रेल का कोई औचित्य ही नहीं है।

आपने इस बजट में अहमदाबाद-खेडब्रहमा-अंबाजी का सर्वे कराने की बात की है, जो पहले हो चुका है एवं उनको सैद्धांतिक स्वीकृति भी दे दी गई थी। तो फिर दोबारा सर्वे कराने का क्या फायदा?

* Speech was laid on the Table.

अहमदाबाद-हिम्मतनगर-उदयपुर जो 2008 में अमान परिवर्तन की स्वीकृति दी गई है लेकिन बजेटरी सपोर्ट नहीं होने के वजह से कोई काम नहीं हुआ है।

मोडासा-कपडवंज-नडीयाद रेल को लगाये हुए 11 साल हुये, लेकिन आज भी सिर्फ दो धीमी ट्रेनें चलती हैं, जिसकी समय सारणी लोगों के अनुकूल नहीं होने पर पूरी रेल घाटे में चल रही है। डेमाई जैसे रेलवे स्टेशन बंद हो रहे हैं जबकि इस क्षेत्र से हर दिन 150 से 200 लग्जरी बस, टैक्सी, कार इत्यादि प्राइवेट साधनों के जरिये लोग मुंबई जा रहे हैं। हमारे क्षेत्र से दिल्ली या मुंबई जाने के लिए कोई सीधी रेल सेवा नहीं है। हमारी मांग मोडासा-मुंबई सीधी रेल सेवा चालू कराने की थी जो आपने स्वीकृत नहीं की। इसे मान लिया जाये।

मेरा पूरा क्षेत्र कृनि एवं पशुपालन आधारित है। पूरे क्षेत्र में एक भी रेक पाइंट न होने से यूरिया, सीमेंट इत्यादि माल सामान दूसरे क्षेत्रों से रोड के जरिये आते हैं, जो समय पर नहीं मिलते एवं महंगे भी पड़ते हैं, जिससे कृनि प्रभावित हाती है। मोडासा रेलवे स्टेशन पर रैक पाइंट की मांग की है जो स्वीकृत नहीं हुई है। उसे स्वीकृति दे दी जाए।

गत बजट में आपने हमारे क्षेत्र के हिम्मतनगर शहर को आदर्श स्टेशन बनाने हेतु घोनित किया था। इसकी कोई जरूरत ही नहीं, क्योंकि रेल सेवायें ही नहीं है तो हम आदर्श स्टेशन का क्या उपयोग करेंगे? हमें तो रेल सेवायें चाहिए। रेलवे स्टेशन नहीं होगा तो चलेगा। लेकिन ताज्जुब की बात ये है कि इस बजट में आपने उसे कम्प्लीटेड आदर्श स्टेशन की सूची में शामिल किया है जबकि वहां तो कुछ भी नया काम नहीं हुआ है।

ये सब हमारा मजाक एवं अपमान नहीं तो और क्या है? अब तो हमारे क्षेत्र के लोग मांग करते हैं कि अब हमें रेल सुविधा नहीं मिल रही तो रेलवे विभाग को बोलो कि ये रेल की पटरियां उखाड़ के ले जाएं और किसानों की जो जमीन रेल हेतु संपादित की है वो वापिस करें। हमें ऐसी रेल की कोई आवश्यकता नहीं है।

सांसदों की मांग को जिस तरह से इस बजट में ठुकराया गया है, उससे लोकतंत्र का भद्दा मजाक हुआ है। ये कहा का न्याय है? क्या दूसरे क्षेत्रों में इन्सान नहीं रहते? क्या उन्हें रेल सेवा प्राप्त करने का अधिकार नहीं है? क्या हम इस देश के नागरिक नहीं है? क्या हमें भी विकास के लिये समान अवसर नहीं मिलना चाहिए?

मैं रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि हमें न्याय दें। हमारे क्षेत्र को रेल सुविधा देकर विकास का अवसर प्रदान करें।

[*]श्री माणिकराव होडल्या गावित (नन्दुरबार)

मैं सबसे पहले माननीय रेल मंत्री ममता बैनर्जी जी को माननीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, यूपीए अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी और माननीय वित्त मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी जी के नेतृत्व में बेहतरीन बजट पेश करने के लिए बधाई देता हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि माननीय रेल मंत्री जी के नेतृत्व में भारतीय रेल दिन दोगुनी रात चौगुनी प्रगति करेगी।

माननीय रेल मंत्री जी ने अपने पिछले बजट में इज्जत पास का एलान किया था। इस इज्जत पास का मेरे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ पहुंचा है और वे अब इज्ज्त से रेल में सफर करते हैं। मैं माननीय रेल मंत्री महोदया का इस वि-नय पर धन्यवाद अदा करना चाहता हूं।

मैं माननीय मंत्री महोदया को इस व-र्ा भी रेल के किराए में वृद्धि ना करने के लिए भी बधाई देता हूँ। माननीय मंत्री महोदया ने इस व-र्ा भी यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई सारी घो-णाएं की हैं, जिनका हम स्वागत करते हैं।

मैं माननीय मंत्री महोदय को 16000 भूतपूर्व सैनिकों को रेलवे की नौकरी में शामिल करने के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। उनके इस निर्णय से देश के बहादुर नौजवानों में बहुत उत्साह होगा।

मुझे यह जानकर अत्यंत खुशी हुई कि हमारी लगातार मांगों को देखते हुए धुले-अमलनेर, नासिक-दहानु रोड़ एवं पुणे-नासिक रेलवे मार्गों का सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है और इन पर 12वीं योजना में काम शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा मुझे यह जानकार भी अत्यंत प्रसन्नता हुई कि इस व-र्ा भुसावल-जलगाँव तीसरी लाइन के दोहरीकरण का काम भी शुरू किया जाएगा।

---

[*] Speech was laid on the Table.

मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान कुछ महत्वपूर्ण वि-नयों की ओर आकर्-ित करना चाहता हूं।

पश्चिमी रेलवे में उद्यना-जलगाँव खण्ड में 306 कि.मी. लम्बाई के रेल मार्ग के दोहरीकरण को 2008-09 के रेल बजट में स्वीकृति प्रदान की गई थी और इसके लिए 715 करोड़ रूपये के खर्च के लिए मंजूरी दी गई थी। इस परियोजना के लिए व-र् 2008-09 के दौरान 70 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया था लेकिन रेलवे प्रशासन द्वारा इस परियोजना की ओर ध्यान नहीं देने की वजह से यह पैसा खर्च नहीं हो पाया था। व-र् 2009-10 के दौरान इस परियोजना को केवल 14 करोड़ रूपये दिए गए और व-र् 2010-11 में केवल 30 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया। पिछले तीन सालों से पैसे के अभाव की वजह से इस परियोजना का काम तेजी से नहीं हो पाया।

इस व-र् के बजट में माननीय मंत्री महोदया ने इस परियोजना के लिए 200 करोड़ रूपयों का प्रावधान किया है। मैं माननीय मंत्री महोदया का धन्यवाद अदा करता हूँ और उनसे गुजारिश करता हूं कि इस परियोजना के महत्व को और पिछले तीन सालों में इस परियोजना पर काम न हो पाने को ध्यान में रखते हुए और 200 करोड़ रूपये इस परियोजना को दिए जाएं ताकि इस 715 करोड़ रूपये की परियोजना को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। मेरा सरकार से अनुरोध है कि रेलवे प्रशासन को निर्देश दिए जाएं कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को ज्यादा से ज्यादा पैसा मुहैया कराकर इसे जल्दी पूरा करने की कोशिश की जाए।

इस रेल मार्ग के दोहरीकरण से महारा-ट्र तथा गुजरात के 6 संसदीय क्षेत्र के निवासियों को लाभ पहुंचेगा, जिनमें आदिवासी संख्या अधिकांश है।

इसके अलावा मनमाड़-इंदौर वाया मालेगांव, धुले, शिरपुर,। यह 350 कि.मी. लम्बे रेल मार्ग की परियोजना का प्रस्ताव महारा-ट्र सरकार ने रेल मंत्रालय को भेजा है।

इस परियोजना पर कुल 823 करोड़ रूपए खर्च होने का अनुमान है जिसमें से 412 करोड़ रूपए महारा-ट्र सरकार ने व्यय करने का फैसला किया है। इस परियोजना से महारा-ट्र एवं मध्य प्रदेश दोनों ही राज्यों को फायदा मिलेगा। यह लाइन भी दोनों राज्यों के पिछड़े इलाकों से गुजरेगी एवं इन इलाकों के विकास में बहुत सहायक होगी। यह प्रस्ताव रेल मंत्रालय के पास लंबित है। मेरा अनुरोध है कि इस प्रस्ताव को जल्द से जल्द मंजूरी प्रदान की जाए और इस प्रस्ताव के लिए महारा-ट्र सरकार को जमीन उपलब्ध कराने के लिए कहा जाए।

मैं एक और अत्यंत महत्वपूर्ण वि-नय की ओर मंत्री महोदया का ध्यान आकर्-ित करना चाहता हूं। मुम्बई से कसारा तक लोकल ट्रेनों की सुविधा उपलब्ध है। कसारा से करीब 12 कि.मी. की दूरी पर इगतपुरी स्टेशन स्थित है। यह 12 कि.मी. का क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और आज तक लोकन ट्रेनों की सुविधा से वंचित है। उनकी लम्बे समय से यह जायज मांग रही है कि इन लोकल ट्रेनों को इगतपुरी स्टेशन तक बढ़ाया जाए ताकि कसारा और इगतपुरी के बीच रहने वाले लोगों को भी इसका फायदा मिल सकें और इस क्षेत्र को भी लोकल ट्रेनों के साथ मुम्बई से जोड़ा जा सके ताकि अन्य लोगों के साथ यहां के छात्रों को भी शिक्षा के लिए मुम्बई आने-जाने में आसानी हो सके।

इन लोगों की जायज मांग को ध्यान में रखते हुए मैंने मध्य रेल के महाप्रबंधक के साथ इस वि-नय में पत्र व्यवहार भी किया। लेकिन उनसे मुझे बड़ा ही निराशाजनक जवाब मिला। उन्होंने अपने पत्र के द्वारा मुझे सूचित किया कि कसारा-इगतपुरी घाट खंड है जहां खड़ी ढाल 1 इन 37 है तथ लोकल डिब्बे कसारा-इगतपुरी जैसी खड़ी ढाल वाले खंड पर कार्य करने के लिए तकनीकी रूप से उपयुक्त नहीं है।

भारतीय रेल ने कोंकण जैसी कठिनाइयों वाले क्षेत्र में कोंकण रेल चलाने जैसी चुनौतियों का सामना किया है। भारतीय रेल ने जम्मू-कश्मीर को भी सुदृढ़ रेल सेवा प्रदान की है। जब हम इतनी कठिनाई भरे रास्तों पर रेल सेवा प्रदान कर सकते हैं तो इस तकनीकी युग में मुम्बई से कसारा तक चलने वाली लोकल ट्रेनों को सिर्फ 12 कि.मी. तक बढ़ा कर इगतपुरी तक नहीं ले जा सकते हैं।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि नई तकनीकों का उपयोग करके लोकल ट्रेनों को इगतपुरी तक बढ़ाया जा सके ताकि 100 प्रतिशत पिछड़े जनजातियों के इस इलाके को भी फायदा मिल सकें।

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि 584 आदर्श स्टेशनों की सूची में से 442 स्टेशनों पर कार्य पूरा कर लिया गया है और 236 अन्य स्टेशनों को भी इस सूची में शामिल किया गया है। इस वि-नय पर माननीय सदस्यों के सुझाव को सहर्ष स्वीकार करने की बात भी माननीय मंत्री महोदया ने कही है।

मेरे क्षेत्र के उधना, नंदुरबार और अमलनेर स्टेशनों का इस सूची में कहीं भी जिक्र नहीं है। मेरा अनुरोध है कि उधना, नंदुरबार और अमलनेर रेलवे स्टेशनों को भी आदर्श स्टेशनों की सूची में शामिल किया जाये।

मैं माननीय मंत्री महोदया का ध्यान एक महत्वपूर्ण वि-नय की ओर आकर्नित करना चाहता हूं। अहमदाबाद - चेन्नई एक्सप्रेस (12655/56), सूरत - अमरावती फास्ट पेसेंजर (59025/26) और हापा-हावरा एक्सप्रेस (12905/06) यह तीनों गाड़ियां नवापुर होकर गुजरती हैं। नवापुर यह मेरा गांव है। लेकिन नवापुर स्टेशन पर यह गाड़ियों नहीं रूकने से यहां के यात्रियों को बहुत असुविधा होती है। मेरा मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि इन तीन गाड़ियों को नवापुर स्टेशन पर रोका जाये ताकि यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों की असुविधाओं को दूर किया जा सके।

इसके अलावा, नंदुरबार से मुंबई जाने के लिए नंदुरबार के लोगों के लिए कोई गाड़ी नहीं है तथा उन्हें सूरत, जो कि गुजरात में है, जाकर गाड़ी पकड़नी होती है। यहां के यात्रियों की लंबे समय से मांग है कि नंदुरबार से मुंबई के लिये वाया सूरत एक नई ट्रेन शुरू की जाये। मेरा आपसे अनुरोध है कि यहां के यात्रियों की असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस रेलगाड़ी को जल्द से जल्द शुरू किया जाये।

मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि बिना चौकीदार वाले समपारों पर 172 आर.ओ.बी. तथा 240 आर.यू.बी./सबवे निर्माण से 36 प्रतिशत तक दुर्घटनाएं कम हो गइ हैं तथा आगामी व-र्षों में 200 नए आर.ओ.बी. और 325 आर.यू.बी. निर्माण किये जायंगे।

मेरा माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध है कि उधना-जलगांव खंड पर बिना चौकीदार वाले समपारों पर आर.यू.बी. या आर.ओ.बी. का निर्माण किया जाए ताकि वहां होने वाली दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके।

इसके अलावा सूरत-धुले नेशनल हाईवे नंबर 6 पर एल.सी. गेट नं. 68 अनंतपुर, एल.सी. गेट नं. 69, नवापुर, जिला नंदुरबार और एल.सी. गेट नं. 74 चिंचपाड़ा, इन जगहों पर काफी गाड़ियों की आवाजाही होती है। इन गेटों के अधिकांश समय बंद रहने की वजह से जनता को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इन गेटों पर भी आर.ओ.बी. बनाये जायें ताकि जनता की असुविधाओं को दूर किया जा सके। 2011-2012 रेल बजट का समर्थन करता हूं। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपने विचार समाप्त करता हूं ।

MR. CHAIRMAN : Hon. Member, before I call upon the next speaker, I would like to remind you that out of the 19 minutes allotted to your party for this discussion, you have already taken 16 minutes. There are seven more speakers to speak from your party. So, I would like to request the hon. Members to restrict their speeches within the allotted time. The Chair does not want to interrupt here. But please restrict your speeches to the time allotted.

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): महोदय, आपने मुझे इस बजट पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देते हुए कहना चाहता हूं कि मैं जिस प्रदेश से आता हूं, उत्तर प्रदेश इस देश का सबसे बड़ा सूबा है। उत्तर प्रदेश हर संघर्ष में आगे रहा है। मैं पिछले 13-14 साल से देख रहा हूं। मैंने कई रेल मंत्रियों को देखा, उनके बजट को देखा। उत्तर प्रदेश में पूर्वी उत्तर प्रदेश सबसे पिछड़ा हुआ है। बिहार के लोग उस दिन बहुत हल्ला कर रहे थे, उत्तर प्रदेश से पंडित कमलापति त्रिपाठी और कुछ दिनों के लिए स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र को छोड़ दिया जाए, तो सबसे ज्यादा, लगभग एक दर्जन रेल मंत्री बिहार से ही आए हैं। अगर वर्तमान रेल मंत्री को छोड़ दिया जाए, तो बाकी सभी लोगों ने केवल आश्वासन देने का काम किया है। मैं बधाई देता हूं रेल मंत्री कुमारी ममता बनर्जी जी को, जिन्होंने पिछले बजट में किए गए अपने वादे को निभाया है। पिछले बजट के समय उस सवाल पर मैंने टोका भी था, इन्होंने सबसे बड़ा ऐतिहासिक कदम लिया, देश का शायद पहला डिपार्टमेंट रेल मंत्रालय है, हालांकि सभी की जवाबदेही संविधान के हिसाब से है, हर सूबे की, हर प्रदेश सरकार की जवाबदेही है संविधान के हिसाब से कि वहां जो गरीब लोग है, एससी, एसटी, ओबीसी लोग हैं, उनका कोटा पूरा होना चाहिए। बहुत से सूबों में ऐसा नहीं हो पाता है। आज हमारी उत्तर प्रदेश की सरकार ने उसको पूरा किया है और मैं रेल मंत्री जी को बधाई देता हूं कि पहली बार आपने यह साहसिक कदम बढ़ाया है, इतिहास में पहली बार आपने उन पौने दो लाख गरीब एससी, एसटी, ओबीसी लोगों का कोटा पूरा करने का जो वादा किया था, उसे पूरा करने काम इस बजट में किया है। इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं।

महोदय, मैं जहां से आता हूं उत्तर प्रदेश के पिछड़े इलाके पूर्वांचल के मऊ जनपद में जो घोसी संसदीय क्षेत्र है, जो पिछड़ा और बुनकर बाहुल्य इलाका है, रेल से कटा हुआ है। वहां तमाम बुनकर बाहुल्य इलाके हैं, जो साड़ी बनाने का काम करते हैं, व्यापारी हैं, जिनको दक्षिण भारत से लेकर मुंबई, कोलकाता, सूरत आदि जाना पड़ता है।

Comment [r33]: cd. by o2.h

वहां ट्रेन की कोई सुविधा नहीं थी। मैं रेल मंत्री ममता जी को बधाई देता हूं कि आपने एक ऐतिहासिक काम किया कि जो वादा आपने किया था, मऊ को टर्मिनल देकर वहां के लोगों की दशकों पुरानी मांग को पूरा किया। इससे वहां के बुनकरों और नौजवानों को काफी सुविधा होगी।

सभापति जी, बार-बार इस बात की मांग होती रही है कि पूर्वांचल के बुनकर बाहुल्य क्षेत्र में जो किसान हैं, नौजवान हैं, वे केवल खेती ही नहीं करते, बुनकरी का काम ही नहीं करते, अंग्रेजों के समय देश की आज़ादी के लिए लड़ाई लड़ने का भी उन्होंने काम किया था। यहां से कई लोग कमाने के लिए कोलकाता जाते थे, जिन्हें अंग्रेज खतरनाक कैदी मानकर अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में पोर्ट ब्लेयर की सेल्युलर जेल में रखते थे। पहले वहां तक जाने का कोई रास्ता नहीं था। आपको चेन्नई से या कोलकाता से शिप से जाना पड़ता था। मैंने मांग की थी कि आजमगढ़, बनारस, बलिया, देवरिया आदि शहरों के जो लोग पोर्ट ब्लेयर की जेल में सजा काट चुके हैं, वे वहां व्यापार के काम में लगे हुए हैं इसलिए हमारे पूर्वांचल क्षेत्र को कोलकाता से जोड़ने का काम किया जाए। मैं बधाई देना चाहूंगा ममता जी को कि आपने एक ट्रेन दी जो गोंडा से आसनसोल जाएगी। वहां से कोलकाता जाने में दो घंटे लगते हैं इसलिए उस ट्रेन को आसनसोल की जगह सीधे कोलकाता तक कर दिया जाए, जिससे पानी के जहाज से अंडमान-निकोबार द्वीप समूह तक लोग जा सकें।

मैं रेल मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि आपके दिल में जो पीड़ा और ममता है देश के गरीब लोगों के लिए, जो रोजगार की तलाश में बिहार और पूर्वांचल से पलायन करते हैं, उनके बारे में भी अपने रेल बजट भा-ण में जिक्र किया। ये लोग रेल लाइन के किनार रहते हैं, क्योंकि इन्हें और कहीं रहने को जगह नहीं मिलती है। आपने ऐसे 10,000 लोगों को मकान बनाकर देने का जो आश्वासन दिया है, वह प्रशंसनीय है। लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि उसमें उत्तर प्रदेश अछूता है इसलिए मैं चाहूंगा कि इन 10,000 मकानों में गरीब उत्तर प्रदेश का जो हिस्सा आता है, उसे पूरा करने का आप प्रयास करेंगी।

रेल मंत्री (कुमारी ममता बनर्जी): जो गरीब लोग रेल लाइन के किनारे रहते हैं, उससे हमेशा यह डर बना रहता है कि कहीं एक्सीडेंट न हो जाए, और ऐसा होता भी है। उसके फलस्वरूप रेलगाड़ियां भी बाधित होती हैं और उन गरीबों की जिंदगी भी खतरे में पड़ जाती है। इसलिए हमने डिसाइड किया कि उनसे जगह न लेकर दूसरी जगह उनके लिए मकान बनाएं जाएं और वह जगह क्लियर करा ली जाए। इस काम में राज्य सरकारों और नगर म्यूनिसिपल कार्पोरेशन के साथ मिलकर हम मकान बनाकर देंगे। यह पायलट प्रोजेक्ट शुरू में तीन-चार जगहों पर लिया गया है, बाद में और जगह भी कवर करेंगे।

श्री दारा सिंह चौहान : आपने आश्वासन दिया है, तो मैं समझता हूं कि वह अवश्य पूरा होगा।

सभापति जी, जहां से मैं आता हूं, जैसा कि अभी रेवती रमन जी कह रहे थे कि वहां से दक्षिण भारत के लिए ट्रेंस का अभाव है। हमारे पूर्वांचल से कई बच्चे सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की पढ़ाई, नौकरी के लिए वहां जाते हैं। मैं चाहता हूं कि आपने गोरखपुर-फैजाबाद होकर जसवंतपुर-बैंगलोर जो ट्रेन दी है, गोरखपुर से प्रतिदिन एक ट्रेन दक्षिण भारत जाए। उस ट्रेन को बलिया, बेलथरा, आजमगढ़, मऊ होकर अयोध्या, फैजाबाद होकर लखनऊ निकाल देंगे तो उससे काफी सुविधा होगी।

बलिया से एक पैसेंजर ट्रेन जाती है, उत्तर प्रदेश एक पिछड़ा हुआ इलाका है, यह ट्रेन साढ़े चार बजे चलकर रात को दस बजे शाहगंज रुकती है और रात भर वहीं खड़ी रहती है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ है, वहां हमारे यहां से कई नौजवान परीक्षा देने, पीजीआई में मरीज इलाज कराने आते हैं, लेकिन उनके पास आने का कोई साधन नहीं है। उनके लिए कोई साधन नहीं है। मैं समझता हूं कि रात भर जो ट्रेन खड़ी रहती है अगर उसे लखनऊ तक बढ़ा दिया जाता, तो पूर्वांचल के तमाम लोगों को लखनऊ जाने का साधन हो जाता, यह मेरी मांग है।

Comment [r34]: cd. by p2

सभापति महोदय, जहां से मैं आता हूं एक मेरा मऊ जनपद हैडक्वार्टर है, आपने टर्मिनल देकर वहां के लोगों का बड़ा उपकार किया है, मैं समझता हूं कि उससे काफी सुविधा बढ़ जाएगी। लेकिन वहां से मऊ-आजमगढ़ होते हुए दिल्ली के लिए एक भी सीधी ट्रेन नहीं है। एक ट्रेन लिच्छवी चलती थी जो वाया बनारस होते हुए जाती थी, वह मुजफ्फरपुर से चलती थी, उसे सीतामढ़ी तक बढ़ा दिया गया है, उसे दो बजे आना चाहिए लेकिन वह लेट आती है। इसलिए मेरी मांग है कि मऊ से आजमगढ़ के लिए, एक परमानेंट दिल्ली के लिए, स्पेशल ट्रेन चलायी जाए।...(व्यवधान) इसलिए कि बहुत सारे टिकट वहां के होते हैं।

श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा): मऊ को जोन बना दिया जाए।...(व्यवधान)

श्री दारा सिंह चौहान : आपने तो बांट दिया है। बिहार और झारखंड एक था तो आप लोगों ने ही इसे बांटा है। ...(व्यवधान) वहां मऊ-आजमगढ़, जोनपुर और सागर तक के लोगों तक का, सभी लोगों का फायदा होगा। मुम्बई बहुत सारे लोग वहां से जाते हैं लेकिन कोई ट्रेन वहां के लिए नहीं है। बलिया जनपद है। पहले बलिया से एक इंटर सिटी चलती थी, जब छोटी लाइन थी जो मऊ होते हुए सुबह बनारस जाती थी और शाम को वहां से लौटकर बलिया पहुंच जाती थी। मैं समझता हूं कि इसे अगर बहाल कर दिया जाए तो बलिया, मऊ, आजमगढ़ के सारे लोगों का फायदा होगा। ...(व्यवधान) वहां से जो गरीब रथ चलती है, मैं समझता हूं कि अहमदाबाद और रसड़ा में वहां उसे दो मिनट का ठहराव जरूर मिलना चाहिए। ...(व्यवधान) एक दर्जन रेल मंत्री बिहार को मिले हैं। ...(व्यवधान) जो 56 नयी ट्रेनें चली हैं उसमें से 5 उत्तर प्रदेश को

दी गयी हैं। मैं समझता हूं कि बहुत सारे महत्वपूर्ण स्थान हैं जो छूट गये हैं जहां ट्रेन्स को जोड़ने की जरूरत है। आपने जो गौरवभूमि चलाने का काम किया, मैं समझता हूं कि सारनाथ से जब विदेशी आते हैं वह मऊ होकर सीधे कुशीनगर और लुम्बिनी की ओर निकलते हैं तो मऊ को उनसे भी जोड़ने की जरूरत है। यह सही बात है कि आपने पूरे देश में ट्रेन्स को जोड़ने का काम किया है, उसमें एक अकबरपुर स्टेशन है, अम्बेडकर नगर में, वहां डिग्री कॉलिज और हास्पिटल बंद रहते हैं क्योंकि वहां जाने के लिए उन्हें अंडरपास चाहिए। वहां के अंडरपास के लिए हमारी तथा वहां के मंत्री जी की मांग है।...(व्यवधान)

कुमारी ममता बनर्जी: जितने अंडरपास हैं उन्हें जरूर कर देंगे।

श्री दारा सिंह चौहान: जी, ठीक है। माननीया मंत्री जी, मेरा एक और सुझाव है। मऊ जनपद जो बुनकर बहुल इलाका है और जो मऊ रेलवे का जीरो बी गेट है, उसके पश्चिम में 80-90 प्रतिशत आबादी रहती है और दिन में उस पार जाने के लिए फाटक 48 बार बंद होता है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उसका जाइंट सर्वेक्षण जल्दी हो जाएगा और उस पर फ्लाई ओवर बन जाएगा और मैं समझता हूं कि मऊ के लोगों को उसका फायदा मिलेगा। मैं माननीया रेल मंत्री को बधाई और शुभकामनाएं देना चाहता हूं। लोगों के मन में यह शंका हो गयी है कि दीदी तो पश्चिम बंगाल की मुख्य मंत्री होने जा रही हैं तो उनके कार्यों का क्या होगा? काम समय से पूरा हो पाएगा या नहीं हो पाएगा। लेकिन मुझे और पूरे सदन को भरोसा है कि आप जो कहती हैं वह करती हैं, इसलिए आपने जो कहा है, मुख्यमंत्री होने के बाद भी ये सब काम पूरे होंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ ही मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

***श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी)**

सर्वप्रथम मैं माननीया रेल मंत्री कुमारी ममता बनर्जी एवं श्रीमती सोनिया गांधी जी को धन्यवाद देता हूं कि वर्ष 2011-12 के रेल बजट में देवां के रास्ते बाराबंकी-फतेहपुर नई लाइन के सर्वेक्षण के प्रस्ताव को स्वीकार किया है तथा इसके लिए भी बधाई देना चाहता हूं कि रायबरेली कोच फैक्ट्री में अगले तीन माह में उत्पादन प्रारंभ हो जाएगा।

मैं बजट में दिए गए आंकड़ों की बौछार नहीं करना चाहता, मेरे योग्य साथियों के द्वारा बड़े विस्तार से चर्चा की जा चुकी है। बजट पढ़ने के बाद स्प-ट धारणा बनेगी कि ये एक और विकास परक और निरन्तरता का बजट है।

इस बजट में 13 नई पैसेन्जर, 56 नई एक्सप्रेस, रविन्द्रनाथ टैगोर और स्वामी विवेकानंद की 150 वीं जयंती के उपलक्ष पर कविगुरू और विवेक एक्सप्रेस चलाने के साथ नई सब-अर्बन सेवाएं शुरू करने की योजना बनाई गई है। राज्यों की राजधानियों और उनके महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ने के लिए राज्य रानी एक्सप्रेस तथा जयपुर-दिल्ली और अहमदाबाद-मुंबई के बीच ऐसी डबलडेकर, मुंबई, चैन्नई, कोलकाता, सिकन्दराबाद ओर दिल्ली में नई सब-अर्बन तथा 8 नई मेमू सेवाओं को प्रारम्भ किया जाएगा। अतिरिक्त गाड़ियों की मांग को ध्यान में रखते हुए माननीया रेल मंत्री जी ने 33 गाड़ियों का चालन क्षेत्र में भी विस्तार करने का फैसला लिया है।

माननीया रेल मंत्री जी ने सुरक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने हेतु अखिल भारतीय सुरक्षा हेल्प लाइन बनाने, रेल आधारित उद्योगों के विस्तार के लिए नई योजना बनाने तथा रेलवे द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु हरित क्रांति की पहल की गई है। इस बजट के

---

* Speech was laid on the Table.

माध्यम से सामाजिक दृ‍ष्टि से रेल पटरियों के किनारे रहने वाले लोगों के लिए सुखी गृह योजना के माध्यम से आश्रय घर बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।

इस बजट में यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार के संबंध में अनेकों महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिनमें प्रमुखतः गर्मियों की भीड़ से निपटने के लिए ट्रेनों की फेरों में 8000 की वृद्धि की गई है। रेल यात्रियों/उपयोगकर्ताओं के लिए सुख-सुविधा का पूर्ण ध्यान रखने का भी निर्णय लिया गया है। इस बजट में विकलांग, प्रेस संवाददाता, कीर्ति और शौर्य चक्र विजेता, अविवाहित मरणोपरांत परमवीर एवं अशोक चक्र वीरता पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता एवं वरि‍ष्ठ नागरिकों और महिलाओं को रियायत देने का भी निर्णय लिया गया है।

रेलवे मंत्रालय द्वारा 25 नई रेल परियोजना शुरू करने, 22 नई डीजल इंजन मल्टीपल यूनिय (डेमू) प्रारंभ करने, प्रमुख चुनिंदा रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन बनाने, माल डिब्बा प्रांगण और समर्पित माल गलियारा बनाने, ठकुराली में 700 मेगावाट का गैस आधारित पावर संयंत्र लगाने, होटल लोड कनवर्टर' वाले प्रथम इंजन का निर्माण करने, 114 रेल परियोजनाआं का सर्वेक्षण करने, 800 किलोमीटर का आमान परिवर्तन करने, 700 किलोमीटर का दोहरीकरण करने, 1075 किलोमीटर नए रेलखंडों का निर्माण करने तथा 1000 किलोमीटर लम्बी रेल लाइनें बिछाकर इतिहास रचने की तैयारी की गई है।

इस बजट में देश में ऐतिहासिक व शैक्षणिक स्थानों को जोड़ते हुए जन्म भमि गौरव ट्रेन चलाने की योजना भी बनाई गई है। कर्मचारी कल्याण एवं प्रशिक्षण एवं भर्ती के लिए भी नई योजनाएं बनाने का निर्णय इस बजट में लिया गया है।

बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर कैफियत और गोरखधाम एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों के ठहराव

माननीय रेल मंत्री जी आपसे बाराबंकी रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली कैफियत और गोरखधाम एक्सप्रेस के ठहराव पर भी कई बार निवेदन किया जा चुका है, पर आज दिनांक तक उक्त ठहराव स्वीकृत नहीं किया गया है, जबकि विभाग के अन्दर इस पर सहमति है कि उक्त दोनों ट्रेनों का ठहराव बाराबंकी जंक्शन पर हो जाए। अतः आपसे निवेदन है कि संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी करें।

बाराबंकी-देवां मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज

मैं माननीय रेलमंत्री जी का इस ओर भी ध्यान आकर्नित करना चाहता हूँ कि बाराबंकी से देवा शरीफ की दूरी मात्र 13 कि.मी. है, लेकिन इस मार्ग पर गोरखपुर हावड़ा ट्रंक लाइन तथा लखनऊ-बनारस ट्रंक लाइन बीच में पड़ती है और घंटों रेलवे फाटक बन्द होने के कारण प्रतीक्षा करनी पड़ती है। मैंने माननीय रेलमंत्री जी को इन दोनों लाइनों के ऊपर ओवरब्रिज बनाने का सुझाव दिया गया था, जिसे स्वीकृति तो प्रदान कर दी गई है, लेकिन राज्य सरकार से इस सहमति की प्रतीक्षा की जा रही है कि रेलवे ओवरब्रिज बनने के बाद नीचे के फाटक को बन्द कर दिया जाएगा। मेरा माननीय रेल मंत्रीजी से अनुरोध है कि वे शीघ्र-अतिशीघ्र इस ओवरब्रिज पर कार्य प्रारंभ कराए।

बाराबंकी निवासी 12 लोगों की ऊंचाहार रेलवे क्रोसिंग पर हुई दुर्घटना के मृतक आश्रितों को नौकरी

मैं माननीया रेल मंत्री जी को पुनः बताना चाहूंगा कि दिनांक 25 जनवरी, 2009 को रायबरेली जनपद उत्तर प्रदेश ऊचाहार रेलवे फाटक पर एक ट्रेक्टर ट्रोली से रेल दुर्घटना घटित हुई, जिसमें 12 व्यक्तियों की मौत हुई, जो सभी मेरे लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी के निवासी थे। दिनांक 27 जनवरी, 2009 को लालगंज रेलवे कोच फैक्ट्री के शिलान्यास

के अवसर पर तत्कालीन रेल मंत्री जी के अतिरिक्त आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी एवं श्री राहुल गांधी इस आयोजन में उपस्थित थे और इनकी उपस्थिति में तत्कालीन रेलमंत्री श्री लालू प्रसाद यादव जी ने प्रत्येक मृतक परिवार को 1-1 लाख रूपये का चैक दिया तथा यह भी घो-णा की गई कि प्रत्येक परिवार से 1-1 व्यक्ति का चतुर्थ श्रेणी में नौकरी दी जाएगी। स्प-ट घो-णा के बावजूद आजतक किसी भी परिवार को नौकरी उपलब्ध नहीं करवाई गई है। मैंने सदन के माध्यम से यह प्रश्न पूछा था, जिसके जवाब में आपने यह तो स्वीकार किया कि नौकरी देने की घो-णा की गई थी, लेकिन तकनीकी बहाना बनाकर नौकरी देने से मना कर दिया गया। मेरा आपसे विशे-ा अनुरोध है कि मानवीय दृ-टिकोण अपनाते हुए इन संतृप्त परिवार के मृतक आश्रित को चतुर्थ् श्रेणी में नौकरी देने की घो-णा करें। केन्द्र सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी है सरकार के एक मंत्री द्वारा कोई घो-णा की जाती है तो उसे पूरा करना सरकार का दायित्व है। मेरा अनुरोध है कि इस मामले में शीघ्रता से दुखी परिवारों को नौकरी देकर उनके आंसू पोछने का काम करेंगे।

<u>बुनकरों को माल लाने-ले जाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख ट्रेनों का ठहराव समय में वृद्धि</u>

मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान सामान्य बजट की ओर आकर्-ात करते हुए बताना चाहूंगा कि देश में बुनकरों की बदहाल स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस व-र् बजट में 3000 करोड़ रू. का प्रावधान कर बुनकरों का ऋण माफ किया गया है। बाराबंकी बुनकर बाहुल्य क्षेत्र है, यहां से देश के विभिन्न हिस्सों में बुनकर कच्चा व पक्का माल लाते-ले जाते हैं, लेकिन बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर सभी प्रमुख ट्रेनों का ठहराव केवल 2 मिनट का ही है, जिसके कारण माल लादने व उतारने में काफी परेशानी का सामना

करना पड़ता है। अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि बाराबंकी रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली सभी प्रमुख ट्रेनों के ठहराव का समय 2 मिनट से बढ़ाकर 5 मिनट करने की कृपा करें।

धार्मिक आस्था से जुड़े अयोध्या-बाराबंकी-कानपुर के मध्य मेमू ट्रेन

मैंने पिछले व-र्ा भी रेल बजट पर चर्चा के दोरान धार्मिक आस्था से जुड़े स्थान अयोध्या-बाराबंकी (देवा शरीफ)-कानपुर के मध्य मेमू ट्रेन संचालन की मांग रखी थी, लेकिन उसे इस बार भी स्वीकृत नहीं किया है। उक्त मार्ग पर उचित सड़क सुविधा नहीं है और यदि इस मार्ग पर मेमू ट्रेन की सुविधा संचालित की जाती है, जो यह निश्चित है कि इससे रेलवे को आय का अच्छा स्रोत प्राप्त होगा। पूर्व में यह सुविधा संचालित थी, लेकिन पिछले कुछ व-र्ाों से इसे बन्द कर दिया गया है।

इटावा में स्वीकृत रेलवे ओवर ब्रिज का जल्द निर्माण

माननीया रेल मंत्री जी उत्तर प्रदेश के इटावा शहर के मध्य स्थित 27 ए रेलवे क्रॉसिंग का बन्द किये जाने व अन्य कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करने पर समय समय पर वहां के स्थानीय नागरिकों द्वारा विरोध किया जाता रहा है। विरोध के बावजूद इस क्रॉसिंग को दिनांक 15.06.2010 को बन्द कर दिया गया। रेलवे द्वारा इसके विकल्प के तौर पर एक ओवर ब्रिज स्वीकृत किया गया है, जो कि काफी समय से अपूर्ण है। इस समस्या का निपटारा जल्द से जल्द करने के लिए जिला युवक कांग्रेस कमेटी द्वारा श्री राहुल गांधी के जन्म दिवस दिनांक 19.06.2010 को उनके संज्ञान में लाकर अनवरत क्रमिक धरना दिया गया। इस धरने को समाप्त करने के लिए मैंने धरना स्थल पर जाकर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया और धरने को समाप्त करवाया। अतः मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि उक्त रेलवे ब्रिज के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के आदेश दें।

बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा का क्रमोन्नतीकरण

रेलवे बजट के दौरान स्वास्थ्य देखभाल अवसंरचना सुविधाओं के विकास का कार्यक्रम रेलवे की भूमि पर स्थापित करने की घो-णा की थी। उसी क्रम में 50 ओ.पी.डी. तथा डायग्नोस्टिक सेन्टर प्रस्तावित स्थलों में बाराबंकी रेलवे स्टेशन का नाम भी सम्मिलित है। अभी मौके पर इस संबंध में कोई भी कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। आपसे अनुरोध है कृपया बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित कार्य को तीव्रता से प्रारम्भ कर दिया जाए, बल्कि इन सुविधाआं का विस्तार कर ट्रॉमा सेन्टर की स्थापना की जाए। मैं आपको बताना चाहूंगा कि बाराबंकी लखनऊ से मात्र 28 कि.मी. की दूरी पर है। लखनऊ उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे का डिवीजन मुख्यालय है। यहां से सबसे निकट बाराबंकी रेलवे स्टेशन है जहां से ही पूर्वोत्तर रेल गोरखपुर लाइने तथा उत्तर रेलवे की वाराणसी लाइने जाती है। लखनऊ जहां पर दोनों रेल डिवीजन मुख्यालय है तथा उत्तर प्रदेश की राजधानी भी होने के कारण चिकित्सा सुविधाओं पर भारी दबाव है, यदि उच्च श्रेणी की चिकित्सा सुविधाएं नजदीक के स्टेशन बाराबंकी में विकसित कर दी जाती है तो लखनऊ पर दबाव तो कम होगा ही साथ ही गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ति जैसे नजदीकी जनपदों को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

[*]श्री महेश जोशी (जयपुर)

मैं आज मेरे क्षेत्र जयपुर एवं मेरे राज्य राजस्थान की ओर से कांग्रेसनीत यूपीए गठबंधन की सरकार प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी एवं रेल मंत्री सुश्री ममता बनर्जी का आभार व्यक्त करता हूं कि हमारे राज्य में विकास की गति को बनाये रखने हेतु रेल बजट में समुचित स्थान दिया।

कांग्रेस गठबंधन की यूपीए सरकार सदा से ही बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के देश के हर भाग को एक दृ-टि से देखती रही है और हमेशा विकास के हर मार्ग को प्रशस्त करने का प्रयास करती रही है।

यों तो अगर कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा राज्य के रेल विकास के लिए उठाये गये कदमों की समीक्ष करें तो पूर्व रेल मंत्री श्री जाफर शरीफ ने राज्य में फैले रेल मार्गों के आमान परिवर्तन, मीटरगेज से ब्रोडगेज में बदलने की घो-णा कर राज्य को मुख्यधारा में लाने की पहल की थी। किन्तु एनडीए सरकार की उपेक्षा के चलते सभी विकास के कार्य नहीं हो पाये थे।

किसी भी राज्य का विकास उसके भीतर संचार साधनों की गुणवत्ता एवं मजबूती पर निर्भर करता है। भारतीय रेल उस संचार की महत्वपूर्ण कड़ी है क्योंकि किसी भी राज्य को मुख्यधारा में जुड़ने के लिए अन्य राज्यों से व्यापार संवर्धन के लिए तथा आपसी सांस्कृतिक जुड़ाव के लिए रेल संचालन प्रणाली का बहुत ही महत्व रहा है।

हमारे राज्य में मीटर गेज की लाइनों की वजह से संसाधन बहुत ही सीमित थे किन्तु यूपीए सरकारों ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों के प्रावधानों को त्वरित करवाकर राज्य को अन्य विकसित क्षेत्रों से जोड़ दिया।

---

[*] Speech was laid on the Table.

क्षेत्रफल की दृ‍ष्टि से राजस्थान राज्य देश का सबसे बड़ा राज्य है। अब सुदूर रेगिस्तान में स्थित जैसलमेर एवं बाड़मेर भी केरल, असम, मुम्बई, हैदराबाद, दिल्ली आदि से जुड़ चुके हैं तथा इन दूरस्थ क्षेत्रों में विकास के ग्राफ को स्प-ट रूप से देखा जा सकता है। यदि रेल विकास की दृ‍ष्टि से हम भाजपा गठबंधन एनडीए सरकार के प्रयासों एवं उनके द्वारा राजस्थान के लिए किये गये प्रावधानों पर नजर डालें तो हम सदा ही राज्य को पिछड़ी श्रेणी में पाते हैं यों भी एनडीए सरकार के रेल बजट एवं तत्कालीक समीक्षाओं पर दृ‍ष्टिपात करें तो रेलवे सदा ही एक घाटे का सौदा दिखाई देता महसूस होता है जबकि पूर्व में कांग्रेस सरकार के वक्त जब श्री जाफर शरीफ रेल मंत्री थे, पहली बार रेलवे द्वारा फण्ड जुटाने के लिए अपने संसाधन शुरू किये गये। अब हमारी यूपीए सरकार ने भी रेलवे संसाधन से ही धन जुटाकर सभी तरफ यूनीगेज करने की दृ‍ष्टि से महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

किन्तु भाजपानीत एनडीए सरकार ने जब जब रेल बजट पेश किया तब तब तत्कालीन सरकार अपने ही निर्धारित लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पायी चाहे वह मालभाड़े से आय का मामला हो या यात्रियों से होने वाली आय का, बल्कि उन्हें अपनी ही बजट का पुनरीक्षण करना पड़ा एवं 1100-1200 करोड़ तक की कटौती करनी पड़ी। यही नहीं, एनडीए सरकार के रेल मंत्री द्वारा विभिन्न श्रेणियों की गाड़ियों विभिन्न श्रेणियों की यात्रा टिकटों में एक रूपये से लेकर 540 रूपये तक की किराया वृद्धि की। कम्प्यूटर से टिकट पर 20 रूपये तक का सरचार्ज प्रति यात्री लगाया। सुपरफास्ट ट्रेनों में सरचार्ज 10 से 50 रूपये तक लगाया गया। एनडीए सरकार ने अपने संपूर्ण कार्यकाल में कभी भी अपने सम्पूर्ण लक्ष्यों को हासिल नहीं किया। यहीं नहीं इसके लिए गंभीर प्रयास तक भी नहीं किये गये।

जहां तक हमारे राजस्थान राज्य का सवाल है, एनडीए शासन के दौरान राज्य को कोई खास मात्रा में नई रेलगाड़ियां नहीं मिली न ही बहुत अधिक सर्वे कार्य परिलक्षित किये गये। गाड़ियों की आवृत्ति भी नगण्य रूप से संबंधित की गई। गेज परिवर्तन में राज्य से निकलने वाले रूटों को भी कोई खास स्थान नहीं मिला। पर्यटन की दृ-टि से विश्व पटल पर स्वर्णिम त्रिभुत के प्रमुख हिस्से पर ध्यान नहीं दिया गया।

जबकि आज हालात, कुछ भिन्न है। हमारे पिछड़े हुए राजस्थान के लोग रेलगाड़ी को समझने लगे हैं। सुदूर रेगिस्तानी गांवों एवं ढाणियों के लोग अब महानगरों में जाकर अपना रोजगार तलाशने लगे हैं यहां तक कि बालीवुड में भी कुछ लोग स्वयं को सथपित करने में सफल हुए हैं।

कांग्रेस की यूपीए सरकार के प्रथम काल में रेलवे के ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन किये गये। पूर्व के सभी पुलों के पुनः निर्माण एवं दुरूस्तीकरण पर ध्यान दिया गया। बहुत से रेलवे ट्रैकों की लोडिंग कैपेसिटी बढ़ाने के प्रयास किये गये। रेलवे के सुगम संचालन के लिए उठाए गए कदमों में रेल स्ट्रेटेजिक मैनेजमेन्ट इंस्टीट्यूट की स्थापना की गई। रेल मंत्री ने कांग्रेसनीत यूपीए सरकार की दूरदर्शिता का परिचय देते हुए सूचना प्रौद्योगिकी को सुदृढ़ किया जिसका नतीजा है कि आज घर के द्वार पर आरक्षित टिकट मिलना संभव हो सकता है। यूपीए सरकार में पहले भी ओर अब भी रेलमंत्रियों द्वारा उपलब्ध संसाधनों के उपयोग की सीमा को बढ़ाया गया तथा यात्री किराये में लगातार कमी करते हुए आम आदमी को वातानुकूलित यात्रा सुविधा मुहैया करवाई। जबकि संसाधन, उपकरण एवं कार्मिक मशीनरी वही थी।

यूपीए सरकार की मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए वृद्धों, सैनिकों की विधवाओं, कुलियों सभी का विशे-न ध्यान रखा गया यहां तक कि विद्यार्थियों का भी ध्यान रखा गया। माल वाहन के लक्ष्यों को न केवल पूर्ण किया गया वरन आवरसोट

किया गया जो कि भारतीय रेल के इतिहास में सदा के लिए दर्ज हो गया। एससी/एसटी का बैकलॉग को पूरा करना भी अपना आप में बहुत बड़ी घो-णा है जिसके लिये सरकार एवं रेल मंत्री माननीया ममता बनर्जी बधाई की पात्र है।

कांग्रेस गठबंधन की दोनों सरकारों में अभी तक राजस्थान को लगभग 38 नई ट्रेनें मिलीं। 12 गाड़ियों को विस्तारित किया गया। 4 ट्रैक डबल किये गये, 2 गरीबरथ जयपुर को मिले। भारत तीर्थ विशे-ा ट्रेन के 5 शिरूमूल में राजस्थान को शामिल किया गया। राजस्थान के कुछ प्रमुख स्टेशनों को विश्वस्तरीय स्टेशनों में शामिल किया गया है एवं कुछ स्टेशनों में नई सुविधायें दिये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

हालांकि राज्य के रेल विकास के लिये आपने अपने इस बजट में काफी कुछ दिया है फिर भी राजस्थान के लिए अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है। मैं आपसे यह भी आग्रह करना चाहता हूं कि आपने अपने पिछले रेल बजटों में जयपुर सहित राजस्थान के लिए काफी घो-णाएं की थी जिसमें से कुछ पूरी हुई है और कुछ पूरा होना बाकी है जैसे जयपुर सवाई माधोपुर रेल मार्ग का विद्युतीकरण, जयपुर जंक्शन को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाना आदि। मैं कहना चाहता हूँ कि सभी बाकी बची घो-णाओं को भी यथा शीघ्र पूरा किया जाना चाहिये। साथ ही मैं कुछ और बिन्दुओं की ओर भी आपका ध्यान आकर्-ात करना चाहता हूँ।

जयपुर के जगतपुरा, गांधी नगर, दुर्गापुरा स्टेशनों को उपनगरीय रेलवे स्टेशनों के रूप में विकसित करना और यहां ट्रेनों का ठहराव करना।

अहमदाबाद-हरिद्वार मेल जयपुर के लोगों के अनुसार एक अच्छी ट्रेन है लेकिन इसमें जयपुर का कोटा काफी कम है अतः इस मार्ग पर एक और ट्रेन की आवश्यकता है जो जयपुर से हरिद्वार - देहरादून एवं वापिसी के लिए होना नितान्त आवश्यक है जो जयपुर निवासियों की धार्मिक व अन्य आवश्यक भावनाओं को पूरा कर सके।

इसी प्रकार जयपुर के यात्रियों के लिए वै-णों देवी जाने के लिए भी एक और ट्रेन की आवश्यकता है। वर्तमान में जो एक मात्र ट्रेन अजमेर-जयपुर-दिल्ली-जम्मूतवी चल रही है उसमें सेना के जवानों का भी बहुत अधिक दबाव रहता है अतः एक और ट्रेन इस मार्ग पर चलायी जानी चाहिए चाहे शुरू वह सप्ताह में तीन दिन ही चलें।

जयपुर एवं आसपास के दैनिक यात्रियों के लिए एक डीजल मल्टीपल यूनिट ट्रेन (लोकल पैसेन्जर जैसी) बांदीकुई-जयपुर-अजमेर के बीच चलाई जानी चाहिए उसकी उपयोगिता पर किसी को भी शक नहीं होना चाहिए।

जयपुर एवं बंगाल विशे-कर कोलकाता के बीच जो एक संबंध है उसे देखते हुए एक ट्रेन जयपुर हावड़ा के बीच चलाई जानी चाहिए। इससे जयपुर में रहने वाले हजारों बंगाली परिवारों को सुविधा मिल सकेगी।

देश के दक्षिणी भाग में भी बड़ी संख्या में राजस्थानी रहते हैं और बड़ी संख्या में दक्षिण भारत के लोग जयपुर में रहते हैं। इन लोगों के लिए जयपुर से एर्नाकुलम, चेन्नई एवं बंगलोर के लिए अलग-अलग ट्रेन चलाई जानी चाहिये।

राज्य के अनेक हिस्से जैसे पाली आदि को रेल बजट में समुचित स्थान दिया जाना चाहिए। ऐसे सभी हिस्सों को कुछ न कुछ मिलना चाहिए।

मैं यह नहीं कहता कि ये सभी मांगें एक साथ पूरी हों तो लेकिन इन पर विचार कर इन्हें यथाशीघ्र पूरा करने का आपका मन एवं कार्य योजना बननी चाहिये।

बड़ी खुशी की बात है कि राजस्थानी के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने अथक प्रयासों से श्री राहुल गांधी की सोच के अनुसार जयपुर को विश्वस्तरीय बनाने के लिए जयपुर को मैट्रो ट्रेन से नवाजे जाने के प्रयास का शुभारम्भ करते हुए मैट्रो के शिलान्यास भी करा लिया एवं उसे पूरा करने की और सरकार त्वरित गति से कार्य शुरू कर चुकी है। इसी के साथ और आगे बढ़ते हुए राज्य सरकार की इच्छा है कि बांसवाडा

के दुर्गम इलाके तक रेल लाइन बिछाई जाए जिसके लिए राज्य सरकार लागत का आधा पैसा अपने अंश के रूप में देने को तैयार है।

मैं अन्त में यही कहना चाहूंगा कि हमारा राज्य देश के इकानॉमी में, प्राकृतिक संपदा एवं पर्यटन की दृ‍ष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे राज्य के निवासी ईमानदार एवं कर्मठ है। अतः उन्हें इस प्रकार मूलभूत एवं स्तरीय सुविधाओं से नवाजा जाता रहा तो देश की आर्थिक प्रगति में सदैव डोमिनेट करेंगे।

*श्री महाबल मिश्रा (पश्चिम दिल्ली)

मैं माननीय कुमारी ममता बनर्जी ने जो व-र्ा 2011-12 का रेलवे बजट प्रस्तुत किया है मैं उसका स्वागत करता हूं। उन्होंने बहुत ही महत्वपूर्ण और लोकप्रिय बजट जनता की अपेक्षाओ को पूरा करन के लिए पेश किया। मैं समझता हूं कि पूरा सदन इससे सहमत होगा और उनके इस बजट के लिए उनकी प्रशंसा करेगा।

मैं आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी, जो यूपीए की चेयरपर्सन है उनका भी धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव के दौरान यह लोकप्रिय बजट प्रस्तुत किया है।

मैं यहां अपने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव आदरणीय मंत्री जी के सम्मूख प्रस्तुत करना चाहता हूं।

आनन्द विहार रेलवे स्टेशन से बिहार और पूर्वी उत्तरप्रदेश के लिए बहुत सारी ट्रेनें उपलब्ध करायी गयी हैं जो कि एक स्वागतयोग्य कदम है। परंतु मैं एक नम्र निवेदन आदरणीय मंत्री जी से करना चाहता हूं कि दिल्ली कैंट और सराय रोहिल्ला में भी बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बहुत सारे लोग निवास करते हैं। अगर उन्हें आनन्द विहार से ट्रेन लेनी पड़े तो उन्हें बहुत सारी असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा क्योंकि उनके पास धन का अभाव है। मैं चाहता हूं कि ये ट्रेनें आनन्द विहार रेलवे स्टेशन की बजाय दिल्ली कैंट और सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से चलायी जायें, जिससे वहां रहने वाली गरीब जनता जो विशे-ाकर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से संबंधित है, उन्हें काफी सहूलियत होगी।

मेरी मांग है कि दिल्ली कैंट में जहां छावनी है वहां से मध्यम वर्ग, किसान और उच्च वर्ग के लोगों को देश के विभिन्न भागों में जाना पड़ता है, इसलिए दिल्ली कैंट

* Speech was laid on the Table.

को रा-ट्रीय स्तर का स्टेशन बनाया जाये और वहां से देश के विभिन्न इलाकों के लिए गाड़ी चलाने का प्रावधान किया जाये।

दिल्ली से जो गाड़ी दरभंगा में टर्मिनेट होती है उसे जय नगर तक बढ़ाया जाये क्योंकि वह सीता जी का जन्म स्थान है और बहुत प्राचीन और लोकप्रिय स्थल है और इसका अपना आध्यात्मिक महत्व है। इसलिए मेरी मंत्री जी से प्रार्थना है कि इस ट्रेन को जयनगर तक बढ़ाया जाये।

अंत में मैं माननीया मंत्री जी के बजट का भरपूर समर्थन करता हूं ।

15.00 hrs.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): महोदय, मैं रेल बजट व-र्ा 2011-12 पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं बिहार से सांसद हूं। जब रेल बजट मंत्री जी रख रही थीं, तब बंगाल में चुनाव की दस्तक थी। आज चुनाव की घो-णा हो चुकी है। हम अपनी पीड़ा और भावना आपके माध्यम से रेल मंत्री जी के सामने रखना चाहते हैं। माननीय रेल मंत्री जी के भा-ण के अंतिम खंड के सैकेंड लास्ट पैरे में कहा है कि मैंने पहले ही रोड मैप की रूप रेख तैयार कर ली है, जिसे रेलवे भवि-य में अपनाएगी। मेरी सोच हमेशा आम आदमी के साथ है। महोदय, आम आदमी की चर्चा पिछले साल बजट पर वित्त मंत्री जी ने अपने भा-ण में की थी, बाद में कुछ दिनों तक उसकी चर्चा चली। इस बार समझ नहीं आया, जब रेल बजट देखने और सुनने का मौका मिला, पता नहीं चला कि आम लोगों की क्या परिभा-ा है। हिंदुस्तान में विविधता में एकता है, कई भा-ाएं बोलने वाले लोग यहां रहते हैं और कई धर्म के लोग भी यहां रहते हैं। यहां मलयालम भी बोली जाती है, तेलगु भी बोली जाती है, तमिल, कन्नड़, बंगाली, भौजपुरी, मगही, मैथिली, अंगिका, पंजाबी आदि भा-ाएं बोली जाती हैं, लेकिन रेल बजट को देखने से लगा कि आम आदमी की परिभा-ा में यह नहीं आता कि जो मैथिली भा-ा बोलने वाला इलाका है, जो अंगिका भा-ा बोलने वाला इलाका है, जो भोजपुरी बोलने वाला इलाका है, जो मगही बोलने वाला इलाका है, वह आम आदमी के श्रेणी में नहीं आता, बल्कि रेल बजट का सार है कि जो बंगाली जानता है, वही आम आदमी है। हम किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाना चाहते हैं। हम यह बात इसलिए कहना चाहते हैं क्योंकि रेल बजट को देख कर आश्चर्य होता है। हम इस प्रकार की बात नहीं करना चाहते हैं, जिससे माननीय रेल मंत्री जी की भावना आहत हो। आप देख सकते हैं कि बंगाल में कितनी परियोजनाएं ली गईं, बंगाल में कितनी रेलगाड़ियां चलाई गईं और बंगाल में क्या-क्या नहीं लिया गया। हम न तो मंत्री जी के विरोधी हैं और न ही बंगाल के विरोधी हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि हम जहां के रहने वाले हैं, उस इलाके का भी विकास हो, उस राज्य का भी विकास हो तथा देश के अन्य हिस्सों का भी विकास हो। हमारा राज्य भी देश का हिस्सा है। हम कोई भीख नहीं मांग रहे हैं। इस बजट में नई रेल लाइनों को ही लीजिए, पूर्व रेलवे एवं दक्षिण-पूर्व रेलवे का अधिकतर हिस्सा बंगाल का पड़ता है। पूर्व-मध्य रेलवे के हिस्से में एक राज्य नहीं बल्कि बिहार और झारखंड तथा मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का हिस्सा है, लेकिन नई रेल निर्माण दोनों जोन में जो बंगाल के हिस्से में पड़ता है, 1604 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया। पूर्व-मध्य रेलवे में दो राज्यों के अलावा जो अन्य राज्य का क्षेत्र है उस क्षेत्र में मात्र 437 करोड़ रुपया नई रेल लाइन बनाने के लिए प्रावधान किया गया है। दोहरी लाइन बिछाने की जहां तक बात है, पूर्व रेलवे एवं दक्षिण पूर्व रेलवे में 2235 करोड़ रुपया दिया गया, वहीं पूर्व-मध्य रेलवे में जिसमें झारखंड, बिहार का हिस्सा पड़ता है, उसके लिए मात्र 233 करोड़ रुपया दिया गया। रेल पथ नवीकरण में

बंगाल 745 करोड़ रुपया और पूर्व-मध्य रेलवे में 270 करोड़ रुपया मात्र दिया गया। हम बजट में यह भी देखते हैं कि पूर्व-मध्य रेलवे में जो भी राशि दी जाती है, उस राशि का कहां उपयोग होता है, यह समझ में नहीं आता है।

Comment [I35]: cd.

पिंक बुक में देखिएगा, उसमें राशि मार्क की हुई है लेकिन अगले साल आप देखिएगा तो पाएंगे कि बिहार का काम ज्यों का त्यों पड़ा हुआ है। रेल बजट प्रस्तुति के दिन कुछ बात हुई थी। बिहार के सांसदों ने अपनी भावना का इज़हार संसद में किया था तब माननीय रेल मंत्री जी कह रहीं थीं कि लालूजी, आप बता दीजिए कि अपने यहां आपने क्या काम किया। काश, इस तरह से बिहार के जो मंत्री हुए, चाहे माननीय राम विलास पासवान जी हों या वर्तमान में बिहार के माननीय मुख्य मंत्री नीतीश कुमार जी हों, चाहे माननीय लालू प्रसाद यादव जी हों, जिस तरह का इस बार रेल बजट आया, उन्होंने एक चौथाई भी बिहार के लिए किया होता तो बिहार के लोग शुक्रगुजार होते। बिहार की बदनामी बहुत हुई लेकिन बिहार में उस तरह से काम नहीं किया गया। आप देखेंगे कि इस बजट में जो काम करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, नई रेल लाइन 2011-2012 में 1075 कि.मी. अर्थात् 49 रेल लाइन जो बिछाई जाएगी, उसमें दर्जनों रेल लाइनें बंगाल की हैं और बिहार की कोई रेल लाइन नहीं है। लेकिन उसमें दिखाया गया है एक कोसी ब्रिज है । वहां रेल लाइन नहीं है। बिहार बिल्कुल अछूता रहा है।

आमान-परिवर्तन जो इस वर्ष 2011-12 में होने हैं, 1017 कि.मी. जो 20 रेल लाइन खंड हैं, उसमें से छोटा-छोटा रेल खंड बिहार का एक-एक स्टेशन का रखा गया है। अर्थात् नाम के लिए बिहार को रखा गया है और देने की जो इच्छा मन में होनी चाहिए, वह बिल्कुल नहीं है। बिहार की मधेपुरा से मुरलीगंज है, हमें लगता है कि यदि ऐसी ही व्यवस्था रहेगी तो वह काम कभी नहीं होगा।

दोहरीकरण के जो काम इस वर्ष 2011-12 में होने हैं, 866 कि.मी. में 35 रेल खंड के होने हैं, हमें बताने में दुख हो रहा है कि उसमें से 8 बंगाल के हैं, बिहार से एक भी नहीं है। 190 रेल लाइन का सर्वेक्षण पूरा किया गया है जिसमें इन्होंने घो-णा की थी कि प्रधान मंत्री रेल विकास योजना से हम इसे कराएंगे । सभापति जी, आपको जानकर आश्चर्य होगा कि बंगाल की 26 रेल लाइन इसमें हैं लेकिन बिहार में एक भी नहीं दी गई है। जो नया प्रस्ताव आया है कि इस वर्ष 2011-12 में 25 नई रेल लाइनें बनाने का उसमें बिहार से एक भी नहीं है। आमान परिवर्तन के लिए इन्होंने कहा है कि 6 आमान परिवर्तन करेंगे। उसमें से बिहार ज़ीरो पर है, एक भी नहीं है। दोहरीकरण जो 2011-12 में 28 रेलखंड का होगा, उसमें से मात्र भागलपुर से पितपैंती है तो एक छोटा गैप में उसका दोहरीकरण लिया गया। नई रेल लाइन का इन्होंने 107 रेल खंड का सर्वेक्षण कराया और उसमें बिहार से एक रेल खंड की चर्चा है जो कोसी इलाके से है और वह सिमरी बख्तियारपुर से बिहारीगंज का है। इस रेल लाइन का सर्वेक्षण तत्कालीन रेल मंत्री स्वर्गीय

ललित नारायण मिश्रा जी थे, उन्होंने कराया था। उसके बाद बिहार से तीन रेल मंत्री हुए थे, उन्होंने भी इसका सर्वेक्षण कराया था। इसलिए हमारी वेदना आप स्वयं समझ सकते हैं कि रेल में हमें क्या मिला। सिर्फ सर्वेक्षण हो रहा है, निर्माण नहीं ।

आमान परिवर्तन के लिए भी इन्होंने सर्वेक्षण कराने की घो-णा की। उसमें भी बिहार के लिए एक भी नहीं है। दोहरीकरण के लिए भी इन्होंने कुछ सर्वेक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया। उसमें से बिहार के लिए एक भी नहीं है। सभापति जी, यह बात हम आपके माध्यम से कहना चाहते हैं कि इन्होंने क्या दुर्गति कराई बिहार की । जो बड़े मेगा प्रोजेक्ट हैं, जिसके लिए बार बार ये कहती हैं कि लालू जी ने करा दिया, नीतीश जी ने करा दिया। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि जो मेगा प्रोजेक्ट मधेपुरा-ग्रीनफील्ड विद्युत रेल इंजन कारखाना था, जिसके लिए जमीन का अधिग्रहण हो गया, जो खेती की कीमती जमीन थी, किसानों ने अपने सीने पर पत्थर रखकर जमीन दी है, 1960 करोड़ रुपये की लागत से यह परियोजना पूरी होनी है लेकिन इन्होंने क्या किया । इसे पीपीपी मोर्ड में रखने का काम किया। जो 1960 करोड़ रुपया खर्च होता, इस पर मात्र 171 करोड़ रुपया खर्चा दिखाया गया है लेकिन वहां कोई काम नहीं दिखता। इस बार उसमें 53 करोड़ दिया गया है । मुंगेर में गंगा नदी पर रेल सह पुल जिसकी लागत 1089 करोड़ रुपये थी, उसमें इन्होने मात्र 457 करोड़ रुपया खर्च किया है और बताया कि हम 31-03-2012 तक इसे पूरा कर लेंगे। इस वर्ष उन्होंने मात्र 57 करोड़ दिया और काम पूरा होने के लिए 565 करोड़ रुपये चाहिए। तो ये 31.03.2012 तक कैसे पूरा कर लेंगे । यही स्थिति कोसी रेल महासेतु की है । उसके निर्माण पर 341 करोड़ खर्च होना है । इस बार इन्होंने 20 करोड़ रूपये दिया है । अभी भी परियोजना पूरी होने के लिए 88 करोड़ चाहिए । जब पूरी राशि नहीं दी जाएगी ।

Comment [a36]: Cd by s2

ये कहते हैं कि 31.03.2012 तक पूरा कर लेंगे। इसे कैसे पूरा कर लेंगे? पटना से हाजीपुर गंगा नदी पर सड़क रेल पुल की लागत 1389 करोड़ रुपए है और कहा जा रहा है कि 31.03.2012 तक इसे पूरा कर लेंगे। इस वर्ष मात्र 50 करोड़ रुपए दिए गए हैं और अभी भी 602 करोड़ लगने हैं। इसके लिए राशि तो दी नहीं तो फिर यह पूरा किस तरह से हो सकता है? मढोरा के डीजल इंजन कारखाने के लिए भी साजिश की गई, इसे भ्झी पीपीपी मोड में रखा गया, इसकी लागत 2719 करोड़ है और अभी भी 2575 कराड़ रुपए देना है लेकिन वह नहीं मिल पा रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र खगरिया में एक छोटा सा सीमेंट कंक्रीट स्लीपर कारखाना बनना था, इसकी लागत मात्र 8 करोड़ 24 लाख रुप्ए थी इन्होंने पिछले बजट में 10 लाख रुपया दिया गया और इस बार 61 लाख रुपया दिया गया है। इस तरह से यह योजना कितने वर्ष तक चलेगी? इसी से इनकी मंशा समझ में आती है। खगड़िया में आरओबी के लिए इन्होंने 3 करोड़ रूपया दिया इसके लिए धन्यवाद 1

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह जानकारी देना चाहता हूं कि उत्तर बिहार में सकरी से हसनपुर नई रेल लाइन का निर्माण होना था जिसकी लागत 175 करोड़ थी। इस पर 151 करोड़ खर्च हो गई । इस बार राशि 21 करोड़ रूपये दिए गए लेकिन सरजमीं पर हसनपुर से कुथेस्थान में काम दिखता ही नहीं है। पता नहीं इस राशि का जो सिर्फ बजट में दिया गया उसका कहां उपयोग हुआ? खगड़िया से कुशेसर रेल लाइन की स्वीकृति व-र्न 1996 में हुई थी और इस पर 162 करोड़ रुपए खर्च होने थे लेकिन राशि नहीं मिल पा रही है। उस पर 86 करोड़ रुपए खर्च हो गए और यह मात्र 44 किलोमीटर का रेल खंड है। इस बार मात्र 13 करोड़ रुपए दिया गया । इस कारण इसका कार्य पूरा नहीं हो रहा है। बजट में देखें मानसी-सहरसा-मानसी से मधेपुरा-पुर्णिया आमान परिवर्तन की 427 करोड़ रुपए लागत की परियोजना है, दिखाया गया कि 362 करोड़ रुपए की राशि खर्च हो गई। यह माननीय शरद यादव जी का क्षेत्र है और सरजमीं पर काम बिल्कुल दिखता ही नहीं है। इस बार भी 50 करोड़ का प्रावधान किया है ।

MR. CHAIRMAN : Please conclude now. Out of 18 minutes allotted to your party, you have already taken 12 minutes. So, other Members of your party will not get time.

श्री दिनेश चन्द्र यादव : सहरसा में राशि रहते वाशिंग पिल की स्थापना नहीं हो रही है, सकड़ी-लोकहा बाजार, निर्मलीय और सहरसा-फारबिसगंज परियोजना की लागत 355 करोड़ रुपए है, यह रक्षा मंत्रालय की डिपोजिट स्कीम है, इस पर रक्षा मंत्रालय ने पूरी राशि दे दी है लेकिन राशि कहां चली गई उसका कोई पता नहीं है। कलकत्ता से सबअर्बन 50 गाड़ियां चलेंगी और व्यवस्त आवर में तीन और गाड़ी चलेंगी। नौ दुरंतो गाड़ी चलाई गई जिनमें फिर दो गाड़ी बंगाल से चलेंगी, एक गाड़ी बिहार से जरूर दी गई लेकिन वह भी पटना से, शालीमार (बंगाल) तक जाएगी। दुरंतो सेवा में वृद्धि हुई और पांच में से तीन गाड़ियां बंगाल की हैं और विवेक एक्सप्रेस बिहार को नसीब नहीं हुई, कवि गुरु एक्सप्रेस बिहार को नसीब नहीं हुई एक राजरानी एक्सप्रेस सहरसा से पटना तक चलेगी। हम आग्रह करते हैं कि यह गाड़ी रात में चलनी चाहिए क्योंकि इस इलाके में बड़े सैलाब के कारण नेशनल हाईवे का उपरी पुल डिस्टर्ब हो गया है। उधर से और गाड़ी चलनी चाहिए । जनभूमि गौरव चार गाड़ियां चली, वहां के बिहार के मुख्यमंत्री जी ने भी मांग की थी कि एक गाड़ी पटना से आरा, सासाराम और गया तक टूरिस्ट प्लेस तक चलाई जाए, आरा वीर कुमर सिंह और सासाराम केस्थाहसूरी की कर्मभूमि है। वह भी नहीं चलाई गई। गाड़ी संख्या 364 डाउन समस्तीपुर खगड़िया पैसेंजर का विस्तार, सहरसा मधेपुरा तक किया जाए। बीकानेर गुवाहाटी, दिल्ली-गुवाहाटी संपर्क क्रांति, गरीब नवाज एक्सप्रेस का ठहराव खगड़ियां जंक्शन पर किया जाए। मानसी जंक्शन पर सीमांचल एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। हसनपुर रोड पर न्यू जलपाईगुड़ी सुपरफास्ट एक्सप्रेस का ठहराव किया

जाए। खगड़िया समस्तीपुर के बीच रात में गाड़ी चलाई जाए। कोशी एक्सप्रेस में अतिरिक्त एक एसी चेयर कार दी जाए। वैशाली एक्सप्रेस का विस्तार बरौनी से सहरसा तक किया जाए। पुरवीया एक्सप्रेस दिल्ली-सहरसा को सप्ताह में एक दिन के बदले तीन दिन चलाया जाए।

Comment [r37]: Cd by t2

मध्य रेलवे के सिमरी-बख्तियारपुर सोनवर्ना कचेहरी के बीच एनएच 107 पर अवस्थित रेलवे ढाला संख्या 17 सी. और खगड़िया-उमेशनगर के बीच खगड़िया जं. से पश्चिम ढाला संख्या 24 बी. पर आरओबी बनाने के लिए राज्य सरकार ने प्रस्ताव भेजा है, उस पर आरओबी का निर्माण कराया जाए।

* **श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):** मैं, अपने संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद (बिहार) में लम्बे समय से लिंबत रेलवे की निम्नलिखित परियोजनाओं को अविलम्ब पूरा कराए जाने का आग्रह करना चाहूंगा-

1. पूर्व मध्य रेलवे के बिहटा से औरंगाबाद रेल लाइन, जिसके सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है तथा भू-अर्जन का कार्य भी किया जा चुका है। इस रेल खंड के निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए।
2. एनएच-98- ग्रैंड कॉड लाइन पर मुगलसराय मंडल अन्तर्गत अनुग्रह नारायण रोड और फेशर स्टेशन के बीच क्रॉसिंग पर ऊपरी पुल का निर्माण कराया जाए।
3. डेहरी और गया में मुगलसराय मंडल अंतर्गत गुमटी न0. 2 पर व-र्ों से निर्माणाधीन आरओबी को शीघ्र पूरा कराया जाए।
4. सोन नदी पर पिछले आठ व-र्ों से निर्माणाधीन मेगा ब्रिज का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए।
5. पिछले बजट में घोि-त हर एक सांसद की अनुशंसा पर उनके निर्वाचन क्षेत्र में एक पीआरएस सिस्टम खोलने की घो-णा पर मेरे द्वारा अनुशंसित स्थान, अनुमंडल मुख्यालय टेकारी, जिला गया संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद में अभी तक नहीं खोला गया, जिससे जनता में आक्रोश और सांसद के प्रति अविश्वास का वातावरण बन रहा है। मेरी सरकार से मांग है कि टेकारी में शीघ्र पीआरएस सिस्टम स्थापित कराया जाए।
6. महाबोध एक्सप्रेस (नई दिल्ली-गया) में विदेशी पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रथम श्रेणी का वातानुकूलित डिब्बा जोड़ा जाए।

* Speech was laid on the Table.

7. औरंगाबाद जिला मुख्यालय के महत्वपूर्ण स्टेशन अनुग्रह नारायण रोड पर हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए।
8. रफीगंज स्टेशन पर रैक प्वाइंट का निर्माण शीघ्र कराया जाए।

*श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम (जामनगर): मैं माननीय रेल मंत्री जी को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने व-र्ा 2011-12 का आम आदमी रेल बजट पेश किया इस बजट में उन्होंने पिछले दो व-र्ाों की तरह इस बार किसी भी श्रेणी का किराया नहीं बढ़ाया है जो कि आम जनता के हित में है।

इस बजट में माननीय मंत्री जी गुजरात राज्य के लिए भी काफी प्रस्ताव लाए हैं इसके लिए मैं आपका धन्यवाद देता हूं।

मैं माननीय मंत्री जी के समक्ष अपने निर्वाचन क्षेत्र की रेलवे से संबंधी समस्या एवं प्रस्ताव रखना चाहता हूं।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र में भगवान कृ-ण का द्वारका में स्थित विश्व प्रसिद्ध मंदिर एवं समुद्र में स्थित बेट द्वारका और ह-र्ादा माता जी का मंदिर है और मेरे क्षेत्र के नजदीक पोरबंदन स्थित महात्मा गांधी का जन्म स्थल है।

माननीय मंत्री जी ने रेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए "जन्म भूमि गौरव " नामक विशे-ा पर्यटक गाड़ियां चलाने का प्रस्ताव रखा है। इसके लिए मैं उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं।

वैसे ही एक गाड़ी मुंबई-अहमदाबाद (लोथल) भावनगर (पालीताना)-(अलंग)-गिर-दीव-सोमनाथ (वेरावल) जूनागढ़-राजकोट मुंबई चलाने का प्रस्ताव है।

द्वारका जामनगर के तीर्थ एवं धार्मिक स्थल के महत्व को ध्यान में रखते हुए मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि "जन्म भूमि गौरव " नामक विशे-ा पर्यटक गाड़ी को द्वारका-जामनगर से भी जोड़ा जाए।

स्टेशनों के अपग्रेडेशन से इन स्टेशनों पर पीने का स्वच्छ पानी, पे एण्ड यूज शौचालय, ऊंची सतह के प्लेटफार्म और शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए

* Speech was laid on the Table.

बेहतर पहुंच सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए माननीय रेल मंत्री जी 236 स्टेशनों को आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा है।

मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के पांच स्टेशन, जाम-खामबलिया, भाटिया, ओखा-बेट, लालपुर, भनवाड को भी आदर्श स्टेशन के रूप में शामिल किया जाए और इन स्टेशनों के अपग्रेडेशन की सुविधाएं इन स्टेशनों में दिया जाए।

जामनगर से राजकोट जो कि सड़क मार्ग के रास्ते लगभग 90 किलोमीटर है इस क्षेत्र में बहुत बड़ी कम्पनी के कार्यालय एवं फैक्ट्री स्थापित हैं जैसे कि RELIANCE, ESSAR, TATA, GSFC etc.

इन कम्पनियों की वजह से माल गाड़ियों की आवाजाही काफी अधिक होने से यात्री गाड़ियां काफी देरी से चलती हैं।

जामनगर से राजकोट का अभी सिंगल ट्रैक है जिसे डबल ट्रैक किए जाने की आवश्यकता है जिससे यात्री ट्रेन की समस्या का कम किया जा सकता है।

वीरामगाव से जाम खमबालिया तक के रेल लाइन को डबल लाइन में बदलाने की आवश्यकता है।

अभी जामनगर रेलवे स्टेशन में सिर्फ दो प्लेटफार्म हैं जिससे यात्रियों को काफी समस्याएं हो रही हैं। यात्रियों की परेशानी एवं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस स्टेशन पर तीसरे प्लेटफार्म की आवश्यकता है।

मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि रेलवे लाइन एवं प्लेटफार्म से संबंधी समस्याओं का शीघ्र सर्वे करवा के कार्य शुरू करवाया जाए।

(1) हापा से जम्मू तवी तक जो ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलती है उसे हापा से वाया जामनगर होते हुए जम्मू तवी तक प्रतिदिन या सप्ताह में चार दिन चलाया जाए।

(2) ओखा से दिल्ली-हरिद्वार-देहरादून तक जो ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलाती है उसे प्रतिदिन या सप्ताह में चार दिन चलाया जाए।

इस ट्रेन में दिल्ली से जो यात्री द्वारका जाना चाहते हैं उन्होंने ओखा-देहरादून ट्रेन में आरक्षण मिलना नामुमकिन है क्योंकि यह ट्रेन देहरादून से ही फूल हो जाती है।

यात्रियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए दिल्ली से द्वारका के लिए प्रतिदिन एक ट्रेन चलाए जाने की आवश्यकता है।

माननीय रेल मंत्री जी ने नई एक्सप्रेस गाड़ियां शुरू करने का जो प्रस्ताव रखा है। पोरबंदर-कोचुवेल्ली एक्सप्रेस (साप्ताहिक) वाया पनवेल-मडगांव के रास्ते इस गाड़ी को पोरबंदर वाया जामनगर-कोचुवेल्लि चलाया जाए। जिससे केरल के लोग जो जामनगर या आसपास रहते हैं उन्हें इस ट्रेन की सुविधा मिल पाएगी।

सौरा-ट्र जनता (ट्रेन नं0-9018) इस ट्रेन को जाम खबलिया तक बढ़ाया जाए।

सिकन्दराबाद राजकोट एक्सप्रेस (ट्रेन नं0-7017) को हापा स्टेशन तक बढ़ाया पाए।

सौरा-ट्र एक्सप्रेस (ट्रेन नं0 19216) ट्रेन में एक-एक फर्स्ट एसी और सेकण्ड एसी कोच लगाया जाए।

सौरा-ट्र मेल (ट्रेन नं0 19005) में जो फर्स्ट एसी कोच राजकोट स्टेशन तक है, उसे ओखा स्टेशन तक किया जाएगा।

ट्रेन नं. 207/208, ओखा-भावनगर पैसेन्जर ट्रेन में अभी सिर्फ 8 कोच है इन्हें बढ़ाकर 10 कोच कर दिया जाए क्योंकि इस रूप पर यात्रियों की संख्या अधिक है और

कोचों की संख्या कम जिसे प्रतिदिन के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

मेरा आपसे अनुरोध है कि यात्रियों की समस्या एवं सुविधाओं को ध्यान में रखकर मेरे द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर विचार किया जाए एवं उन पर उचित कार्यवाही की जाए।

*कुमारी सरोज पाण्डेय (दुर्ग): नक्सलवाद समर्थक रेलमंत्री सुश्री ममता बनर्जी इस माह के अंतिम सप्ताह में अपने मंत्रालय का अगला वार्निक बजट पेश करने जा रही हैं। छत्तीसगढ़ के हितों को पूर्णतः उपेक्षा करने वाली यूपीए की सरकार की ममता रेलवे सुविधा के मामले में छत्तीसगढ़ के लिए पूर्व रेलमंत्री लालू से भी महंगी हो गई। पूरे रेल मंत्रालय को 20 प्रतिशत से ज्यादा का मुनाफा देने वाले दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे को दो प्रतिशत का भी लाभ देना रेल विभाग को मंजूर नहीं। विलासिता की हद तक की सुविधा तो दूर की बात है अनिवार्य आवश्यकताओं की भी सुनवाई नहीं होती। सिर्फ इतना ही नहीं सरकार के अपने भिलाई इस्पात संयंत्र को लौह अयस्क की आपूर्ति के लिए प्रस्तावित राजहरा-रावघाट रेलमार्ग के निर्माण को जानबूझकर टाला जा रहा है। राजहरा से रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन पूरे दक्षिणी छत्तीसगढ़ की जनता को विकास की मुख्य रेखा से जोड़ देगी। मगर शायद रेलमंत्री महोदया को गरीब आदिवासियों का विकास मंजूर नहीं है। केवल एक बम विस्फोट हुआ, पटरी टूटी, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हुई, अनेक यात्री हताहत हुए, मगर रेल मंत्री महोदया ने नक्सलियों के विरुद्ध एक शब्द नहीं कहा। कार्यवाही के नाम पर रेल यात्रियों की असुविधा को बढ़ाने के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से रात्रि की यात्री रेल सेवा बंद कर दी जो आज कई महीनों से जारी है। यदि ये अतिवादी ऐसी ही वारदातें कोरोमंडल और दिल्ली मार्ग पर भी कर देते हैं तो वहां भी रेल प्रचालन रोक दिया जाएगा? क्या प्रशासन इतना पंगु हो गया है कि चंद आतंकवादियों के डर से देश की जीवन रेखा काम करना बंद कर दे? यदि रेलवे के सुरक्षा बलों के जवान आतंकियों का मुकाबला करने से घबराते हों तो रेलवे को सुरक्षा की जिम्मेदारी सेना को सौंप देनी चाहिए, ट्रेनों का इस प्रकार का अरतथ्यरत प्रचालन कब तक होता रहेगा? राजनीतिक क्षेत्रों में यह अनुमान लगाया जा

* Speech was laid on the Table.

रहा है कि नक्सलियों के समर्थन से पश्चिम बंगाल का चुनाव जीतने के बाद ही सुश्री ममता बनर्जी यह अवरोध समाप्त करेगी। यदि यह अनुमान सत्य है तो आने वाले समय में दुर्घटनाओं का अम्बार लग जाएगा। यह बात सही है कि व्यक्तिगत स्वार्थों के चलते अनेकों राजनैतिक नेताओं की शह के कारण ही पूर्व में वीरप्पन और चम्बल के डकैत तथा वर्तमान में नक्सली और कम्युनिस्ट आतंकी सामान्य जनमानस को भयभीत करते रहे हैं, उन्हें प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से नुकसान पहुंचाते रहे हैं। क्या हम यह आशा कर सकते हैं कि आगामी रेल बजट नक्सली आतंकवाद और छत्तीसगढ़ के प्रति सौतेलेपन की दुर्भावना से मुक्त रहेगा? क्या आपने 20 प्रतिशत योगदान के बदले छत्तीसगढ़ को उसकी आधी ही सही अर्थात 10 प्रतिशत भी सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी?

राऊरकेला-खड़गपुर खंड पर रात्रि में यात्री गाड़ियां नहीं चलाने के कारण जो लेटलतीफी हो रही है उसका भारी खामियाजा दुर्ग स्टेशन के रेल यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। रेल विभाग के अनुसार लाइन परिवर्तन के कारण मेल, एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी, हावड़ा अहमदाबाद, पोरबंदर/ओखा, समरसता, हटिया जैसी सभी महत्वपूर्ण अप दिशा में जाने वाली ट्रेनों को प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर ना लाकर दो से ले जाया जा रहा है। तर्क यह कि इस क्रिया से आठ मिनट की बचत होती है जबकि यह तर्क गले से नीचे नहीं उतरता। समय की बचत केवल तीन से चार मिनट की ही होती है। समय के बचत का ऐसा अनोखा तरीका जिससे यात्रियों की जेबें खाली हों, पार्सल लदान कठिन से कठिनतम हो जाए, बीमार और अपंग यात्रियों को सीढ़ियों पर जाने या ले जाने की मशक्कत करनी पड़े, रेलवे को अत्यंत प्रिय है, किन्तु नागपुर शहर में कलमना से ईतवारी होकर नागपुर स्टेशन तक ये ट्रेने ले जाने से आधे घंटे से अधिक का जो अतिरिक्त समय लगता है उसके लिए रेल विभाग क्या तर्क देगा? वस्तुतः सभी महत्वपूर्ण अप ट्रेनों, को दुर्ग स्टेशन पर प्लेटफार्म क्रमांक एक से ही गुजारना

अनिवार्य है और इन्हीं अप ट्रेनों के लिए कलमना से नागपुर के मध्य एक अतिरिक्त लाइन बिछाई जाए अन्यथा रेलयात्री त्रस्त होकर कठोर कदम उठाने के लिए विवश हो जाएंगे।

पिछले रेल बजट में दक्षिण पूर्व मध्य रेल जोन से अधिकृत रूप से रेल बोर्ड को आठ मांगे की गई थी। बिलासपुर-इलाहाबाद एक्सप्रेस, बिलासपुर दल्लीराजहरा पैसेंजर, दुर्ग, गोहाटी एक्सप्रेस, कोरबा, गोन्दिया फास्ट पैसेंजर और कोरबा कुर्ला एक्सप्रेस, इन आठ मांगों में से दुर्ग जम्मूतवी एक्सप्रेस की एक मांग ही मानी गई थी। रायपुर राजहरा एक्सप्रेस को 2011 मेंचलाकर एक और मांग को आंशिक रूप से माना गया जिसे यदि कोरबा तक बढ़ाया जाता है तो सत्रह व-र्ों से जनता द्वारा की जाने वाली मांग पूरी हो सकेगी। देश की सबसे बड़ी दो खदानों पर बसे शहरों, एशिया के सबसे बड़े स्टील प्लांट, संरकारधानी दुर्ग, प्रदेश की राजधानी रायपुर, महत्वपूर्ण अनाज मंडी भाटापारा, जोन मुख्यालय और हाईकोर्ट के शहर बिलासपुर और कोसा नगरी चांपा सभी का आपस में सीधा जुड़ाव हो जाएगा। दुर्ग गौहाटी सुपर फास्ट एक्सप्रेस की मांग को अभी कुछ दिनों पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने रेलमंत्री से भेंट के दौरान पुनः दोहराया है, उसे केवल गौहाटी तक सीमित ना रखते हुए तिनसुकिया तक चलाया जाए, ताकि सेवन सिस्टर्स (पूर्वोत्तर के सात राज्यों) तक सीधी पहुंच हो जाए। यहां एक और मुद्दा उल्लेखनीय है। दुर्ग से गौहाटी तक सीधी सुपरफास्ट रेल सेवा की मांग रेल के जोनल अधिकारी ही उठा रहे है परन्तु उसी दुर्ग स्टेशन पर कुल्लां गौहाटी ट्रेन जो वर्तमान में चलाई गई है उसका स्टापेज नहीं दिया गया है। प्रदेश के दूसरे सबसे अधिक राजस्व के प्रदाता और सर्वाधिक आबादी को समेटने वाले दुर्ग शहर को तीन और ट्रेनों के स्टापेज से वंचित रखा गया है। तथाकथित प्रादर्श स्टेशन का ऐसा अपमान असहनीय है। कुर्ला भुवनेश्वर (वाया झारसुगुड़ा) कुर्ला पुरी वाया झारसुगुड़ा

और शिरडी हावड़ा के मध्य चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेने तकनीकी तौर पर दुर्ग स्टेशन पर रूकती है परन्तु इनका लाभ दुर्ग के रेलयात्री नहीं ले सकते। दुर्ग स्टेशन के महत्व को देखते हुए इसी समयावधी में चल रही 2869/70 सुपर एक्सप्रेस और 2811/12 हटिया एक्सप्रेस के अनुरूप इन्हें अविलम्ब स्टापेज दिया जाए। पूर्व में हावड़ा टाटानगर स्टील एक्सप्रेस और हावड़ा से राऊरकेला तक इस्पात एक्सप्रेस चलती थी। दो लौह नगरियों को तो पृथक रूप से हावड़ा से जोड़ा गया था किन्तु एशिया के सबसे बड़ी स्टील प्लांट भिलाई को इसके योग्य नहीं समझा गया। उपेक्षा की पराका-ठा तो उस समय हो गई जब इस्पात एक्सप्रेस को भिलाई दुर्ग तक ना लाकर सम्बलपुर पहुंचा दिया गया। अब यह ट्रेन टीटलागढ़ तक जाती है। पिछले बजट के लिए जो के प्रस्ताव के औचित्य को देखते हुए हावड़ा दुर्ग तक आयरन सिटी एक्सप्रेस चलाई जानी चाहिए।

कोरबा से यशवंतपुर चलने वाली वैनगंगा एक्सप्रेस की समय सारिणी सभी स्थानों के यात्रियों के लिए असुविधापूर्ण है। 2252 केरबा यशवंतपुर एक्सप्रेस हैदराबाद के एक आउट स्टेशन काचेगुड़ा में रात्रि डेढ़ बजे पहुंचती है और यशवंतपुर दोपहर को डेढ़ बजे। वापसी में यह ट्रेन बंगलौर के आऊट स्टेशन यशवंतपुर से रात्रि 11.30 में पहुंचती है। काचेगुडा से सुबह 10.30 का समय भी व्यावहारिक नहीं है। इस समय सारिणी को परिवर्तित करना तो आवश्यक है ही साथ ही सप्ताह में दो दिन चलने वाली इस ट्रेन को नियमित करना और जोन के छठे प्रस्ताव दुर्ग से हैदराबाद एक्सप्रेस का परिचालन करना भी समय की मांग है।

दपूम रेलवे जोन की जनता को कुछ नई ट्रेनों की अनिवार्य आवश्यकता है। बिलासपुर-रायपुर-विशाखापट्टनम-तिरुपति एक्सप्रेस वास्तव में भिलाई के नागरिकों की मांग थी जिसे बिलासपुर की ओर डायवर्ट कर दिया गया। अब दुर्ग भिलाई सहित राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया और बालाघाट के रेल यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर

रायपुर बालाघाट के मध्य तिरुपति लिंक लोकल चलाई जानी चाहिए। बिलासपुर से नागपुर मनमाड कल्याण पनवेल होते हुए रत्नागिरी मडगांव वास्को डी गामा तक गोवा एक्सप्रेस की भी महती आवश्यकता है। दुर्ग मुख्यालय से नंदिनी अहिवारा तक रेल लाइन कई दशकों से भिलाई इस्पात संयंत्र को डोलोमाईट की पूर्ति के लिए बिछी हुई है और अब तक कोई यात्री ट्रेन नहीं चलाई गई है। यातायात अवरोध और सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर दुर्ग अहिवारा के मध्य रात्रि ट्रेन का प्रचालन त्वरित किया जाना चाहिए। पिछले बजट में मांगी गई बिलासपुर-इलाहाबाद एक्सप्रेस को यदि दुर्ग-बिलासपुर-कटनी-इलाहाबाद होकर लखनऊ तक शुरू किया जाए और उसकी समय सारिणी जबलपुर-जयपुर के मध्य चलने वाली दयोदया एक्सप्रेस को कटनी में कनेक्शन लायक बनाई जाए तो हजारों यात्री लाभान्वित हो सकेंगे। कई मांगों का एक साथ समाधान हो सकेगा।

कुछ ट्रेनों के गंतव्य विस्तार की भी भारी मांग है। जिनमें मुख्य रूप से कोल्हापुर से गोदिया आकर बारह घंटे आराम करने वाली महारा-ट्र एक्सप्रेस को दुर्ग तक चलाने की है। इस प्रक्रिया से आगगांव, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई एवं रायपुर में बसने वाले लाखों महारा-ट्र मूल के निवासी लाभान्वित हो सकेंगे। वर्तमान समय सारिणी को उसी प्रकार रखते हुए इसके लिंक लोकल के रूप में 5 डीआर दुर्ग रायपुर तथा 1 आरडी रायपुर दुर्ग लोकल का समय समायोजित किया जा सकता है। कोल्हापुर जाते समय यह ट्रेन प्लेट फार्म क्रमांक एक से छूटेगी उसके पूर्व प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर लोकल आ चुकी होगी तथा वापसी में प्लेटफार्म क्रमांक 4 पर आई हुई महारा-ट्र एक्सप्रेस के रायपुर भिलाई यात्रियों के लिए प्लेटफार्म क्रमांक 5 पर लोकल उपलब्ध होगी। इससे प्लेटफार्म बदलने की क-टदायक प्रक्रिया से यात्री पूरी तरह बच जाएंगे।

दुर्ग, भिलाई, रायपुर की जनता के लिए हिन्दुओं के पवित्रतम चार धामों में तीन जगन्नाथपुरी, द्वारका और कांची (चेन्नई) तक सीधी रेलसेवा उपलब्ध है किन्तु बद्रीनाथ के लिए हरिद्वार तक कोई सुविधा नहीं है। यदि गोंडवाना एक्सप्रेस को हरिद्वार तक बढ़ाया जावे तो सहज सुविधा हो जाएगी। उसी प्रकार अमृतसर के लिए सुपरफास्ट एक्सप्रेस की पंजाब मूल निवासियों की मांग को देखते हुए समता एक्सप्रेस को अमृतसर तक बढ़ाना चाहिए। पिछले तीन दशकों से इंदौर के लिए सीधी रेलसेवा प्राप्त नहीं हो सकी है। इंदौर-बिलासपुर नर्मदा पैसेंजर को दुर्ग तक लाने की मांग समय-समय पर उठती रही है और साथ ही अधिकारियों का आश्वासन भी। इस मांग को पूरा करने के साथ ही इंदौर नागपुर त्रिशताब्दि/सुपरफास्ट एक्सप्रेस को रायपुर तक लाना अनिवार्य प्रतीत होता है। लखनऊ से रायपुर के मध्य चलने वाला गरीबरथ दुर्ग रायपुर के मध्य तीसरी लाइन का इंतजार कर रहा था, ऐसा रेल अधिकारियों का कथन था। अब तीसरी लाइन बनने के बाद भी भिलाई दुर्ग के यात्री लखनऊ तक सीधी रेल सेवा बनाम गरीब रथ से वंचित क्यों? गोंदिया से चन्द्रपुर के मध्य चलनेवाली पैसेंजर ट्रेनों को यात्रियों की सुविधा के लिए बल्लारशाह तक बढ़ाना चाहिए ताकि आगे दक्षिण में जाने के लिए एक्सप्रेस ट्रेनों का कनेक्शन मिल सके।

रेलवे के उच्चाधिकारी और स्वयं रेलमंत्री रायपुर दुर्ग के आरक्षण आंकड़ों को देखें और ट्रेन प्रस्थान के समय प्लेटफार्म पर उपस्थित रहें तो लगभग सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में जगह के लिए जो अफरातफरी मचती है और रिजर्वेशन के तथा सामान्य डिब्बों में यात्री किस प्रकार क-टों को सहकर यात्रा करते हैं उसका अनुमान लग जाएगा। विशे-ा रूप् से जो ट्रेने नियमित नहीं चलती उनमें यह समस्या विकराल है। अतः कोरबा-यशवंतपुर द्विसप्ताहिक एक्सप्रेस को पांच दिन, कोरबा, त्रिवेन्द्रम, द्विसाप्ताहिक कोचीन एक्सप्रेस को पांच दिन, दुर्ग जयपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस दुर्ग जम्मूतवी

साप्ताहिक एक्सप्रेस को चार दिन, पुरी जोधपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस को तीन दिन और बिलासपुर पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस को चार दिन चलाने की आवश्यकता है जबकि गेवरारोड नागपुर शिवनाथ एक्सप्रेस के रिजर्वेशन की वेटिंग लिस्ट को देखते हुए इस ट्रेन में कम से कम तीन शयनयान और दो सामान्य बोगियां बढ़ाना अनिवार्य है। पुरी जोधपुर और आजाद हिन्द एक्सप्रेस में भी बोगियां तत्काल बढ़ाई जानी चाहिए। यात्री सुविधा को देखते हुए कुछ ट्रेनों का समय परिवर्तन अत्यन्त आवश्यक है। दुर्ग से गोरखपुर जाने वाली नोतनवा एक्सप्रेस रात्रि 8-9 बजे गोरखपुर और साढ़ ग्यारह बजे नौतनवा पहुंचती है। यह समय गोरखपुर और नौतनवा में पूर्णतः असुरक्षित है। यदि यह ट्रेन दुर्ग से शाम साढ़े सात बजे के स्थान पर दोपहर को रवाना की जाए तो सभी स्थानो पर समय सुविधाजनक हो जाएगा। कुछ लोकल ट्रेनों के समय परिवर्तन के लिए दैनिक रेल यात्री संघ ने कई बार मांग की है कि वह भी महत्वपूर्ण है और इसकी उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। रेलवे की सुविधाएं बनाम यात्रियों का सिरदर्द रेल विभाग बढ़ फख्र से अपने द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए नहीं अघाता। मगर रेल विभाग द्वारा दी जानेवाली सुविधाओं का सच क्या है इसके बारे में किसी ने सोचा है। अनारक्षित टिकट लेकर ट्रेन छूटने की हड़बड़ी में आरक्षित बोगी में चढ़ने वाले यात्री की रेल कर्मचारियों द्वारा चड्डी तक उतार ली जाती है। क्या रेलवे अपने महत्वपूर्ण कानूनों को बोर्ड पर प्रदर्शित नहीं कर सकता? पूछताछ कार्यालय में बैठा अकेला व्यक्ति यात्रियों के प्रश्नों का उत्तर भी देता है, कम्प्यूटर से वर्तमान स्थिति भी पता करता है और उन्हें बोर्ड पर भी लिखता है। ऐसे में फोन अटेंड करना क्या संभव है। तथ्य तो यह है कि छत्तीसगढ़ के लगभग सभी स्टेशनों से लोकल इंक्वायरी समाप्त हो चुकी है। 139 से पूछताछ सबके बस की बात नहीं है। यदि प्रयास भी किया जाए तो वांछित उत्तर प्राप्त नहीं होता अथवा बीच में इंक्वायरी के लिए धन्यवाद कहकर फोन

काट दिया जाता है। सभी स्टेशनों में स्टाफ की किल्लत है तो रेलवे नई भर्ती क्यों नहीं करती और यह भी संभव नहीं तो विज्ञापन के जमाने में यह कार्य किसी विज्ञापन एजेंसी या सिमकार्ड विक्रेता को क्यों नहीं सौंप देती।

केन्द्रीय रेल मंत्री सुश्री ममता बनर्जी को अपने राज्य छत्तीसगढ़ और अपने संसदी क्षेत्र दुर्ग में रेल सेवाओं के विस्तार एवं क्षेत्र के लोगों की आवश्यकताओं एवं आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पत्र लिखा गया था। इन पत्रों में निम्नलिखित कार्यों एवं ट्रेनों के परिचालन में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए मांग की गयी है।

1. **दुर्ग-जयपुर एक्सप्रेस**- यह ट्रेन दुर्ग से जयपुर सप्ताह में मात्र एक दिन चलती है। इसके फेरे को सप्ताह में तीन दिन करने की मांग की गई है।
2. **विदर्भ एक्सप्रेस**- यह ट्रेन गोंदिया से मुंबई चलती है। गोंदिया दुर्ग से मात्र दो घंटे की दूरी पर है। अतः इसे दुर्ग से चलाने की मांग की गई है।
3. **बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस**- यह ट्रेन बिलासपुर को पुणे से जोड़ने वाली एकमात्र ट्रेन है और सप्ताह में केवल एक दिन चलती है। इसे सप्ताह में तीन दिन चलाने का प्रस्ताव दिया गया है।
4. **इंदौर-नागपुर एक्सप्रेस**- दुर्ग को इंदौर से जोड़ने के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं है। यदि इस ट्रेन को नागपुर के बजाय दुर्ग से चलाया जाएगा तो इस क्षेत्र के रहवासियों को इंदौर के लिए सीधी ट्रेन मिल जाएगी।
5. **रायपुर-पुरी इंटरसिटी एक्सप्रेस**- यह ट्रेन रायपुर से पुरी के लिए चलती है। रायपुर, दुर्ग से मात्र 30 कि.मी. की दूरी पर है। यदि यह ट्रेन दुर्ग से चलेगी तो यहां पर बसने वाले उड़ीसा के रहवासियों को बहुत सुविधा होगी, ऐसी मांग इस ट्रेन के लिए की गई है।

6. **अहमदाबाद-पुरी एक्सप्रेस-** चूंकि यह एकमात्र ट्रेन है जो दुर्ग को पुरी से जोड़ती है। इसीलिए इस ट्रेन में हमेशा भारी भीड़ रहती है और यात्रियों को असुविधा होती है। अतः यात्रियों की सुविधा के लिए इस ट्रेन में दो और आरक्षित बोगी जोड़ने का प्रस्ताव दिया गया है।
7. **दुर्ग-जयपुर-अजमेर-** चूंकि दुर्ग को अजमेर से जोड़ने के लिए कोई भी ट्रेन उपलब्ध नहीं है अतः दुर्ग-जयपुर एक्सप्रेस को अजमेर तक चलाने का प्रस्ताव किया गया है।
8. **नई ट्रेनों के परिचालन की मांग-** दुर्ग से भुज के लिए एक नए ट्रेन के परिचालन की मांग की गई है जिससे कि छत्तीसगढ़ और गुजरात राज्यों को सीधा जोड़ा जा सके।

इसके अलावा निम्नांकित ट्रेनों के जोकि दुर्ग से गुजरती है, स्टॉपिज दुर्ग में करने हेतु मांग की गई है।

1. पुरी-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस - 2745/2746
2. हावड़ा-शिरडी एक्सप्रेस - 2573/2574
3. गुवाहाटी-मुम्बई एक्सप्रेस - 5611/5612
4. हावड़ा-पुणे एक्सप्रेस - 2221/2222

साथ ही मूलभूत संरचनाओं में भी परिवर्तन करने हेतु निम्नलिखित निर्माण कार्यों की मांग रेल मंत्री से की गई है।

1. नेहरू नगर रेलवे क्रॉसिंग, भिलाई में ओवरब्रिज या अंडरब्रिज का निर्माण।
2. हुडको रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज या अंडरब्रिज का निर्माण।
3. मरोदा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज या अंडरब्रिज का निर्माण।
4. डोगरगढ़ में वाशिंग लाइन का निर्माण।

5. रायपुर-धमतरी नेरागेज को ब्रॉडगेज में परिवर्तित कर उसे राज्य में कॉकेर और कोण्डागांव तक ले जाना।

*श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): मैं माननीय रेल मंत्री जी को यह बताना चाहता हूं कि झारखंड राज्य के साथ रेल बजट में बहुत भेदभाव बरता गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र लोहरदगा में केवल एक मात्र निर्माण कार्य चल रहा है। जो लोहरदगा से दूसरी रेलवे लाइन के निर्माण से संबंधित है। इस रेल लाइन के बन जाने से क्षेत्र के निवासियों को काफी राहत मिलने वाली है। इसलिए लोहरदगा से दूरी रेलवे लाइन अतिशीघ्र पूरा किया जाए।

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र जो कि आदिवासी बहुल संसदीय क्षेत्र है, इसमें रेलवे संबंधी नितांत समस्याएं है। जिनकी माननीय रेल मंत्री जी द्वारा अनदेखी की गई है। जो वर्तमान में निम्न प्रकार से है-

1. रेल मंत्रालय द्वारा लोहरदगा से दूरी रेलवे परियोजना जिसका निर्माण कार्य अपने प्रारम्भिक समय से अभी तक तय समय से बहुत पीछे चल रहा है। जिसमें गति लाने की आवश्यकता है। जिससे आम जन को जल्द से जल्द राहत मिल सके।
2. पिछले कई व-र्ों से निम्नलिखित दो रेलवे लाइनों की आवश्यकता क्षेत्र की जनता द्वारा महसूस की जा रही है।
   - क. लोहरदगा से कोरबा-वाया-गुमला जसपुर। रेलवे लाइन बनाई जाए।
   - ख. लोहरदगा से झाड़सुगड़ा वाया-गुमला-जसपुर, कुनकुरी रेलवे लाइन बनाई जाए।
   - ग. लोहरदगा से जमशेदपुर, धनबाद तक रेल सेवा प्रारंभ की जाए ।

* Speech was laid on the Table.

3. ट्रेन संख्या 13352 एलएफपी एक्सप्रेस का ठहराव पोकला स्टेशन पर किया जाए।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Hon. Chairman Sir, I rise to support the Budget. There are 16 Demands for Grants, out of which 1 to 15 deal with Revenue Expenses, Appropriations to the Fund and the Dividend Payment. These are three parts of Demand Nos. 1 to 15 and Demand No.16 deals with Works Expenditure.

So, I am very glad to see that the Annual Report of 2009-10, which has been circulated amongst the Members, has given a very clear picture of the highlights of the performances of the Indian Railways. If we better go through this, we can get an overall idea of what were the performances, how these were implemented and all that. The Annual Report has given a very clear picture.

Sir, a separate list and a separate publication have also been circulated where safety performances of Indian Railways, which has been circulated, is also informative. If we go through, we can easily find out what steps the Government is going to take so far as safety is concerned.

On this subject, I must say that anti-collision device sanctioned to cover eight Zonal Railways, which is a long pending demand of the people of this country for the safety reason, out of 17 Zonal Railways is commendable. It is for the first time that it has ever happened. It is a very costly arrangement, but certainly a step towards safety.

GPS based fog-save device is to be developed. The fog is one of the causes, on different occasion, of accidents. But this time the hon. Minister has made a claim that due to fog, incidents or accidents have not occurred in our country.

Unmanned level crossing has also become a problem so far as safety is concerned. So, in this Budget, 3,000 unmanned level crossings have been proposed to be eliminated and all India security helpline is there on a single number set up. These are the few steps which have been categorically highlighted into the Budget Speech of Madam Banerjee.

I was hearing the speech that only Bengal is being looked after and that other States are being deprived. Sir, it is a common feeling of the people of the Eastern Zone of India that after Independence, due to regional imbalances, Eastern Zone, which include Bihar, Bengal, Orissa, Jharkhand and other States, has suffered a lot. So, naturally, development of any of these States should not be criticized by the persons belonging to either of these States.

In this Budget, it has been categorically mentioned also and we must appreciate for these reasons, nobody has mentioned it, that all State capitals of North-Eastern Region, except Sikkim are to be connected by rail in next seven years.

KUMARI MAMATA BANERJEE: Sikkim also. I have given a project to Sikkim. The Savok to Gangtok project has already been started.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : A bridge factory in Jammu & Kashmir and a state-of-the-art institute for tunnel and bridge engineering is proposed at Jammu.

Comment [RS38]: Ctd by u2

If the State of Jammu and Kashmir is taken into consideration, if North-Eastern Region is taken into consideration, why will it be only told that these sectors are neither being looked after or nor being taken into consideration? Only my previous speaker was saying that the Budget is taking care only of West Bengal. So, our imagination and outlook must be bigger one.

I must mention a few important points which are to be taken into consideration. This time also, there is no hike in passenger fares and freight rates. It is a revolutionary step. Railways are always passenger-friendly. There is no doubt about it. Highest-ever plan outlay of Rs. 57,630 crore is proposed for Railways. This is the highlight : Rs. 9,583 crore is provided for new lines; 1300 km. new lines; 860 km. doubling of lines and 1017 km. gauge conversion together is targeted in 2011-12. Sir, 56 new Express Trains, 3 new Shatabdis and 9 Duranto trains are to be introduced. These are the trains to be introduced. I must say, as Girija Vyas *ji* was mentioning in her speech, that the broad outlook has been projected in this Budget in which safety and security has been given all

priority and importance, in the speech delivered by the Railway Minister. She has also admitted in her speech that she could have been happy. She has said: "I appreciate that the demands of every hon. Member and citizen are genuine." It is not that she is denying the facts; she is of the opinion that all the demands placed before the Ministry or submitted before her are genuine. It is their right to which she has absolutely agreed. She has also said: "I believe in positive approach and action."

But, Sir, actually, if it can be assessed that if all the proposals placed before the Railways are to be implemented, more than two lakh crores of rupees are needed at this juncture. Normally, the Members of Parliaments, who come over here, firmly believe that the hon. Railway Minister has full sympathy and feeling and she is completely involved in the proposals which they submit and she always tries to go into details with open mind, without taking any narrow view. She is of the opinion that all steps can be taken part by part whenever it will be given an importance.

A Diesel Locomotive Centre will be set up in Manipur. Nobody is mentioning all these places. A Centre of Excellence in Software will be set up at Darjeeling. Additional mechanised laundry units are to be set up at Nagpur, Chandigarh and Bhopal. Nobody is mentioning all these places. So, all the parts, more or less, of the country, are covered. There may be demands for some more lines, for some more stations. A few MPs are asking for more stoppages of the super-fast trains. Naturally, difficulties are also to be shared. With transparency and with honesty, the way the Railway Department has tabled this Budget this time – I have gone through it – I think it is one of the best Railway Budgets ever placed on the floor of the House, in Parliament after Independence.

Comment [R39]: Contd. by w2

Sir, there is a target of 18,000 wagons to be procured during 2011-12. A scheme for desirable projects, namely, Pradhan Mantri Rail Vikas Yojana with Non-lapsable Fund has also been proposed. In some social cases, concession to

physically handicapped persons is to be extended on Rajdhani and Shatabadi trains. Concession of 50 per cent to Press correspondents with family has also been increased to twice a year. Senior citizens concessions have been increased from 30 per cent to 40 per cent. It is said about the recruitment for 1.75 lakh vacancies for Group C and D including to fill up backlog of SC/ST initiated 16,000 Ex-Servicemen to be inducted by March, 2011. Unemployment has gone to a sky-rocketing height, and the Railways is giving a positive signal that they are thinking through their Department that unemployment problem would be taken care of with top priority.

Sir, these are the proposals, which are to be appreciated from all sides of the House, which have not yet happened. Many proposals have been appreciated but many have been criticized very wrongly, which we do not accept.

Freight loading of 993 Metric Tonnes and passenger growth of 6.4 per cent is estimated for 2011-12. We should not forget that the Indian Railways is the world's third largest rail network, which is functioning under a single management. How many people are dying in road accidents in comparison to the rail accidents? Have we ever taken note that under what condition the Railways is functioning? People may ask that there are so many proposals. How would they be estimated? I am very confident that all this would be estimated. In her Budget Speech, while dealing with the Budget Estimates for 2011-12, the hon. Railway Minister has very categorically mentioned as to how mobilisation of resources would take place. She has mentioned very clearly in paragraph 73 of the Railway Budget that 'the Railways' earnings are set to exceed Rs. 1,00,000 crore mark.' This is the first time that it is happening in the history of the Indian Railways. These earnings including Ordinary Working Expenses, which have been assessed at Rs. 73,650 crore. This represents an increase of 9.9 per cent over Revised Estimates of 2010-11 to cater for annual increment of salaries. In addition, appropriation to Pension Fund is placed at Rs. 15,800 crore and to Depreciation

Reserve Fund at Rs. 7,000 crore compared to Rs. 5,700 crore in the Revised Estimates. So many steps have been announced.

Sir, the hon. Railway Minster has very categorically said as to how she is proceeding for resource mobilisation process. We should not forget that the Indian Railways has 7,083 stations carrying 2.20 crore passengers everyday. What a huge amount of passengers are using this passenger-friendly rail transport! According to the Ministry, the rail fare is 1/4th of the road fare. So, why should we not take this Budget as a most accepted and most colourful Budget?

People have some feelings about the passengers' services. Of course, improvement in passengers' services is very necessary.

Comment [r40]: Contd by x2.e

People have a demand that the catering service sometimes creates some problems. Passenger amenities and cleanliness are also very common demands of the common people. People often want to see clean toilets. But when you are purchasing a ticket for Rs.4, how can you expect clean toilets all the time? Even when we use the toilet of Parliament, if 10 people go together, then and there one person is coming and cleaning the toilet. Assuming that two crore people are using trains and using the toilets, how many people are to be recruited and how much payment is to be made for them? So, all the political parties should make an appeal to the Government for more Central assistance. The Railway Budget is the Budget which is read on the floor of the House in Parliament and not all other Budgets. There are two Budgets, one is the General Budget and another one is the Railway Budget. So, why can we, all the political parties, not come together and ask for more and more Central assistance?

So far as the Indian Railways are concerned, they are trying to mobilise their resources at their level and we should make all out effort to see what more a Minister can do with the one time Budget placed on the floor of the House. It is a country with such a huge area with so many States. From corner to corner, major problems have to be taken care of, and accordingly, we firmly believe that this Railway Budget has been broadly appreciated by the people of this country.

It should not be pointed out that it is like an East India Company Budget or it is a Budget only aimed at West Bengal's development. It is not like that. My previous speaker representing from Bihar categorically accused that it is a Budget aimed at West Bengal's development. Bihar had three former Central Railway Ministers. If they cannot look after their State in that manner, we cannot help it.

Madam Mamata Banerjee, the hon. Railway Minister is with a very transparent outlook, with great managerial efficiency and honest approach to the people of this country. People certainly believe that when the Railway Budget and the proposals in the Budget are going to be implemented step by step, it will add one feather in the helm of the Railway Minister's head. We firmly believe that the Minister remains committed to fulfil the proposals which she has made. This is her identity and political character. We are certainly waiting for the success of the Budget and people will be benefited greatly. So, we, those who are satisfied with the rail lines, those who are deeply satisfied with the proposals, firmly believe that all those proposals will be taken care of by the Minister in due course of time. We are of the opinion that this Railway Budget will give a new dimension and uplift to the UPA-II Government with the blessings of both the hon. Prime Minister and the UPA Chairperson.

***श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर, हि.प्र.):**

अदूरदर्शी एवं निराशाजनक बजट-

रेल यात्रियों के लिए रियायतों का पिटारा खोलने वाला बजट प्रस्तुत करने के लिए मैं रेल मंत्री महोदया की प्रशंसा करना चाहता हूं, लेकिन वास्तविकता यह है कि इस बजट में कोई दूरदृन्टि दिखाई नहीं दी है। यह घोर निराशावादी और निराशाजनक बजट है। इस बजट में आम लोगों के लिए कुछ भी नहीं है। इस बजट में रेलकर्मियों को तारीफों के सिवाय कुछ नहीं मिला है। रेल बजट में रेलकर्मियों की आवासीय योजना सहित चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के बच्चों को नौकरी देने का कोई जिक्र न कर रेल मंत्री ने उन्हें निराश किया है। इसमें रेलकर्मियों को कोई तवज्जुह नहीं दी गई है। यह बजट पश्चिम बंगाल का चुनावी बजट है। रेल बजट का राजनीतिकरण किया गया है। पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में होने वाले विधान सभा चुनावों को देखते को देखते हुए रेल बजट को जनता को समर्पित करने की बजाय राजनीतिक स्वार्थों को समर्पित कर दिया गया है। इस बजट में सुरक्षा के मुद्दे, चोरी की वारदातों, स्वच्छता तथा रेलवे स्टेशन की भूमि पर अतिक्रमण पर ध्यान नहीं दिया गया है। रेलवे की आमदनी घट गई है और खर्च बढ़ गए हैं। ऐसे में बजट की घोाणाएं हवा में महल तैयार करने जैसा है। बजट को एक राज्य के विधान सभा चुनावों को दृटिगत रखते हुए बनाना निंदनीय है।

रेल बजट चिंता पैदा करने वाला तथा रेलों में कमियों की कोई पहचान नहीं की गई-

रेल बजट पूरी तरह से चिंता पैदा करने वाला है। यह हैरान करने वाली बात है कि इस रेल बजट को प्रस्तुत करते समय रेलवे की समस्याओं का न तो जिक्र किया गया है, न समीक्षा की गई है और न ही कमियों की पहचान की गई है। इसलिए इसमें कोई दूरदृटि दिखाई नहीं देती है। भारतीय रेलवे की सबसे बड़ी जरूरत क्षमता विस्तार की है, लेकिन रेल बजट में कहीं भी इसका उल्लेख नहीं है कि रेल की क्षमता का कहां तक विस्तार होगा, क्या-क्या करना जरूरी है, किस तरह से इस लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। रेल मंत्री ने नेटवर्क और कनेक्टिविटी के बारे में बताया है, लेकिन कोई स्पट चित्रण नहीं किया है।

रेलों में माल ढोने की क्षमता बढ़ाने की बजाय घटाई गई-

उन्होंने बजट के दौरान कहा कि जब देश की आर्थिक वृद्धि दर 8-9 प्रतिशत रहती है, तो माल ढुलाई में 1.2 प्रतिशत की दर से वृद्धि होती है, लेकिन यदि छः प्रतिशत रहेगी तब? पिछले साल रेलवे द्वारा घोाित लक्ष्य से कोयला ढुलाई में 30 प्रतिशत की गिरावट आई है। जाहिर है इस आधार पर राजस्व कम आया, आंतरिक आय कम हुई। आय कम हुई तो केन्द्र सरकार से बजटीय सहायता चाहिए। आखिर ऐसा क्यों हुआ, इसे स्पट किया जाना चाहिए। एक बात और 100 माल ढुलाई के लिए आने वाली रेलगाड़ियों को यात्री गाड़ियों का स्वरूप दे दिया गया। यानी आपने रेलवे की क्षमता बढ़ाने के इंतजाम नहीं किए और 30 लाख टन माल ढोने की क्षमता घटा दी। इसके पीछे क्या तर्क रहे समझ से परे है। वैसे भी रेलवे की अभी से हालत पतली है। उसे परिचालन के लिए सरकार से मदद लेनी पड़ी है। लेकिन यदि महंगाई और बढ़ गई तो क्या होगा। तब रेलवे अपने घटे को कहां से पूरा करेगी। मंत्री जी यदि घाटे की रेल चलाकर सामाजिक दायित्व पूरा करना चाहती हैं, तो वह बात अलग है, अन्यथा इस तरह के बजट का कोई उद्देश्य नहीं समझ में आता।

---

* Speech was laid on the Table.

रेल बजट केवल घोाणाओं का पिटारा-

रेल बजट अलग से इसलिए पेश किया जाता है कि भारतीय रेल अपने संचालन के लिए खुद संसाधन जुटाएगी, लेकिन ऐसा तो नहीं हो रहा है। 1996 में आखिरी बार ऐसा रेल बजट प्रस्तुत हुआ, जब रेल, केन्द्र सरकार को कमाई करके दे रही थी। हमारे पास सरप्लस बजट था, लेकिन उसके बाद ऐसी स्थिति देखने में नहीं आई। इस समय केवल हर तरफ कॉरपोरेशन बनाए जा रहे हैं। कहीं जमीन के उपयोग को लेकर कॉरपोरेशन तो कहीं कुछ और। निजी भागीदारी पर भी संसाधन जुटाने की बात कही जाती है। लेकिन अनुभव यही कहता है कि यह सफल नहीं हो सकता। कोई भी निजी घराना रेलवे में पैसे लगाकर इंतजार नहीं करना चाहेगा। फिर जब रेलवे को सरकार से 7 प्रतिशत ब्याज पर बजट सपोर्ट मिल जाता है, तो वह निजी घराने से 14 प्रतिशत पर क्यों सहायता ले? इससे तो घाटा और बढ़ेगा। रेलवे वैगन में निजी भागीदारी से निजी भागीदारी को नुकसान होने लगा, तो इसे मालभाड़े से संतुलित करने की कोशिश की गई। ऐसे में इस तरह का बजट केवल घोाणाओं का पिटारा लगता है। इसमें रेलवे का भविय नहीं दिखता। सीधा सा सवाल है कि क्षमता और आय नहीं बढ़ेगी, तो घाटे में चल रही रेलवे को आखिर आगे कैसे चलाया जा सकेगा?

रेल बजट आम आदमी का बजट नहीं-

प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने रेल मंत्री ममता बनर्जी द्वारा पेश किए गए रेल बजट को आम आदमी का बजट कहा है। आम आदमी के बजट से आशय संभवतः यह है कि न तो यात्री किराए बढ़ाए गए हैं और न माल भाड़ा। ममता बनर्जी ही नहीं, उनसे पहले पूर्व रेल श्री मंत्री लालू प्रसाद यादव का भी प्रयत्न यही रहता था कि आम आदमी पर कोई बोझ न पड़े। यहां तक तो ठीक है, लेकिन इसके बाद ये प्रश्न पैदा होते हैं कि क्या रेल यात्रियों का सफर उत्तरोत्तर सुविधाजनक और सुरक्षित हुआ है? क्या स्टेशनों और रेलों में साफ-सफाई की स्थिति बेहतर हुई है? क्या रेलवे स्टेशनों पर मिलने वाले खाने-पीने के सामान और रेलों में मिलने वाला भोजन अपनी गुणवत्ता और पौटिकता में कुछ सुधरा है? क्या रेलवे में भ्रटाचार कम हुआ है और रिजर्वेशन में होने वाली धांधली में कोई सुधार हुआ है? क्या ट्रेनें समय पर चलने लगी हैं और मुसाफिरों को अब डिब्बों की छतों पर बैठना और लकटना नहीं पड़ता है? इन सब सवालों के जवाब अगर ज्यादातर नकारात्मक हैं, तो यह बजट किस तरह आम आदमी का बजट है?

रेल बजट पश्चिम बंगाल के चुनावों को दृटि से बनाया गया बजट है-

ममता बनर्जी अपने पूरे कार्यकाल में अक्सर दिल्ली से बाहर पश्चिम बंगाल में ही घूमती रहीं, जहां विधान सभा के चुनाव होने हैं और ममता की निगाह मुख्य मंत्री की कुर्सी पर टिकी है। इसलिए उनका इस साल का बजट साफतौर पर चुनावी बजट बन गया है। पश्चिम बंगाल को बजट में अनेक तोहफे दिए गए हैं। सिंगूर में मेट्रो कोच फैक्ट्री, नंदीग्राम में रेल औद्योगिक पार्क, कोलकाता के लिए समन्वित उपनगरीय नेटवर्क और कोलकाता मेट्रो के लिए 34 नई सेवाएं, इन सौगातों में प्रमुख हैं। यही कारण है कि लोक सभा में उनकी घोाणाओं को लेकर अनेक राज्यों के सांसदों-विशेाकर बिहार, उत्तर प्रदेश और केरल के सांसदों ने जमकर हंगामा किया। रेल मंत्रियों के अपने-अपने राज्यों को लेकर झुकाव और पूर्वाग्रह बेशक रहते हैं, मगर ममता बनर्जी ने अपना पश्चिम बंगाल प्रेम दिखाने में, जो वास्तव में चुनाव केन्द्रित ज्यादा है, कोई भी संयम नहीं बरता। इससे उनका बजट पहली ही नजर में एक चुनावी रेल में रूपांतरित हो गया लगता है। ममता ने अपने मंत्रालय को खोखला कर डाला है।

पुरानी घोि‍त योजनाओं पर अभी तक काम भी शुरू नहीं हुआ है-

बजट में योजना व्यय के लिए 57,630 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है, जो अब तक का सर्वाधिक है, मगर इसके लिए 20,954 करोड़ रुपए की राशि बाजार से उठानी पड़ेगी। खस्ता वित्तीय हालत के लिए छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के कारण पड़े अतिरिक्त भार का रोना रोया गया है। यह समझ से परे है कि घाटे वाले इस बजट में 6.4 फीसदी की यात्री वृद्धि और माल ढुलाई में परिवहन सैक्टर से मिल रही कड़ी प्रतिद्वंद्विता के चलते (रेलवे का हिस्सा सिर्फ 35 फीसदी) वित्तीय हालत कैसे दुरुस्त होगी? प्रधान मंत्री का तर्क है कि रेलवे के बुनियादी ढांचे में निवेश से अधिक विकास की रफ्तार बनाए रखने में मदद मिलेगी। तर्क के हिसाब से यह बात ठीक है, मगर वस्तुस्थिति यह है कि पूर्व में घोि‍त अनेक योजनाओं पर काम भी शुरू नहीं हुआ है। बहरहाल अगले वित्तीय र्वा में 1000 किलोमीटर की नई लाइन बिछाने का प्रस्ताव है। वास्तव में आजादी के बाद इस दिशा में बहुत कम प्रगति हुई है। अतः यह कहने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए कि हमारी रेल आर्थिक विकास की चुनौतियों को अभी तक समझ नहीं पा रही है।

रेल मंत्री ने अर्थव्यवस्था की दुर्दशा को आंकड़ों में ओझल किया-

रेल बजट से यथार्थ घायल हो गया। रेलवे का संचालन व्यय घटकर करीब 92 प्रतिशत रह गया है। सचाई यह है कि रेलवे यात्री किरायों और मालभाड़े के रूप में जो अर्जित करती है उसका आधे से अधिक भाग कर्मचारियों के वेतन पर ही खर्च हो जाता है। इसका अर्थ यह भी हुआ कि भारतीय रेलवे 1991 में 99 पैसे खर्च कर के एक रुपया कमाती थी, अब 92 पैसे खर्च कर के एक रुपया कमाती है।

144 रेल योजनाएं व-ों से लंबित हैं-

रेल मंत्री ने रेलवे की अर्थव्यवस्था की दुर्दशा को आंकड़ों में ओझल कर दिया है। रेल मंत्री ने बजट में 25 नई रेल परियोजनाओं की घोाणा में बड़ी चतुराई से इस तथ्य को भी छिपा लिया कि पूरे देश में 47 हजार करोड़ रुपए की 144 रेल परियोजनाएं वर्ों से लंबित हैं और फाइलों में धूल खा रही हैं। इन परियोजनाओं में सबसे पुरानी मध्य रेलवे की परियोजना 1972 की है जो उस वक्त बजट में पारित तो हुई थी, लेकिन आज तक पूरी नहीं हो सकी। यद्यपि रेल मंत्री ने गत र्वा इन परियोजनाओं को धरातल पर लाने के लिए पुनर्समीक्षा का आदेश दिया था, लेकिन आज ये किस दिशा में हैं और इनके लिए अब कितने धन की जरूरत होगी इसका खुलासा नहीं किया गया है।

यद्यपि रेल मंत्री ने बजट में 33 रेलगाड़ियों के विस्तार के अलावा 56 नई एक्सप्रैस, 9 नई दुरंतो, 3 नई शताब्दी, 22 नई डीएमयू और 13 पैसेंजर ट्रेनों सहित कुल 103 नई ट्रेनें चलाने की घोाणा की है। चालू वित्त र्वा में केवल 700 किलोमीटर पटरियों के बिछाने और घोाित नए रेल मार्गों और परियोजनाओं के चालू न होने के कारण यह प्रश्न सदैव बना रहेगा कि नई ट्रेनों के जश्न में वर्तमान जर्जर पटरियां ही कब तक सिसकेंगी?

रेल पटरियों के नवीनीकरण का दावा बढ़-चढ़ा कर बताया गया-

जहां पटरियों के नवीनीकरण का दावा बढ़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत किया गया है उसकी सचाई यह है कि रेल की किसी पटरी को बारह साल की बजाय आठ साल में ही बदलना चाहिए। पिछले पांच वर्ों में पटरियों के नवीनीकरण की गति इतनी धीमी रही है कि आधे से अधिक रेलमार्ग की पटरियां तंगदशा को झेल रही हैं। बहुधा कमजोर और जर्जर परटियां बढ़े हुए यात्री और माल यातायात के बोझ को सहन करने में अक्षम हैं। सवाल ट्रेनों का स्पीड बढ़ाने का नहीं है। यक्ष प्रश्न यह है कि जितनी स्पीड़ बढ़ानी है वे क्या इन दोहरी लाइनों पर ट्रेनों की बढ़ती संख्या के बीच दौड़ने में सक्षम होंगी? अच्छा होता कि रेल प्रशासन व्यस्ततम रूटों पर पहले एक और रेल लाइन बिछाता, फिर सुपरफास्ट गाड़ियां चलाने की योजना बनाता। ज्ञातव्य है कि

नए वित्त वर्ा में 28 मार्गों का केवल 1017 किलोमीटर पटरियों का दोहरीकरण किया गया है। इसलिए वर्तमान रेलवे पटरियों के दोहरीकरण या तिहरीकरण के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना चाहिए।

गत वर्ा माल ढुलाई में 13 प्रतिशत कमी आई-

ज्ञातव्य है कि रेलवे की माल ढुलाई दरें बाजार के हालातों से जुड़ी हुई हैं। पिछले वर्ा अक्टूबर से दिसंबर तक के माल ढुलाई में 13 प्रतिशत की कमी आई। सचाई यह है कि यातायात प्रधान माध्यम होने के नाते देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से जितने यातायात की जरूरत है, उसे रेलवे ने नहीं बनाए रखा है। इसका 1 अनुपात 2 है, यानी अगर देश की आर्थिक दर 9 प्रतिशत है, तो यातायात 1018 प्रतिशत बढ़ना चाहिए। इस तथ्य के मद्देनजर रेलवे को अपनी कार्यक्षमता और कार्यशैली में वृद्धि करनी चाहिए। बजट के आधार पर देखें, तो पिछले दशकों में माल ढुलाई 30 में फीसदी तक गिरावट का आंकड़ा अब 25 फीसदी तक की वृद्धि की शक्ल ले रहा है, लेकिन पिछले बजट में रेलवे ने 45 हजार करोड़ टन माल ढोया था जिसमें कम से कम 11 फीसदी की बढ़ोत्तरी होनी चाहिए थी।

अलाभप्रद योजनाओं को स्थगित नहीं किया गया-

अभी भी यह पहेली है कि 11वीं योजना के अंतिम वर्ा में रेल मंत्री ने उन 100 से अधिक योजनाओं को स्थगित क्यों नहीं किया, जिन्हें लाभप्रद नहीं माना गया। अपने बजट भाणों में उन्होंने कम लोकप्रियता वाली गाड़ियों की समीक्षा करने का वायदा किया था, लेकिन इसके बावजूद पिछले वर्ाों में ट्रेनें बढ़ाने और पुरानी ट्रेनों के फेरों में वृद्धि करने की योजनाओं को शामिल कर लिया जिनका औचित्य आर्थिक दृटि से संदिग्ध है। वे यह भलीभांति जानती हैं कि एक यात्री गाड़ी के निरस्त करने से भारतीय रेलवे को इतना स्थान और समय मिल सकता है कि इससे तीन मालगाड़ियां चलाकर 10 गुना प्राप्तियां की जा सकती हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि नई ट्रेनों से माल ढुलाई पर कितना प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। भारतीय रेलवे को व्यावसायिक उपक्रम बनाने के प्रति कुछ ज्यादा ही उत्सुक रेल मंत्रालय जिस दिन सामाजिक सरोकारों से जुड़ जाएगा उस दिन वह आम यात्री से अपना सहज सानिध्य सुनिश्चित कर लेगा।

हिमाचल प्रदेश में आजादी के 63 साल बाद भी रेलों का विकास नहीं हुआ-

मैं माननीय रेल मंत्री का ध्यान रेल बजट में हिमाचल प्रदेश के लिए धनराशि उपलब्ध न कराने की तरफ दिलाते हुए अपना रो-ा व्यक्त करना चाहता हूं। हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी व सीमावर्ती प्रदेश है, परन्तु जिस प्रकार से इस प्रदेश को हमेशा ही नजर-अंदाज किया जाता रहा है, वह देश के लिए ठीक नहीं है। आजादी के 63 वर्ाों बाद भी रेलों के विकास एवं विस्तार के मामले में हिमाचल प्रदेश में कोई काम नहीं किया गया है। केवल मात्र 36 किलोमीटर बड़ी रेल लाइन का निर्माण हुआ है, जो नगण्य है। रेलों के मामले में हिमाचल प्रदेश की जिस प्रकार से अनदेखी आज तक की जाती रही है, यह बहुत ही परेशानी वाला मामला है।

हि.प्र. के शांतिप्रिय लोगों के साथ रेल मंत्री ने घोर अन्याय किया है-

मैं आपका ध्यान जम्मू-कश्मीर राज्य की तरफ दिलाना चाहता हूं जहां रेल मंत्रालय राट्रीय परियोजना मानकर रेलों का विकास कर रहा है और वहां आतंकवाद अपने चरम पर है। हिमाचल प्रदेश के नागरिक शांतिप्रिय हैं। आजादी के 63 वर्ाों में वहां मात्र 36 किलोमीटर रेल लाइन का विकास किया गया है। मैं माननीय मंत्री महोदया के ध्यान में लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश के लोगों की शांतिप्रियता का और नाजायज फायदा मंत्रालय न उठाए। यहि रेलों के विस्तार एवं स्थापनी की इतनी ही धीमी गति हिमाचल प्रदेश में रही, तो वह दिन दूर नहीं जब हिमाचल प्रदेश के लोग भी उग्र रूप धारण कर लेंगे।

हिमाचल प्रदेश का सामरिक दृ‍ष्टि से बहुत महत्व है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश के बॉर्डर के साथ चीन की सीमा लगती है। आजादी के 63 वर्षों में मात्र 36 किलोमीटर रेल लाइन का बनना नहीं बनने के बराबर है। यह इस बात को दर्शाता है कि पहाड़ी प्रदेश की रेलों के मामले में हमेशा अनदेखी और उपेक्षा की जाती रही है।

घनौली-देहरादून लाइन का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाए-

हाल ही में, हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री, प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने हिमाचल प्रदेश में कुछ रेल लाइनों के निर्माण हेतु आग्रह किया है। मैंने भी अपने संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाली घनौली-देहरादून वाया नालागढ़-बद्दी-सूरजपुर-काला अम्ब-पांवटा साहिब रेल लाइन के निर्माण का आग्रह सदन में अनेक बार किया था। रेल मंत्री महोदया ने पिछले बजट में इस रेल लाइन के सर्वे की घोाणा की थी, इसके लिए मैं उन्हें साधुवाद देना चाहता हूं।

इस रेल लाइन की महत्ता इस प्रकार समझी जा सकती है कि घनौली नामक स्थान, जो पंजाब प्रदेश में पड़ता है, वह हिमाचल प्रदेश की सरहद पर स्थित है और वह रेल लाइन से जुड़ा हुआ है। उसे उत्तराखंड के देहरादून से जोड़ना नितान्त आवश्यक है, क्योंकि बीच का क्षेत्र जिसे मैंने रेल लाइन से जोड़ने का आग्रह किया है उसमें हमारा औद्योगिक क्षेत्र नालागढ़, बद्दी, बरोटीवाला, काला अम्ब व पांवटा साहिब आदि आते हैं। इस रेल लाइन से इन सभी क्षेत्रों को बहुत लाभ होगा।

उपर्युक्त क्षेत्र बहुत बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है, जिसमें लाखों मजदूर व कर्मचारी काम करते हैं। इसी क्षेत्र में पांवटा साहिब भी स्थित है, जो सिखों के 10वें गुरू श्री गोविन्द सिंह जी के नाम से विश्व विख्यात गुरुद्वारा है, जहां न केवल देश बल्कि विदेशों से लाखों श्रद्धालु प्रति वर्ा दर्शनों हेतु आते हैं। इसी क्षेत्र में हिन्दुओं का प्राचीनतम, मोक्षदाता एवं सबसले अधिक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हरिद्वार है, जिसे शास्त्रों में भगवान का द्वार कहा गया है और जहां प्रति वर्ा लाखों हिन्दू एवं अन्य मतावलम्बी गंगा स्नान हेतु आते हैं। इस रेल मार्ग के बनने से उन्हें भी बहुत सहूलियत होगी। यह रेल लाइन न केवल औद्योगिक, धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने को जोड़ेगी, अपितु रेलवे को भी भारी मुनाफे का सौदा साबित होगी, लेकिन यह काम जब तक समयबद्ध तरीके से निश्चित समय में पूरा नहीं किया जाएगा, और रेल लाइन निर्माण की घोाणा नहीं की जाएगी और न केवल रेल निर्माण की घोाणा बल्कि कार्य प्रारम्भ कर के उसे पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक प्रदेश के लोगों की उन्नति का रास्ता बाधित ही रहेगा।

एन.डी.ए. सरकार के समय में जब श्री नीतीश कुमार रेल मंत्री थे, तब कालका से परवाणु तक रेल लाइन को ब्रॉडगेज रेल लाइन बनाने की आधारशिला रखी गई थी। मैं माननीय रेल मंत्री महोदया से आग्रह करूंगा कि उसके लिए पर्याप्त धनराशि रखें ताकि वह शीघ्रतिशीघ्र पूरी हो सके।

सामरिक दृ‍ष्टि से एन.डी.ए. सरकार के समय में हिमाचल प्रदेश के मनाली शहर से लेह तक एक रेल लाइन बनाने हेतु निर्णय लिया गया था उसके लिए संभवतः 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था भी की गई थी, किन्तु विगत पांच वर्षों में यू.पी.ए. की सरकार ने कुछ भी नहीं किया। मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदया से मांग है कि इस रेल लाइन के बारे में भी वे इस बजट में धन का प्रावधान करें।

कालका से शिमला के बीच में जो रेलवे स्टेशन 100 साल पुराने थे, उन्हें कुछ अरसे पहले बन्द कर दिया गया था। इस क्षेत्र के किसानों को इनके बन्द करने से काफी परेशानी व आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उदाहरण के लिए जाबली (कसौली) वाला स्टेशन तथा अन्य कई स्टेशन हैं। मेरा आग्रह है कि

इन्हें पुनः चालू किया जाए, ताकि वहां के लोगों, खासकर किसानों को अपनी पैदावार की ढुलाई में सुविधा व आवागामन सरल हो सके।

कालका में रेलवे प्लेटफ़ॉर्म का जो सीमेंटेड फर्श बनाया गया है, वह भी बहुत घटिया किस्म का है। मेरी मांग है कि उसकी जांच की जानी चाहिए। कालका के पूरे प्लेटफॉर्म पर छत डाल कर कवर किया जाए।

शिमला, सोलन तथा कंडाघाट रेलवे स्टेशन को सुन्दर बनाए जाने की योजना तैयार की जाए। कालका-शिमला रेल लाइन को हैरीटेज रेल लाइन घोाति किया गया है। इस लाइन का अधिक से अधिक सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए।

बाबा भलखू, अंग्रेजों के राज में एक छोटा कर्मचारी था। जब कालका-शिमला रेल लाइन का सर्वे किया जा रहा था, तो वह उसे पूरा करने में बार-बार असफल हो रहे थे। उस समय बाबा भलखू की आध्यात्मिक शक्ति के कारण अंग्रेज उस लाइन का सर्वे पूर्ण कर सके।

मैं माननीय रेल मंत्री महोदया का ध्यान हिमाचल प्रदेश की एकमात्र निर्माणाधीन ब्रॉडगेज रेल लाइन पर स्थित ऊना रेलवे स्टेशन की तरफ दिलाना चाहता हूं। इस रेलवे स्टेशन का निर्माण 15 वां पहले हुआ था। इस स्टेशन से रोजाना तीन ट्रेनें दिल्ली व अम्बाला के लिए चलती हैं। इनमें हिमाचल एक्सप्रैस, जनशताब्दी और अंबाला से चुरुडू के बीच चलने वाली डी.एम.यू. ट्रेन शामिल हैं।

ऊना रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। हर माह रेल विभाग को लाखों की आय हो रही है, लेकिन विभाग अर्से से उना रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं नहीं जुटा पाया है। नंगल डैम रेलवे स्टेशन के मुकाबले यहां सुविधाएं नाममात्र की हैं। यात्रियों के बैठने के लिए न तो कोई शेड बनाया गया है और न ही कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मात्र प्लेटफार्म पर खुले में ही गिनी-चुनी बैंच लगाई गई हैं, जबकि ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा व चम्बा जिलों से रोजाना सैकड़ों यात्री बाहरी राज्यों में जाने के लिए स्टेशन पर आते हैं। कैंटीन की सुविधा न होने से यात्रियों को चायपान व भोजन के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। इसके अलावा स्टेशन पर मेंटनेंस यार्ड की सुविधा भी नहीं हैं। काफी अर्से से सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की जाती रही है, लेकिन ऊना रेलवे स्टेशन को रेल विभाग की बेरुखी झेलनी पड़ रही है। मैं ऊना रेलवे स्टेशन पर निम्नलिखित सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने की मांग माननीय मंत्री महोदया से करना चाहता हूं :-

1. ऊना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर तत्काल शैड डाला जाए, ताकि सर्दी में ठिठुरते लोगों को रेलों का इंतजार करते समय शेड में बैठने की सुविधा मिल सके।

2. पर्याप्त संख्या में यात्रियों के बैठने हेतु बैंचों एवं कुर्सियों की व्यवस्था की जाए, ताकि यात्रियों को ठाँड में फर्श पर न बैठना पड़े।

3. स्टेशन की तरफ आने वाली सड़कों के किनारे लगी ट्यूबलाइटें अक्सर खराब रहती हैं, जिसके कारण रात्रि में अंधेरा रहता है। अतः उनका रात्रि में जलते रहना सुनिश्चित किया जाए, ताकि मार्गों पर रात के समय अंधेरा न रहे।

4. ऊना रेलवे स्टेशन पर यार्ड मेंटिनैंस की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

5. नंगल तक आने वाले ट्रेनों को ऊना तक बढ़ाया जाए।

6. ऊना से हरिद्वार के लिए एक सीधी ट्रेन चलाई जाए।

7. ऊना व कांगड़ा क्षेत्र में स्थित पर्यटन केन्द्रों को दृटिगत रखते हुए ऊना रेलवे स्टेशन से और ट्रेनें दिल्ली एवं अन्य मुख्य शहरों को चलाई जाएं, ताकि हिमाचल में पर्यटन के विकास के साथ-साथ रेलवे की आय में भी इजाफा हो सके।

8. ऊना रेलवे स्टेशन पर शीघ्रतिशीघ्र कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

इसके अलावा कुछ अन्य सुझाव मैं निम्न प्रकार देना चाहता हूं। मेरा आग्रह है कि हिमाचल प्रदेश की तरक्की हेतु, मेरे इन सुझावों पर ध्यान देकर तत्काल कार्रवाई की जाए।

1. पठानकोट-जोगिंदरनगर रेल लाइन पर गांव नंदपुर भटोली में कि.मी.68/3-2 पर रेलवे क्रॉसिंग का निर्माण-

पठानकोट-जोगेन्द्र नगर नैरोगेज रेल खंड पर नन्दपुर भटोली में 68/3-2 कि.मी. पर रेलवे क्रॉसिंग (फाटक) की मांग बहुत पुराने समय से चली आ रही है। नन्दपुर भटोली कस्बे के लगभग बीच में से रेल लाइन जा रही है जिसके कारण एक तरफ के लोगों को रेल लाइन पार कर दूसरी तरफ जाने में लगभग चार किलोमीटर का लम्बा चक्कर काटना पड़ता है। नन्दपुर भटोली जिला कांगड़ा का एक महत्वपूर्ण कस्बा है। लोगों को कस्बे के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में जाने के लिए बहुत लम्बा चक्कर काटना पड़ता है जिसके कारण समय, श्रम एवं धन की बर्बादी बहुत हो रही है। हि.प्र.सरकार के वर्तमान मुख्य मंत्री, माननीय प्रो. प्रेम कुमार धूमल, जब नौवीं, दसवीं लोक सभा में सांसद थे, तब और उलके बाद जब वे प्रथम बार हिमाचल प्रदेश के मुख्य मंत्री बने तब और अब जब वे दूसरी बार हिमाचल प्रदेश के मुख्य मंत्री बने हैं, तब से बराबर इस रेलवे क्रॉसिंग को बनाने का आग्रह करते रहे हैं। जब मैं पिछली बार लोक सभा का सदस्य बना तब मैंने तत्कालीन रेल मंत्री, श्री लालू प्रसाद यादव से मिलकर प्रार्थना की थी कि इसे तत्काल बनाया जाए।, किन्तु कतिपय कारणों से अभी तक यह संभव नहीं हो सका। श्री लालू प्रसाद यादव से पूर्व जो रेल मंत्री थे,उन्होंने भी घोाणा की थी कि नन्दपुर भटोली में शीघ्र रेलवे बनाया जाएगा, लेकिन वह मात्र घोाणा बनकर रह गई। हिमाचल प्रदेश के अनेक सांसदों ने मुझसे पहले भी बार-बार रेल मंत्रालय से अनुरोध किया, किन्तु अभी तक कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला और जनता की कठिनाई जैसी की तैसी बनी हुई है। रेल मंत्रालय हि.प्र. सरकार अथवा स्थानीय निकायों पर रेलवे क्रॉसिंग के लिए धन जमा कराने की बात कहता है और स्थानीय प्रशासन हि.प्र. सरकार से धन जमा कराने की बात कहते हैं। आप तो जानते ही हैं कि हि.प्र. सरकार के वित्तीय संसाधन बहुत सीमित हैं। ऐसी स्थिति में रेलवे क्रॉसिंग का खर्च प्रदेश सरकार अथवा स्थानीय निकाय वहन करने की स्थिति में नहीं हैं।

2. ऊना-तलवाड़ा रेल लाइन को अम्ब से हिमाचल प्रदेश में मोड़ा जाए- हिमाचल प्रदेश की एकमात्र ब्रॉडगेज रेल लाइन ऊना-तलवाड़ा वर्तमान में ऊना से चुरूडू तक बन चुकी है और अम्ब से तलवाड़ा तक का कार्य प्रगति पर है। मैं चाहता हूं कि इस रेल लाइन को अम्ब से हिमाचल प्रदेश के अंदर मोड़कर चिन्तपुर्णी, परागपुर (हैरिटेज विलेज), नादौन और ज्वालामुखी होते हुए रानीताल तक बनाया जाए। इससे हिमाचल की सरहद से निकलने वाली रेल लाइन हिमाचल के बीचोंबीच से निकल सकेगी और जिला हमीरपुर का तहसील मुख्यालय नादौन तथा चिन्तपुर्णी, ज्वाला मां, बृजेश्वरी देवी तथा चामुंडा देवी आदि विश्व विख्यात धार्मिक स्थल रेल से जुड़ सकेंगे जिससे न केवल रेलवे की आय बढ़ेगी बल्कि जो दर्शनार्थी इन स्थलों के दर्शन रेल सेवा के अभाव में नहीं कर पाते हैं, वे रेल यात्रा कर दर्शन पाएंगे। इस क्षेत्र हेतु वायुयान की सेवाएं सीमित तथा बहुत महंगी होने के कारण अनेक लोग जो हिमाचल के सौदर्य के दर्शनार्थ आना चाहते हैं, वे नहीं आ पाते। रेल सेवा उपलब्ध होने से आम तथा खास व्यक्तियों का आवागमन सरल एवं सुलभ हो सकेगा।

3. हि.प्र. के बद्दी बरोटीवाला औद्योगिक क्षेत्रों को कालका-परवाणु से रेल लिंक दिया जाए- हि.प्र. के जिला सोलन की तहसील नालागढ़ में बद्दी और बरोटीवाला में एक विस्तृत औद्योगिक क्षेत्र बहुत तेजी से विकसित हुआ है जिसमें देश के बड़े-बड़े एवं नामी-गिरामी उद्योगपतियों ने अपने-अपने कारखाने एवं कार्यालय स्थापित किए हैं। इसलिए बद्दी और बरोटीवाला को कालका से परवाणु होते हुए उस औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ा जाए।

4. भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेल लाइन का निर्माण प्रारम्भ किया जाए- इस लाइन निर्माण की बात 1994-95 से चल रही है। इस रेल लाइन की घोणा वर्ा 2008-09 में की गई थी। इसका प्राक्कलन रु.1046 करोड़ का बना था जिसमें से प्रथम खंड के रूप में 20 किलोमीटर के निर्माण कार्य हेतु रु.350.33 करोड़ स्वीकृत हुए, लेकिन अभी तक कार्य आगे नहीं बढ़ा है। इस लाइन पर सीमेंट बनाने वाली अनेक फैक्ट्रियां लग चुकी हैं। बहुत तेजी से कई औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो रहे हैं। इस क्षेत्र में रहने वाले कृाकों, बागवानों एवं सब्जी उत्पादकों को अपनी उपज रेल से मंडियों में ले जाने में सुविधा होगी। अभी तक इस क्षेत्र में यह सारा कार्य सड़क मार्ग से होता है जिसमें ज्यादा समय और धन लगता है। इस क्षेत्र में रेल सेवा उपलब्ध होने से रेल की आय तो बेतहाशा बढ़ेगी, साथ ही साथ क्षेत्र का आर्थिक एवं सामाजिक विकास होगा। अतः मेरी प्रार्थना है कि इसका कार्य त्वरित गति से कराया जाए।

5. दिल्ली से ऊना-हि.प्र. जाने वाली जनशताब्दी के समय में परिवर्तन

गत हिमाचल प्रदेश की जनता की अपार मांग एवं प्रदेश के मुख्य मंत्री, प्रो. प्रेम कुमार धूमल के अथक प्रयासों से दिल्ली चंडीगढ़ जनशताब्दी को ऊना तक बढ़ाया गया, लेकिन उसके परिचालन का समय अनुकूल नहीं होने से हिमाचल प्रदेश के लोगों को पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए क्षेत्र के लोगों की बराबर मांग आ रही है कि उसके जाने समय में परिवर्तन किया जाए। ट्रेन नं. 2057, जो वर्तमान में नई दिल्ली से 15.00 बजे चलकर, 1930 बजे चंडीगढ़ और रात्रि 22.10 बजे ऊना पहुंचती है, उसे नई दिल्ली से 11.30 बजे रवाना किया जाए, ताकि यह चंडीगढ़ 1555 बजे और ऊना 1830 बजे पहुंच सके। ट्रेन नं. 2056, ट्रेन नं.2058 एवं ट्रेन नं.2055 के वर्तमान समय में भी आंशिक परिवर्तन करते हुए चलाया जाए, तो इससे क्षेत्र के लोगों को बहुत सुविधा मिल सकती है।

6. ऊना से दिल्ली इंटर सिटी रेल सर्विस प्रारम्भ करने एवं हिमालयन क्वीन में छः कोचेज और जोड़ने के संबंध में।

मैं ऊना के लिए हजरत निजामुद्दीन से एक इंटर सिटी रेल सर्विस प्रारम्भ करने एवं वर्तमान में चल रही हिमालयन क्वीन ट्रेन नं. 4059 (हजरत निजामुद्दीन से कालका) तक में छः अतिरिक्त कोच लगाने की प्रार्थना करता हूं। इन छः कोचों को चंडीगढ़ में उक्त हिमालयन क्वीन से अलग कर के रेल लिंक नं.130 के द्वारा ऊना तक ले जाया जाए, तो इससे बहुत बड़े क्षेत्र में निवास करने वाले स्थानीय रेल यात्रियों एवं सेना में कार्यरत लाखों सैनिकों को बहुत सुविधा मिलेगी।

7. बिलासपुर-मंडी-मनाली-लेह/लद्दाख बड़ी रेल लाइन का निर्माण-

हिमाचल प्रदेश की जनता तथा हिमाचल प्रदेश सरकार लगातार इस हेतु प्रयास करती रही हैं कि हिमाचल के भीतरी भागों को सीमावर्ती भाग लेह-लद्दाख से जोड़ा जाति ताकि पूरे क्षेत्र का विकास हो सके। इस रेल लाइन का तकनीकी सर्वेक्षण रेल मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इस रेल लाइन का निर्माण सामरिक दृटि से भी आवश्यक है। इसके माध्यम से सीमावर्ती भागों में सेना को रसद एवं अन्य आवश्यक साजोसामान की सप्लाई सुनिश्चित की जा सकती है। इसके माध्यम से लेह-लद्दाख एवं हिमाचल के भीतरी भागों का पर्यटन की दृटि से बहुत विकास होगा। यह एक मात्र ऐसी राल लाइन है जिसके सामरिक

(डिफैंस) महत्व को ध्यान में रखते हुए भारतीय सेना भीइस रेल लाइन का निर्माण कराना चाहती है। इसलिए मुझे विश्वास है कि आप ऐसे देश-हित के महत्वपूर्ण कार्यों को रूटीन कार्य न मानकर सीमावर्ती प्रदेश की जीवनरेखा बनने वाली इस रेल लाइन को प्राथमिकता देते हुए राट्रीय परियोजना मानकर निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान करेंगा.

8. परवाणु से शिमला तक नैरोगेज रेल लाइन को ब्रॉडगेज किया जाए- परवाणु से शिमला तक की नैरोगेज रेल लाइन बने 100 व र से भी अधिक हो गए हैं, लेकिन इसका आमान परिवर्तन अभी तक नहीं किया गया है। देशभर से पर्यटक हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला एवं उससे ऊपर के अन्य स्थानों का भ्रमण करते हैं। यदि ब्रॉडगेज लाइन कर दी जाती है, तो जहां एक ओर यात्रियों का आवागमन बढ़ेगा वहीं माल ढोने की क्षमता बढ़ेगी जो अन्ततः रेलवे को लाभदायी होगी।

9. पठानकोट-जोगेन्द्र नगर रेल लाइन को ब्रॉडगेज किया जाए- पठानकोट से जोगेन्द्र नगर रेलवे लाइन लगभग 150 व र पूर्व जलविद्युत परियोजनाओं हेतु भारी मशीनरी ले जाने हेतु अंग्रेजों के समय में बनी थी, लेकिन अब यह रेल लाइन हिमाचल प्रदेश की महत्वपूर्ण रेल लाइन है जिससे यात्री आवागमन बहुत होता है। यदि इसे ब्रॉडगेज कर दिया जाएगा, तो इससे हिमाचल में पर्यटन को बढ़ावे के साथ-साथ रेलवे की आय में इजाफा होगा।

10. रानीताल से ज्वालामुखी होते हुए द्योटसिद्ध अथवा ऊना से द्योटसिद्ध रेलवे लाइन बिछाने का सर्वेक्षण कराएं- प्रसिद्ध सिख तीर्थ स्थान आनन्दपुर साहब के पास मेरे लोक सभा क्षेत्र के ज्वालामुखी, चिन्तपुर्णी, बृजेश्वरी देवी एवं चामुंडा देवी जैसे अनेक प्रसिद्ध एवं प्राचीन धार्मिक स्थल हैं। आनन्दपुर साहब रेल से जुड़ा हुआ है। नंगल में नैशनल फर्टीलाइजर नामक बड़ा खाद का कारखाना है। भाखड़ा-नंगल जलविद्युत परियोजना है जहां रोजाना हजारों की संख्या में लोग दिल्ली से जाते हैं।

11. आनन्दपुर साहब से श्री नैना देवी जी तक 20 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण- जिला बिलासपुर में श्री नैना देवी जी भी एक अत्यन्त प्राचीन देवी का स्थान है जहां लाखों की संख्या में तीर्थयात्री प्रतिव र दर्शनों हेतु आते हैं। मात्र 15-20 किलोमीटर रेल लाइन निर्माण से इस स्थान को सुगमता से आनन्दपुर साहब से जोड़ा जा सकता है। ज्वालामुखी एवं श्री नैना देवी जी में एक व र में लगभग 8 लाख यात्री दर्शनों हेतु आते हैं। अत्यन्त कम खर्च में रेलवे को बहुत राजस्व की प्राप्ति हो सकती है और हिमाचल को रेल की सुविधा उपलब्ध हो सकती है।

12. ऊना से हरिद्वार के लिए रेल लिंक- इस बारे में मेरा सुझाव है कि ऊना से कुछ कोच हिमाचल एक्सप्रैस में जोड़कर अम्बाला तक लाए जाएं और अम्बाला से हरिद्वार जाने वाली रेल में उन्हें जोड़ दिया जाए, तो रेलवे के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के लोगों को हरिद्वार तक जाने-आने की सुविधा सरलता से उपलब्ध कराई जा सकती है। हिमाचल प्रदेश के लोग अपने परिजनों की मृत्यु के उपरान्त उनके क्रियाकर्म एवं अस्थि विसर्जन हेतु बहुत बड़ी संख्या में हरिद्वार आते-जाते हैं, लेकिन रेल मार्ग के अभाव में भारी कठिनाई महसूस करते हैं। अतः इस प्रस्ताव को तत्काल स्वीकार किया जाए।

13. पांवटा साहब (जिला सिरमौर) हि.प्र. में रेल आरक्षण केन्द्र की स्थापना- पांवटा साहिब, जिला सिरमौर-हि.प्र. अत्यन्त प्राचीन, प्रसिद्ध एवं पुण्य सिख तीर्थयात्री धाम है जहां देश भर से लाखों सिख पर्यटक दर्शानार्थ आते हैं। यह स्थान गुरू गोविन्द सिंह जी की तपःस्थली रहा है। यदि यहां रेलवे के आरक्षण की सुविधा उपलब्ध हो जाती है, तो वृद्ध तीर्थ यात्रियों को तीर्थस्थान में दर्शन करने में सुविधा एवं सहायता उपलब्ध होगी।

14. जम्मू-हरिद्वार रेल लाइन का ठहराव दसुआ में दिया जाना- स्थानीय नागरिकों की बहुत पुरानी मांग है कि उक्त ट्रेन का ठहराव दसुआ में किया जाए।

15. कांगड़ा वैली छोटी रेल लाइन पर ग्राम त्रिप्पल के निकट रेलवे क्रासिंग पर गेट बनाने बाबत- रेल लाइन के दोनों ओर ग्राम हैं जिनमें हजारों की संख्या में परिवार रहते हैं। रेलवे क्रॉसिंग पर गेट नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को अपना भारी सामान लाने-ले जाने में बहुत कठिनाई होती है। इसलिए गेट बनाया जाना नितान्त आवश्यक है।

16. हि.प्र. के भाखड़ा बांध विस्थापितों के कल्याण हेतु रेलों का विस्तार आवश्यक- जैसा कि देश जानता है 1960 के दशक में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली को बिजली उपलब्ध कराने की दृटि से भाखड़ा बांध बनाया गया जिसमें हि.प्र. के हजारों गांव उजाड़े गए और लाखों लोग विस्थापित किए गए। हिमाचल प्रदेश के लोगों ने अपने हरे-भरे खेत खलिहान और घर इसलिए जलमग्न होने दिए जिससे कि दिल्ली, पंजाब और हरियाणा को विद्युत उपलब्ध हो सके और उद्योगों का विकास हो सके तथा राजस्थान के रेगिस्तान में फसलें लहलहा उठें, लेकिन उनके साथ केन्द्र सरकार ने सम्मान पूर्वक उनके पुनर्वास करने का जो वायदा किया उसे पूरी तरह नहीं निभाया। परिणाम स्वरूप 47 साल के बाद आज भी बहुत सारे ऐसे भाखड़ा बांध विस्थापित हैं जिनका सम्मान पूर्वक पुनर्वास नहीं हुआ है। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के जिन भागों में उन्हें बसाया गया है, वहां उनके साथ भेदभाव बरता जा रहा है। जहां उन्हें बसाया गया है वहां न तो सड़कें हैं, न पेयजल है और न स्कूल व अन्य आधारभूत सुविधाएं हैं। यदि कांगड़ा और बिलासपुर जहां उन्हें अधिक संख्या में बसाया गया है वहां रेलों का विस्तार किया जाता है तो उन्हें सुविधा मिलेगी।

17. हि.प्र. के सैनिकों हेतु कंप्यूटराइज्ड टिकिट बुकिंग केन्द्र ज्वाली में बनाया जाए- आप तो जानते ही हैं कि हिमाचल प्रदेश में उद्योग और खेती नहीं के बराबर है। वहां के लोग सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने में गौरव महसूस करते हैं। यही कारण है कि चीन के साथ पाकिस्तान का 1962 का युद्ध, पाकिस्तान के साथ भारत का 1972 का युद्ध अथवा कारगिल का युद्ध, कोई भी हो, सभी में हिमाचल प्रदेश के अनेक सैनिकों ने अपनी शहादत देकर देश के सम्मान की रक्षा की और दुश्मनों के नापाक इरादे कुचल दिए। यद्यपि उनके परिवारों को सैनिकों की बहादुरी हेतु मरणोपरान्त अनेक पदकों से सम्मानित किया गया, तथापि आज सैनिकों को रेलों से आने-जाने हेतु अपना आरक्षण कराने कालका, पठानकोट अथवा चंडीगढ़ जाना पड़ता है। इसलिए मेरी आपके माध्यम से मांग है कि कांगड़ा जिले के तहसील मुख्यालय ज्वाली में एक कंप्यूटराइज्ड टिकिट बुकिंग केन्द्र की स्थापना की जाए।

18. हि. प्र. को भेजे जाने वाले सामान जैसे अनाज, चीनी, मिट्टी का तेल, लकड़ी और कोयला आदि कीरतपुर साहब स्टेशन पर न उतारा जाकर हिमाचल क्षेत्र के राये-महतपुर अथवा ऊना रेलवे स्टेशन अथवा पर उतारा जाए।

19. ऊना को होशियारपुर के साथ बड़ी लाइन से जोड़ा जाए।

20. ऊंचाहार गाड़ी जो वर्तमान में इलाहाबाद व अम्बाला छावनी के मध्य चलती है, उसे ऊना तक बढ़ाया जाए।

21. गाड़ी संख्या 1 एसयूएन/2 एसयूएन, जो वर्तमान में नंगलडैम व सहारनपुर के मध्य चलती है, उसे ऊना तक बढ़ाया जाए।

22. ऊना में बहुत स्थान उपलब्ध है। इसलिए वहां शताब्दी तथा जनशताब्दी एक्सप्रैस गाड़ियों की मरम्मत का कारखाना खोला जाए ताकि हिमाचल निवासियों को रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें।

23. पठानकोट से नूरपुर तक छोटी लाइन के स्थान पर बड़ी लाइन बनाई जाए।

24. वर्तमान में छोटी लाइन की गाड़ियों की मरम्मत आदि का जो काम पठानकोट में किया जाता है, उसे नूरपुर में स्थानांतरित किया जाए।

25. गाड़ी सं.4645 शालीमार एक्सप्रैस का पठानकोट पहुंचने का समय प्रातः 4.10 बजे है तथा पठानकोट से जोगेन्द्र नगर जाने वाली गाड़ी के चलने का समय प्रातः 4.00 बजे है। इसलिए हिमाचलवासी शालीमार एक्सप्रैस गाड़ी से उतर कर जोगेन्द्र नगर वाली गाड़ी नहीं पकड़ पाते हैं तथा उन्हें वहां तीन घंटे प्रतीक्षा करनी पड़ती है क्योंकि अगली गाड़ी सुबह 7.00 बजे चलती है। इसलिए शालीमार एक्सप्रैस का पठानकोट पहुंचने का समय प्रातः 3.30 बजे किया जाए ताकि हिमाचलवासी जोगेन्द्र नगर वाली रेल पकड़ सकें।

26. इहाबाद-अम्बाला के बीच परिचालित 4717/4518 ऊंचाहार एक्सप्रेस का विस्तार सरहिन्द के रास्ते ऊना तक किया जाए जिससे दिन में इस क्षेत्र की जनता को लम्बी दूरी की रेल सुविधा विद्युतीकरण के बाद प्राप्त हो सके। इस ट्रेन से वातानुकूलित कोच हटाकर साधारण श्रेणी जी एस कोच जोड़कर 24 कोच का रैक बनाकर ट्रेन को चलाया जाए तथा इलाहाबाद तक विस्तार किया जाए। इस नीति से छोटे स्टेशनों को भी विकास हो सकेगा।

27. ऊना-पठानकोट के बीच प्रस्तावित रेल मार्ग का शीघ्रता के साथ निर्माण किया जाए जिससे शाखा लाइन का स्वरूप समाप्त होकर प्रमुख महानगर से जोड़कर जम्मू के लिए सामरिक दृटि से वैकल्पिक रेल मार्ग सुलभ कराया जा सके तथा इस पिछड़े क्षेत्र का आर्थिक विकास हो सके तथा मालगड़ियों की परस्पर मात्रा जम्मू के लिए बढ़ाई जा सके।

28. जम्मू-बारामूला रेल मार्ग का डबल ब्रॉडगेज रेल मार्ग के रूप में तीव्र गति से निर्माण कराया जाए तथा रेल मार्ग का विद्युतीकरण भी कराया जाए जिससे हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर में उपलब्ध विद्युत का उपयोग कर के सस्ती यातायात सुविधा प्रदाण मुक्त रूप में राज्य को प्राप्त हो सके।

29. हिमाचल एक्सप्रैस 4553/4554 का विस्तार दिन में दिल्ली से आगे मथुरा- बयाना-कोटा के रास्ते नीमच तक किया जाए जिससे राज्य को मध्य प्रदेश के सीमेंट क्षेत्र से जोड़ कर दिल्ली का टर्मीनल भाग कम कर सकें तथा रैक को 24 कोच का रैक बनाकर परिचालित किया जा सके।

30. ज्वालामुखी, जिला कांगड़ा-हि.प्र. में रेलवे का कंप्यूटराइज्ड टिकट बुकिंग सेंटर स्थापित किया जाए।

31. पठानकोट से जोगेन्द्र नगर छोटी रेलवे लाइन की पुलिया नं.286 के नीचे से सभी प्रकार के वाहन गुजारने की स्वीकृति प्रदान की जाए और ग्राम नन्दपुर भटोली में कि.मी.68/2-3 पर रेलवे क्रासिंग का निर्माण किया जाए।

32. कांगड़ा वैली छोटी रेल लाइन पर ग्राम त्रिप्पल के निकट रेलवे क्रॉसिंग पर गेट बनाया जाए।

33. ऊना से मुम्बई और मुम्बई से ऊना सीधी रेल सेवा उपलब्ध कराई जाए।

34. मुम्बई में हिमाचल मित्र मंडल कार्यालय नें कंप्यूट्रीकृत रेल आरक्षण केन्द्र स्थापित किया जाए।

35. लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रैस नं. 4231 को चंडीगढ़ से कालका और ऊना तक बढ़ाया जाए।

36. कालका-परवाणु ब्रॉड गेज रेल लाइन का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाए।

37. चंडीगढ़-जगाधरी-पौंटा साहिब-देहरादून रेल लाइन का निर्माण किया जाए।

38. घनौली-पिंजौर वाया नालागढ़ बद्दी रेल लाइन का निर्माण किया जाए।

39. कुमारहट्टी हिमाचल प्रदेश देहरादून रेल लाइन का निर्माण किया जाए।

40. कालका से नालागढ़ के बीच 40 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण किया जाए।

41. ऊना-तलवाड़ा-पठानकोट के बीच नवीन रेल मार्ग का निर्माण जिससे शाखा लाइन का स्वरूप समाप्त होकर यह मैन लाइन बनकर यातायात का विकेन्द्रीकरण कर सके। इस योजना के मुख्य अभियंता का दफ्तर चंडीगढ़ के स्थान पर ऊना में स्थापित किया जाए।

42. जम्मू-हरिद्वार से बीच परिचालित एक्सप्रैस रेलगाड़ी का विस्तार देहरादून-ऋाकिेा तक किया जाए।

43. मनाली (कुल्लू) को ब्रॉडगेज रेल लाइन से जोड़ा जाए।

44. जिला किन्नौर मुख्यालय के रिकांगपिओ में कम्प्यूट्रीकृत रेल आरक्षण स्थापित किया जाए।

45. 311/312 मेरठ-अम्बाला शटल का विस्तार पुनः सरहिन्द के रास्ते ऊना तक किया जाए तथा मेरठ से आगे खुर्जा-हापुड़ के रास्ते हाथरस किला तक किया जाए।

46. ऊना रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का अभाव -ऊना रेलवे स्टेशन पर शैल्टर नहीं है। ग्रीमऋतु में शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं है। रेलवे स्टेशन को जाने वाला मार्ग भी बहुत खराब स्थिति में है जिसके कारण प्रति दिन दुर्घटनाएं होती हैं।

47. पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम- ऊना रेलवे स्टेशन पर टिकटों के आरक्षण का समय प्रातः 8.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक है, जबकि सभी रेलवे स्टेशनों पर यह सुविधा प्रायः सुबह 8.00 से रात्रि 8.00 बजे तक, दो पारियों में होती है, लेकिन ऊना रेलवे स्टेशन पर केवल एक पारी में है, जिसके
कारण दोपहर बाद यात्रियों को रेल आरक्षण कराने अथवा निरस्तीकरण में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः निवेदन है कि ऊना रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर रिजर्वेशन अन्य स्टेशनों की भांति दो पारियों में प्रातः 8.00 से रात्रि 8.00 बजे तक होना चाहिए।

48. ऊना रेलवे स्टेशन से नई रेलों को चलाने के संबंध में- मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश के लोग बहुत बड़ी संख्या में मुम्बई एवं महारा-ट्र के अन्य क्षेत्रों में रहते हैं। सच खंड एक्सप्रेस रेल नं. 2716 अमृतसर से नांदेड़ के लिए चलती है। यदि इस रेल के कुछ डिब्बे ऊना रेलवे स्टेशन से चला दिए जाएं, जो अमृतसर से नान्देड़ जाने वाली सच खंड एक्सप्रैस में अम्बाला रेलवे स्टेशन पर जोड़ दिए जाएं, तो ऊना-हि.प्र. से रेल यात्री सीधे नान्देड़ तक की यात्रा सुविधाजनक रूप से कर सकते हैं। जिस प्रकार से पश्चिम एक्सप्रैस नं.2926-ए (कालका-बान्द्रा टर्मिनस) एवं नं.2926 (अमृतसर-बान्द्रा टर्मिनस) के डिब्बों को अम्बाला में जोड़ दिया जाता है, उसी प्रकार की व्यवस्था सच खंड एक्सप्रैस में प्रायोगिक रूप में की जा सकती है। इससे देशभर से पर्यटक, धार्मिक श्रद्धालु एवं आर्मी के अधिकारी एवं कर्मचारी सुविधाजनक रूप से हिमाचल प्रदेश आ-जा सकते हैं।

(ए) मेरा निवेदन है कि ऊना रेलवे स्टेशन से एक अतिरिक्त ट्रेन चलाई जाए जो दिल्ली, आगरा छावनी, ग्वालियर, झांसी, भोपाल और मनमाड तक जाए। इससे नॉर्थ सेंट्रल रेलवे, सेंट्रल रेलवे एवं साउथ सेंट्रेल रेलवे को हिमाचल प्रदेश से सीधे जोड़ा जा सकता है।

(बी) ऐसा करने से हिन्दू धर्मार्थी मथुरा-वृन्दावन वं शिर्डी सुविधाजनक रूप से जा सकते हैं।

(सी) सिख तीर्थ यात्री आनन्दपुर साहब जहां खालसा पंथ की नींव रखी गई थी, वहां सुविधा जनक रूप से दर्शनार्थ आ सकते हैं।

(डी) डिफेंस पर्सोनैल को आर्मी हैडक्वार्टर आने-जाने, दिल्ली, अम्बाला कैंट, मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, झांसी, भोपाल, मनमाड और औरंगाबाद आने-जाने में बहुत सुविधा होगी।

49. चुरुडू-टकारला-ऊना रेल में टॉयलेट की व्यवस्था करने के संबंध में- मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि ट्रेन नं.2सीएनए, आईसीएनए, जो चुरुडू-टकारला-नंगल डैम-चंडीगढ़-अम्बाला छावनी के लिए चलती है। यह छः घंटे की यात्रा है, लेकिन इस ट्रेन में टॉयलेट्स की कोई व्यवस्था नहीं है। इस कारण रेल यात्रियों को मूत्र एवं शौच जाने में अत्यन्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विशेारूप से वृद्ध, महिला एवं बच्चों को तो बहुत भारी दिक्कत पेश आती है। अतः मेरा आग्रह है कि छः घंटे की यात्रा वाली इस रेलगाड़ी में टॉयलेट्स की व्यवस्था अवश्य की जाए।

*** DR. MIRZA MEHBOOB BEG (ANANTNAG):** When we talk about and even think of speaking on Rail Budget, we test the performance of the Railway Department on three things, railway safety, cleanliness and making railway stations a world class. Parameters on safety should come by number of accidents in a year, responsibility for accidents and efforts and measures taken or to be taken to prevent accidents. This is a good thinking that States ensuring trouble free train services and get more train services. On cleanliness we are not able to provide Green Toilets in the trains. We are not even near to convert our stations into world class stations.

In your Budget speech, Madam Railway Minister, you have not mentioned about reserves and revenues to make more and more improvements.

Privatizing Airports and bringing in private airlines was made a huge improvement in air travel. Why cannot we think of privatizing Railways? Madam, when you would take over as C.M. of West Bengal, after that Railway Budget can become part of General Budget so that it becomes a National Budget and not a State Budget.

Economic Survey, 2011 expresses concern over lack of progress in Railway infrastructure.

At Qazigund (Kashmir) 3 Prime Ministers Rajiv Jee, Gujral Jee and Deve Gowda Ji laid foundation stones to connect Kashmir with West of the country. Now, you are saying that 300 km route, 20 km from Qaziguad to Banihal railway line will be laid. Please tell us, when will Kashmir get connected with Jammu?

In Kashmir, we have lakhs and lakhs of unemployed youths looking for the jobs and Government is the only job provider, therefore it receives a big concern. Kashmir youth should get jobs in Railways as well as get their land compensation. These matters should get priority.

---

* Speech was laid on the Table

*श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): मेरे संसदीय क्षेत्र में तीन लम्बित रेल परियोजनाएं हैं- (1) ईस्लामपुर-नटेशर रेलवे लाइन का अधूरा कार्य (2) दिनयांवां-शेखपुरा रेलवे लाइन का अधूरा कार्य (3) हरनौत रेल कोच फैक्ट्री का यथाशीघ्र चालू किए जाने के संबंध में। ये तीनों रेल की बहुत ही महत्वपूर्ण रेल परियोजनाएं हैं, जिनको पूर्व रेल मंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार जी के समय में शिलान्यास किया गया था। लेकिन अभी तक ये तीनों रेल परियोजनाएं पूरी नहीं हो सकी हैं। इस रेल बजट में इन तीनों परियोजनाओं का कार्य युद्धस्तर पर चालू कर, इसी वित्तीय वर्-ा में इसको शुरू कर देना है। पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया रेलखंड के सभी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल सहित अन्य सभी बुनियादी सुविधाओं की कमी है। नालंदा स्टेशन पर कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र नहीं है। नई ट्रेन एवं बारम्बारता बढ़ाए जाने के बारे में।

1. राजगीर से मुम्बई तक के लिए एक नई सुपर फास्ट ट्रेन।
But after the partition the development of this area is hindered due to lack of connectivity. Can you imagine our people have to travel 190 km in 12 hours now – whereas one can reach Delhi from Kolkata within 14 hours – whereas our people need 12 hours to cover only 190 KM hours and 20 hours to reach Gauahati – sometime still longer due to waiting and transshipment.

During the last 15 years the completion of BG conversation was changed from 2006 to 2009 to 2012 and a few days back I have received a letter from your Ministry informing us that the project will be completed in 2013.

Nobody can say if the date will not be changed again. Setting up of Central Organisation for Project Implementation (COPI) is a well thought project. This Committee will monitor the implementation of these projects.

In 2005 I found, that is the Railway answered my question stating that within this 190 KM stretch of rail line, there were frequent landslides and in one year 102 days the train service was suspended, clearance of debris cost Rs.9 crores. People are compelled to travel by bus which took long hours and was painful and hazardous.

One pillar of Badarpur Railway bridge collapsed with two persons. But no action was taken by the Railway or the Contractor.

After 12 years of starring this project, we have come to know now that for a portion of land to be used for laying track forest clearance at Karbi-Anglon was not taken. This is clear indication of railway's lack of responsibility and planning. These are very small thing but these are the indications of the style of work, apparently without any supervision, that delays the completion of the project.

Last year the contractor abandoned the work of the Tunnil No. 10, which is the main portion of work of B/G line. I wanted to know what action was taken against the contractor but have not received any reply. After six months, I was expecting the work is resumed.

In a Review Meeting at Lumding I proposed a link train for the people of Barak Valley from Lumding – the officers agreed to that but afterwards they informed that it was not required. Now the plight of the passengers remain same. They will have to come 190 KM distance to Guwahati in 12 hours and then wait for the connecting train for hours without any reservation or so.

So your proposed committee, COPI will now look after these lapses causing hindrance in implementation of the project and to take corrective measures so that the project of BG conversion is completed in 2013.

As soon as possible kindly take action so that train connection to Kolkata through Bangladesh can be restored which could give great relief to the people.

In this budget also you have included several good proposals for NER, such as new lines, new trains, doubling, Industrial Park, etc. - we thank you for the consideration.

We hope these projects will be taken up as soon as possible. Madam, we have a demand for an overnight express from Guwahati to Kolkata and vice versa. Since you have introduced a few Duranto trains - but you will observe there is no Duronto train from Guwahati to Kolkata. Kindly introduce a Duranto train - if at all this is not possible, kindly change Saraighat Express into an Overnight train from Guwahati to Kolkata and return.

I, therefore, urge upon the Hon'ble Minister to take concrete steps at least for the three projects on priority time-bound basis which can revolutionise the progress of NE.

(a) Completion of Broad Gauge conversion work from Lumding to Badarpur - this will provide rail connectivity - a major advancement towards progress;

(b) Completion of Diesel Locomotive Shed at Badarpur and;

(c) a wagon factory (2010-11 budget) - which will generate income for a large size of population;

(d) Industrial park in Bangaigaun.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): सभापति महोदय, आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। सबसे पहले लगातार तीसरे अच्छे बजट के लिए हमारी रेल मंत्री, आदरणीय ममता जी का मैं बहुत आभार व्यक्त करता हूं कि इन्होंने रेल बजट में सबसे महत्वपूर्ण चीज जो रेल भाड़ा होता है, उसमें सातवें व-र् यूपीए की सरकार ने वृद्धि न करने का जो कदम उठाया है, वह इस देश के आम आदमी और गरीब आदमी के पक्ष में उठाया गया है। मैं समझता हूं कि यह इस रेल बजट का सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

सभापति महोदय, मैं सदन के माध्यम से रेल को संचालित करने वाले उन सफल कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करूंगा, जिन्होंने पूरे व-र् बहुत कम लगभग नगण्य रेल दुर्घटनाओं में हमारा सफर बहुत अच्छी तरह से पूरा कराया,

Comment [BS76]: (cd. by q4)

19.00 hrs.

मैं उन कर्मचारियों और अधिकारियों का आभार प्रकट करता हूं.। मैं सब से पहले इस रेल बजट के लिये माननीया रेल मंत्री का धन्यवाद करना चाहता हूं। छिंदवाड़ा-नरसिंहपुर-सागर रेल लाइन सर्वे के लिए स्वीकृत की है, उसके लिये यूपीए की चेयरपरसन श्रीमती सोनिया गांधी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। मुझे आशा है कि यह सर्वे जल्दी पूरा होगा। इस बहुत महत्वपूर्ण रेल लाइन की 1977 से तत्कालीन सासद श्री हरि वि-णु कामथ की यह मांग थी जो जनता पार्टी के समय से थे, उनकी इस मांग को आगे बढ़कर हम लोगों के निवेदन पर सदन में माननीया रेल मंत्री जी ने सर्वे के लिए स्वीकार किया है, उसके लिये हम उनका आभार व्यक्त करते हैं।

सभापति महोदय, इस व-र् के रेल बजट में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि आम आदमी के लिये इज्जत पास है जो लगातार तीसरे व-र् भी जारी रहेगा। यह घो-णा करके उस गरीब आदमी के पक्ष में एक बहुत महत्वपूर्ण निर्णय रेल विभाग ने लिया है, हम उसके लिये माननीया रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हैं।

पिछले बजट में हमारे द्वारा मांग करने पर भोपाल और जबलपुर के बीच में इंटरसिटी ट्रेन शुरु की थी, हम इसके लिये रेल विभाग के आभारी हैं और हमारे साथ जबलपुर के सांसद श्री राकेश सिंह जी भी रेल विभाग के आभारी है । इस इंटरसिटी ट्रेन का 80 प्रतिशत ऐरिया मेरे संसदीय क्षेत्र से होकर गुजरता है और उसमें केवल अभी दो स्टापेज इटारसी और नरसिंहपुर में हैं। मेरा निवेदन है कि उस खंड पर करेली, गाडरवारा, पिपरिया पर हॉल्ट किया जाये। इस ट्रेन की महत्ता तभी साबित होगी, अन्यथा ऐसा मैं समझता हूं कि इस ट्रेन की उपयोगिता सही साबित नहीं होगी।

सभापति महोदय, इटारसी से नरसिंहपुर जबलपुर, कटनी, इलाहाबाद हमारी एक ऐसी रेल लाइन है कि मुम्बई-हावड़ा के बीच में अभी तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है। सभी सांसद इस बात को लेकर

चिन्तित हैं कि हावड़ा से मुम्बई जोड़ने वाली लाइन जो पूर्व से पश्चिम को जोड़ती है, उसका विद्युतीकरण आगे आने वाले बजट में जल्दी किया जायेगा, ऐसी हम अपेक्षा करते हैं।

सभापति महोदय, मेरे नरसिंहपुर जिले में मेरे संसदीय क्षेत्र में एक स्टेशन बोहानी है जहां से मैं पहले विधायक हुआ करता था, वहां 51671/72 फॉस्ट पैंसेजर है, वहां स्टापेज दिया जाये। चूंकि हमारे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। हम फ्लाई ओवर और अंडरब्रिज की मांग करते हैं जिसकी रेलवे विभाग से अप्रूवल मिलता है, वे मांगें बड़े लम्बे समय से लम्बित हैं। जब तक प्रदेश सरकार का अंश उसमें जमा नहीं होता, तब तक फ्लाई ओवर और अंडरब्रिज नहीं बन पाते हैं। रेल विभाग प्लानिंग कमीशन के पास पहले से गया हुआ है, उसे पर्स्यु करे और रेल मंत्रालय राज्य के अंशदान के बिना फ्लाई ओवर और अंडरब्रिज बना सके, ऐसा प्रयास होना चाहिये।

सभापति महोदय, माननीय रेल मंत्री जी ने पिछले रेल बजट में एक और सौगात दी थी कि कोई भी सांसद एक गैर-स्टेशन पर आरक्षण केन्द्र बनाये जाने के लिये लिख कर देगा जहां पर स्टेशन नहीं है, वहां पर आरक्षण केन्द्र खोल सकते हैं, सासंद की एक मांग मानी जायेगी। मैने अपने संसदीय क्षेत्र का डोभी गांव दिया था जो एक अच्छा व्यावसायिक गांव है जहां रेलवे स्टेशन नहीं है लेकिन आरक्षण केन्द्र की सुविधा वहां मिलनी चाहिये थी। मैं फिर निवेदन करूंगा कि डोभी में एक गैर-स्टेशन आरक्षण केन्द्र खोलने के लिये सूची में शामिल किया जाये। मैं एक बार फिर से गरीबों की हिमायती यू.पी.ए. की सरकार और माननीया ममता बनर्जी जी को इस अवसर पर धन्यवाद देता हूं और जो इज्जत पास लोगों को उपलब्ध कराया है, जो गरीबों का मान बढ़ाया है, उनकी दुआयें आपको बंगाल में काम आयेंगी। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ): सभापति महोदय, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। रेल बजट के भा-ण के दौरान माननीया रेल मंत्री जी ने भूतपूर्व सैनिकों को विशे-ा सौगात देने का काम किया है।

Comment [r77]: Fd. By r4

सभापति महोदय : धर्मेन्द्र जी आप जो मांग रखना चाहते हैं, सीधे उसी पर बात कीजिए।

श्री धर्मेन्द्र यादव: जी महोदय। माननीया रेल मंत्री जी ने भूतपूर्व सैनिकों की विशे-ा चर्चा की है, मैं उसके लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं और उन्हें धन्यवाद देता हूं। साथ ही साथ आपके माध्यम से मैं माननीया रेल मंत्री जी से अपील करना चाहता हूं कि जहां आपने भूतपूर्व सैनिकों के लिए विशे-ा प्रावधान किया है, आपने अपने बजट भा-ण में एक बहुत अच्छा गाना भी गाया था। कोई सिक्ख कोई जाट, मराठा, कोई गोरखा, कोई मद्रासी, सरहद पर मरने वाला हर वीर था भारतवासी, जो शहीद हुए हैं उनकी, जरा याद करो कुर्बानी। यह सच है कि इसके बाद हर इंसान को शहीदों की याद आयेगी।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मैं फक्र महसूस करता हूं, मैं उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करता हूं, उत्तर प्रदेश के अंदर देश के सबसे ज्यादा शहीद हैं। चाहे वह आजादी का आन्दोलन रहा हो, चाहे देश की तमाम लड़ाईयां रही हों और अभी जो सबसे नयी घटना छत्तीसगढ़ में हुई, जिसमें 93 लोग शहीद हुए थे। माननीया मंत्री जी सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के लोग शहीद हुए थे। उसमें भी सबसे ज्यादा हमारे इलाके बदायूँ, इटावा, मैनपुरी और आसपास के इलाके के शहीद हुए थे।

महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीया मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि पता नहीं क्यों भारत सरकार ने, चाहे जनपद बदायूँ हो, चाहे मैनपुरी हो, चाहे आसपास का इलाका हो, हमेशा इस इलाके को उपेक्षित रखने का काम किया है। आपके माध्यम से मैं माननीया मंत्री जी से अपील करूंगा कि जो दो-तीन घो-णाएं आप लोगों ने कर रखी हैं, तत्कालीन प्रधानमंत्रियों ने, रेल मंत्रियों ने उन घो-णाओं पर आप विशे-ा रूप से ध्यान देंगी। इटावा-मैनपुरी रेल लाइन जिसके लिए आपने अपने भा-ण में कहा है कि इस चालू वित्तीय व-र् में इसे हम पूरा करेंगे। माननीया मंत्री जी उस परियोजना को पूरा करने के लिए 96 करोड़ रूपये की आवश्यकता है, जिसमें अभी तक आपने केवल 40 करोड़ रूपये का ही प्रावधान किया है। हमारी प्रार्थना है कि आपके बजट भा-ण के अनुरूप 96 करोड़ रूपये पूरी तरह से स्वीकृत करेंगी, तभी आपका भा-ण साकार हो पायेगा। यही हालत इटावा-गुना मार्ग की और यही हालत इटावा-आगरा मार्ग की है।

सभापति महोदयः आप आसन की ओर देखकर बोलिये।

श्री धर्मेन्द्र यादव : महोदय, इसी सदन के अंदर इटावा से मैनपुरी, मैनपुरी से कासगंज, बदायूँ होते हुए सम्भल, गजरौला तक रेल लाइन की एक बार नहीं, कई बार माननीय रेल मंत्रियों ने घो-णा भी की है। उन घो-णाओं को अभी तक पूरी तरह संज्ञान में लेकर उन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। हमारी माननीया मंत्री से

प्रार्थना है कि मैनपुरी और बदायूँ दोनों शहीदों के इलाके हैं। अगर आप इस इलाके पर विशे-न ध्यान देंगी तो मुझे जरूर लगेगा कि आप शहीदों पर विशे-न ध्यान देने का काम कर रही हैं।

महोदय, आपके माध्यम से बरेली, बदायूं, कासगंज के आमान परिवर्तन परियोजना की आदरणीय गुजराल साहब ने प्रधानमंत्री के रूप में व-र् 1996-97 में इसकी घो-णा की थी। अभी भी इस परियोजना को पूरा करने के लिए 175 करोड़ रूपये की आवश्यकता है। माननीया मंत्री जी इस परियोजना के लिए अभी आपने पूरा धन नहीं दिया है। बरेली के बारे में आप सब जानते हैं। महोदय, नौजवानों पर विशे-न कृपा कीजिए। बरेली बहुत महत्वपूर्ण है। तमाम धार्मिक, सामाजिक, बदायूँ के अंदर जियारत का सवाल हो, बरेली के अंदर भी जियारत का सवाल हो, लाखों, करोड़ों लोग साल में वहां आते हैं, इस इलाके की न जाने क्यों रेल मंत्रालय उपेक्षा कर रहा है? हम उम्मीद करते हैं कि आप हमारी इस प्रार्थना को स्वीकार करेंगी। बबराला से सहसवान, बिल्सी, बदायूँ, दातागंज होते हुए शाहजहॉपुर तक एक नयी रेल लाइन की हम आपके माध्यम से माननीया मंत्री जी से मांग करते हैं। साथ ही साथ इटावा में कानपुर शताब्दी के ठहराव की भी हम प्रार्थना करते हैं।

महोदय, मैनपुरी की एक अजीब स्थिति है। देश के अंदर हर जगह कोहरा होता है, लेकिन न जाने क्यों मैनपुरी के साथ रेल मंत्रालय सौतेला व्यवहार कर रहा है? मैनपुरी के लिए एकमात्र मेल एक्सप्रेस कालिन्दी एक्सप्रेस चलती है और कोहरे के नाम पर प्रतिव-र् वह रोक दी जाती है। बारह महीने में मुश्किल से छह महीने वह रेल चल पाती है। जबकि पूरे देश की गाड़ियां दौड़ती हैं, लेकिन मैनपुरी के अंदर कोहरे के नाम पर गाड़ी रोक दी जाती है, जो एकमात्र रेल है। हमारी समझ में नहीं आ रहा है कि मैनपुरी के साथ ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों हो रहा है?

महोदय, जसबंत नगर बाई पास पर एक आरओबी तैयार हुआ है। रेल लाइन के ऊपर वह ब्रिज नहीं है, बाकी दोनों तरफ से बन चुका है। हम उम्मीद करते हैं कि रेल मंत्री जी इस पर ध्यान देंगी। गोमती एक्सप्रेस जो प्रातः पांच बजे चलकर लखनऊ से दिल्ली के लिए आती है। वह पैसेंजर ट्रेन हो गयी है, उसका आने का समय दिन में एक बजे के लगभग है और कभी भी वह रात के आठ-नौ बजे से पहले नहीं आ रही है। ये ही हमारी छोटी-छोटी मागें हैं।

Comment [c78]: Contd. By s4

हमारे यहां बदायूँ संसदीय क्षेत्र के बबराला रेलवे स्टेशन से गाड़ियाँ तो गुज़रती हैं लेकिन वहाँ कंप्यूटराइज्ड आरक्षण की सुविधा नहीं है। रिज़र्वेशन के लिए हमारे बदायूँ के लोगों को अलीगढ़ तक जाना पड़ता है। हम उम्मीद करते हैं कि आपके माध्यम से वहाँ कंप्यूटराइज्ड आरक्षण की सुविधा मिलेगी और अगर आपकी अनुमति होगी, तो अपनी अन्य बातों को मैं सदन के पटल पर रखना चाहता हूँ।

सभापति महोदय : उसकी इजाज़त नहीं है। नहीं रख सकते।

श्री राकेश सिंह (जबलपुर): सभापति जी, जो रेल बजट प्रस्तुत किया गया है, उसके लिए मैं माननीया ममता बनर्जी जी को बधाई देता हूँ। बहुत उत्साह के साथ इन्होंने यह कहा कि रेल रा-ट्र की धमनियाँ हैं जो ग्रामीण और महानगर दोनों क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को प्रभावित करती हैं। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि रेलें वायदा करती हैं और उनको पूरा भी करती हैं। लेकिन सदन के भीतर और आम जनता तक उनका प्रचार नहीं हो पाता। सभापति जी, रेलों का प्रचार हो या न हो, लेकिन मैं ममता जी को पुनः बधाई देना चाहूँगा कि उन्होंने अपना प्रचार तो कर लिया। एक राज्य विशे-ा में जो सौगात उन्होंने देनी थी, वह दे दीं, वहाँ जो संदेश उन्होंने देना था, वह उन्होंने दे दिया, लेकिन यह ठीक नहीं है। एक रेल मंत्री से पूरे देश को बहुत सी अपेक्षाएँ होती हैं। लोगों को यह विश्वास होता है कि जब रेल बजट आएगा तो इनके क्षेत्र के और इनके हितों की चिन्ता की जाएगी। चूँकि समय कम है तो मैं संक्षेप में अपनी बात कहूँगा। माननीय रेल मंत्री जी ने यह भी कहा था कि बड़े कार्यों के लिए उदार मन और सोच की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा है कि मेरा सपना है रेल कनैक्टिविटी के साथ सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आज़ादी। राजनीतिक आज़ादी का मतलब तो हम नहीं समझ पाए, लेकिन उनके पिछले बजट के भा-ाण का भी हम ज़रूर उल्लेख करना चाहेंगे जिसमें उन्होंने कहा था कि मेरे पास निर्णय करते समय दो ही पहलू थे और उसमें महत्वपूर्ण था सामाजिक उत्तरदायित्व। माननीय ममता जी को मैं कहना चाहता हूँ कि अगर सामाजिक उत्तरदायित्व की चिन्ता रेल मंत्रालय कर ले तो शायद देश के लोगों को निराश न होना पड़े। बहुत ज़ोर शोर के साथ उन्होंने आम आदमी की बात की है। उसके लिए '*इज्ज़त*' योजना की बात की है लेकिन पूरा देश इस बात को जानता है। मैं नहीं जानता कि ममता जी ने कभी किसी आम आदमी को किसी बिना रिज़र्वेशन की बोगी में अपने परिवार और बच्चों के साथ यात्रा करते हुए देखा है। बोगी में भीतर जाने से लेकर शौचालय के पास बैठकर यात्रा करने तक उसकी इज्ज़त की कितनी धज्जियाँ उड़ती हैं, इसका दर्द सिर्फ वही समझता है। लेकिन उन लोगों के लिए, ऐसे लोगों के लिए अनारक्षित बोगियों को बढ़ाने के बारे में इस रेल बजट में कोई भी बात नहीं है। मंत्री जी ने कहा है कि रेल बहुत कठिन दौर से गुज़र रही है। ...(व्यवधान) पाँच मिनट का समय मुझे दिया गया है।

सभापति महोदय : राकेश जी, मैं चाहता हूँ कि क्षेत्र की बातें आप जल्दी कर लें।

श्री राकेश सिंह : पाँच मिनट में डेढ़ मिनट हुआ है। ममता जी ने कहा है कि रेल कठिन दौर से गुज़र रही है, मैं कहूँगा कि बहुत बुरे दौर से गुज़र रही है। उनका जो आम आदमी है, आज जब वह स्टेशन पर जाता है तो उसको न वहाँ पीने का साफ पानी मिलता है, शौचालयों और बाथरूम्स में गंदगी इतनी होती है कि वहाँ जाने से लोग घबराते हैं। पटरी के पास आप खड़े नहीं हो सकते। मुझसे पहले भी एक माननीय सदस्य

ने कहा कि दिल्ली स्टेशन इसके लिए सबसे अच्छा उदाहरण है कि पटरी के पास खड़े नहीं हो सकते। माननीय ममता जी ने पिछले बजट भा-ण में इस बात का उल्लेख किया था, उस आम आदमी के लिए सस्ता खाना, जिसको कहा था जनता खाना। आज लोग जानना चाहते हैं कि वह जनता खाना कहाँ है और खाना तो ठीक है, लेकिन सस्ते पानी के बारे में भी पिछली बार घो-णा हुई थी। लेकिन पानी तो सस्ता नहीं मिल रहा है। आज भी दस-पंद्रह रुपये खर्च करके ही पानी स्टेशन पर उपलब्ध होता है, लेकिन उस घो-णा पर ही पानी फिर गया है। कहने के लिए बहुत सारी बातें थीं, लेकिन उन सारी बातों को नहीं कहते हुए मैं अपने क्षेत्र की बात करना चाहूँगा।

माननीय सभापति महोदय, मेरे क्षेत्र में एक बहुत ही महत्वपूर्ण परियोजना है। जबलपुर से गोंदिया के बीच में गेज परिवर्तन परियोजना है। पिछली बार मैं अपने चेयरमैन रेलवे बोर्ड श्री विवेक सहाय से भी जाकर उनके कार्यालय में मिला था। इस परियोजना की आधारशिला 2001 में रखी गई थी। इसके पूरा होने के बिहार से दक्षिण की ओर जाने वाली सारी गाड़ियों को 273 किलोमीटर कम यात्रा करनी पड़ेगी। उसके लिए इस बजट में मात्र सौ करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। मैं ममता जी को धन्यवाद दूँगा कि सौ करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं लेकिन यह राशि इतनी कम है कि जो 511 करोड़ रुपये की परियोजना थी, पहले ही वह राशि लगभग दोगुनी हो चुकी है। यह सौ करोड़ रुपये और जिस हिसाब से इसमें राशि मिल रही है, मुझे लगता है कि आने वाले दस साल में भी यह परियोजना पूरी नहीं हो सकती।

Comment [r79]: Cd by t4

पूर्व मंत्री श्री लालू प्रसाद वर्-ा 2008-09 में जबलपुर आए थे, उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह घो-णा की थी कि यह परियोजना वर्-ा 2012 तक पूरी कर दी जाएगी। उन्होंने यह घो-णा रेल मंत्री के रूप में की थी। मैं यह मानता हूं कि जब कोई रेल मंत्री यह घो-णा करता है तो वह किसी व्यक्ति की घो-णा न होकर सरकार की घो-णा होती है। इसलिए मेरा माननीय ममता जी से यह आग्रह है कि उस घो-णा का सम्मान करते हुए, इसको जल्दी से जल्दी पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि इसके लिए उपलब्ध कराएं ताकि यह कार्य शीघ्र पूरा हो सके।

महोदय, मैं महाकौशल क्षेत्र से आता हूं। वह उपेक्षा का दंश झेल रहा है। जबलपुर में पश्चिम-मध्य रेलवे जोन का बड़ा डिवीजन है। वहां गाड़ियां भी काफी चल रही हैं। वहां डीज़ल शेड भी है, इसलिए वहां कोच रिपेयर की वर्कशॉप खोलने से कोचों की उपलब्धता बढ़ेगी और स्थानीय उद्योगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। जबलपुर में बहुत सारे प्रांतों के लोग रहते हैं। मैंने माननीय ममता जी से आग्रह किया था, रेलवे के चैयरमैन से भी मिला था। जब मैं चैयरमैन से मिला था तो उन्होंने ज्यादा अप्रसन्नता इस बात पर जाहिर की थी कि जबलपुर में जो रेल आंदोलन हुआ है, जिसके बारे में गणेश सिंह जी ने भी कहा था, वह ठीक नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि कोई भी आंदोलन नहीं करना चाहता है, लेकिन जब जनता

की भावनाओं की अनदेखी होती है, और आप उनकी भावनाओं का सम्मान नहीं करेंगे तो फिर आपको जनता के आक्रोश का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। जबलपुर में बंग भाि-यों की संख्या बहुत अधिक है। पूरे देश के बंग भा-ी बहुत आशाभरी निगाहों से देखते हैं। मैंने मांग की थी कि जबलपुर से कोलकाता के लिए वाया कटनी, बिलासपुर, टाटा नगर होते हुए एक ट्रेन चलायी जाए।...(व्यवधान) आप मुझे बाकी की मांगे टेबल करने की अनुमति दे देंगे तो मैं उन्हें ले कर दूंगा।

सभापति महोदय : आप अब अपना भा-ण ले नहीं कर सकते हैं। आप जल्दी अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री राकेश सिंह : महोदय, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा। जबलपुर से गोण्डवाना एक्सप्रेस चलती है। यह आधी जबलपुर से चलती है और आधी बिलासपुर से आती है। मैं चाहूंगा कि यह पूरी ट्रेन ही जबलपुर से चलायी जाए। सिक्ख धर्मावलंबी बहुत अधिक संख्या में जबलपुर में हैं, इसलिए जबलपुर से अमृतसर के लिए सीधी ट्रेन चलायी जाए। हरिद्वार के लिए एक ट्रेन की मांग है। जबलपुर में दक्षिण भारतीय भी बहुत अधिक संख्या में हैं। इसलिए जबलपुर से तिरूवंतपुरम, कन्याकुमारी होते हुए एक एक्सप्रेस ट्रेन चलायी जाए। जब तक यह ट्रेन नहीं चलती है, तब तक राजेंद्र नगर- एरनाकुलम एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन चलाया जाए। जबलपुर में बिहार और उत्तर प्रदेश के निवासियों की संख्या भी बहुत है। इसलिए जबलपुर से इलाहाबाद, छपरा व सीवान के लिए एक नई ट्रेन चलायी जाए। जबलपुर से इलाहाबाद के बीच चलने वाली गाड़ियों में आरक्षण नहीं मिलने से यात्रियों को बहुत कठिनाई होती है, इसलिए रात्रिकालीन स्लीपर कोच चलाया जाए। सिंगरौली आज की तारीख में पावर हब बन चुका है, लेकिन वहां के लोगों को कोई ट्रेन न होने से निराशा का सामना करना पड़ता है। इसलिए जबलपुर से सिंगरौली के बीच में कोई नई ट्रेन चलायी जाए।

महोदय, समयाभाव के कारण आपकी अनुमति से मैं अपनी शे-ा मांगे माननीय ममता बैनर्जी को पहुंचाना चाहता हूं।

कुमारी मीनाक्षी नटराजन (मंदसौर): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत रेल बजट का समर्थन करने के लिए खड़ी हुई हूं।

महोदय, रेल पूरे देश को न केवल अपने माध्यम से जोड़ता है, यदि हम ऐतिहासिक संदर्भ को याद करें तो रेल और रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म ने बहुत बड़ी भूमिका स्वतंत्रता, स्वायत्तता और स्वावलंबन के प्रतीक और संघर्ष के रूप में निभाई है। वह पीटरमैरिट्ज़बर्ग का स्टेशन ही था, जिसने मोहन दास करमचंद गांधी को महात्मा गांधी बनाया और जिन्होंने बाद में न केवल हमारे देश को आजादी दिलाई, बल्कि पूरे विश्व को स्वराज और सत्याग्रह का नया फ़लसफ़ा दिया। पहला टर्निंग प्वाइंट पीटरमैरिट्ज़बर्ग का रेलवे स्टेशन था।

Comment [r80]: Cd by u4

माननीय सभापति महोदय, रेल हमारे लिए एक संचार व्यवस्था है और जिस तरह से सड़कों का जाल बिछा कर हम देश के दुरस्थ हिस्सों और अंचलों को जोड़ने का काम करते हैं, वैसा ही काम रेल विभाग के माध्यम से होता है। मैं जानती हूं कि समय का अभाव है, आप चाहेंगे कि मैं सीधे अपने संसदीय क्षेत्र के लिए सुझाव यहां पर रखूं। लेकिन मेम्बर पार्लियामेंट होने के नाते नीति वि-नयक मामलों में जो सुझाव मेरे ज़हन में हैं, वे भी टेबल करने का माध्यम मेरे लिए यह पार्लियामेंट है।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय रेल मंत्री जी तक अपने सुझाव प्रस्तुत करना चाहती हूं। मैं सबसे पहले रेल मंत्री जी को इस बात के लिए बहुत-बहुत बधाई देती हूं कि उन्होंने उन यात्रियों के लिए इज्जत पास के नाम पर एक इज्जत दी, जिनके लिए टिकट लेकर सफर करना बहुत बड़ा यक्ष प्रश्न होता था। वे अपने लिए इसे सुविधापूर्वक कर नहीं सकते थे।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से एक और अर्ज करना चाहती हूं कि आने वाले समय में जब अगली बार बजट का प्रस्तुतिकरण हो तो यहां पर उपस्थित मंत्रियों के बीच और सारे सदन के सदस्यों के बीच इस बात का भी खुलासा होना चाहिए। जैसा आपने कहा कि 2.20 करोड़ लोग प्रतिदिन रेल में सफर करते हैं तो साथ-साथ में एक एवरेज डिले प्रतिवर्ष हमारा क्या होता है, ये आंकड़े भी सदन के सामने प्रस्तुत होने चाहिए ताकि हम इसमें और ज्यादा सुधार कर सकें। वर्ल्ड क्लॉस और इंटरनेशनल स्टैंडर्ड तक अपनी रेल व्यवस्था को पहुंचा सकें। मैं आपको बधाई देना चाहती हूं कि आपने एसी कम्पार्टमेंट के लिए एक सुपर एसी, एक और क्लॉस बनाने के लिए सुझाव प्रस्तुत किया। मैं आपको एक सुझाव यह भी देना चाहती हूं कि एक सुपर स्लीपर क्लॉस की भी शुरुआत होनी चाहिए। एक ऐसे स्लीपर क्लॉस की शुरुआत, सैकिंड स्लीपर में, जिसमें कि तीन-तीन और दो मिला कर आठ डिब्बे होते हैं, उससे थोड़ा ऊपर और थर्ड एसी से थोड़ा नीचे, यानी कि ऐसा स्लीपर क्लॉस, जिसमें कि दो-दो बर्थ हों, यानी

चार लोग एक कूपे में आ सकें। उसमें चार और दो मिला कर छ: बर्थ का एक कोच होना चाहिए। ऐसे एक सुपर स्लीपर क्लॉस की शुरुआत जरूर होनी चाहिए, जिससे कि आम लोग, जोकि सैकिंड स्लीपर क्लॉस में सफर करते हैं, उन्हें सुविधा पहुंच सके। वे लोग बड़ी संख्या में उसके माध्यम से यात्रा करें। मेरे दो छोटे-छोटे सुझाव ये हैं कि जो विभिन्न रेल मंडल काम करते हैं, उनका अपने-अपने मंडल परिक्षेत्र की गाड़ी विशे-न के प्रति रवैया एक तरह से पक्षपातपूर्ण होता है। जैसे ही एक रेलवे मंडल परिक्षेत्र से गुजर कर रेलवे की गाड़ी दूसरे मंडल परिक्षेत्र पर पहुंचती है तो उसके प्रति दूसरे रेल मंडल का जो व्यवहार होता है, वह काफी सौतेला होता है।

सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध है कि कृपा कर इन रेल मंडलों के बेहतर समन्वय के लिए जरूर प्रयास होने चाहिए। बहुत सारे सदस्यों ने रेल में नामकरण की बात यहां पर की। मैं कहना चाहती हूं कि जैसे हम एयरपोर्ट्स में महापुरु-ों के नाम पर नामकरण करते हैं, वैसे रेलवे स्टेशन का भी होना चाहिए ताकि हम उस क्षेत्र से जुड़े हुए गौरवपूर्ण क्षणों को याद करें और इतिहास से संबंधित अपने महापुरु-ों को श्रद्धांजलि दें। अब मैं अपने संसदीय क्षेत्र की तरफ आती हूं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहती हूं कि आपने हमें दो डेमो रेलगाड़ियां दीं - रतलाम-नीमच और रतलाम-चित्तौड़। आपने इन्दौर-उदयपुर एक्सप्रैस को डेली किया, इस बात के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं। मेरा आपसे अनुरोध है कि जो श्यामगढ़ रेलवे स्टेशन है, वह मुंबई-दिल्ली रूट का सबसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। वहां के आसपास के किसान पान का उत्पादन करते हैं। धर्म राजेश्वर जैसा बहुत बड़ा तीर्थस्थल वहां पर है। वहां कम्बल का काम करने वाला बंजारा समुदाय पूरे देश में भ्रमण करता रहता है। इसलिए श्यामगढ़ स्टेशन पर आपकी विशे-न कृपा होनी चाहिए। श्यामगढ़ स्टेशन में जम्मू तवी जैसे महत्वपूर्ण ट्रेन के स्टोपेज़ के लिए मैंने पहले भी आपसे अनुरोध किया, मैं उसके लिए दोबारा अनुरोध करना चाहती हूं। आपने इन्दौर-कोटा ट्रेन वाया रुठियाई दिया है, उसमें मेरा आपसे अनुरोध है कि हफ्ते में तीन दिन उसे जारी रखें और बाकी के तीन दिन वाया नागदा, रतलाम होते हुए लेंगे तो हमारे संसदीय क्षेत्र से इन्दौर की ओर जो ज्यादातर लोग सफर करना चाहते हैं, उनका काम पूरा होगा।

Comment [S81]: W4cd

सभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री जी का धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने रामगंज-मंडी-नीमच रेलवे लाइन के सर्वेक्षण की घो-णा की है। मैं आपके ध्यान में लाना चाहती हूं कि 100 व-र् पूर्व, 1907 में वहां के लोगों ने यह सपना देखा था कि यह रेलवे लाइन कभी बनेगी। उस समय गुलाम भारत में यह सपना पूरा नहीं हुआ, लेकिन माननीय रेल मंत्री जी ने इस बार, इस बात की घो-णा की है, इसके लिए जहां मैं उनका पुनः धन्यवाद करती हूं वहीं अनुरोध करती हूं कि वह काम जल्द से जल्द शुरू किया जाए। पिछले रेल बजट में बड़ी सादड़ी-नीमच रेलवे लाइन के सर्वेक्षण की भी बात हुई थी। उस पर काम जरूर शुरू किया जाए। मेरा अनुरोध है कि मैंने सुवासरा से सीतामऊ होते हुए मन्दसौर रेलवे लाइन के सर्वे की मांग की थी। उस पर भी आपकी ओर से जरूर ध्यान दिया जाए।

महोदय, मैं, भगवान पशुपतिनाथ जी की पवित्र धरती से आती हूं। मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ जी का पवित्र स्थल है। पूरी दुनिया में काठमांडू के अलावा केवल मंदसौर में पशुपतिनाथ जी का भव्य मंदिर बना हुआ है। उनकी याद में एक ट्रेन का नाम पशुपति नाथ एक्सप्रैस जरूर रखना चाहिए। इसके लिए मैं आपसे अनुरोध करना चाहती हूं।

महोदय, आपने स्पोर्ट्स विभाग के साथ कन्वर्जेंस की बात कही है। नीमच में बहुत सारे भारत स्तर पर खेलने वाले फुटबॉल के खिलाड़ी हैं। वहां आपने मल्टी फंक्शनल कॉम्पलैक्स तो दिया है। मेरा अनुरोध है कि वहां एक फुटबॉल अकैडमी भी दी जाए। इसके लिए मैं आपसे अनुरोध करती हूं और सभापति महोदय के प्रति मुझे समय देने के लिए आभार प्रकट करती हूं।

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क (सम्भल): सभापति जी, आपका शुक्रिया। मैं मुक्तसर कहूंगा, क्योंकि टाइम कम है। सम्भल एक ऐतिहासिक जगह है, जो चौहानों की राजधानी भी रह चुका है और मुगल पीरियड में वह सूबा भी रहा है। आज उसकी आबादी लगभग 5 लाख है। पहले सम्भल के लिए एक ब्रांच लाइन की ट्रेन जाती थी। वह भी अब ठप्प हो गई है, क्योंकि वह अब कई सालों से वहां नहीं जा रही है। मैं इसे चलाने के लिए पहले से भी मांग करता चला आ रहा था और मैंने पिछले साल भी मांग की थी। मैं बहन ममता बनर्जी का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंन सम्भल को वाया हसनपुर गजरौला होते हुए मैन लाइन से जोड़ने का ऐलान किया है, लेकिन अभी तक उसमें कोई प्रोग्रैस नहीं हुई है और न ही उस सिलसिले में कोई विकास हुआ है। मैं चाहूंगा कि सम्भल को मैन लाइन से जल्दी जोड़ा जाए और उसे जंक्शन बनाया जाए। रेलवे जंक्शन सम्भल होना चाहिए।

महोदय, रेल मंत्री महोदया ने अभी मेरे एक सवाल के उत्तर में जवाब दिया है कि गजरौला-हसनपुर-सम्भल को मैनपुरी से जोड़ा जा रहा है, जिसमें लगभग 900 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बहरहाल उसकी मंजूरी दी जाए और सम्भल को जल्द से जल्द मैन लाइन से जोड़ा जाए। आपने जो मंजूरी दी है और हमारे साथ जो वादा किया है, उसे पूरा किया जाए। मैं यह भी चाहूंगा कि रूट को शॉर्ट करने के लिए सम्भल को अमरोहा के स्टेशन से भी जोड़ दिया जाए, तो हमें और पब्लिक को देहली जाने में बहुत आसानी हो जाएगी।

मैं, मुख्तसर अलफ़ाज़ में पुरज़ोर तरीके से फिर मांग कर रहा हूं कि आपने जो वादा किया है, मंजूरी दी है, उस पर आपको एडामेंट रहना चाहिए और हमारे सम्भल को जल्दी से जल्दी, इसी साल जंक्शन बनवा दिया जाए।

*** श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर) :**

मैं रेल मंत्री को याद दिलाना चाहती हूं कि जो 20.9.2010 को जिला शिवपुरी के बदरवास रेलवे स्टेशन पर जो भी-ण टक्कर दो गाड़ियों के बीच हो गई उसमें रेल मंत्री ने घो-णा की थी कि हर मृतक परिवार में से एक आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी । आज तक 5 महीने हो गए । अभी तक वह घो-णा अमल नहीं हुई है । मेरा आग्रह है कि जल्द से यह 20 परिवारों के एक आश्रित को नौकरी मिल जाए ।

दिनांक 20.09.10 को जिला शिवपुरी, म.प्र. के बदरवास रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस में हुई भी-ण टक्कर के परिणाम स्वरूप जिला शिवपुरी के 5 एवं ग्वालियर के 3 एवं मुरैना के 1 व्यक्ति का असामयिक निधन हुआ जिनका विवरण इस प्रकार है :- **शिवपुरी :** श्रीमती मानकुंवर जैन पत्नी श्री रतनचंद जैन, नरेन्द्र नगर कालोनी छात्री रोड़, शिवपुरी; श्रीमती ऊना जैन पत्नी श्री पारस जैन, न्यू ब्लॉक शिवपुरी; श्री संतो-न राठोर पुत्र श्री भरोसी लाल राठोर, गायत्री कॉलोनी पोहरी बायपास, शिवपुरी; श्री सुधीर तिवारी पुत्र श्री भृगुनाथ तिवारी, चंद्रा कॉलोनी नवाब साहब रोड़, शिवपुरी; श्री दीपक सोलंकी, फतेहपुर रोड़, शिवपुरी; **ग्वालियर :** श्री नागेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक 13 बटालियन एस.ए.एफ. ग्वालियर पत्नी श्रीमती अंजू सिंह, सिकंदर कंपू लश्कर, ग्वालियर; श्री नकुल पुत्र श्री अशोक शिवहरे, बी-ब्लाक, आनंद विहार, ग्वालियर; श्री मोनू हरडे, निवासी, पत्नी श्रीमती पिंकी हरडे, विकास कॉलोनी निम्बालकर की गोठ नं. 2 लश्कर, ग्वालियर; और **मुरैना :** श्रीमती डिंपल गुप्ता पत्नी श्री धर्मेन्द्र गुप्ता, बामोर जिला मुरैना

रेल दुर्घटना के तत्काल बाद माननीया रेल मंत्री भारत सरकार द्वारा मृतक परिवार के एक आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने की घो-णा की थी । अतः पीड़ित परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने हेतु मेरे द्वारा निरंतर संबंधित डीआरएम (भोपाल) महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर से चर्चा की गई, दिनांक 20.10.10 को शिवपुरी में रेलवे की स्टेंडिंग कमेटी की

---

* Speech was laid on the Table

बैठक में चर्चा की गई एवं अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, भारत सरकार, नई दिल्ली को पत्र दिनांक 09.10.10, 04.12.10, 20.12.10 एवं दिनांक 10.01.11 द्वारा त्वरित कार्यवाही हेतु अनुरोध किया गया ।

मैं माननीया रेलमंत्री महोदया की जानकारी में यह तथ्य लाना चाहती हूं कि इसके पूर्व पश्चिम बंगाल में हुए ट्रेन एक्सीडेंट में मृत 11 यात्रियों के परिवार के एक-एक सदस्य को निम्न विवरण अनुसार रेलवे में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है जिसका विवरण इस प्रकार है :- श्री सुखदेव सरदार, उम्र 21 व-र्ा पुत्र श्री बिनोय सरदार, ग्राम बसंती सोनाकली, 24 परगना, दक्षिण; श्रीमती पूनम गुप्ता, पत्नी श्री सुरेश गुप्ता, 3 बी, दत्ता पारा लेन, कोलकाता-6; श्री अपूर्व सरकार पुत्र श्री अनिल सरकार, सिंधरानी, पीएस. बगदा, 24 परगना उत्तर; श्री गौतम गायेन, गारेंगा मिरपोट्टा पीएस कोतवाली, जिला नादिया, पश्चिम बंगाल; श्री जावेद आलम, उम्र 34 व-र्ा, तिलजाला, कोलकत्ता-39; श्रीमती सबेया जावेद उम्र 30 व-र्ा, तिलजाला, कोलकत्ता-39; कु0 सिरीन जावेद उम्र 06 व-र्ा, तिलजाला, कोलकत्ता-39; कु0 सरमीन जावेद उम्र 6 व-र्ा, तिलजाला, कोलकत्ता-39; श्री रेरंजन सिंह उम्र 38 व-र्ा सहायक ड्राईवर; श्री सायबल नश्कर उम्र 58 व-र्ा, नोयपुकुर पो0 जोयनगर, 24 परगना, दक्षिण; और श्रीमती मेघना नश्कर उम्र 50, नोयपुकुर पो0 जोयनगर, 24 परगना, दक्षिण ।

अंत में माननीय अध्यक्ष महोदय रेलवे बोर्ड भारत सरकार से अनुरोध है कि मानवीय आधार पर सहानुभूतिपूर्वक गंभीरता से विचार कर बदरवास रेल दुर्घटना में मृतक परिवार के एक-एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने हेतु रेलवे बोर्ड की अनुमति प्रदान करें ताकि इस महंगाई के जमाने में वे भी अपने परिवार का भरण पो-ाण कर सकें । प्रभावी पहल हेतु पुनः अनुरोध है ।

मैं मांग करती हूं कि ग्वालियर-मुम्बई के मध्य नवीन ट्रेन प्रारंभ की जाए; झांसी-ग्वालियर-आगरा के मध्य ईएमयू लोकल सेवा प्रारंभ की जाए; 11775/11776 भिण्ड-कोटा पैसेंजर को एक्सप्रेस ट्रेन बनाया जाए; और गवालियर से रीवा मार्तण्ड एक्सप्रेस चलाई जाए । झांसी-आगरा, अलीगढ़-आगरा, और दिल्ली-आगरा के बीच ईएमयू ट्रेनें चलाई जाएं ।

ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर निम्नलिखित ट्रेनों का हॉल्ट प्रदान किया जाए : निजामुद्दीन-तिरूपति; यशवंतपुर संपर्क क्रांति; दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस; खजुराहो-निजामुद्दीन लिंक एक्सप्रेस; और लोकमान्य तिलक टर्मिनस-हरिद्वार । मुज्जफरपुर-सूरत एक्सप्रेस को सप्ताह में 3-4 दिन और

निजामुद्दीन-चैन्नई को सप्ताह में 3-4 दिन चलाया जाए । 11109-11110 लखनऊ-झांसी इंटरसिटी रेलगाड़ी को ग्वालियर तक चलाया जाए; ट्रेन क्रं. 14211/14212 आगरा-नई दिल्ली के बीच इंटर सिटी का प्रस्थान ग्वालियर से किया जाए ।

ताज एक्सप्रेस का सोनागिरी स्टेशन पर; सदर्न एक्सप्रेस का डबरा में; दादर-बरेली, ओखा-गोरखपुर, उज्जैनी एवं गोंडवाना एक्सप्रेस का स्टॉपेज डबरा में और दक्षिण/महामाया/ग्वालियर-छिंदवाड़ा/उज्जैनी एक्सप्रेस का डबरा में हॉल्ट दिया जाए । साथ ही मोहना में देहरादून इंटरसिटी एवं इन्दौर अमृतसर का स्टॉपेज दिया जाए ।

सबलगढ़ नैरोगेज ट्रेनों को मोतीझील रेलवे स्टेशन से प्रारंभ किया जाए; ग्वालियर-सबलगढ़ चलने वाली नैरोगेज, महानगर के निम्न व्यस्ततम क्षेत्र एवं रेलवे क्रोसिंग से गुजरती है - 1. लोको, 2. गांधी नगर, 3. मरी माता, 4. कटी घाटी, 5. घोसीपुरा स्टेशन, 6. आदर्श मिल रोड़, 7. पुलिस लाइन, 8. जनकताल, 9. बहोड़ापुर, 10. मोतीझील ।

ग्वालियर रेलवे स्टेशन/प्लेटफार्म नं. 4 का सौन्दर्यीकरण किया जाए और इसे विश्वस्तरीय बनाया जाए ।

ग्वालियर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म, स्टेशन बिल्डिंग एवं यात्री शेड का निर्माण कार्य व-र्ा 2007-08 में स्वीकृत हुआ था। परंतु बजट अभाव के कारण यह कार्य अत्यंत मंद गति से चल रहा है । कार्य पूर्ण किए जाने हेतु लगभग 5 करोड़ रूपये का आवंटन प्रदान किए जाने हेतु अनुरोध है। ग्वालियर रेलवे स्टेशन के समीप घाटीगांव ब्लॉक में माल गोदाम शेड निर्माण का कार्य भी व-र्ा 2007-08 में स्वीकृत हुआ था । परंतु बजट अभाव के कारण कार्य लगभग बंद पड़ा है । इस निर्माण से प्लेटफार्म क्रमांक 4 के पास बने माल गोदाम को रायरू स्टेशन पर शिफ्ट किया जाना प्रस्तावित है। कार्य पूर्ण किए जाने हेतु लगभग 5 करोड़ रूपये का आवंटन प्रदान किए जाने हेतु अनुरोध है ।

ग्वालियर-झांसी रेल मार्ग पर डबरा में जेल रोड़ से आगे जाने वाली रेलवे लाइन के नीचे अंडर ब्रिज बनाया जाए; तहसील डबरा के अंतर्गत ग्राम सिमरियाताल के ग्रामवासियों की आवागमन सुविधा हेतु रेलवे क्रासिंग पर ब्रिज बनाया जाए । ग्वालियर-गुना रेल लाइन पर शिवपुरी रेलवे प्लेटफार्म क्रमांक 1 से 2 पर जाने के लिए यात्रियों की सुविधा हेतु ब्रिज निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है।

दिनांक 20.09.10 को शिवपुरी जिले के बदरवास रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस में हुई भी-नण टक्कर के परिणामस्वरूप शिवपुरी जिले के 5, ग्वालियर के 3 एवं मुरैना के एक व्यक्ति का असामायिक निधन हुआ था । पीड़ित परिवारों के एक सदस्य को रेलवे में अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने हेतु माननीया रेलमंत्री महोदया भारत सरकार द्वारा तत्समय घो-नणा की गई थी, परंतु अभी तक आदेश अपेक्षित है । जबकि, पश्चिम बंगाल में हुए ट्रेन एक्सीडेंट में मृत 11 यात्रियों के परिवार के एक-एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है (विस्तृत विवरण एवं प्रेनित पत्र की प्रति संलग्न है)

डॉ. राजन सुशान्त (कांगड़ा): आदरणीय सभापति जी, मैं आपके कहे अनुसार तीन तरह के सुझाव देना चाहता हूं। मैं चूंकि देश का वासी हूं, इसलिए देश की सुरक्षा से जुड़े हुए सुझाव, हिमाचल प्रदेश से आता हूं, इसलिए अपने प्रदेश के बारे में सुझाव और कांगड़ा-चम्बा से आता हूं, इसलिए अपने क्षेत्र के बारे में सुझाव देना चाहता हूं।

आदरणीय सभापति जी, आज हमारे देश की सीमाएं खतरे में हैं। खतरा पाकिस्तान से भी है और चीन से भी है। चीन के इरादे नेक नहीं हैं। चीन ने भारत की सीमाओं, चाहे जम्मू-कश्मीर हो, अरुणाचल हो या हिमाचल, सभी सीमाओं पर रेल का नैटवर्क विकसित कर लिया है, सड़कों का जाल बिछा दिया है और हवाई अड्डों का भी निर्माण कर लिया है। देश की सुरक्षा की दृ-टि से, देशवासियों की मांग है कि इन सीमाओं पर भारत भी रेल का नैटवर्क मजबूत करे और हवाई अड्डे बनाए। भारत सरकार ने कुछ सीमाओं पर तो इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है, परन्तु मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि हिमाचल प्रदेश को इस कार्य में बुरी तरह नकार दिया गया है।

हिमाचल प्रदेश, जो किन्नौर और लाहौल-स्पीति में सीधा चीन के साथ सटा हुआ है, उस हिमाचल प्रदेश को न तो रेल बजट में कुछ दिया गया है, न ही सामान्य बजट में विशे-न पैकेज दिया गया है। यह सिलसिला आज से नहीं, आजादी के बाद से निरन्तर चल रहा है। 1947 से आज तक केवल नांगल ऊना की कुछ किलोमीटर लाइन ही बनी है, वह भी रेंगती हुई बनी है। इसको छोड़कर एक इंच भी रेल का विस्तार हिमाचल प्रदेश में नहीं किया गया है। हम वहीं खड़े हैं, जहां अंग्रेज रेल को छोड़कर गये थे।

70 लाख हिमाचली हर साल रेल बजट को देखते हैं, गौर से सुनते हैं, कभी कु. ममता बनर्जी को, कभी लालूजी को, कभी नीतीश जी को तो कभी रामविलास जी को, सब को हम तो देखते हैं, पर हमें कोई नहीं देखता है। ये सब बंगाल को देखते हैं या अपने-अपने राज्य को देखते हैं, सारे भारत को कोई भी नहीं देखता है। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि रेल मंत्री अपने-अपने राज्यों तक सीमित हो गये हैं।

मैं आज सुझाव देना चाहता हूं कि हमारे साथ, हिमाचल प्रदेश की जनता के साथ जो अन्याय हुआ है, उसका मैं शॉर्ट में उदाहरण देना चाहता हूं। इस बजट के अन्दर 253 नई ट्रेन चलाने का प्रस्ताव है और 122 गाड़ियों के फेरों में वृद्धि का प्रस्ताव है, लेकिन इसमें हिमाचल प्रदेश निल है, जीरो है, बिग जीरो है। इसके साथ-साथ जो नई रेलवे परियोजनाएं शुरू हो रही हैं, वे 25 हैं, हिमाचल प्रदेश जीरो है। आमान परिवर्तन 6 हो रहे हैं, हिमाचल जीरो है, दोहरीकरण 28 हो रहे हैं, हिमाचल प्रदेश जीरो है। नई रेलवे लाइनों का सर्वेक्षण 107 का है, हिमाचल प्रदेश जीरो है। आमान सर्वेक्षण चार हैं, हिमाचल प्रदेश जीरो है।

दोहरीकरण का सर्वेक्षण 16 का हो रहा है, सारा जीरो है। वहां कोई कारखाना नहीं, कोई मैडीकल कालेज नहीं, कोई इंजीनियरिंग कालेज नहीं, कोई कालेज नहीं, कोई स्कूल नहीं है।

2010-11 में 584 स्टेशन अपग्रेड किये गये, आदर्श स्टेशन बनाये गये, लेकिन हिमाचल प्रदेश में एक भी नहीं दिया गया है। इस साल 2011-12 के लिए 269 स्टेशन बनाने का प्रपोजल है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में एक भी प्रस्तावित नहीं है। मल्टी फंक्शनल कॉम्पलैक्स में 160 का प्रपोजल हैं, हिमाचल प्रदेश में एक भी नहीं है। इसलिए मैं सुझाव देना चाहता हूं कि सुरक्षा की दृ-टि से पठानकोट से जोगिन्दरनगर, जो अंग्रेजों के वक्त की नैरोगेज बनी है, इसको ब्रॉडगेज कर दिया जाये और इसको एक्सटेंड करके मंडी कुल्लू लाहौल-स्पीति से तिब्बत की सीमा तक बढ़ा दिया जाये। कालका शिमला नैरोगेज को भी ब्रॉडगेज करके एक्सटेंड करें और रामपुर से किन्नौर होते हुए तिब्बत के बोर्डर तक ले जायें। चण्डीगढ़-बिलासपुर-मंडी-कुल्लू-लाहौल-स्पीति को भी तिब्बत की सीमा तक बढ़ाया जाये। पठानकोट से नूरपुर-ककीरा-बनीखेत-चम्बा-पांगी होते हुए लाहौल-स्पीति तक एक और नई रेलवे लाइन बिछाई जाये। तलवाड़ा-स्थाना-खलियार-अमेटा-जसूर-नूरपुर को भी सुरक्षा की दृ-टि से जोड़ा जाये। कालका-बद्दी-नालागढ़-बिलासपुर-हमीरपुर-ज्वालाजी से कांगड़ा ये सारी नई रेल लाइनें बिछाई जायें।

पिछले दो सालों 2009-10 व 2010-11 में जो सर्वेक्षण 190 रेल लाइनों का हुआ है, उसमें हिमाचल प्रदेश की भी 6 रेलवे लाइनों का जिक्र किया गया है। बिलासपुर से लेह वाया कुल्लू मनाली, जोगिन्दर नगर-मण्डी, बिलासपुर से रामपुर बुशहर, परवाणु से दालनाघाट, ऊना से होशियारपुर और ऊना से जैजो तक, इन रेलवे लाइनों को 12वीं पंचव-ीय योजना में शामिल करने के बारे में आश्वासन दिया गया है। मेरी मांग है कि इन सभी रेलवे लाइनों को इसी साल के बजट में पर्याप्त धन से कार्य शुरू किया जाये।

मेरी मांग है कि पठानकोट जोगिन्दरनगर लाइन पर 11 नई रेलगाड़ियां, कालका-शिमला लाइन पर 10 नई रेलगाड़ियां और दिल्ली से अम्बाला-नांगल-ऊना-आम्ब-अन्दौरा लाइन पर भी 11 नई रेलगाड़ियां चलाई जायें और एग्जिस्टिंग गाड़ियों के डिब्बे व इंजन बदल दिये जायें और नये डिब्बे और नये रेल इंजन दिये जायें। हिमाचल प्रदेश की इन दोनों लाइनों पर पर्यटन की दृ-टि से विशे-ा साज-सज्जा से युक्त आक-र्क गाड़ियां दी जायें।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : सुशान्त जी, 11-11 एक शगुन के हिसाब सोच रहे हैं क्या?

डॉ. राजन सुशान्त (कांगड़ा): जी, बिल्कुल। वहां के लोगों की डिमांड है, कुछ दिया ही नहीं है, इसलिए बोल रहा हूं कि शुरू तो करो। नांगल-ऊना-आम्ब-अन्दौरा को शीघ्र पठानकोट तक जोड़ा जाये। इसी तरह कपूरथला कोच फैक्टरी की तरफ हिमाचल प्रदेश में भी रेल के डिब्बे एवं अन्य सामान बनाने हेतु फैक्टरी कांगड़ा और चम्बा जिलों में खोली जाये। एक रेलवे वर्कशॉप कांगड़ा में ज्वाली में खोली जाये।

इसके साथ-साथ हमारे जसूर-भरमार-जसोटा-सूर्यागुलेर-कांगड़ा-पालमपुर-पपरोला-ज्वालाजी-ऊना एवं शिमला में आदर्श स्टेशन स्वीकृत किये जायें। जसूर, ज्वालाजी, ज्वाली, पपरोला व ऊना एवं शिमला में मल्टी फंक्शनल कॉम्पलैक्स खोले जायें। पठानकोट स्टेशन पर जहां से हिमाचल प्रदेश को गाड़ियां चलती हैं, वहां टिकट विंडो तलवाड़ा लाड़थ्या व सभी आवश्यक स्थानों पर खोली जाये एवं रेलवे क्रासिंग तथा ओवरब्रिज बनाये जायें।

Comment [R82]: cd by y4

मैं दो-तीन बातें और कहना चाहता हूं। हिमाचल प्रदेश के शान्त, अनुशासित व देशभक्त 70 लाख लोगों में यह धारणा बन रही है कि भारत सरकार वहीं बजट देती है जो रेल मंत्री, वित्त मंत्री या जहां हालात बिगड़ गए हों, सेना पर पत्थर फेंके जाते हों, गोली चलती हो, आतंकवाद या उग्रवाद फैलता हो, शान्त व देशभक्ति को कुछ नहीं मिलता। इसलिए मैं भारत सरकार विशे-ाकर रेल मंत्री माननीय ममता जी को 70 लाख हिमाचल वासियों की ओर से भारी आक्रोश के साथ आग्रह करता हूं कि हमें आपसे कोई भीख नहीं मांगनी है। मुझे अफसोस होता है जब रेल मंत्री जी हमें कहती हूं कि आप चिल्ला क्यों रहे हैं। हम रेल मंत्री जी के घर से कुछ नहीं मांगते। रेल मंत्री एक संस्था होती है और सांसद भी चुनकर आते हैं। हिमाचल के लोगों को भीख नहीं चाहिए। हमारे अधिकार दीजिए, हमारे हक और हकूक दीजिए। हमारी शान्ति, धैर्य को कमजोरी न समझा जाए। हिमाचल प्रदेश वीरों की भूमि है जहां देश के प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा भी पैदा होते हैं तथा कारगिल युद्ध में 4 परमवीर चक्र विजेताओं में से 2 परमवीर चक्र विजेता भी पैदा होते हैं। मेहनतकश हिमाचल पहाड़ियों का प्रदेश है। इसके धैर्य की परीक्षा मत लीजिए। इसे उकसाइए मत। इसके सारे अधिकार तुरंत दे दीजिए। इसलिए सुरक्षा, पर्यटन और विकास की दृ-टि से रेलवे का नेटवर्क तुरंत बिछा दीजिए। ...(व्यवधान) हमारे जितने स्टेशन हैं, वहां के नाम आजादी के परवानों और जांबाजों, श्री राम सिंह पठानिया, कामले रामचंद्र, पहाड़ी गांधी, मेजर सोमनाथ शर्मा के नाम पर दिए जाएं।

अंत में, मैं एक बात और कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। हिमाचल प्रदेश गरीब नहीं हैं। हमें बहुत संसाधन मिले हैं, लेकिन बहुत अफसोस है कि हमें 13वां फाइनैंस कमिशन भी घाटे में डालता है, 7.19 प्रतिशत हिस्सा भी नहीं मिलता, पानी, बिजली आदि अधिकार नहीं मिलते। इसलिए मैं मांग करता हूं

कि हमें विशि-ट राज्य का दर्जा देकर 15 हजार करोड़ रुपये की विशे-न ग्रांट दी जाए और एक लाख सरकारी नौकरियों का प्रावधान किया जाए। जिन राज्यों को दिया गया है, उनकी ओर मैंने पहले इशारा कर दिया है। ...(व्यवधान) अन्यथा बेबस और मजबूर हिमाचल प्रदेश भी उसी रास्ते पर जा सकता है जहां भारत सरकार भी केवल मजबूरी और बेबसी में ही जाती है।

मैं चेतावनी भी देना चाहता हूं कि यदि इस बजट में हमारी मांगें पूरी न हुईं तो मैं लाखों हिमाचल वासियों के साथ सत्याग्रह शुरू करूंगा, आन्दोलन करूंगा और निर्णायक आन्दोलन शुरू करूंगा जिसकी सारी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी।

सभापति महोदय : सुशान्त जी, तब आपको अपना नाम बदलना पड़ेगा। आपका नाम सुशान्त है।

...(व्यवधान)

डॉ. राजन सुशान्त : सुशान्त जब अशान्त होता है तब क्रान्ति आ जाती है।

SHRI IJYARAJ SINGH: Mr. Chairman, Sir, I would like to thank you for giving me this opportunity to speak on the Railway Budget. As the time available to us is short, I shall try to be very brief.

I would like to congratulate the Minister on a well-presented Budget. In addition, I would like to congratulate her on carrying on with the stated policy of the Budget Speech of 2009 that Railways will not only get into the projects which are economically viable but also those that are socially desirable. In that direction, a further step has been taken in this Budget as according to the speech, a non-lapseable fund has been created for these projects to be used under the umbrella of the Pradhan Mantri Rail Vikas Yojna. It is a fact of history that when rail routes come to a particular area, they end up in improving the economy of the entire region and this in turn makes the project viable economically.

I would also like to thank the hon. Minister for giving two new trains to the Kota region, in fact, the entire Hadoti region. This is, in addition, to other betterments in infrastructure and future possibilities of railway tracks. Kota is the third largest city in the State of Rajasthan. It has about ten lakh people living in the area. It is also the main centre for trade and commerce and also the centre for rail connectivity. Many students come here from all over the country in order to study in the coaching institutes which have made Kota world famous. Due to all the above factors and other reasons, it is desired and a need is felt that a second station be developed in this area. I have given several suggestions and several times I have talked to the authorities and mentioned to the Minister that Dakania Station in Southern Kota should be developed for this purpose. However, so far no action has been taken in this regard. The connectivity of Kota is important for the entire Hadoti region. In fact, we feel that there are some directions in which there should be better connectivity. In fact, in the direction of Uttar Pradesh, we need better connection. We have, so far, only the Avadh Express in that direction which runs packed and does not meet all the requirements.

Comment [r83]: cd. by z4

I have suggested that the train Mathura -- Allahabad should be extended up to Kota as it sits idling at Mathura for many hours. I have also suggested that the Ajmer – Hyderabad train be routed *via* Kota as it gives the entire region a better connectivity. The Delhi – Mumbai railway line passes through a large section of my constituency and Kota falls in this line. In addition to Kota, there are several other stations on this line starting from Sumerganj Mandi, Indergarh, Lakheri, Kapren, Keshoraipatan, the city of Kota, Darrah and Ramganjmandi. All these regions attached to these stations have demands for extra train stoppages. Ramganjmandi is an important station because of the Kota stone mining which is world famous around in this area. Keshoraipatan is an important religious centre and a possible tourist centre. Bundi another station is already a tourist centre and Darrah is another station near where the new national park is to be developed. So, all these stations have needs for further improvement in infrastructure and amenities such as connecting stations, connecting platforms, tin shed coverings etc. I have written several times regarding this to the Ministry and the authorities; however no steps have been taken so far.

Kota has been announced as a world class station in the Budget speech of 2010 and the people of Kota and Hadoti thank the hon. Minister for this. However, as the Minister has mentioned in her speech there has been no progress in the world class station so far. We hope that this can be done speedily and soon.

Introduction of anti-collision devices is something that has been long awaited and overdue. It is very welcome and it has been introduced in certain routes of the area. I would like this to be introduced in the West Central Railway System also.

Mr. Chairman, Sir, in spite of a very good and well crafted Budget, there are certain areas of concern for the Railways. The operating ratio has reached 92 per cent which is worrisome. It has risen from 76 per cent 92 per cent over the last four to five years. Growth in freight traffic is 4 per cent and if we compare this to the national growth of 8 to 9 per cent, then this is also a cause for worry. Freight

accounts for about 65 per cent of the railway revenue and the good thing is that the freight rates have not been increased as our freight rates are the second highest in the world after Germany. It is three times the rate of China. We must keep in mind that Railways are continuously competing with fast developing highway system.

MR. CHAIRMAN : If you have any problems relating to your constituency you may refer to them.

SHRI IJYARAJ SINGH : The Railways also must ensure that adequate number of rakes is available for transportation of items like fertilizer which is in great demand, especially in our area during the times of need of farmers. The quality of services offered by Railways has to be looked into with great care as it is vital, since the Railways are trying to attract users both need based as well as tourists. Let us remember that the value of money is what is most important here. Our standards of Railways and quality will always be compared with that certain countries like China with whom we are measured as per growth and future potential. The images that we see of Chinese railway stations and railways are mind boggling to say the least – they are that good. We have to have the commitment and desire to be just as good, if not better. We must make sure on all the promises that we have made so far.

Mr. Chairman, Sir, finally, I would like to conclude and thank the hon. Minister of Railways for the Budget and commend the Railway Budget.

श्री अर्जुन राय (सीतामढ़ी): सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे वर्ष 2011-12 के रेल बजट पर बोलने का मौका दिया। माननीय मंत्री जी ने अब तक के सबसे अधिक 57 हजार करोड़ रुपये के रेल बजट में सामाजिक परिप्रेक्ष्य पर जो ध्यान दिया है, उसके लिए भी मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

सभापति महोदय, माननीय मंत्री जी ने गुरु रविन्द्रनाथ ठाकुर और विवेकानंद जी के नाम से ट्रेन चलाने की भी बात की है। इसके साथ ही इन्होंने वरि-ठ नागरिकों को 30 से 40 प्रतिशत तक किराये में रियायत और विकलांग लोगों के लिए भी राजधानी तथा शताब्दी में मदद देने की बात की है, उसके लिए भी मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। मैं अपने क्षेत्र से जुड़े हुए कुछ महत्वपूर्ण सवालों की ओर भी माननीय मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं।

Comment [r84]: cd by a5

माननीय मंत्री जी ने अपने भा-ण के पेज-2 पर लिखा है कि यात्रियों की अधिक मांग जैसे सवारी डिब्बों, मेमू, डेमू आदि को पूरा करने के लिए रेल आधारित इंडस्ट्रीज स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए आप धन्यवाद के पात्र हैं। माननीय मंत्री जी मैं आपका ध्यान बिहार के भारत वैगन की ओर ले जाना चाहता हूं, जो मुजफ्फरपुर में स्थित है जहां मेरा घर है, की 50 से 70 रेल वैगन्स प्रति माह बनाने की क्षमता है। पहले यह कारखाना हैवी इंडस्ट्रीज के अंतर्गत आता था। सभापति महोदय, जब बिहार और झारखण्ड एक था, तो आप वहां से मंत्री हुआ करते थे, हम लोगों के नेता होते थे, हम लोग एक ही पार्टी में होते थे। रघुवंश बाबू ने भी चर्चा की है। वर्ष 2008 में इस कारखाने को हैवी इंडस्ट्रीज से रेलवे ने ले लिया और सेम फैशन की दो कंपनियां जो पश्चिम बंगाल में हैं, बर्न स्टैण्डर्ड कंपनी और ब्रैटवेथ कंपनी लिमिटेड, को वर्ष 2010 में आपने हैवी इंडस्ट्रीज से रेलवे में लेने का काम किया। बहुत अच्छा काम किया, पूरे देश में इसकी सराहना हुई है। इन कंपनियों के कर्मचारियों का वेतन भी आपने रिवाइज कर दिया है, अब आप उनको 19000 रुपये से लेकर 22000 रुपये वेतन देना आरंभ किया है। लेकिन इसी तरह की जो दूसरी कंपनी है, उसके 900 कर्मचारियों की यह स्थिति है कि 6000 रुपये वेतन पर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। उसमें राशि नहीं दी जा रही है।...(व्यवधान) मैं भारत वैगन की बात कर रहा हूं, जो बिहार के मुजफ्फरपुर और मोकामा में है। इसमें 900 कर्मचारी हैं। जब हम लोग मीटिंग करते हैं, तो सब घेर लेते हैं।...(व्यवधान) सेम स्थिति में वेस्ट बंगाल में आपने किया है।...(व्यवधान)

कुमारी ममता बनर्जी: लालू जी के टाइम में किया गया था?...(व्यवधान)

श्री अर्जुन राय : लालू जी ने टेकओवर किया था और आपके समय में पश्चिम बंगाल में हुआ था।...(व्यवधान)

कुमारी ममता बनर्जी: मैंने जब किया, तो मैंने उसको सुधारा। अगर पहले ही सुधारते तो यह भी हो जाता।...(व्यवधान)

श्री अर्जुन राय : मैं चाहता हूं कि आप जब जवाब दें, तो इसके बारे में आश्वासन दें। 900 लोगों के परिवार भुखमरी की कगार पर हैं। आपका यह आश्वासन आ जाए कि जिस प्रकार वेस्ट बंगाल की दोनों कंपनियों को आपने ताकत देने का काम किया, उनके कर्मचारियों का वेतन रिवाइज कर दिया, उसी तरह इसी देश में रहने वाले भारत वैगन के कर्मचारियों को न्याय क्यों नहीं मिल रहा है? आप नई इंडस्ट्री लगाने की बात कह रही हैं, 50 से 70 वैगन्स प्रति माह आप उस पुरानी इंडस्ट्री से प्राप्त कर सकते हैं, उसको ताकत नहीं दी जा रही है, उसको आपके द्वारा कोई राशि नहीं मिल रही है, जिसकी वजह से उसका उत्पादन घटकर पांच से छः वैगन प्रति माह हो गया है। यह बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है बिहार के लिए और रेलवे के लिए।

पेज-11 पर माननीय मंत्री जी ने लिखा है कि 336 स्टेशनों को आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित करने की सूची में शामिल किया गया है और इसमें जनप्रतिनिधियों के सुझावों को लेने का काम हुआ है। माननीय मंत्री जी से मेरी मुलाकात नहीं हो सकी, इसलिए मैंने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से मुलाकात की। मैं रेलवे कंवेंशन कमेटी का मेंबर हूं, जिसकी चर्चा माननीय मंत्री जी ने की थी। मैंने चेयरमैन, रेलवे बोर्ड को जनकपुर रोड स्टेशन, जो जनकपुर जाने का स्टेशन है, मां जानकी का जन्मस्थल है, उसको आदर्श स्टेशन में शामिल करके, उसके इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट के लिए लिखकर दिया, लेकिन उसे इसमें शामिल नहीं किया गया। अगर शामिल नहीं किया गया, तो मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इसको शामिल करने की कृपा करें। साथ ही मल्टी-फंक्शनल कांप्लेक्स, जो बहुत सारी जगहों पर, 160 के अलावा भी आपने दिए हैं, मां जानकी की जन्मधरती, मां सीता की जन्मधरती सीतामढ़ी जहां से मैं सांसद हूं, के लिए एक मल्टी-फंक्शनल कांप्लेक्स की स्वीकृति दी जाए। इस देश ही नहीं दुनिया भर में महिलाओं की, नारी की अगर कोई पहचान है, तो वह माता सीता है और उस धरती पर आप महिला मंत्री भी हैं, मैं चाहता हूं कि वहां के लिए एक मल्टी-फंक्शनल कांप्लेक्स की स्वीकृति दें।

मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी रेल लाइन 60 किलोमीटर है, वर्ष 1997 में इसका कार्य आरंभ हुआ। रघुवंश बाबू इसकी चर्चा कर रहे थे। इसका काम अंतिम स्टेज में है, 80 करोड़ रुपये की इसकी डिमाण्ड थी। माननीय मंत्री जी एक साल में 1000 किलोमीटर नई रेल लाइन बनाने का कमिटमेंट किया है, इसमें 60 किलोमीटर लाइन यही शामिल हो जाएगी। मात्र 80 करोड़ रुपये की डिमाण्ड थी। आपने वर्ष 2011-12 में उसके लिए मात्र 26 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए हैं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : प्लीज कंक्लूड कीजिए।

श्री अर्जुन राय : महोदय, मैं नया सदस्य हूं, कम मौका मिलता है। मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करता हूं।

Comment [r85]: cd. by b5

मैं अपनी बात दो मिनट में समाप्त कर दूंगा। अगर रेल मंत्री जी 80 करोड़ रुपए दे देती हैं तो निश्चित रूप से इस साल दिसम्बर तक वह परियोजना पूरी हो जाएगी। अगर आप मुख्य मंत्री बन जाती हैं, तो आपकी पार्टी से जो भी रेल मंत्री बनेगा, वह उस परियोजना का उद्घाटन करने जाएगा। इस तरह आपके नाम पर 1000 किलोमीटर में यह 60 किलोमीटर भी जुड़ जाएगा।

दूसरा महत्वपूर्ण वि-नय यह है कि सीतामढ़ी-निर्व्वली रेल लाइन की घो-णा 2008 में हुई थी, चाहे कोई भी रेल मंत्री उस समय रहे हों। उस 100 किलोमीटर से अधिक रेल लाइन के निर्माण के लिए सिर्फ एक करोड़ रुपए इस रेल बजट में दिए गए हैं। हम चाहते हैं कि इसमें पर्याप्त राशि देकर इसे शुरू किया जाए।

इसी तरह सीतामढ़ी-नई दिल्ली के बीच एक गरीब रथ सेवा चालू किया जाए। बरगनिया-समस्तीपुर के बीच एक डीएमयू चलाई जाए। दरभंगा से कोलकाता और दरभंगा से मुम्बई तक ट्रेन जाती हैं। उन्हें अगर 50 किलोमीटर और बढ़ा दिया जाए तो सीतामढ़ी से चालू हो जाएंगी। सीतामढ़ी में देश-विदेश से बड़ी तादाद में पर्यटक आते हैं, इससे उन्हें आने-जाने में काफी सुविधा हो जाएगी। लिच्छवी ट्रेन के दो ट्रैक हैं। एक और बढ़ा दिया जाए, क्योंकि अभी भी यह आठ-नौ घंटे तक लेट हो जाती है। सीतामढ़ी स्टेशन पर वाशिंग किट नहीं है, जिसकी वजह से सफाई का काम नहीं होता है और ट्रेन परिचालन में दिक्कत होती है। मैं रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि वहां वाशिंग किट की व्यवस्था करा दें।

इन्हीं बातों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और आपने मुझे समय दिया, उसके लिए आपका आभार प्रकट करता हूं।

SHRI KABINDRA PURKAYASTHA (SILCHAR): Mr. Chairman, Sir, I rise to speak on the Railway Budget presented before the House by the hon. Railway Minister.

I come from Silchar of Assam. It is just on the border of Bangladesh. Naturally, whatever I would say would be mostly regarding the North-East of India. North-East of India is the most backward area of the country. The communication system is in worst condition. Rural people are mostly dependent on the railways, but the railway network in the North-East is not at all sufficient. Of course, in Assam there are several lines, but in other States of the North-East the railway network is not at all sufficient. This is the position of the railways in the North-East.

I will not speak for long. I would like to speak only about one thing because of which we are suffering very much. That is about the gauge conversion from Lumding to Silchar. The foundation stone was laid in 1996 and it was scheduled to be completed in 2007. Now, it is 2011, but unfortunately not even forty per cent of the work is completed. This is the situation there. The trains which are now running in this meter gauge line are also not regular. Experts say that it is not wise to construct broad gauge line parallel to the existing meter gauge line. They also opine that the tunnels which are already constructed are not safe. So, all these points should be considered.

It is said that there are several reasons for the delay in gauge conversion work. One is, frequent law and order problems; second is, there are no roads for carrying necessary goods by the side of the railway line; third is, the Army authorities say that the land through which this broad gauge line will be constructed belongs to them and they are not ready to part with that land; and fourth is, the Forest Department authorities are also objecting to the construction work saying that some of the lands belong to them. These are the reasons put forward by the railway authorities. I would request the hon. Minister to see that these problems are sorted out.

I want to say that Lumding – Silchar railway line is the life line of that zone. Unless the gauge conversion work in this portion is completed, any fund allotted or work executed in the States of Tripura, Mizoram, Manipur and else where in Assam will be of no avail and meaningless for want of direct link.

Comment [r86]: Contd. By C5

That is why, without providing the broad gauge conversion from Lumding to Silchar, if further works are carried out, then it will be meaningless because trains will not run to all the places. That is why, in my opinion, due importance should be given for completion of the works.

Sir, further regarding the gauge conversion from Lumding to Silchar and other places, as per your Budget, the latest anticipated cost is Rs. 4,255.17 lakh and the approximate expenditure to the end of 2010-11 is Rs.2,741.68 lakh. (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : There is no need of going so much into the details. The Minister of Finance has given a package of Rs. 8,000 crore to the North East.

SHRI KABINDRA PURKAYASTHA : So, I would request the hon. Minister of Railways to take a sympathetic view so that the work should not be disturbed. … (*Interruptions*)

Sir, I have several demands. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You can handover these demands to the hon. Minister.

… (*Interruptions*)

SHRI KABINDRA PURKAYASTHA: Yes, Sir. I will hand over my request to the hon. Minister.

सभापति महोदय : श्री हेमानंद बिसवाल जी, आप अपनी सीट से थोड़ा आगे आ जाइये।

श्री हेमानंद बिसवाल (सुन्दरगढ़): मैं भी वही कहने वाला था। हमारे यहां कहावत है कि "failure is the pillar of Success but in my case pillar is the failure of my success." So, only for that, I would like to speak from seat number 272. रेल बजट पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आज रेल बजट पर चर्चा हो रही है, रेल बजट बहुत अच्छे ढंग से बनाया हुआ है और बहुत अच्छी बातें इसमें शामिल की गयी हैं। बजट में

यात्रियों पर टैक्स बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं है, इसलिए माननीय मंत्री जी का मैं बहुत आभारी हूं। व-र्ा 2011-2012 के बजट में 8 नयी ट्रेनें चलायी हैं जिनमें से 6 एक्सप्रेस और 2 पैसेंजर ट्रेनें चलाने का जो ऐलान किया है उसके मैं आभारी हूं। संभलपुर-निजामुद्दीन गाड़ी के एक्सटेंशन के लिए जो प्रस्ताव दिया है, उसके लिए भी मैं आभारी हूं। 9 ट्रेनों का रूट परिवर्तन किया गया है और सब की सब उड़ीसा होकर जा रही हैं, जिसमें से हावड़ा-सिकंद्राबाद, हैदराबाद-दरभंगा वाया झरसूड़ा, हावड़ा-तिरुपति, रांची-पूणे, दीघा-विशाखापटनम,

Comment [I87]: Cd by D5

20.00 hrs.

पुरुलिया-वेलुपुरम, डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी आदि में रूट परिवर्तन किया गया और वाया उड़ीसा हो कर जा रही हैं, इसके लिए मैं आभारी हूं, लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि सबसे ज्यादा रेवेन्यु पश्चिमी उड़ीसा में राउरकेला है और झारसुगड्डा से आगे है ।

सभापति महोदय: मैं सदन से अनुमति लेना चाहता हूं कि हमने आठ बजे तक हाउस के समय को बढ़ाया था, लेकिन अभी पांच-छह माननीय सदस्यों ने अपनी बात कहनी है। अगर सदन की राय हो तो समय को साढ़े आठ बजे तक बढ़ा सकते हैं।

कुछ माननीय सदस्य : जी हाँ, ठीक है।

श्री हेमानंद बिसवाल : राउरकेला को स्टील सिटी बोलते हैं। एक नई स्टील सिटी झारसुगुडा है। इन दोनों का रेवेन्यु देखेंगे, तो सबसे ज्यादा रेवेन्यु हम देने वाले हैं। झारसुगुडा से बंदोमुंडा बिस्रा, जो उड़ीसा का बार्डर है, अगर देखें तो एक साल से ज्यादा हो गया है there is no direct communication from Rourkela, Bisra, Rajgangpur, Garposh, Bamra, etc. These are all falling under my constituency. दिल्ली या मुम्बई के लिए कोई भी ट्रेन नहीं है, क्योंकि सभी सभी ट्रेनें कट आफ कर झारसुगुडा से डायवर्ट हो कर बिलासपुर हो कर जा रही हैं। आपकी कुछ ट्रेनें खड़गपुर से डायवर्ट हो कर जा रही हैं। इस इलाके के लोग जो सबसे ज्यादा रेवेन्यु दे रहे हैं, भारतव-र्ा की राजधानी दिल्ली आने के लिए इनके पास कोई सुविधा नहीं है। जो पहले सुविधा थी, वह एक साल पहले बंद हो गई है। इस वि-ाय पर कार्यवाही करनी सबसे जरूरी है।

कुमारी ममता बनर्जी : क्या भुवनेश्वर से राजधानी नहीं चलती है?

श्री हेमानंद बिसवाल: महोदया, वहां से डायरेक्ट नहीं है। All these trains are diverted from Cuttack.… (*Interruptions*)

KUMARI MAMATA BANERJEE: That is all right. The Rajdhani Express is there. The trains go throughout the country.… (*Interruptions*)

श्री हेमानंद बिसवाल : मैं बहुत आभारी हूं कि बजट में 732 करोड़ रुपयों का प्रोविजन दिया गया है और इसी में ऑन गोइंग प्रोजेक्ट्स को फंड दिया गया है। नई ट्रेन्स की व्यवस्था के लिए वर्ष 2009-10 में पांच रेलवे लाइन के लिए और वर्ष 2010-2011 में सात नई रेल लाइन के लिए, यह प्रस्ताव हाउस में दिया गया है, लेकिन जितने प्रस्ताव पहले दिए गए थे, उन पर कोई काम नहीं हुआ है।

सभापति महोदय : आप अपनी बात समाप्त कीजिए और जो भा-ण बच गया है, उसे आप माननीय मंत्री जी को दे दीजिए।

श्री हेमानंद बिसवाल : पिछले बजट की पांच रेल लाइन के सर्वे का काम पूरा हो गया है, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ है। हमने एक नई रेल लाइन का प्रस्ताव दिया है वह झारसुगुडा सुन्दरगढ़ कुनकुरी अम्बिकापुर। इस बारे में चर्चा भी हो चुकी है तथा मैं उसे दोहरा रहा हूं, क्योंकि ये ट्रेन सुन्दरगढ़ हो कर जाएगी, जब 2009 में ममता जी ने बजट पेश किया था, तब कहा था कि ट्राइबल एरिया और पिछड़े एरिया को ज्यादा ध्यान में रखा जाएगा। मैं इसीलिए कह रहा हूं क्योंकि सुन्दरगढ़ ट्राइबल डिस्ट्रिक्ट है।

सभापति महोदय : बिसवाल जी, आप अपने बेचे हुए सुझाव मंत्री जी को दे दीजिए।

रामकिशुन जी, आपकी पार्टी का समय समाप्त हो गया है, लेकिन फिर भी मैं आपको बोलने के लिए समय दे रहा हूं। You will have to finish your speech within these three minutes.

Comment [I88]: Fld.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): माननीय सभापति महदोय, आपने 2011-2012 के रेलवे बजट पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। मैं रेल मंत्री जी को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने जनकल्याणकारी नीतियों के तहत एक अच्छा रेल बजट पेश किया है और आम जनता के कल्याण के लिए लाभ कमाने के उद्देश्य से आपका बजट कम और समाज कल्याण के उद्देश्य से ज्यादा है।

मैं जिस जनपद और जिस प्रदेश से आता हूं, वह आप सब लोग जानते हैं। बनारस और चंदौली जनपद है। रेल के विस्तार में उसके भू भाग क्षेत्र का बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है। लेकिन अफसोस होता है कि देश के कोने कोने से हमारी ट्रेनें और सवारी गाड़ियां मुगल सराय बनारस से होकर गुजरती हैं। लेकिन उन क्षेत्रों के विकास के लिए जो कार्यक्रम होना चाहिए, उस प्रकार से नहीं होता है। इससे थोड़ा दुख होता है।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदया से निवेदन करूंगा कि उसके वि-नय में हमें बहुत ज्यादा नहीं बताना है।

रेलवे एशिया का सबसे बड़ा यार्ड मुगलसराय है लेकिन जनपद मुख्यालय जनपद चंदौली में ओवरब्रिज नहीं है। आपकी तीन रेलवे लाइनें उस मुख्यालय से लगी हुई हैं।...(व्यवधान)

कुमारी ममता बनर्जी: राज्य सरकार को प्रस्ताव देना है।

श्री रामकिशुन : दीदी, आप जनपद मुख्यालय पर ओवरब्रिज की घो-णा कर दें तो मैं अपना पूरा भा-नण ही बंद कर दूंगा।

कुमारी ममता बैनर्जी : स्टेट गवर्नमेंट को प्रपोजल देना है।...(व्यवधान)

श्री रामकिशुन : राज्य सरकार कोई प्रस्ताव न दे लेकिन दीदी, मैं आपसे निवेदन करूंगा कि आप राज्य सरकार से एक तरह से प्रस्ताव मंगवा लें।...(व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : चंदौली क्रॉसिंग पर एक घंटा रुकना पड़ता है।...(व्यवधान)

श्री रामकिशुन : 30-35 एमपीज वहां से ट्रेन पकड़ते हैं। 6 राजधानियां जाती हैं लेकिन वहां का रिटर्निंग रूम, वहां की रेलवे कॉलोनी जहां 14000 रेल कर्मचारी, उनके आवासों की व्यवस्था और जो कॉलोनियां और जो पार्क हैं, उनकी दुर्दशा हो रही है। एक क्षेत्र जनपद वाराणसी है। फुलवरिया और मानस नगर में रेलवे कर्मचारी आकर बसे हुए हैं। उनके जाने का रास्ता नहीं है। अब तक आधा दर्जन लोग रेलवे लाइन को क्रॉस करने में कट गये हैं। हावड़ा से लेकर मुगलसराय के आगे तक तीसरी, चौथी और पांचवी रेलवे लाइन बिछाने जा रहे हैं। अगर वह लाइन भी रेलवे के समानान्तर बिछ गई तो हमारा ओवरब्रिज न होने से जनपदवासियों को कितनी दिक्कत होगी, इसका अंदाजा आप स्वयं लगा सकते हैं। जिस धरती पर लाल बहादुर शास्त्री पैदा हुए, महात्मा गांधी जी का पार्क स्थल है, उसको भी रेल के अधिकारियों ने बंद कर दिया और शास्त्री जी के जन्मस्थान में कुछ विकास करने का काम नहीं हुआ। हमने बहुत सा इतिहास और भूगोल सुना है। आप रोकेंगे तो मैं चुप हो जाऊंगा।...(व्यवधान)

सभापति महोदय: रामकिशुन जी, मैं आपके भा-नण से बहुत प्रभावित हो रहा हूं । लेकिन मैं यह सोच रहा हूं कि आप बहुत इमोशनली बोल रहे हैं। आप फोर्सफुली डिमांड कर दीजिए।

श्री रामकिशुन : नहीं, मैं इमोशनली नहीं बोल रहा हूं। जो जनपदवासियों का दर्द है, मैं उसके बारे में यहां बता रहा हूं। आप समय देंगे, आपकी मर्जी है। जो हमारा उत्तरदायित्व है, उसका निर्वहन करने के लिए मैं सदन में आया हूं और उन कर्तव्यों का पालन करते हुए इस सदन में मैं अपनी बात रखना चाहता हूं। मैं ममता दीदी जी से आपके माध्यम से निवेदन करूंगा कि अगर थोड़ी इस तरफ निगाह हो जाए तो

मुगलसराय से आने जाने के लिए जो कोई ट्रेन नहीं चलती है, लखनऊ-बरूना एक्सप्रैस, अगर बनारस से लखनऊ जाती है, अगर उसे कानपुर तक आप बढ़ा रही है और उसको अगर मुगलसराय से कर दें तो आसपास के कई जनपद के लोग उससे प्रभावित हो जाएंगे और आधा घंटा या एक घंटा उस ट्रेन का विस्तार हो सकता है।

इसी प्रकार से अपने क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण चीजें मैं बताना चाहता हूं। मुख्य रेलवे मंडल जो चंदौली स्टेशन से दूर है जहां मुख्यालय है, जो मैंने आपसे कहा कि वहां ओवरब्रिज की एक गंभीर समस्या है, उसे बनवाने का काम करें । मुगल सराय में 14,000 रेलवे कर्मचारी हैं। अस्पताल की अत्यधिक आधुनिक सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं जिसके कारण उन्हें इलाज के लिए हावड़ा जाना पड़ता है। मैं चाहता हूं कि इस ओर आपकी विशेा कृपा हो जाए। मुगल सराय में स्टेडियम बहुत अच्छा बना हुआ है, हम आपको बताते हैं कि उसका एक दिन का किराया 45,000 रुपए है। पूरे रेल मंडल में इतना किराया नहीं जितना मुगल सराय में है। अगर कोई नौजवान इसे आयोजन के लिए लेना चाहता है तो उसे यह देना पड़ता है। आप महत्वपूर्ण चीजों को विकास के लिए स्वीकार करें।

फ्रेट कोरीडोर योजना में किसानों की जमीन जा रही है। रेलवे कालोनियों के पास धरना, छीतमपुर, हृदयपुर के किसानों की जमीन ली गई है, अभी तक 16 किसानों को नौकरी दी गई शेा को नहीं दी गई। मैं आपको फ्रेट कोरीडोर योजना के लिए धन्यवाद देता हूं कि आप किसानों की जमीन नही ले रही हैं, रेलवे की जमीन ले रही हैं, थोड़े बहुत किसान देने को तैयार हैं। आप यार्ड बनाने जा रही हैं, जो यार्ड पहले से मौजूद था उससे बड़ा एक और यार्ड मुगलसराय में किसानों की जमीन लेकर बनेगा तभी आप उसका उपयोग कर पाएंगी। मैं चाहता हूं कि इसे ध्यान में रखते हुए उन किसानों को नौकरी देने का प्रावधान करें। रेलवे इंटर कॉलेज की जमीन बहुत है। आप इसका विस्तार कर दें। अगर हो सके तो एक महाविद्यालय बना दें क्योंकि रेल कर्मचारियों की संख्या ज्यादा है। अगर आप इसे करती हैं तो निश्चित तौर से यह महत्वपूर्ण निर्णय होगा।

महोदय, गया, पटना रेल लाइनों पर जगह-जगह समपार बने हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत दोनों तरफ सड़कें बन गई हैं, यदि इन पर रेलवे गेट बन जाए तो हम इनका ठीक ढंग से उपयोग कर सकते हैं। मुगल सराय सबसे बड़ा एरिया है, आप इसके विकास के लिए जितना संभव हो सके क्योंकि यह रेलवे के विकास में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। आप इस क्षेत्र के विकास के लिए एक सर्वे

टीम भेज दीजिए, रेलवे बोर्ड के लोगों को भेज दीजिए, इसे दिखा लीजिए और स्वयं नियत कर दीजिए। मैं अपनी बात इसी के साथ समाप्त करता हूं।

कुमारी ममता बनर्जी: डीएफसीसीएल में फ्लाई ओवर का प्लान हो गया है।

डॉ. प्रभा किशोर तावियाड (दाहोद): महोदय, मैं आपकी बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे रेलवे बजट की चर्चा में बोलने का मौका दिया। मैं ममता दीदी की बहुत शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने दाहोद की तरफ बहुत ध्यान दिया है। मैं अभी सुन रही थी कि कोई कह रहा था कि आम आदमी का मतलब बेंगाली होता है। ममता दीदी ने किराया न बढ़ाते हुए गरीब और मिडल क्लास लोगों की तरफ पूरा ध्यान दिया है। इसमें वित्त मंत्री, माननीय प्रधानमंत्री जी का पूरा सहयोग है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूं कि 17 साल से दाहोद में अंडरब्रिज का कार्य नहीं हो रहा था, इसे दीदी ने करके दिखाया है। पिछले बजट में बलसाड पुरी एक्सप्रेस एनाउंस की गई थी, यह बलसाड से पुरी, रतलाम होते हुए जाती है, माननीय मंत्री महोदया ने दाहोद में स्टापेज दिया। दाहोदवासी जगन्नाथ पुरी यात्रा के लिए बहुत शुक्रगुजार हैं।

Comment [r89]: Cd byg4

दीदी आपने आम लोगों की बातें सुनते हुए हमारे पूरे दाहोद के आसपास की ट्राइबल बैल्ट की बातों को ध्यान में रखते हुए गरीब रथ का जो स्टापेज दिया, उसके लिए मैं आपकी बहुत शुक्रगुजार हूं। दीदी ने उदयपुर-बांद्रा ट्रेन जो ट्राई-वीकली अनाउंस की है, मैं इसके बारे में आपको एक सुझाव देती हूं कि जो ट्रेन बांद्रा से उदयपुर जाती है, वह श्रीनाथद्वारा, जो लॉर्ड कृ-ण का टैम्पल है और उनके दर्शन के लिए हमारे यहां से बहुत सारे लोग बार-बार जाते हैं। वहां के लिए दीदी ने जो ट्राई-वीकली ट्रेन अनाउंस की है, मैं उन्हें एक सुझाव देती हूं कि वह उस ट्रेन का स्टापेज दाहोद को दें। इसके अलावा बांद्रा-अजमेर ट्रेन तीन दिन चलती है, उसका भी आपने दाहोद में स्टापेज दिया। इससे हम अजमेर शरीफ जा सकते हैं। उसमें से दस डिब्बे उदयपुर की ओर जाते थे और दस डिब्बे अजमेर शरीफ जाते थे। यदि हमें तीन दिन बांद्रा-अजमेर वाली ट्रेन मिल जाए और उसे अलग-अलग दिन जोड़ दिया जाए तो लार्ड कृ-ण का जो धाम श्रीनाथद्वारा है, वहां हमें छः दिन जाने के लिए मिल जायेगा और हमारे यहां के बहुत सारे लोग वहां लगातार जा सकेंगे।

इसके अलावा बलसाड-बड़ौदा के बीच में एक इंटरसिटी ट्रेन थी, उसे आपने दाहोद तक बढ़ाया है, इसके लिए मैं आपकी बहुत आभारी हूं। लेकिन मैं आपसे एक निवेदन करना चाहती हूं कि हमने आपसे एक मेमू ट्रेन मांगी है, जो आणंद और गोधरा के बीच केवल 90 किलोमीटर में चार चक्कर लगाती है। हम आपसे मांग करते हैं कि यदि उसे दाहोद तक बढ़ा दिया और इस ओर अहमदाबाद तक बढ़ा दिया जाए तो हमारे जो ट्राइबल लोग हैं, जो मजदूरी करने के लिए जाते हैं, उन सब लोगों को बहुत फायदा होगा और आणंद और अहमदाबाद में पढ़ने के लिए बहुत लोग जाते हैं, वे 11 बजे अहमदाबाद पहुंच जाएं, इसलिए उसकी रीशेड्यूलिंग बहुत जरूरी है।

माननीय मंत्री जी मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करती हूं कि आपने दाहोद को रियलाइज कराया कि आप आम आदमी के साथ हैं। आपका ममता भरा हाथ हमारे कंधे पर रहे, यही हमारी कामना है। धन्यवाद।

सभापति महोदय : डा.प्रभा जी, कभी चेयर को भी धन्यवाद दिया करें।

श्री घनश्याम अनुरागी (जालौन): माननीय सभापति महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे रेल बजट जैसे महत्वपूर्ण वि-नय पर सदन में बोलने का मौका दिया। जो रेल बजट व-र्ा 2011-12 में पेश हुआ है, हम उसके लिए माननीय रेल मंत्री जी का बहुत आभार व्यक्त करना चाहते हैं। निश्चित तौर पर इस रेल बजट में करोड़ों-करोड़ गरीब लोगों का ध्यान रखा गया है। चूंकि पूरे देश में आज निश्चित रूप से यह चर्चा हो रही है कि रेल बजट में यात्री किराया नहीं बढ़ाया गया है, मैं इसे बहुत अच्छी बात मानता हूं। माननीय मंत्री जी ने पिछले व-र्ा कहा था कि रेलवे कोई आय का स्रोत नहीं है। केवल पैसा कमाने के लिए रेलवे आय का स्रोत नहीं है। यह गरीबों की सुविधाओं के लिए है, जनसाधारण के लिए है, आज पूरे देश के लोग रेलवे पर आशाएं टिकाए हुए हैं।

सभापति महोदय : अनुरागी जी, आप समस्याओं पर आइये।

श्री घनश्याम अनुरागी : मेरे क्षेत्र की समस्याएं बहुत छोटी-छोटी हैं। मेरे क्षेत्र में पिछले व-र्ा 2009-10 में मेरे आग्रह पर झांसी से कानपुर रेलवे लाइन का दोहरीकरण का सर्वे स्वीकृत हुआ था। व-र्ा 2010-11 में हमारे आग्रह पर हमारे क्षेत्र में चार सर्वे स्वीकृत हुए थे, प्रथम कौंच से फफूंद, दूसरा भिंड से महोबा और तीसरा हमीरपुर रोड से हमीरपुर और चौथा उरई से जालौन। माननीय मंत्री जी से हमें आश्वासन दिया था और कहा था कि निश्चित तौर पर हम आपकी इन योजनाओं के लिए कुछ न कुछ बजट रिलीज कर देंगे। लेकिन कुछ कारणों से नहीं हो पाया। मेरी समझ में नहीं आया कि यह क्यों नहीं हो पाया। लेकिन 190 की सूची में जो घो-णा की गई है, उसमें हमारे यहां के लिए तीन सर्वे कम्पलीट हो गये हैं और कहा गया कि हम व-र्ा 2012 के प्लान में इन्हें भी ले लेंगे। यह भी कहा गया है कि 2012 में झांसी से कानपुर, कौंच से दिबियापुर और हमीरपुर रोड से हमीरपुर को 12वीं योजना में रख दिया जायेगा। माननीय मंत्री जी भिंड से महोबा और उरई से जालौन इसमें रह गया है। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि आप इनका भी सर्वे जल्दी कराने की व्यवस्था करें और इन्हें सिर्फ 12वीं योजना में रखा ही न जाए, बल्कि इन पांचों कार्यों को कराने की अगले बजट में सहमति प्रदान की जाए। उरई में ओवर ब्रिज की भी मैं आपसे लगातार मांग कर रहा था और मैंने आपसे पुखरांय, कालपी, उरई, एंट, पूंच, मोट और एवं सुमेरपुर मौदहा में ट्रेन के स्टापेज की मांग की थी, जिनके बारे में आपने मुझे आश्वासन दिया था कि आप इन कामों को भी कर देंगी। इन स्टापेज के लिए डीआरएम, झांसी एवं जीएम, इलाहाबाद की स्वीकृति है। लेकिन उपरोक्त काम अभी तक नहीं किये गये हैं। यह खेद का वि-नय है। कृपया इन्हें भी शीघ्र करने की कृपा करें। आपने मुझे यह कहा था कि आप विश्वास रखो मैं उरई एवं झांसी के ओवरब्रिज के काम को स्वीकृत कर दूंगी। आपने यह कर दिया, हम इसके लिए भी आपको धन्यवाद देते हैं।

मैं बुंदेलखंड का रहने वाला हूं।

Comment [BS90]: (cd. by h5)

देश में सब से ज्यादा पिछड़ा हुआ और गरीब इलाका है। आपने आश्वासन दे दिया कि कर देंगे, इसके लिये हम आपके आभारी हैं। हमें उम्मीद है कि आप भले न करें लेकिन उम्मीद दी है। आपने रेल बजट भा-ण दिया, कहा, और आश्वासन दिया, काम भी किया, लेकिन रेल विभाग के अधिकारी जानबूझकर जी.एम. और डी.आर.एम. स्तर के अधिकारी सर्वे लिख देते हैं, संस्तुति करते देते हैं लेकिन रेलवे बोर्ड के अधिकारी द्वारा काम नहीं करते हैं और ट्रेनें भी नहीं रोकते है। हम इसके अलावा कुछ नहीं मांगते हैं। इतना ही मांगते हैं कि केवल दो-चार ट्रेनें ही रोक दी जाये। वहां से प्रस्ताव आता है और आप आश्वासन देती हैं लेकिन रेलवे बोर्ड में शंकर जी की पिंडी की तरह चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन वे फिर भी काम नहीं करते हैं। मैं प्रार्थना करूंगा कि आप थोड़ा विभाग की तरफ देंखें और रेलवे बोर्ड को ठीक करना चाहिए । जब आप आदेश करें और आपका रेल मंत्रालय आपकी बात न सुने और चार-चार घंटे रेलवे बोर्ड में बैठने के बाद भी एम.पी. को मिलने का समय न दिया जाये तो बहुत दुख होता है।

सभापति महोदय, मैंने रेल मंत्री जी को अपने संसदीय क्षेत्र जालौन अन्तर्गत स्टेशनो पर कुछ ट्रेने रोकने के लिए स्टापिजों के कुछ प्रस्ताव दिये थे, जिनकी स्वीकृति मण्डल व जोन के अधिकारियों ने दे दी थी, आपने आश्वासन दिया था कि उन जगहों पर ट्रेनें रुकवा दूंगी। मैं विनती करता हूं, चूंकि मैं कुछ नहीं मांगता हूं, हमारी रेल लाइन तो बनने का आपने आश्वासन दे दिया, लेकिन गरीब लोग ट्रेन का स्टापेज चाहते हैं, और धरना, प्रदर्शन करते हैं, तथा हम लोगों पर आक्रोश व्यक्त करते हैं। यहां तक मौदहा और भरूवा-समेरपुर स्टेशन पर अनशन पर भी बैठे हैं, वह उन्हें दिया जाये। ताकि लोग यात्रा तो कर सकें। बस किराया ज्यादा लगता है लेकिन ट्रेन पर कम लगता है।

सभापति महोदय : अनुरागी जी, आप बैठ जायें, आपकी बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है।

डॉ. मिनिया जी।

*(Interruptions) ...**

* Not recorded.

DR. THOKCHOM MEINYA (INNER MANIPUR): Mr. Chairman, Sir, we have heard from many learned colleagues that from those places where trains are running.

I will seek the indulgence of the House to listen me. I come from the State where no train has run so far. Anyway, I am grateful to the UPA-I when we had introduced one national project from Jiribam to Tupul, which would go to Imphal in Manipur. Our hon. Railway Minister, Mamata ji has assured that the rail will be connected to Imphal.

I would like to quote paragraph no. 19 from her Railway Budget speech. It says:

> "Northeast is our priority area and receives Government's full support. Imphal, the Capital of Manipur, will soon be connected to the railway network. I have planned in advance. Therefore, I propose to set up a diesel locomotive centre in Manipur. "

So, I would like to thank her very much for that.

There is one important issue relating to that. To connect this to Imphal *via* Tupul, we require to have the broad gauge extension from Lumding to Badarpur. This is already in the Plan but it is yet to be completed. Once it is completed and it goes to Imphal, then to Myanmar, that will be the policy which we naturally follow for the Look-East Policy.

The Railway Budget is quite balanced. I am not going into the details. There is no increase in train fare and freight fare. I would not like to mention all those things.

Coming to my original point, this particular railway project, which was the national project in the UPA-I, was targeted to be completed by 2010 in the beginning during that time. The Railway Ministry would be remember one thing that in those days I had always insisted that this project should be completed in 2009 because that was the election year for the Lok Sabha, and that could not happen. The target year had been changed to 2012. Still we are worrying about it.

Now, the target has been shifted to 2014. My request to the hon. Railway Minister and the Railway Ministry is that this project should not be further delayed because people are looking forward to see a rail coming to our State.

Comment [L91]: cd. by j5

It is due for a long time. We have not seen rail in our State. Our nearest railway stations are Dimapur in Nagaland and Silchar in Assam. From there, we have not seen any train. Most of the people in Manipur have not seen the railways. They do not know what the railways are. But once it goes through Manipur, the national integrity and all sorts of things would be improving. Our Government in Manipur, of course, has been extending full support for having railway network there.

So, with these few words, I once again thank the hon. Minister and I support this Railway Budget. I wish her all the best. .

SHRI DEEPENDER SINGH HOODA (ROHTAK): Mr. Chairman, Sir, I thank you very much for giving me this opportunity to speak on the Railway Budget.

First of all, let me thank the hon. Railway Minister wholeheartedly. मैं ममता जी को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं और उनका धन्यवाद करना चाहता हूं। मुझे लगता है कि यह जो बजट है, यह वाकई में आम आदमी के हक का बजट है और यही हमारा यूपीए सरकार का मैनडेट है। इससे बड़ी बात क्या हो सकती है? मैं आदरणीया रेल मंत्री ममता बनर्जी जी को बधाई देना चाहता हूं कि यह आम आदमी के हक का बजट है। मैं पहली बार देख रहा हूं कि वाम दलों में से यहां कोई मौजूद नहीं है। सब चले गये हैं या तो वे उनके डर से चले गये हैं या फिर उन्हें अपने घर में कोई ज्यादा परेशानी हो रही है, इसीलिए चले गये हैं, मगर वे चले गये हैं, यहां कोई दिख नहीं रहा है। जब भी रेल बजट होता है तो मैं देखता हूं कि वाम दलों के बहुत से लोग यहां पर उपस्थित रहते हैं। मैं ममता जी को एडवांस में मुबारकबाद भी देता हूं और शुभकामनाएं भी देना चाहता हूं, क्योंकि यह एक ऐतिहासिक बजट है। इस बजट के तुरन्त बाद कोलकाता में जो चुनाव के परिणाम आयेंगे, उसमें वहां पर झंडा बदलने वाला है। मुझे याद है, जब मैं स्कूल का छात्र था, 90 का दशक था, मेरे पिताजी यहां पर सांसद थे। एक वक्त ममता जी लोक सभा के अंदर आयी थीं और उन्हें चोट लगी हुई थी, लेकिन वे फिर भी आयी थीं। उस समय मैं स्कूल का छात्र था और उस बात का मुझ पर बहुत प्रभाव पड़ा था। जब कोलकाता के अंदर झंडा बदलेगा और यूपीए का झंडा फहराया जायेगा तो करोड़ों लोगों को दिल से खुशी होगी। मैं उन्हें अपनी तरफ से शुभकामनाएं देना चाहता हूं। बजट बहुत अच्छा है, मगर मेरे चार सुझाव हैं, जिनसे चार चांद लग जायेंगे।

महोदय, मैं अपनी बात दो मिनट में समाप्त कर दूंगा। मैं ज्यादा लंबी-चौड़ी बात नहीं करूंगा, मैं तोड की बात करता हूं।

सभापति महोदय : मैं गिनूंगा कि चार चांद लगते हैं या नहीं लगते हैं।

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : महोदय, मेरा पहला सुझाव है, मैं धन्यवाद करना चाहता हूं कि हमारी एक नयी रेलवे लाइन का सर्वे इस बजट में रखा गया है, जो रोहतक से वाया मेहन, हासी तक की रेलवे लाइन है। वर्ष 2002 में यह रिजैक्ट हो गयी थी, इकोनॉमिकली अनफीजेबल लाइन हो गयी थी। इस बजट में इसका दोबारा से सर्वे का प्रावधान रखा गया है, इसके लिए मैं बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि सोशली डिजायरेबल प्राजेक्ट्स के अंदर अगर यह इंक्लूड हो जाये तो हमारी उम्मीद और भी बंधेगी कि जब इस सर्वे का नतीजा आयेगा तो उसके साथ-साथ कार्रवाई होकर इस पर रेल की लाइन भी जल्दी बन जायेगी। मेरा दूसरा सुझाव है कि दिल्ली से रोहतक तक की इलैक्ट्रीफिकेशन

पर तकरीबन काम पूरा हो चुका है। शकूरबस्ती दिल्ली से रोहतक की दूरी, जो मेरा लोक सभा क्षेत्र है, तकरीबन 40 किलोमीटर की है। जब एक बार इलैक्ट्रीफिकेशन का काम पूरा हो जाये तो ईएमयू की सर्विसेज इस पर जल्दी से प्रारम्भ हो जायें तो मुझे लगता है, क्योंकि डेली पैसेंजर लाखों की तादाद में हैं, उनके लिए यह एक बड़ी सुविधा होगी। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जिस प्रकार से रेलवे का कोलकाता में और मुम्बई के अंदर लोकल ट्रेनों का प्रावधान है, खास तौर से मैंने मुम्बई का लोकल ट्रेनों का प्रावधान देखा है। दिल्ली में जो एनसीआर का क्षेत्र है, मैट्रो का विस्तार दिल्ली के अंदर नेशनल कैपिटल टैरेटरी में हुआ है मगर नेशनल कैपिटल रीजन का जो बड़ा क्षेत्र बनता है, गुडगॉव, रोहतक, पानीपत, सोनीपत, झज्झर, फरीदाबाद, इस पूरे क्षेत्र के अंदर उन्हीं लोकल ट्रेनों के अंदर तर्ज पर अगर रेलवे अपनी सर्विसेज बढ़ाने की तरफ जाये तो मुझे लगता है कि बहुत अच्छा होगा।

कुमारी ममता बनर्जी: अपने पापा को कारपोरेशन बनाने के लिए बोलो, सब हो जायेगा।

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : ठीक है। जो उन्होंने कहा मैं वही कहना चाहता हूं कि मैडम आपसे उम्मीदें बहुत हैं, आशाएं बहुत हैं। जैसा आपने कहा, मुझे उम्मीद है कि प्रदेश सरकार भी कुछ करेगी।

कुमारी ममता बनर्जी : हम लोग पूरी मदद करेंगे।

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : धन्यवाद। महोदय, मैंने चार सुझावों के बारे में कहा था, दो बोल दिये हैं। तीसरा सुझाव है कि सर्वे के लिए दो और रेलवे लाइन हैं, जिनके लिए मैं आग्रह करना चाहता हूं। एक दादरी से, जो भिवानी में पड़ता है, दादरी से वाया झज्झर, बिजवासन, क्योंकि बिजवासन बड़ा स्टेशन बनने वाला है, वहां से एक नया रूट बन सकता है। चौथा सुझाव झज्झर से फरूखनगर, यह बहुत ही छोटी लाइन होगी। इन दोनों का सर्वे इसमें डाला जाये, ऐसा मैं आग्रह करता हूं। बहुत से अच्छे प्रावधान हैं, मैं बहुत लंबा बोलता, आपने समय नहीं दिया, नहीं तो प्रशंसा बहुत कर सकते थे। खास तौर से भूतपूर्व सैनिकों के लिए जो प्रावधान हैं, खिलाड़ियों के लिए जो प्रावधान हैं क्योंकि बहुत से खिलाड़ी हरियाणा से आते हैं, वे कहते हैं कि या तो हरियाणा के अंदर काम करें या रेलवे के अंदर काम करें। मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और एक बार फिर आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं और एडवांस में आपको कोलकाता के नतीजों के लिए मुबारकबाद भी देता हूं।

SHRIMATI BOTCHA JHANSI LAKSHMI (VIZIANAGARAM): I rise to support the Railway Budget for the year 2011-12 presented by the hon. Railway Minister Kum. Mamata Banerjee with no increase in passenger fare for the second consecutive financial year. Introduction of business-oriented policies in the Indian Railways is highly appreciated. This shows the UPA Government's strong commitment towards growth of Indian Railways and the interest of the common man.

I appreciate Didi Ji's initiative to extend rail connectivity in socially desirable areas by introducing a new scheme, *Pradhan Mantri Rail Vikas Yojana.*

The Minister has given utmost importance to safety by introducing Anti-Collision Device and elimination of unmanned level crossing.

MR. CHAIRMAN: Lakshmi Ji, have you have got some problems in your constituency? Please narrate them.

SHRIMATI BOTCHA JHANSI LAKSHMI : I thank the Railway Minister for sanctioning 1063.78 kilometres of new lines with a cost of Rs.3,745.09 crore for my State, Andhra Pradesh, under various schemes like new lines, doubling, electrification and MMTS. Apart from the sanctioned schemes, 17 new surveys have been proposed to be taken up in 2011-12. My special thanks to the hon. Minister, Mamata Ji. I congratulate the Railway Minister for providing senior citizen concession for women from the age of 58 years.

I thank the Railway Minister for naming a train after the great Indian saint, Swami Vivekananda. On these lines, I want to make a suggestion that a train may be named after Gurajada Apparao who hails from my district. He is one of the greatest social reformers from my State. He agitated against eradication of child marriages, Kanya Shulk and anti-dowry. He was the one who supported that widows should get married and start a new life. He is a great reformer. He is the most popular poet among Telugu literature. I also suggest that when EMUs and DMUs are going to be introduced, these trains should be named after historical places, famous rivers and Sixteenth century ancient Ram Temple in my district.

I would request the Railway Minister to sanction an Electrical Loco Shed at Vizianagaram. There is a vast tract of land available at Vizianagaram for this purpose. Moreover, it is a Tri-State junction for the trains from Odisha, West Bengal and Chhattisgarh. This will provide employment opportunities to the local youth and would develop that district, which is one of the most backward districts in Andhra Pradesh. I would bring to the kind notice of the Railway Minister, Mamata Ji that an ROB at Peda Manapuram, which is an inter-State highway connecting Odisha and Andhra Pradesh in Vizianagaram District may be sanctioned in this year. All the necessary consents have been accorded by the National Highways Authority. Kindly sanction this ROB.

I would request some train stoppage of Falkanama Express at Chipurupalli and Visakha Express at Sigadam and Tatanagar to Yeshwantpur Train halt at Bobbili.

Also, my special thanks to the Railway Minister for electrification of Vizianagaram-Rayagada-Titlagarh-Raipur and a new line survey between Vizianagaram-Palasa. I also thank the hon. Railway Minister for her kind consideration to appoint ex-servicemen against suitable vacancies in the Railways.

Last time I raised this point for providing passes to journalists. I also thank the Railway Minister for providing passes to the journalists of the print and electronic media twice a year.

On behalf of my constituency people, I extend my heartfelt thanks to the hon. Minister, Mamata Didi and other Ministers of State for allocation in this year's Budget to my parliamentary constituency and also to Andhra Pradesh.

I would conclude by saying this.

Comment [m92]: Ctd. By l5

I would conclude by saying ममता दीदी, आपकी ममता हमारे राज्य पर रहे।

***श्री कमल किशोर 'कमांडो' (बहराइच):**

मैं रेल बजट का समर्थन करता हूं । आदरणीया ममता दीदी ने रेल को व्यावसायिक उपक्रम न मानते हुए रेल को जनता की सेवा करने का माध्यम माना है । इसीलिए उन्होंने अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद कोई बोझ जनता पर नहीं लादा है । देश के वरि-ठ नागरिकों का सम्मान करते हुए यात्रा में रियायत को 30 से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया है । सीनियर सिटीजन महिलाओं को 58 व-र् की उम्र से ही रियायत देने का फैसला महिलाओं के सम्मान में किया है । समाज के सबसे असहाय वर्ग विकलांगों को राजधानी तथा शताब्दी ट्रेनों में यात्रा करने की सुविधा प्रदान करने की घो-णा की है । पत्रकारों को परिवार सहित व-र् में रियायती किराये पर दो बार सफर करने की सुविधा देने की घो-णा की है । देश के पूर्व सैनिकों को रेल में नौकरियां देने का प्रावधान किया है । रेल के विशाल नेटवर्क में 16 लाख कर्मचारी/अधिकारी कार्यरत हैं उनके बच्चों के लिए हॉस्टल बनाने का निर्णय लिया है व नई दुरांतों 3 शताब्दी तथा 13 नई पैसेंजर गाड़ियां शुरू करने का प्रस्ताव है । 236 रेल स्टेशनों को आदर्श स्टेशनों के रूप में विकसित करने का फैसला लिया है जिसमें मेरा संसदीय क्षेत्र का बहराइच रेलवे स्टेशन भी सम्मिलित है। गाड़ियों की भारी भीड़ को देखते हुए 56 नई एक्सप्रेस ट्रेनों को चलाने का वायदा किया है । कई दूरांतों ट्रेनों के फेरों में वृद्धि की गई है । नॉन एसी दुरांतो चलाने की भी घो-णा इस बजट में की गई है । माननीया रेलमंत्री जी यात्रियों के सिर पर आर्थिक बोझ बढ़ाने के बजाय यात्रियों की संख्या व माल ढुलाई को बढ़ाने का लक्ष्य बनाया है । इसी के मद्देनजर उन्होंने अनेक नई गाड़ियां चलाने तथा अनेकों गाड़ियों का फेरा बढ़ाने का फैसला किया है । यह संतुलित अर्थनीति का एक बहुत ही अच्छा निर्णय है । समाज के सबसे निचले तबके के बेघर लोगों को जो रेलवे लाइनों के किनारे सोने को मजबूर हैं, उनके लिए 10 हजार शैल्टर बनाने का निर्णय बहुत ही सराहनीय है । ई-टिकटिंग तथा गो-इण्डिया स्मार्ट कार्ड से रेल टिकटों की कालाबाजारी तथा स्टेशनों पर टिकट के लिए लम्बी कतार में कमी आएगी । अनुसूचित जाति/जनजातियों के कोटा के बैकलॉग की भर्ती के निर्णय से इन वर्गों के लोगों को अपना जीवन स्तर सुधारने में सहायता मिलेगी । खेल का स्तर सुधारने के

---

* Speech was laid on the Table

लिए एक पृथक खेलकूद कैडर बनाने का निर्णय तथा खेल अकादमियों, स्टेडियमों, बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण करने का सराहनीय कार्य इस रेल बजट में दीदी ने किया है । रेलवे के खिलाड़ियों द्वारा देश में एशियाई व रा-ट्रमण्डल खेलों में शानदार प्रदर्शन को देखते हुए निश्चित रूप से खेल प्रतिभाएं और अधिक विकसित होगी ।

प्रमुख मांगे :-

मेरा आपसे अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में निम्न मांगों को पूरा करने की स्वीकृति देने की कृपा करें :

जरवल से बहराइच नई रेल लाइन बनाने के लिए सर्वेक्षण की स्वीकृति दी गई थी उस रेल लाइन के निर्माण की स्वीकृति दी जाए ।

गोण्डा से बहराइच तक रेलमार्ग का आमान परिवर्तन स्वीकृत है तथा कार्य प्रगति पर है, इस व-र्ा 2011-12 में अवशे-ा धन आबंटित करके कार्य पूरा कराया जाए तथा बहराइच से नानपारा होते हुए नेपालगंज रोड़ रेल स्टेशन तक का आमान परिवर्तन व-र्ा 2011-12 में किया जाए ।

बहराइच रिसिया मार्ग पर समपार ओवरब्रिज स्वीकृत है उस पर धन देकर 2011-12 में कार्य पूरा कराया जाए ।

गोण्डा-बहराइच-नानपारा बैलानी रेलमार्ग पर गायघाट तथा कैलाशपुरी में यात्री सुविधा हेतु हाल्ट स्टेशन का निर्माण करने की स्वीकृति दी जाए । इस इलाके के गरीबों को रेलयात्रा की सुविधा मिले । यह जंगली इलाका है । आवागमन का साधन नगण्य है । इसे तत्काल प्रभाव से स्वीकृत किया जाए ।

गोरखपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर जरवल रेल स्टेशन पर गोरखधाम एक्सप्रेस तथा गोरखपुर लखनऊ इंटरसिटी का ठहराव दिया जाए ।

गोण्डा बहराइच रेलमार्ग पर बहराइच से 7 कि.मी. पर बैरिया में समपार फाटक का निर्माण किया जाए ।

रिसिया रेलवे स्टेशन के सामने बड़गांवा चौराहा रेल क्रासिंग से थाना रेलवे क्रासिंग तक सड़क निर्माण किया जाए ।

रिसिया रेलवे स्टेशन पर एक आरक्षण केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति दी जाए ।

नेपालगंज रोड़ स्टेशन पर एक आरक्षण केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति दी जाए ।

मिहीपुरवा रेल स्टेशन पर यूटीएस टिकटिंग प्रणाली को लगाया जाए ।

गोरखपुर में भीड़ को देखते हुए एक नान-स्टॉप ट्रेन गोरखपुर से दिल्ली तक चलाई जाए ।

***श्री जितेन्द्र सिंह मलिक (सोनीपत):** महोदया, रेल मंत्री द्वारा वर्ष 2011-12 का जो बजट प्रस्तुत हुआ है, उसका मैं पुरजोर समर्थन करता हूं।

यह आपका लगातार तीसरा रेल बजट है। इस बजट में आपने देश की प्रगति और तरक्की को ध्यान में रख कर बजट तैयार किया है, जिनमें आपने समाज के हर वर्ग का ध्यान रखते हुए देश के हर क्षेत्र में समानांतर विकास को ध्यान में रखा है।

सब जानते हैं कि रेल भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इस रीढ़ को आपने लगातार तीसरे वर्ष मजबूत करने का कार्य किया है। आपने सभी राज्यों पर काफी ध्यान दिया है लेकिन मैं आपका ध्यान हरियाणा के सोनीपत लोक सभा क्षेत्र की ओर दिलाना चाहता हूं।

निम्नलिखित कार्यों के प्रति आपका धन्यवाद।

1. रेल किराये में कोई वृद्धि नहीं की गई है। यह यूपीए सरकार में लगातार आठवां वर्ष है जबकि रेल किराये में कोई वृद्धि नहीं की गई है।
2. महिलाओं को 58 वर्ष की आयु में ही वरिष्ठ नागरिकता के नाते रियायत।
3. वरिष्ठ नागरिकों को किराये में 40 प्रतिशत की रियायत।
4. ग्रुप सी एवं डी की 1.75 लाख रिक्तियों के लिए भर्ती।
5. रेल पटरियों के किनारे रहने वाले लोगों के लिए सुखी ग्रह योजना के माध्यम से छोटे-छोटे आश्रय मुहैय्या कराने की एक योजना तैयार करना।

मांगें --

1. सोनीपत में एम एफ सी और बजट होटल स्थापित किया जाये।
2. हरियाणा में भी भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती की जाये।
3. दिल्ली और सोनीपत के बीच लोकल ट्रेनों की संख्या और फेरों में वृद्धि की जाये।
4. दिल्ली - चंडीगढ़ राजधानी को सोनीपत में भी रोका जाये।
5. गोहाना से जींद की रेलवे लाइन पर कार्य शीघ्र करवाया जाये।
6. सब - अर्बन - यार्ड फेसिलिटी सोनीपत में विकसित की जाये।
7. एक एफ. ओ. बी. दक्षिणी अंत सोनीपत स्टेशन में बनाया जाये।
8. होल्मबी कलां से सोनीपत होते हुए गन्नौर तक तीसरी लाइन बनाई जाये।
9. पी आर एस खिड़की मिनी सैक्रटेरिएट सोनीपत में खोली जाये।
10. पी आर एस सुविधा गन्नौर, गोहाना में दी जाये।

---

* Speech was laid on the Table

श्री धनंजय सिंह (जौनपुर): सभापति महोदय, आपने इस महत्वपूर्ण वि-नय पर बोलने का अवसर दिया। मैं बहुत थोड़ा समय लूंगा, चूंकि मुझे लगता है कि मैं आखिरी वक्ता हूं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप आए भी आखिर में हैं।

श्री धनंजय सिंह : महोदय, मैं काफी समय तक बैठा रहा और सात बजे गया था। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : उस समय मैं नहीं था।

श्री धनंजय सिंह : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। हम लोगों की बहुत दिनों से मांग रही है कि हमारे क्षेत्र जौनपुर से एक मुम्बई के लिए एक ट्रेन चलायी जाए, जिसको इन्होंने उस आग्रह को स्वीकार करते हुए, फैजाबाद, जौनपुर होते हुए मुम्बई के लिए एक ट्रेन चलाने की व्यवस्था इस बजट में रखी है, इसके लिए मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : महोदय, हमें बताया गया है कि आपने अपनी स्पीच ले कर दी है। इसलिए आप पुनः भा-ण नहीं दे सकते हैं, क्योंकि यह रूलिंग के खिलाफ होगा।

श्री धनंजय सिंह : ठीक है, सर, मैं केवल धन्यवाद दे देता हूं।

सभापति महोदय : ठीक है, आप उन्हें धन्यवाद दे दें और वे एक्सैप्ट कर लें।

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet on Monday, 7th March 2011.

20.36 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, March 7, 2011 / Phalguna 16, 1932 (Saka)

Comment [r93]: Friday, March 10, 2000/Phalguna 20, 1921 (Saka).